दिल्ली, नोएडा, मोदीनगर, मेरठ, एटा, हाथरस, बागपत, आगरा, लखनऊ, कानपुर, देवरिया, मऊ, आजमगढ़, देहरादून, बिहार से प्रसारित



शिव भक्तों की परेशानी का कारण बनेगा नगर का जाम

पहल टुडे


राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# पहल टुडे

RNI No. UPHIN/2020/79772

जनता का अखबार

धैर्य का छोटा हिस्सा भी एक टन उपदेश से बेहतर है।



वर्ष: 02 अंक: 273 गाजियाबाद,20 बुधवार ,जुलाई 2022 गाजियाबाद से प्रकाशित मूल्य 1 रूपए पृष्ठ- 12

www.pahaltoday.com www.khabarentertainment.in www.worldtrustednews.com editorpahaltoday@gmail.com 8510022385, 8287179082

राजनीति

## 18 नई नगर पंचायत बनाने का फैसला

# योगी कैबिनेट ने रिकॉर्ड 55 प्रस्ताव को दी मंजूरी

एजेंसी

**लखनऊ** । यूपी की योगी कैबिनेट बैठक में 55 अहम फैसले पर मुहर लग गई। 18 नई नगर पंचायत के गठन के साथ बुन्देलखण्ड को प्राकृतिक खेती का हब बनाया जाएगा। इसके साथ ही कई फैसले पर मुहर लग गई है।योगी कैबिनेट मीटिंग में 55 प्रस्ताव पास, 18 नई नगर पंचायत का होगा गठन, जानें 10 बड़े फैसले

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की। लोकभवन में होने वाली कैबिनेट बैठक में 55 अहम फैसले पर मुहर लगी। फिल्म पृथ्वीराज को टैक्स फ्री, 18 नई नगर पंचायत के गठन के साथ बुन्देलखण्ड को प्राकृतिक खेती का हब बनाया जाएगा। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए मंत्री अनिल राजभर और सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि 20 नगर निकायों की सीमा का विस्तार होगा। नगर पंचायत मलिहाबाद लखनऊ, महराजगंज, राजा पुर चित्रकूट, मकाओ बांदा, कटरा परतापुर, भगवन्तनगर, उन्नाव, महोली सीतापुर , नगर पालिका प्रसाद अमरोहा सीतापुर इन सबका सीमा विस्तार किया गया है ।20 नगर निकायों के सीमा विस्तार के फैसले को मिली मंजूरी इसके साथ ही 20 नगर निकायों के सीमा विस्तार के फैसले को भी मंजूरी मिल गई है।



सरकार ने बॉयलर न आज कैबिनेट ने 55 प्रस्ताव को दी मंजूरी लोकभवन के मीडिया सेंटर में कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर इन नगर पंचायत का होगा सेवा विस्तार नगर पंचायत मलिहाबाद लखनऊ, महराजगंज, राजापुर चित्रकूट, मकाओ बांदा, कटरा परतापुर, भगवन्तनगर, उन्नाव, महोली सीतापुर कैबिनेट के बड़े फैसले आज की कैबिनेट बैठक में 55 प्रस्तावों को मंजूरी। 18 नई नगर पंचायतों का गठन किया जाएगा।

यह हमारी अच्छी तैयारी का ही परिणाम है कि सभी जगह स्थिति शांतिपूर्ण रही। सीएम योगी ने कहा कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद इस बार कांवड़ यात्रा आयोजित हो रही है।ऐसे में श्रद्धालुओं का उत्साहित होना स्वाभाविक ही है, इसलिए हमें और सावधान-सतर्क रहना होगा।

# जवानों की भर्ती में जाति पूछने पर रक्षामंत्री ने कहा- ये नियम आजादी से पहले का

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तुरंत इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि यह केवल 'एक अफवाह'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भारतीय सेना 'अग्निपथ' योजना के तहत युवाओं की भर्ती में जाति को एक कारक के रूप में इस्तेमाल कर रही है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तुरंत इस आरोप का खंडन करते हुए कहा कि यह केवल 'एक अफवाह' है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट किया, '(प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी सरकार का घटिया चेहरा देश के सामने आ चुका है। क्या मोदी जी दलितों/ पिछड़ों/ आदिवासियों को सेना में भर्ती के



काबिल नहीं मानत भारत के इतिहास में पहली बार सेना भर्ती में जाति पूछी जा रही है। मोदी जी आपको अग्निवीर तैयार करना है या 'जातिवीर'।' राजनाथ सिंह ने इन आरोपों को खारिज करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, 'मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह एक अफवाह है। आजादी से पहले जो (भर्ती) व्यवस्था थी, वह अब भी जारी है

# पटना आतंकी साजिश में नया खुलासा, गिरफ्तार आरोपी अतहर परवेज के मोबाइल से मिला नूपुर शर्मा का पता

एजेंसी

**पटना** । बिहार की राजधानी पटना में फुलवारीशरीफ आतंकी मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार किए गए मोहम्मद अतहर परवेज के सेलफोन से निलंबित बीजेपी प्रवक्ता नूपुर शर्मा का पता मिला। सूत्रों के मुताबिक एनआईए और आईबी की जांच में अतहर परवेज के मोबाइल नंबर से नूपुर शर्मा के दिल्ली का आवासीय पता बरामद किया गया है। पूछताछ करने पर आरोपी परवेज ने कहा कि यह पता हमें ग्रुप में दिया गया था।अतहर के मोबाइल से मिला नूपुर शर्मा का पताफुलवारीशरीफ आतंकी मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद अतहर परवेज ने पूछताछ में खुलासा किया है कि यह पता हमें ग्रुप में दिया गया था ताकि उसके आवास पर पहुंचकर हमला किया जा सके। ठकअ और आईबी की टीम बिहार पुलिस के साथ मिलकर जांच कर रही है। फिलहाल टीम को इस बात की आशंका है कि नूपुर शर्मा के पैगंबर मोहम्मद पर विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अतहर परवेज और उसके ग्रुप के निशाने पर भी हो सकती हैं। फुलवारी शरीफ आंती मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार किए गए

अतहर परवेज और अरमान मलिक से पटना पुलिस पूछताछ कर रही है। दोनों को रिमांड पर लिया गया है। पुलिस के सामने कई और चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।

# रुपया पहुंचा 80 पार , जून में 1.3 करोड़ बेरोजगार गिरती करेंसी को लेकर राहुल गांधी का बड़ा हमला

- **महंगाई, बेरोजगारी और खाद्य पदार्थों पर जीएसटी को लेकर राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला किया है। उन्होंने ट्वीट कर मोदी सरकार से जवाब मांगा है और संसद में चर्चा की मांग की।**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मॉनसून सत्र के दौरान एक बार फिर महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार पर हमला किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा है कि



डॉलर के मुकाबले रुपया 80 के पार पहुंच गया है, गैस सिलेंडर भी 1 हजार रुपये के पार पहुंचा, जून में बेरोजगारी का आंकड़ा 1.3 करोड़ आया है और अनाज पर भी जीएसटी का भार लाद दिया है। एसे में जनता के मुद्दे उठाने से हमें कोई रोक नहीं सकता, सरकार को जवाब देना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा और सवालों से भागना सबसे 'असंसदीय' है, प्रधानमंत्री जी ।इससे पहले महंगाई, बेजरोजगारी, जीएसटी और अग्निपथ स्कीम को लेकर कांग्रेस ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राहुल गांधी ने भी हिस्सा लिया और बैनर पकड़े नजर आए। उधर विपक्ष के हंगामे के बाद संसद में लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। दरअसल मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन्ही मुद्दों पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था जिसे स्वीकार नहीं किया गया।

ठाकरे ने आगे कहा कि हमें दुःख इस बात का नहीं है कि लोग हमारा साथ छोड़कर जा रहे है, हमे दुःख तो इस बात का है कि बीजेपी हमें खत्म करने की कोशिश कर रही है। आगे कहा कि बीजेपी एक तरह से मुर्गा लड़ा रही है। जब लड़ाई में एक मुर्गे की मौत हो जाएगी तब वो दूसरे मुर्गे को भी मार देंगे, जिससे शिवसेना खत्म हो जाएगी। गौरतलब है कि आज महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, कुछ दिन पहले महाराष्ट्र में हमने साथ मिलकर सरकार बनाई और हमें राज्य के लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है।

## शिवसेना में तेज हुआ आंतरिक संघर्ष, संजय राउत बोले- 'सांप के खौफ से जंगल नहीं छोड़ा करते'

**मुंबई।** महाराष्ट्र में शिवसेना में आंतरिक संघर्ष तेज हो गया है। वहीं इन सभी के बीच राज्यसभा सांसद संजय राउत ने साफ कर दिया है कि पार्टी चुनाव और संगठन के नियंत्रण को लेकर लड़ाई के लिए तैयार है। इसी के साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। सबसे खास बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने हाल ही में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इसी के साथ राज्य के मौजूदा सीएम एकनाथ शिंदे ने भी कुछ बागी विधायकों के साथ राष्ट्रीय कार्यकारिणी गठित की है। आप सभी को बता दें कि पत्रकारों से बातचीत के दौरान राउत ने दावा किया कि भाजपा महाराष्ट्र के तीन टुकड़ों में तोड़ने की कोशिश कर रही थी।

# कांवड़ यात्रा को लेकर सीएम योगी के सख्त निर्देश, कहा- धार्मिक यात्रा में अस्त्र-शस्त्र का नहीं होना चाहिए प्रदर्शन

अर्ली न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार विभिन्न जिलों में तैनात वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों बैठक की। इस दौरान सीएम ने अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय करते हुए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वास्थ्य चौकियां बनायी जाएं।

किसी भी धार्मिक यात्रा या जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। बैठक में दिए गए निदेर्शों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि सीएम योगी



आदित्यनाथ ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये एक बैठक की। बैठक में मंडल, परिक्षेत्र, क्षेत्र और जिलों में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

इसमें कांवड़ यात्रा के सुगम और शांतिपूर्ण आयोजन से साथ स्वतंत्रता सप्ताह के सफल आयोजन के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। तैयारियों को लेकर निर्देशउन्होंने कहा कि श्रावण मास के पहले सोमवार को प्रदेश के सभी जिलों में आस्था और उत्साह के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

## उद्धव ठाकरे का बीजेपी पर प्रहार, कहा- 'वो मुर्गा लड़ा रहे है'

**नई दिल्ली।** शिवसेना के मुखिया और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला किया है। पूर्व सीएम उत्तर भारतीय महासंघ के मंच से नेताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उद्धव ठाकरे ने कहा कि आप मेरे तरकश से चाहे कितने भी ह्यतीर निकाल ले, लेकिन तीर को चलाने के लिए जिस धनुष की आवश्यकता होती है वो तो हमारे पास ही है। जिस शिवसेना पर ये दावेदारी कर रहे है वो भी हमारे पास ही है। हमारे लोग गद्दार नहीं है। उद्धव ठाकरे ने नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी हमारे लोगों को गुमराह कर रही है और गद्दारी का काम करवा रही है।

# हरियाणा में बेखौफ खनन माफिया, नूंह में डीएसपी सुरेंद्र सिंह पर चढ़ाया डंपर, मौके पर ही मौत

## नूंह के पास पचगांव में अवैध खनन माफिया ने डीएसपी सुरेंद्र सिंह पर डंपर चढ़ा दिया उनकी मौके पर ही मौत हो गई

एजेंसी

**हरियाणा** । हरियाणा स्थित मेवात के नूंह स्थित पचगांव में अवैध खनन माफियाओं ने डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई की हत्या कर दी। खनन माफियाओं ने डीएसपी पर डंपर चढ़ा दिया और उनकी मौके पर मौत हो गई। इस घटना के बाद हरियाणा के एडीजी संदीप खेड़वाल ने कहा कि 12 बजे के आसपास पुलिस को सूचना मिली थी। खनन माफियाओं पर पहले भी एक्शन




हो रहा था और अब भी हुआ। आगे भी होता रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार एक सूचना पर खनन रोकने गए गए डीएसपी सुरेंद्र सिंह जब अवैध पत्थर से भरे ट्रक को रोकने की कोशिश की तो खनन माफियाओं के आदमियों ने डीएसपी पर डम्फर चढ़ा दिया। वहीं मौके पर पहुंचे नूह एसपी और आईजी ने आरोपियों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। उप पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ताबडू में थे। दरअसल डीएसपी तावडू की पहाड़ी में अवैध माइनिंग की सूचना पर छापा मारने गए थे इसी साल रिटायर होने वाले थे डीएसपी सुरेंद्र सिंहजानकारी के मुताबिक डीएसपी गाड़ी के पास ही खड़े थे। इसी दौरान एक तेज गति डंपर ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी और वहीं उनकी मौत हो गई। बता दें इसी साल सुरेंद्र सिंह सेवानिवृत्त होने वाले थे।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार नूंह पुलिस ने एक बयान में कहा कि मेवात स्थित ताबडू में डीएसपी सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, नूंह में अवैध खनन की सूचना मिलने पर मौके पर जांच के लिए गए। इस दौरान उन पर डंपर चढ़ा दिया गया। मामले में आरोपियों की तलाश जारी है।

# उद्योगपति ने 600 करोड़ की संपत्ति दान की:अरविंद गोयल ने अपने पास सिर्फ घर रखा

## 50 साल की मेहनत से कमाई थी प्रॉपर्टी

एजेंसी

**मुरादाबाद,** उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के उद्योगपति डॉ. अरविंद कुमार गोयल ने अपनी पूरी संपत्ति गरीबों के लिए दान कर दी है। संपत्ति की कुल कीमत करीब 600 करोड़ रुपए है। गोयल ने अपने पास सिर्फ मुरादाबाद सिविल लाइंस स्थित कोठी रखी है। उन्होंने 50 साल की मेहनत से यह प्रॉपर्टी बनाई थी। देशभर में चलते हैं सैकड़ों अनाथ आश्रम और स्कूलडॉ. गोयल समाजसेवा में भी लगे रहते हैं। उनके सहयोग से बीते करीब 20 साल से देशभर में सैकड़ों वृद्धाश्रम, अनाथ आश्रम और फ्री हेल्थ सेंटर चलाए जा रहे हैं। उनकी मदद से चल रहे स्कूलों में



गरीब बच्चों को शिक्षा मुफ्त दी जा रही है। कोविड लॉकडाउन में भी करीब 50 गांवों को गोद लेकर उन्होंने लोगों को मुफ्त खाना और दवा दिलवाई। राजस्थान में भी कई स्कूल-कॉलेज

डॉ. अरविंद गोयल ने 50 साल की कड़ी मेहनत से यह संपत्ति बनाई। उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों और राजस्थान में भी उनके स्कूल-कॉलेज हैं। गोयल ने दान सीधे राज्य सरकार को दिया है, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जा सके। मुरादाबाद में घर पर लगी लोगों की भीड़ डॉ. गोयल ने सोमवार रात संपत्ति दान करने का ऐलान किया। यह खबर शहर में आग की तरह फैल गई। अगले दिन सुबह से ही मुरादाबाद सिविल लाइंस में उनके घर पर लोगों का तांता लगने लगा ।पत्नी और बच्चों ने भी दिया फैसले में साथडॉ. गोयल के परिवार में उनकी पत्नी रेनू गोयल के अलावा उनके दो बेटे और एक बेटी है। उनके बड़े बेटे मधुर गोयल मुंबई में रहते हैं। छोटे बेटे शुभम प्रकाश गोयल मुरादाबाद में रहकर समाजसेवा और बिजनेस में पिता का हाथ बंटाते हैं। बेटी शादी के बाद बरेली में रहती है। उनके बच्चों और पत्नी ने इस फैसले का स्वागत किया है।

## सीएम शिवराज ने खुद को बताया टाइगर, विरोधियों पर कसा तंज

**नईदिल्ली।** नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की इस जीत के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी खुशी से फुले नहीं समा रहे है। आपको बता दे की मुख्यमंत्री शिवराज आज 'मामा की चाय अपनों के साथ' कार्यक्रम में लोगों से चर्चा कर रहे थे मुख्यमंत्री शिवराज ने मालती राय के विषय में कहा कि मालती राय ने सबसे ज्यादा वोट से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। वही शिवराज ने विरोधियो पर तंज कस्ते हुए कहा की नेतागण आते है सभाएँ करते है और फिर लोगों को भूल जाते है। मैं पहले भी आया था चुनाव के बाद फिर आया हूँ ।वही एक और इस कार्यक्रम में सीएम शिवराज ने कहा की जनता गुंडे बदमाशों से परेशान है। अफसरों को कहा की डंडा लेकर निकल पड़ो प्रदेश में केवल एक ही टाइगर है वो है उट,बदमाशों को डंडे मारो अभी से बदमाश को पकड़ो प्रकरण बनाओ पूरे प्रदेश में बदमाशों को खत्म करो ये सब नहीं चलेगा मेरे जाने के बाद यही अफसरों की टीम रहेगी।

# 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में पहला विधानसभा चुनाव:गुजरात और हिमाचल के साथ नवंबर-दिसंबर में होगी वोटिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ ही इस साल नवंबर-दिसंबर में जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव कराए जाएंगे। भास्कर को पुख्ता सूत्रों से पता चला है कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराए जाने के लिए चुनाव आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होंगे। यही नहीं, चुनाव होते हैं तो पहली बार प्रदेश में बनने वाली सरकार का कार्यकाल भी 5 साल का ही होगा। अब तक राज्य में सरकार का कार्यकाल विशेष प्रावधान के तहत 6 साल के लिए होता था। पढ़िए हमारी स्पेशल रिपोर्ट चुनाव आयोग से जुड़े सूत्र ने बताया है कि परिसीमन का काम पूरा हो चुका है। संशोधित मतदाता सूची 31 अक्टूबर




तक जारी की जा सकती है। मतदान केंद्र फाइनल करने का काम भी अंतिम चरण में है। अगले महीने तक इसे भी पूरा कर लिया जाएगा।

अब 90 सीटों की होगी विधानसभा पहले जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को मिला कर विधानसभा की कुल 87 सीटें थीं। इसमें 4 सीटें लद्दाख की शामिल थी, लेकिन लद्दाख को अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 83 सीटें रह गई थीं। परिसीमन के बाद 7 सीटें बढ़ी हैं। इसके बाद कुल सीटों की संख्या 90 हो गई है। इसमें जम्मू में 43 और कश्मीर में 47 विधानसभा क्षेत्र बनाए गए हैं।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
पहल टुडे
जनता का अखबार
हरिद्वार / किशनगंज / गुड़गांव / गुरुग्राम
गाजियाबाद
www.pahaltoday.com
बुधवार 20 जुलाई 2022


## डबल बैरल बंदूक 3 जिंदा कारतूस व एक आदत रिवाल्वर समित दो अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा



जिला हरिद्वार :- पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी महोदय लक्सर हरिद्वार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पथरी द्वारा टीमों का गठन किया गया । जिसमें पुलिस टीम हर्ष चौधरी के घर पहुंची पुलिस टीम द्वारा हर्ष चौधरी के कब्जे से डबल बैरल बंदूक 12 बोर, व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए जिस संबंध में थाना पथरी पर मुकदमा अपराध संख्या 358/22 धारा3/ 25/20/21/30आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी की गई। अभियुक्त हर्ष चौधरी को थाना हाजा पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 336 /22 धारा 147, 148, 149 ,323 ,504 506 व एससी एसटी एक्ट जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी महोदय लक्सर द्वारा की जा रही थी ।जिनके धारा 55 सीआरपीसी के अनुपालन में भी हिरासत पुलिस लिया गया।

## 15 से 30 जुलाई तक कृषको के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

दैनिक पहल टुडे



हसनपुर( मुबारिजपुर ) ।विकास खण्ड गंगेश्वरी क्षेत्र के चंदनपुर चीनी मिल में कृषकों द्वारा अपने ही मोबाइल नंबर से ईआरपी पर नई सदस्यता व पंजीकरण और घोषणा पत्र भरने हेतु युवा कृषकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित के दौरान जागरूक किया

बताया गया कि गन्ना आयुक्त के द्वारा निर्देश दिए गए हैं 15 से लेकर 30 जुलाई तक सभी कृषकों के प्रशिक्षण के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।इसी तारतम्य में चंदनपुर चीनी मिल के मीटिंग हॉल में एक वृहद ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला गन्ना अधिकारी श्री हेमेंद्र प्रताप सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक चंदनपुर प्रीतम सिंह आदि सभी विभागीय और चीनी मिल के सुपरवाइजर सहित लगभग 100 कृषकों ने हिस्सा लिया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण मे ए. के. तिवारी सहायक महाप्रबंधक गन्ना द्वारा विस्तार रूप से दिया गया ।प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत जिला गन्ना अधिकारी महोदय द्वारा की गई।किसान को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो उसके लिए गन्ना विभाग द्वारा सदस्यता पंजीकरण और घोषणापत्र की सुविधाएं भी ऑनलाइन की गई हैं अब बार-बार इधर उधर जाने की जरूरत नहीं है आप नए सदस्य बनना चाहते हैं आप अपने मोबाइल से ही पंजीकरण कराएं और 4 दिन के बाद समिति में जा करके आप अपना पैसा और शुल्क जमा करके विधिवत सदस्य बने साथ ही साथ यह भी कहा कि घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है जिन किसानों का घोषणा पत्र नहीं होगा उनके सट्टे संचालित नहीं होंगे ऐसा आदेश माननीय गन्ना आयुक्त महोदय द्वारा दिया गया है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक द्वारा सभी कृषकों को अवगत कराया कि ग्रामवार गन्ना सर्वे डिस्प्ले 20 जुलाई से लेकर 30 अगस्त तक किया जाएगा।आप अच्छी तरह डिस्प्ले को देख ले और अगर कोई आपत्ति है तो उसके निस्तारण के लिए आप संबंधित सुपरवाइजर को नोट करा दें आपकी आपत्ति का जांच कर निस्तारण कर दिया जाएगा ।सभी सट्टा धारक कृषक अपना मोबाइल नंबर अपना आधार नंबर और खाता नंबर अवश्य अपडेट करा दें एक मोबाइल नंबर 4 से अधिक सट्टा पर नहीं लगा होना चाहिए अन्यथा सट्टा संचालित में बाधा उत्पन्न होगी ।प्रशिक्षण में ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की प्रक्रिया एवं ऑनलाइन समिति मेंबरशिप प्राप्त करने की प्रक्रिया से संबंधित एक पैंफलेट भी सभी प्रशिक्षु को दिया गया ताकि अच्छी तरीके से समझ सके।

अंत में चीनी मिल चंदनपुर के उपाध्यक्ष शुगर द्वारा ट्रेनिंग में पधारे सभी किसानों का आभार व्यक्त किया गया और उन्हें अपनी खेती में तकनीकी को प्रयोग करने के लिए कहा गया । तकनीकी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सबसे पहली कड़ी आप अपने गन्ने की लाइनों के बीच दूरी बढ़ाएं तभी तकनीकी का प्रयोग, तकनीकी उपकरणों का प्रयोग कर पाएंगे ।उन्होंने आशा व्यक्त की इस प्रकार के प्रशिक्षण से सभी किसान भाई लाभान्वित होंगे और आशा व्यक्त की कि भविष्य में आप अपनी खेती में सभी प्रकार की तकनीकी का उपयोग पैदावार बढ़ाने के लिए करें। चीनी मिल चंदनपुर के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम 30 जुलाई तक पूरे क्षेत्र मे आयोजित करे ।

फास्ट ट्रैक

## महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि : रजत भार्गव

### भाजपा विदेश संपर्क विभाग प्रदेश महामंत्री रजत भार्गव ने वार्ड 26 में महिलाओं को बाटें निःशुल्क सेनेटरी पैड्स



पहल टुडे / प्रियंका कुमारी

गुरुग्रामः गुरुग्राम के वार्ड नंबर 26 में भाजपा एनआरआई सेल प्रदेश महामंत्री युवा नेता एडवोकेट रजत भार्गव ने एक अनोखी पहल की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य बेटियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति शिक्षित एवं जागरूक करना है। रजत भार्गव ने बताया कि महिलाओं और बेटियों का सम्मान करना हमारी सबसे पहली जिम्मेदारी है। हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन में सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ते हुए इस अभियान की शुरूआत गुरुग्राम के टीकरी गांव से हुआ। इस कार्यक्रम में लोगों ने बडी संख्या में हिस्सा लिया एवं माताओं एवं बहनों ने रजत भार्गव की तारीफ की और धन्यवाद किया।इस मुहिम को आगे बढ़ाने में रजत भार्गव का साथ दिया एल्डिको मैंशंज की उपाध्यक्ष श्रीमती शमा दत्त और एनआरआई सेल हरियाणा इकाई के अध्यक्ष संदीप देसवाल ने। जिसमे महिलाओं और बेटियों को अभियान के तहत निःशुल्क पैड्स वितरण किए। रजत भार्गव ने सभी लोगों से आह्वान किया कि इस अभियान के साथ जुड़े। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर शमा दत्त, खुशबू गुप्ता, श्रुति गुप्ता, सरला का तहेदिल से धन्यवाद किया

## जनसेवक क्रांति पार्टी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

### जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे: अंकित अलघ

पहल टुडे / प्रियंका कुमारी




गुड़गांव 18 जुलाई 2022ः जनसेवक क्रांति पार्टी की हुंकार पर 36 बिरादरी का सम्मेलन दशहरा ग्राउंड न्यू कॉलोनी में आयोजित किया गया। जिसमें शहर के हजारों लोगों ने शिरकत की।इस अवसर पर जनसेवक क्रांति पार्टी के सुप्रीमो अंकित अलघ ने कहा कि जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए हम उनकी आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे। इसके लिए जन सेवक क्रांति पार्टी की पूरी टीम तैयार है।आज हमने जनता को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित किया था।जिसमें हजारों की तादाद में महिलाएं, पुरुष व बच्चे शामिल होकर हमें आशीर्वाद दिया है।एक नई उम्मीद की किरण बनी है।हम राजनीति में नए जरूर हैं लेकिन समाज सेवा में हम पुराने हैं।हर जरूरतमंद व्यक्ति के साथ हम खड़े हैं।उन्होंने आह्वान किया कि राजनीति दूषित हो गई है।राजनीति में हमें अच्छे लोगों को उतारना है।इसके लिए हम गुड़गांव नगर निगम चुनाव में पार्षद उतारेंगे।इसके लिए हर वार्ड से हमने टीम तैयार कर ली है।जिसकी युद्धस्तर पर तैयारी हो रही है।आज हमारे बुलाए पर जिस तरह से हजारों लोगों ने हमें प्यार व आशीर्वाद दिया है।हमारी कल्पना से हटकर भीड़ आई है।जो हमें एक नहीं रहा दिखलाती है।हम सभी को समाज के प्रति अग्रसर रहना चाहिए।इस अवसर पर राष्ट्रीय महा सचिव विक्रांत मक्कड़, कोषाध्यक्ष योगेश कटारिया,राष्ट्रीय संगठन मंत्री अभिषेक ठाकुर, गुड़गांव विकास मंच की पूर्व अध्यक्ष डॉ पुष्पा धनकड़, डॉ आकांक्षा रस्तोगी, डॉ अमित मित्तल, समाज सेविका रितु कटारिया, सत्य प्रताप शर्मा, पार्थ भाविका हिंदुस्तानी, सपना सहरावत आदि मौजूद थे।

## बाबू हत्याकांड में शामिल दस हजार का ईनामी अभियुक्त अंकुर गुर्जर व अभि0 विशान्त सैनी घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार

दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा




जिला हरिद्वार :- पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मंगलौर महोदय के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक महोदय भगवानपुर के नेतृत्व में अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा फलस्वरूप जब पुलिस टीम वांछित/ईनामी अभि0गण के गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानो पर तलाश कर रही थी तो ज्ञात हुआ कि बाबू हत्याकांड में शामिल अंकुर गुर्जर पुत्र खिलेन्दर सिंह निवासी ग्राम खिडनी थाना मण्डावली जनपद बिजनौर उ0प्र0 हाल निवासी प्रेमनगर कालोनी रामनगर थाना कोतवाली गंगनहर हरिद्वार जिसकी आपको तलाश है वह अभी तेलीवाला रेलवे फाटक रूड़की के पास खडा है और कही जाने की फिराक में है तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा बिना देरी किये तत्काल मुखबिर की सूचना पर अभि0 अंकुर गर्जर उपरोक्त को पनियाला रोड़ रूड़की तेलीवाला रेलवे फाटक के पास से उसके जुर्म धारा 302/147/34/120बी भादवि के तहत गिरफ्तार किया गया। परिणाम स्वरूप अभि0 अंकुर गुर्जर उरोक्त की निशादेही पर अभि0 विशान्त सैनी उपरोक्त को मय घटना में प्रयुक्त एक अदद बुलेट मो0सं0 वङ17फ -4410 व एक अदद चाकू के साथ उसके मसकन ग्राम सलेमपुर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0-640/2022 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभि0गणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## बारिश के कराने को तपस्या पर बैठे पुजारी



हसनपुर( मुबारिजपुर ) ।भीषण गर्मी के चलते बारिश कराने के लिए मंदिर के पुजारी करीब सप्ताह भर पूर्व चारों तरफ आग की धूनी लगाकर उसके बीच मे बैठकर तपस्या कर रहे है विकासखंड गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव जीवपुर मे चारों तरफ आग जलाकर तप कर रहे है जिनको देखने के लिए भीड़ एकत्र हो जाती है हवन मे आहूति देते हुए भगवान से बारिश कराने को प्रार्थना कर रहे हैं गौरतलब यह है कि तप कर रहे पुजारी घनघोर बारिश होने पर ही तपस्या से उठेगे इस तरह आग के बीच हवन मे आहुति देते हुए भगवान से प्रार्थना कर रहे है उधर खाजेपुर मे भी महात्मा चारों तरफ आग के बीच बैठकर बारिश कराने को तपस्या कर रहे है ।

## हर्बल कान्सेप्ट हेल्थ केयर सिडकुल से कोसोमेटिक सामान चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार




दैनिक पहल टुडे / कुणाल शर्मा

जिला हरिद्वारः- पुलिस उप महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी सदर महोदय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सिडकुल के नेतृत्व में टीम गठित की गयी।गठित टीम द्वारा प्रातः लेबर चौक सिडकुल से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद / फरार अभियुक्त बलजीत सिंह उर्फ बल्ली पुत्र सुदेश सिंह निवासी हलाई सिगरखाल थाना चौबटाखाल जिला पौड़ी गढ़वाल हाल पता- सुभाषनगर कोतवाली ज्वालपुर हरिद्वार उम्र 38 वर्ष को हर्बल कान्सेप्ट हेल्थ केयर सिडकुल से चोरी की गयी 02 पेटियों के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार अभियुक्त को मय माल के मा०न्यायालय के समक्ष पेश किया जा र है।

## किशनगंज के रास्ते से इंट्री के खेल में हो रहा है करोड़ों रुपए के सरकारी राजस्व की लूट अधिकारी मौन क्यों ?

दैनिक पहल टुडे



किशनगंज बांग्लादेश नेपाल और बंगाल के सीमा पर बसा है, जिला किशनगंज जिसके बीचोबीच से होकर गुजरी है, राष्ट्रीय राजमार्ग 27 जिस सड़क की महत्वता इतना है कि *यह सड़क नेपाल भूटान के अलावा पश्चिम बंगाल, सिक्किम,असम, मेघालय, त्रिपुरा आदि 7 सात राज्यों को जोड़ती है*, जिसे भारत का दूसरा मुख्य मार्ग माना जाता है और किशनगंज से बड़े वाहनों से सीमेंट, लोहा, मवेशी, बालू, गिट्टी, फल फूल के अलावा खाने पीने की आवश्यक वस्तु के साथ-साथ बड़ी-बड़ी मशीनरी लदे भारी भरकम वाहनो की आवाजाही इसी हाईवे से होती है और इन वाहनों को किशनगंज सीमा प्रवेश सीमा पार करने के नाम पर ट्रकों से रोज *इंट्री माफिया करोड़ों रुपए की अवैध वसूली करते हैं* इंट्री माफिया लोकल होने का लाभ लेकर, इस खेल कई अधिकारियों को काली कमाई का किस्त भेजा जाता है और जब कोई बड़े अधिकारी इन इंट्री माफियाओ पर कार्रवाई की कोशिश करते है तो इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि अधिकारियों की हर कदम की जानकारी इन तक पहुंच जाती है और इन माफियाओं का मनोबल इतना बढा हुआ है कि कार्रवाई करने वाले पूर्व प्रभारी परिवहन पदाधिकारी पर जानलेवा हमला कर चुके हैं जिसमें अधिकारी काफी जख्मी भी हुए थे, उस चर्चित मामले को देखते हुए विगत दिनों के अररिया एसपी और किशनगंज के 3 दिनों के प्रभारी एसपी रह चुके सुदीप लांडे भी जिले के फरिंगोरा चेक पोस्ट के समीप छापेमारी किए थे, जिसके बाद कुछ दिनों तक यह माफिया लोग अंडर ग्राउंड हो गए थे और फिर कई लाइन होटल की मदद से यह काला कारोबार फल फूल रहा है और इस गंभीर समस्या को देखते हुए विगत दिनों किशनगंज में आए *पूर्णिया क्षेत्र के आईजी सुरेश चौधरी की मौजूदगी पर किशनगंज एसपी डॉ इनामुल हक मेंगनू से जिले में हो रहे अवैध इंट्री के मामले में संवाददाताओं द्वारा किए गये पश्नों पर *एसपी बोले अभी तक हमारे पास कोई ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन या गाड़ी मालिक कोई शिकायत लेकर नहीं आए ना ही कोई पब्लिक शिकायत लेकर आए है । कोई पुलिस या पब्लिक हमसे रंगदारी मांग रही है, हमें जब कोई शिकायत आती है कि हम से रंगदारी मांगा जा रहा है तब हम कार्रवाई करेंगे यह सुनी सुनाई बातें है

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




किशनगंज (मोहम्मद अजीमुद्दीन)किशनगंज के माननीय सांसद डॉ मोहम्मद जावेद अन्य सांसदों के साथ संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने खड़े होकर कांग्रेस ने जमकर नारेबाजी की ।इस दौरान उन्होंने सरकार से जरूरी चीजों के दाम कम करने की मांग भी की। अटव सेंटर के निर्माण के लिए फंड रिलीज करने की मांग को लेकर सांसद डॉ मोहम्मद जावेद आजाद ने लोकसभा मानसून सत्र से पहले गांधी मूर्ति के सामने में किया लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन इस अवसर पर सांसद गुरजीत सिंह औजला का मिला भरपूर समर्थन।

## जिलाधिकारी ने किया बालिका उच्च विद्यालय,डुमरिया का औचक निरीक्षण,गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य का दिया निर्देश

### वर्ग 10 की छात्रों से किया प्रश्नोत्तर,जानकारी से दिखे संतुष्ट


पहल टुडे



किशनगंज जिलाधिकारी, किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री ने डुमरिया स्थित गर्ल्स हाई स्कूल का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के क्रम में डीएम ने क्लासरूम में जाकर छात्राओं से पठन पाठन की जानकारी लिया तथा शिक्षण के स्तर को गुणवत्तापूर्ण जारी रखने का निर्देश दिया।मौके पर डीएम ने वर्ग 10 में भूगोल की कक्षा में क्लास लेकर छात्राओं से भारत के नक्शा को बनवाकर राज्यों की स्थिति के बारे में पूछताछ किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य, आधारभूत संरचना और सुविधा की उपलब्धता को लेकर गंभीर दिखे ।प्रधानाध्यापिका श्रीमती सुनीता कुमारी को शिक्षण कार्य समेत नियमित रूप से विद्यालय परिसर की साफ सफाई,बिजली ,पंखा मरम्मती,बेंच डेस्क उपलब्धता,नियमित वर्ग संचालन हेतु निर्देश दिया।निरीक्षण में जिलाधिकारी ने कई शिक्षकों को यत्र - तत्र बैठा देखकर नाराजगी प्रकट किया और निदेश दिया कि नियमित रूप से वर्ग संचालन में भूमिका अदा करें ।कक्षा में छात्राओं की संख्या कम हो या ज्यादा हो ,कक्षा संचालन सभी कक्षा का अलग अलग जारी रखें ।निर्देश दिया कि एक साथ विभिन्न वर्ग की छात्राओं को बैठा कर वर्ग संचालन की प्रवृति बंद करें।

## नुदरत महजबीं,अध्यक्ष,जिला परिषद, किशनगंज ने जिला पदाधिकारी, किशनगंज को एक आवेदन देकर किशनगंज जिला को सुखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर गरीब किसानों को डिजल अनुदान प्रदान करने की मांग किया

पहल टुडे



किशनगंज नुदरत महजबीं,अध्यक्ष,जिला परिषद, किशनगंज ने जिला पदाधिकारी, किशनगंज को एक आवेदन देकर किशनगंज जिला को सुखा ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर गरीब किसानों को डिजल अनुदान प्रदान करने की मांग किया। उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना कि गत वर्ष 2022 को मानसून की बारिश सामान्य से काफी कम हुई है। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि इस बार 50 प्रतिशत से भी कम मानसून की बारिश हुई है। जिस कारण इस जिले की मुख्य फसल धान की रोपाई प्रभावित हो रहीं है। स्थल निरक्षण से साफ पता चल रहा है कि रूपाई की गई धान की फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुँच गई है, और जहाँ रूपाई नहीं हुई है वहाँ जमीन फट रही है। आशंका ऐसी है कि कही पूर्ण सुखा ना हो जाए ऐसे में गरीब किसानों को डिजल में सब्सिडी देकर मदद करने की सख्त जरूरत है। तदालोक में अनुरोध है कि भवदीय अपने स्तर से तत्काल नियमानुसार किसानों को डिजल सब्सिडी उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए।

### डीएम ने सूचना भवन कार्यालय में अनुपयोगी सामग्री के नीलामी प्रक्रिया हेतु डीपीआरओ को दिया निर्देश,कार्यालय संस्कृति से दिखे संतुष्ट

## जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने किया जिला जनसंपर्क कार्यालय का निरीक्षण,सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार के दिए निर्देश

पहल टुडे



किशनगंज श्रीकांत शास्त्री, भा.प्र.से.जिलाधिकारी किशनगंज के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत जिला जनसंपर्क कार्यालय, किशनगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रंजीत कुमार को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार तथा मीडियाकर्मियों के माध्यम से ससमय सूचनाओं के आदान- प्रदान का निदेश दिया। डीएम के द्वारा सर्वप्रथम सूचना भवन के विभिन्न कमरों में संधारित व्यवस्थाओं को देखा गया। भवन निर्माण प्रमंडल से समन्वय कर समय- समय पर मरम्मती और रंग-रोगन कराते रहने, भवन के बाहर भी साफ सफाई रखने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात कार्यालय कार्य प्रणाली, विभिन्न पंजी, लिपिको और मीडिया कर्मियों की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने आगत- निर्गत पंजी, रोकर बही, रक्षी संचिका, स्टांप पंजी, उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, आवंटन पंजी, संचिका अनुक्रमणिका आदि का गहन निरीक्षण किया गया। सभी पंजियो के सभी स्तंभ व कंडिका को नियमानुसार अद्यतन रखने का निदेश दिया गया। डीएम के द्वारा प्रत्येक दिन प्रकाशित सभी प्रमुख समाचार पत्रों का अनुश्रवण कर प्रेस कतरन उनके समक्ष नियमित रूप से प्रस्तुत करने और आवश्यकता अनुसार निर्देश प्राप्त कर विभागों से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया।

कार्यालय में टेंडर प्रकाशन, टाइपिंग आदि कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता के दृष्टिकोण से एक कार्यपालक सहायक( कंप्यूटर ऑपरेटर ) रखने का प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री के द्वारा अग्रिम भ्रमण कार्यकम के तहत लगातार विभिन्न कार्यालय और प्रखंड का भ्रमण कर निरीक्षण किया जा रहा है। डीएम के द्वारा गुरुवार को संभावित बाढ़ तथा राजस्व कार्य, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा व अन्य कार्यों की समीक्षा के निमित टेढ़ागाछ प्रखंड में समीक्षा बैठक निर्धारित है। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी महोदय द्वारा बीपार्ड, पटना से प्रशिक्षण अवधि पूर्ण कर जिला में योगदान देने के उपरांत 18 जुलाई के प्रभाव से जिला जनसंपर्क कार्यालय का प्रभार रंजीत कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान डीपीआरओ रंजीत कुमार, प्रभारी प्रधान लिपिक मनोज कुमार एवं कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## महिला पुलिस ने संभाली बैंकों की सुरक्षा की कमान

**दैनिक पहल टुडे / अजय त्यागी नागल**

सहारनपुर नागल कावड़ यात्रा के दौरान महिला पुलिस कर्मियों को सौंपी गई, बैंकों की सुरक्षा की कमान।

प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा कावड़ यात्रा ले जा रहे शिव भक्तों की सुरक्षा हेतु सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किए गए हैं, कि गंगाजल लेकर आ रहे किसी भी कांवड़िए को कोई समस्या ना हो और सभी जगह शिविर लगाकर गर्म पानी और चिकित्सा के कड़े प्रबंध किए जाएं। जिसको लेकर नागल थाना पुलिस फोर्स के पुलिसकर्मी कावड़ यात्रा को सफल बनाने में लगे हुए हैं। इस दौरान एस एस पी विपिन टाडा के आदेशानुसार थानाअध्यक्ष देशराज सिंह द्वारा महिला पुलिस को क्षेत्र की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसका पालन करते हुए महिला पुलिस कॉन्स्टेबल अनीता सिद्धू अपने सहयोगियों के साथ बैंकों की सुरक्षा कर अपनी ड्यूटी को अंजाम दे रही हैं। आज की सशक्त नारी के हाथों में सुरक्षा की कमान देखकर आकलन लगाया जा सकता है कि अब भारत की बेटी किसी से पीछे नहीं हैं और वह भली भांति अपने कार्य को अंजाम दे सकती हैं।

## 33 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से युवक झुलसा, गंभीर हालत में हायर सेंटर किया गया रेफर, पैसों के अभाव में इलाज कराना हुआ मुश्किल

**दैनिक पहल टुडे / अमरीश पंडित गगोह**

सहारनपुर, कस्बा गंगोह में बीती रात एक युवक 33 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। आपको बता दे कि गांव तरबकपुर निवासी प्रवीण शर्मा कस्बा गंगोह के शोभित युनिवर्सिटी रोड पर किराए के मकान में रहता हैं। बीती रात करीब 12 बजे जैसे ही प्रवीण पेसाब करने के लिए उठा तो लैट्रिन बाथरूम के पास से गुजर रही 33 हजार की विद्युत लाइन की चपेट में आ गया जिससे वह बहुत बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे आस पड़ोस के लोगो ने उसे सीएचसी केंद्र गंगोह में भर्ती कराया जहा से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में गंभीर हालत के देखते हुए उसे जिला अस्पताल से भी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। आपको बता दे कि प्रवीण शर्मा की माली हालत ठीक नहीं हैं वह कारीगरी का काम करके अपना जीवन यापन कर रहा हैं इस समय पैसों के अभाव में उसके परिवार के सामने प्रवीण का इलाज करा पाना मुश्किल हो रहा हैं। प्रवीण के परिजनों ने आम जनमानस से व सरकार से इस संकट की घड़ी में मदद की गुहार लगाई हैं।

## 30 जुलाई को होगा, सांई मंदिर के पास, एक रोजगार मेलें का आयोजन

शामली जिला सेवायोजन अधिकारी शामली श्री अजय कुमार द्वारा बताया गया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, शामली, एवं राजकीय आईटीआई शामली व सांई आईटीआई शामली के संयुक्त तत्वाधान में आगामी दिनांक 30-07-2022 को सांई आईटीआई, सहारनपुर रोड, सांई मंदिर के पास, शामली में एक रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट रीद्द८ङ्कनंल्ल.४स्र.ल्कू.ल्ल पर जॉब सीकर के रूप में ऑनलाइन पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों द्वारा रोजगार मेला में प्रतिभाग करने हेतु अपनी सेवायोजन की आई0डी0 एवं पासवर्ड द्वारा लॉगिन कर रोजगार मेला जनपद शामली में प्रदर्शित हो रही कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यतानुसार आवेदन कर सकते है।

## कालेज नव प्रवेशित छात्र छात्राएं किये सम्मानित

**दैनिक पहल टुडे**

संजीव विश्वकर्मा देवबंद सारंगपुर ,क नागल मंगलवार को महर्षि दयानंद कॉलेज आफ एजकेशन बड़ूली में नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था चेयरमैन मतलूब अहमद ने कहा कि हमारा उद्देश्य कॉलेज का व्यवसायीकरण करना नहीं बल्कि समाज सेवा करना है। जिससे भावी पीढ़ी उच्च शिक्षित होने के साथ-साथ संस्कारवान व चरित्रवान हो। यह तभी संभव है जब हम निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करेंगे। मुख्य अतिथि रविंद्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो व्यक्ति को ज्ञानवान बना देती है। प्रधानाचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने कहा कि कॉलेज में वर्तमान में बीए, बीकॉम, बीएससी बीएड की कक्षाएं संचालित है। हमारा प्रयास है कि संस्था में बच्चों को गुणवत्ता परक शिक्षा मिले।




इस दौरान प्रबंधक सारिक मलिक, हाजी एहसान, इंतखाब प्रधान, शिवकुमार, ललित, एहतेशाम, सलीम, नौशाद, डॉ जयपाल, सुरजीत बीडीसी, अमित कुमार, अभिषेक, दुर्गेश त्यागी, कादिर एडवोकेट, मोनिका त्यागी आदि रहे।

## बिजली की समस्या से जूझ रहे किसानों ने विभागीय अधिकारियों को कड़ी धूप में घंटों बैठाया

**दैनिक पहल टुडे / बेनी प्रसाद शर्मा**



सहारनपुर,क बेहट लंबे समय से बिजली की पावर कट, लो वोल्टेज, जर्जर तार आदि समस्याओं से जूझ रहे किसानों के सब्र का बांध आज सोमवार के दिन आखिरकार टूट गया, गुस्साए किसानों ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय बेहट पर सुबह से ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया, जब बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी किसानों को समझाने पहुंचे तो किसानों ने दोनों अधिकारियों को भी धरना स्थल पर ही कड़ी धूप में बैठा लिया, इसी बीच बिजली विभाग के कर्मचारियों और किसानों में नोकझोंक होती रही, परंतु दोनों अधिकारियों को किसानों ने कड़ी धूप में घंटों बिठाए रखा, मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को भाकियू तोमर गुट के आह्वान पर जिलाध्यक्ष एडवोकेट अभिषेक कांबोज के नेतृत्व में क्षेत्र के सैकड़ों किसान विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंच गए. वहां उन्होंने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. इसके बाद उन लोगों ने कार्यालय के सामने ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया. विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों की जब बात नहीं सुनी गई, तो गुस्साए किसानों ने अधिशासी अभियंता संदीप कुमार निर्भय एवं उपखंड अधिकारी बेहट प्रदीप यादव को घंटों चिलचिलाती धूप में बैठाया रखा. इस दौरान किसानों और विद्युत विभाग के अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई. भारतीय किसान यूनियन भाकियू नेता राजू कश्यप के अनुसार क्षेत्र में भरी पावर कट, जर्जर तार, घरेलू कनेक्शन पर कमर्शियल बिल का आना, आदि कई समस्याओं को लेकर आज हम यहां पहुंचे हैं उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों एक सप्ताह के अंदर पूरी नहीं की गयी, तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा. इस दौरान भारतीय किसान यूनियन तोमर गुट के पदाधिकारियों ने सात सूत्रीय मांग पत्र अधिशासी अभियंता को सौंपा. उन लोगों ने साथ में चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी मांगों को अति शीघ्र पूरी की जाए. किसान नेताओं ने कहा कि विद्युत विभाग में किसी भी तरह की अवैध वसूली करने नहीं दी जाएगी. उसके लिए चाहे कितना भी बड़ा आंदोलन करना पड़े, वह पीछे नहीं हटेंगे. प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से प्रदेशाध्यक्ष सुदेश पाल, तहसील अध्यक्ष विकास कांबोज, राजू कश्यप, वीरेंद्र सिंह, प्रवीण कांबोज, सुनील कुमार, वेदपाल, नीटू, मोनी, मोंटू, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन कर रहे हैं, थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित

**दैनिक पहल टुडे /जतिन शर्मा नगर**

सहारनपुर , थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व में डॉग-स्कायड की मदद से चोरी हुआ रिवाल्वर एवम मोबाइल चंद ही घंटो में किया बरामद

चोरी किए गये लाइसेंसी रिवाल्वर एवम मोबाइल सहित चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

हाजी गुलजार ने थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित एवम उनकी पुलिस टीम से कहा, शुक्रिया थाना कुतुबशेर पुलिस

इस मामले की जानकारी एसपी-सिटी राजेश कुमार सिंह ने भी दी तथा कामयाब पुलिस टीम की पीठ थपथपा



अपनी तेज तर्रार कार्रवाई से अपराधियों में खोफ पेदा करने वाले तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवम पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा निर्देशों का सख्ती के साथ पालन करने वाले थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित के कुशल नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने डॉग-स्क्वायड की मदद से एक रिवाल्वर एवम मोबाइल चोर को चंद ही घंटो में चोरी के सामान सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर ली।इस मामले की जानकारी एसपी-सिटी राजेश कुमार सिंह ने भी दी तथा कामयाब पुलिस टीम की पीठ थपथपाई।आपको बता दें, कि मौहल्ला आनन्द नगर निवासी हाजी गुलजार पुत्र मौ, अय्यूब ने थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित को एक प्रार्थना पत्र देकर कहा, कि किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर से उसकी लाइसेंसी रिवाल्वर तथा मोबाइल चोरी कर लिया गया, थाना कुतुबशेर प्रभारी पीयूष दीक्षित ने भी उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुए एवम तत्काल कार्रवाई करते हुए डॉग-स्कवायड की मदद से उक्त चोर सुहैल पुत्र मौ, शकील को मौहल्ला मछियारान से काफी मशक्कत के बाद गिरफ्तार कर लिया।चोर मौ, सुहैल से पुलिस टीम ने चोरी किया हुआ लाइसेंसी रिवाल्वर एवम मोबाइल भी बरामद कर लिया।पुलिस की इस तेज तर्रार कार्यवाही से वादी पक्ष हाजी गुलजार एवम उनके पुत्र ताबिश ने थाना प्रभारी पीयूष दीक्षित तथा सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार उनकी पुलिस टीम का दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा, कि यदी पुलिस इसी तरह काम करती रहें, तो किसी के घर में चोरी ना हो।इधर पकड़े गये चोर मौ, सुहैल ने भी अपना जुर्म कबूल करते हुए थाना प्रभारी पीयूष दीक्षित को बताया, कि उसी ने ही इनके घर की दीवार फांदकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस की इस तेज तर्रार कार्रवाई की क्षेत्र के लोगों ने भी अत्यधिक प्रसंशा की है।

## कैराना खिदमत ए खल्क के सदस्य ने किया डेढ़ साल के बच्चे के लिए रक्तदान



**दैनिक पहल टुडे**

शामली आज सामाजिक संगठन कैराना खिदमत ए खल्क को एक सदस्य के द्वारा रिक्वेस्ट आयी थी कि डेढ़ साल के बच्चे को शामली मे डॉ अकबर खान अस्पताल में ड+ ब्लड चाहिए जिसमें संगठन के जिम्मेदार साथियों ने ग्रुप मे अपील की अपील को देखकर संगठन के एक सक्रिय साथी अरमान चौधरी ब्लड देने पहुंचे लेकिन किसी कारण अरमान चौधरी का ब्लड नहीं लिया गया उसके बाद मौहल्ला खेल कला कैराना निवासी जुल्फान सैफी जो कि हरियाणा मे अपने काम के लिए गए हुए थे उन्हें इस बात का पता लगते ही तुरंत संगठन के अध्यक्ष खलील फरीदी के साथ शामली अम्बा चेरीटेबल ब्लड बैंक पहुँचकर के बच्चे के लिए रक्तदान कियाबच्चे के परिवार वालों ने और संगठन के जिम्मेदार साथियों ने रक्तदान करने वाले जुल्फान सैफी का शुक्रिया अदा कियासंगठन कैराना खिदमत ए खल्क के सदस्यों ने सभी से अपील की है कि आप सब भी रक्तदान करे और किसी का जीवन बचाने मे सहयोग

## कांवड़ यात्रा को लेकर सख्त एक्शन में, जिलाधिकारी अखिलेश सिंह एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ, विपिन टांडा

**दैनिक पहल टुडे /अशोक शर्मा**



सहारनपुर , थाना प्रभारी सहित सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देशकांवड़ मार्ग गागलहेडी हाईवे पर काली नदी पुलिस चौकी डियूटीरत पुलिस अधिकारियों एवम कर्मचारियों को निर्देशित करते देखे गए एसएसपी कांवड़ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो, इसी को लेकर जिलाधिकारी अखिलेश सिंह एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ, विपिन टाडा आजकल सख्त एक्शन में है।इसी कांवड़ यात्रा को लेकर एक बार फिर जिलाधिकारी अखिलेश सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ, विपिन टाडा द्वारा कल देर रात सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कांवड़ मार्ग हाईवे का किया निरीक्षण तथा थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिह सहित सम्बंधित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।हम आपको बता दें, कि एसएसपी कांवड़ यात्रा को लेकर काफी गम्भीर है।कल देर रात गागलहेडी कांवड़ मार्ग स्थित हाईवे का जायजा लेते हुए यहां सक्रिय थाना गागलहेडी प्रभारी सूबे सिंह के साथ साथ डियूटीरत पुलिस के जवानों को सख्ती के साथ आदेशित किया, कि कांवड़ यात्रा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को यह भी आदेश दिए, कि कांवड़ यात्रा सकुशल सम्पन्न हो, इसके लिए वह और अधिक सख्ती बरते तथा कांवड़ियों एवम आमजन के साथ सम्मानित तरिके से बात करें।कल रात दो बजे तक जिलाधिकारी तथा एसएसपी द्वारा गागलहेडी हाईवे एवम भगवानपुर मार्ग का निरीक्षण किया।हम आपको बता दें, कि जब से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर डॉ, विपिन टाडा ने जनपद सहारनपुर की बागडौर सम्भाली है, तभी से ही वे कानून व्यवस्था एवम सुरक्षा को लेकर काफी सख्त एक्शन में है।इधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश है, कि नशा कारोबारियों, शराब तस्करों, वांछितो एवम वारंटियों पर और अधिक सख्ती बरते एवम थाने में आये फरियादी की सम्मान पूर्वक समस्या सुनकर उस पर तत्काल कार्रवाई करें।

## चौंकीदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर

**दैनिक पहल टूडे / अमरीश पंडित**

गंगोह सहारनपुर- एक माह पूर्व नगर पंचायत तीतरों में पहरेदारी करने के दौरान चौंकीदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था, मामले में एक माह बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपितों की तलाश नही कर पाई है। बता दें कि तीतरों के मौहल्ला अफगनान कला निवासी 35 वर्षीय फैसल पुत्र नसरू नगर पंचायत कार्यालय में बतौर चौंकीदार के रूप में तैनात है। चौंकीदार को 17 जून की रात्रि में अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला कर गोली मारने के साथ-साथ धारदार हथियारों से घायल कर दिया था। जिसमें नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अलकेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर घायल को हायर सैन्टर भिजवाया था।

## मंगल पाण्डेय जयंती के अवसर पर श्री हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम

**दैनिक पहल टुडे / साजिद खान**



शामली शासन के निदेशों के क्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मंगल पाण्डेय जयंती के अवसर पर श्री हिंदू कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर अपर जिलाधिकारी श्री संतोष कुमार सिंह व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सरदार सिंह द्वारा मंगल पाण्डेय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज व हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के माध्यम से उन महिलाओं को याद किया जिन्होंने भारत के इतिहास में अपना अमूल्य योगदान दिया।आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज से शगुन शर्मा द्वारा कमलादेवी चट्टोपाध्याय, निकिता द्वारा उषा मेहता, अंजुम मलिक द्वारा अमृतकौर, सना अंसारी द्वारा बेगम हजरत महल, सोनिया द्वारा मूलमती, प्रियंका कंबोज द्वारा वेलु नचियार, अलीशा द्वारा रानी लक्ष्मीबाई व इकरा द्वारा मंगल पांडे का किरदार निभाया गया। इसके अलावा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिंदू कन्या इंटर कॉलेज से दिव्यांशी द्वारा सरस्वती, वंशिका द्वारा मुमताज महल, वंशिका द्वारा भारत माता, नेहा द्वारा मंगल पांडे, निहारिका द्वारा राजगुरु, साक्षी द्वारा भगत सिंह, शुमायला द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर, दिवांशी चंद्रा द्वारा मीराबाई व प्राची द्वारा कानून की देवी का किरदार निभाया गया।

### ब्राह्मण परिवार में जन्मे मंगल पांडे 22 साल की उम्र में ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल नेटिव इन्फेंट्री में सिपाही थे

## क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई

**दैनिक पहल टुडे / साजिद खान**



शामली शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशन में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत जनपद में क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। आयोजित विचार गोष्ठी का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक कैप्टन लोकेंद्र सिंह, डॉ अमित मलिक, डॉ अनुराग शर्मा एनएसएस प्रभारी, डा विजय द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया।आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक श्री सरदार सिंह ने मंगल पाण्डेय के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया कि क्रांतिकारी मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई, 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। उन्होंने बताया कि मंगल पाण्डेय एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्होंने बताया कि ब्राह्मण परिवार में जन्मे मंगल पांडे 22 साल की उम्र में ईस्ट इंडिया कंपनी की बंगाल नेटिव इन्फेंट्री में सिपाही थे।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया देश की आजादी के लिए अंग्रेजों के विरुद्ध अनेकों कुर्बानियां दी गई और देश की आजादी के लिए आंदोलन चलाए गए।लेकिन सभी आंदोलनों को संगठित करके एक मंच पर लाने का काम अट्ठारह सौ सत्तावन की अमर शहीद मंगल पाण्डेय द्वारा की गई क्रांति ने किया।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि देश को आजाद कराने के लिए ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत की पहली चिंगारी भड़काने वाली युवा क्रांतिकारी मंगल पाण्डेय ने ब्रिटिश हुकूमत को इतना डरा दिया था कि निश्चित तारीख से पहले ही 08 अप्रैल, 1857 को उन्हें फांसी दे दी गई थी।उन्होंने कहा कि वास्तव में वीर शहीद मंगल पांडे द्वारा अंग्रेजों के विरुद्ध की गई बगावत का ही परिणाम था कि देश में आजादी की ज्वाला भड़क गई और अंग्रेजों को देश छोड़कर भागना पड़ा।उन्होंने बताया कि मंगल पांडे द्वारा फिरंगी भगाओ के नारे ने देश में एक नई ऊर्जा का सूत्रपात किया।तथा संपूर्ण देश को अंग्रेजों के विरुद्ध माला में पिरो दिया।इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अमित मलिक एवं डॉ अनुराग शर्मा एनएसएस प्रभारी ने अपने संबोधन में शहीद मंगल पांडे के जीवन एवं व्यक्तित्व से जुड़ी घटनाओं के विषय में एनएसएस स्वयंसेवकों एनएसएस स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट को अवगत कराया।

## खाकी तथा, कलमवीरों एवं शिक्षकों ने किया वृक्षारोपण

### मंगलवार को पावन श्रावन मास में वृक्षारोपण का कार्यक्रम स्थानीय लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में किया गया

**दैनिक पहल टुडे / सलीम फारूकी**



कैराना । मंगलवार को श्रावण मास के पावन पर्व पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया पर्यावरण के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु विद्यालय में औषधीय तथा इमारती लकड़ी के पौधों का रोपण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में कैराना कोतवाली में तैनात एस एस आई राधेश्याम पत्रकार संघ कैराना के अध्यक्ष सुधीर चौधरी ,पैनी नजर के रिपोर्टर मेहमान अली भी उपस्थित रहें।

वहीं इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक डॉक्टर राजेंद्र कुमार पदाधिकारी , मोहन लाल , प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा के साथ विद्यालय के आचार्य श्री शियानंद जी, श्री रामनाथ जी ,श्री सुनील कुमार जी, श्री दीपक कुमार जी, श्री विकास कुमार जी ,श्री रविंद्र कुमार जी ,श्री कुलदीप जी श्री अंकित कुमार जी, श्री कमल जी, श्री शिवकुमार जी ,श्रीमती कौशल्या जी कु० शिवानी जी के अलावा विद्यालय के कर्मचारी श्री संजय कुमार श्रीमती रितु एवं विद्यालय के अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।।

# संक्षेप

## स्वास्थ्य केंद्र पर कोविड टीकाकरण प्रारंभ - सीएमओ

विन्ध्याचल , मीरजापुर ।स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार से कोविड टीकाकरण की शुरूआत हो जाएगी । पन्द्रह जुलाई से देश भर में अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोविड की तीसरी अर्थात बूस्टर डोज मुफ्त में लगाये जाने के सरकारी एलान के पश्चात स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण की उपलब्धता के अभाव में हजारों लोग बूस्टर डोज लगवाने के लिए परेशान दिखे । उक्त विषय मे चलभाष पर बात करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि लोगों की समस्याओं के मद्देनजर बुधवार से विन्ध्याचल सीएचसी पर कोविड टीकाकरण का प्रबन्ध कर दिया गया है ।नगरविधायक रत्नाकर मिश्र ने भी टीकाकरण प्रारम्भ कराने की जानकारी फोन पर दी । स्थानीयों में इस सुविधा की जानकारी पर प्रसन्नता का माहौल दिखा ।

## टूटा पुल बंद चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तेंदुए की चहल कदमी देखी गई

पुरनपुर ।एक सप्ताह से दियूरिया वन रेंज के टूटा पुल बन चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तेंदुए की चहल कदमी देखी जा रही है। कुछ दिन पहले ही चौकी के पड़ोस में रहने वाले दो घरों में पालतू कुत्तों को तेंदुए रहने वाला बना लिया था ।सूचना के बाद भी उसको पकड़ने के लिए कोई प्रयास नहीं किए गए ।सोमवार की रात्रि बन चौकी के आधा किलोमीटर आगे फिर तेंदुए की चहल कदमी देखी गई ।घर के बाहर बंधे एक ग्रामीण के पालतू कुत्ते को फिर से निवाला वना लिया। कुत्ते के चीखने चिल्लाने पर परिजनों ने एक राय होकर शोर-शराबा शुरू कर दिया ।इसके बाद पीपे, थालिया बजाकर व मुश्किल तेंदुआ जंगल की ओर गया। लगातार चहल कदमी से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इसके चलते राहगीरों ने भी निकलना बंद कर दिया है। सूचना देने के बावजूद वन विभाग पकड़ने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

## रोटरी क्लब पुरनपुर ने बच्चों के कि आई चेक अप

पूरनपुर ।इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा पूरनपुर व रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स ने संयुक्त रुप से रोटेरियन ने स्वर्गीय सचिन अग्रवाल की स्मृति में उच्च प्राथमिक विद्यालय चाट फिरोजपुर में जाकर बच्चों के लिए आई चेक अप कैंप का आयोजन किया गया ।सोसाइटी के आजीवन सदस्य तथा क्लब के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदोरिया ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर से सतीश कुमार सिंह तथा उनकी टीम गजेंद्र सिंह व ईएमओ चंद्रशेखर ने उच्च प्राथमिक विद्यालय चांट फिरोजपुर पहुंच कर सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण कर जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का नंबर दिया ।क्लब की तरफ से सभी बच्चों को चश्मे भी प्रदान किए जाएंगे ।जिनको आवश्यकता होगी टीम ने सभी बच्चों की एक-एक करके समस्याएं सुनी ।तथा उनकी आंखों की जांच करके जरूरतमंद बच्चों को चश्मे का नंबर प्रदान किया।

# अवैध खनन, परिवहन, ओवरलोडिंग आदि पर प्रशासन सख्त, होगी कड़ी वैधानिक कार्यवाही

**35 ओवरलोड ट्रको को सीज करने की गयी कार्यवाही**

**18/19 जुलाई की मध्य रात्रि में ओवरलोड वाहनो की चलायी गयी चेकिंग अभियान**

**04 क्रशर प्लांटो का भी किया गया औचक निरीक्षण**

**नियम विरूद्ध खनन परिवहन व ओवरलोडिंग पाये जाने पर की जायेगी सशक्त कार्यवाही**



**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** जिलाधिकरी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में जनपद में चल रहे अवैध खनन, परिवहन व ओवर लोडिंग पर प्रशासन सख्त है। जिलाधिकारी द्वारा अवैध खनन, परिबहन व ओवरलोडिंग परिवहन को रोकने व कड़ी कार्यवाही करने के लिए अपर जिलाधिकारी वि/रा0 श्री शिव प्रताप शुक्ल के नेतृत्व में जिला खनन अधिकारी, सम्भागीय परिवहन अधिकारी व उपजिलाधिकारियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिया गया है, कि वे बराबर अपने-अपने क्षेत्र में चैकसी रखें और किसी भी दशा में अवैध खनन, परिबहन व ओवरलोडिंग में पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही करते हुए अपने उच्चाधिकारीयों को तत्काल सूचित करें। उन्होंने स्पष्ट करते हुये कहा कि चाहे कोई भी हो यदि शासन व प्रशासन की मन्सा के विपरीत कार्य करेगा तो उसे किसी भी दशा में बख्शा नही जाएगा। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा दिनांक 18/19 जुलाई 2022 की मध्य रात्रि में उप जिलाधिकारी सदर श्री चन्द्रभान सिंह, उप जिलाधिकारी मड़िहान श्री अश्वनी कुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं जिला खान अधिकारी के साथ डगमगपुर, बरकछा, चील्ह में अभियान चलाकर ओवरलोड ट्रको की चेकिंग की गयी। इसी क्रम में डगमगपुर में चार क्रशर प्लांट का भी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। अपर जिलाधिकारी श्री शुक्ल ने बताया कि चेकिंग दौरान पाये गये 35 ओवरलोड ट्रको सीज करने की कार्यवाही की गयी हैं।उन्होने बताया कि अभियान के तहत क्रशर प्लांटो का भी औचक निरीक्षण किया जायेगा यदि क्रशर प्लांट/खन्न पट्टा स्थल से ओवरलोडिंग करने की कार्यवाही पायी जाती है तो सम्बन्धित क्रशर प्लांट के विरूद्ध सुसंगत धाराओ के तहत एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुये कार्यवाही की जायेगी।* अपरजिलाधिकारी श्री शुक्ल ने कहा कि विगत दिनों भी रात्रि में गस्त व चेकिंग के दौरान दर्जनों ट्रको को पकड़कर पुलिस अभिरक्षा में निरुद्ध कर जुमार्ना वसूला गया था और सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही भी किया गया था।उन्होने बताया कि इस सम्बंध में क्रशर मालिको, लीजहोल्डरों व खनन पट्टेधारकों को आगाह करते हुये सूचित किया गया है कि वे किसी भी दशा में मानक व निर्धारित क्षमता से अधिक ट्रकों में खनन सामग्री लोड न करें, अन्यथा की स्थिति में पकड़े जाने व लोडिंग स्थल का पता चलने पर क्रशर मालिको व लीजहोल्डरों का खनन अनुबन्ध समाप्त कर उनके विरुद्ध नियमसँगत कार्यवाही भी की जाएगी। इस सम्बंध में उन्होंने सम्बन्धित को कड़े निर्देश के साथ कहा है कि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग पर विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# जिले में कांवड़ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित

**तैयारी 20 जुलाई से 20 अगस्त तक के लिए पांच टीमों की गई तैनाती डिप्टी सीएमओ डॉ वीके भारती बने नोडल अधिकारी**



**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** जिले में कांवड़ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर दी गई है।यह टीम 20 जुलाई से 20 अगस्त तक कांवड़ यात्रा में शामिल लोंगों को चिन्हित मार्गों पर भी स्वास्थ्य सेवाएं देगी। इसके लिए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वी0के0 भारती को नोडल अधिकारी नामित किया गया है मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कावंरियों की चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्साधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी 20 जुलाई को प्रातः आठ बजे से 20 अगस्त तक के लिये लगा दी गयी है। चिकित्सकों की पांच टीम गठित गयी है।जो अलग.अलग चिकित्सा शिविर एवं सचल चिकित्सा दल एम्बुलेंस के साथ मुश्तैद रहेगे। टीम संख्या एक का नेतृत्व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोहदी विकास खण्ड सिटी के चिकित्साधिकारी डॉक्टर धर्म दुबे करेगे। जो बरियाघाट में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मौजूद रहेगे।टीम संख्या दो मे प्रा0स्वा0 केन्द्र बरकक्षा के चिकित्साधिकारी मनोज तिवारी की तैनाती की गयी है। जिनके सहयोग के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चील्ह कोन विकास खण्ड के डा0 धीरज को लगाया गया है।दोनों डाक्टर अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बरकक्षा बाजार स्थित निर्धारित स्थल पर रहेगे।टीम संख्या तीन की तैनाती सिरसी मोड़ स्थित कोटवा गांव में की गयी है।जिसका नेतृत्व प्रा0स्वा0 केन्द्र पड़री के चिकित्साधिकारी डा0 वी0के0 आनन्द करेगे।विकास खण्ड मड़िहान स्थित बहुती गांव में कार्यरत चिकित्साधिकारी डा0 महेन्द्र सिंह चौधरी का सहयोग के लिये लगाया गया है।टीम संख्या चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान में कार्यरत रहेगी। इसके अलावा टीम संख्या पांच स्वास्थ्यकर्मी के साथ कलवारी चौराहे पर चैबीस घण्टे रोस्टर वाइज कार्यरत रहेगे। सी0एम0ओ0 ने प्रा0स्वा0 केन्द्र पटेहरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी को हिदायत दिया है कि टीम संख्या तीन में कार्यरत चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार सम्मानित कराने का काम करेंगे।

# पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा फायर स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिया गया आवश्यक दिशा-निर्देश



**पहल टुडे** / लवकुश अग्रहरि की रिपोर्ट

**मिर्जापुर** आज दिनांक 19.07.2022 को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा फायर स्टेशन मीरजापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया ।इस दौरान पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा कार्यालय व परिसर का भ्रमण कर कार्यालय में लगे विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों एमडीटी, वॉयरलेस सेट इत्यादि की सक्रियता को चेक किया गया तथा परिसर भ्रमण के दौरान साफ-सफाई एवं वाहनों के रख-रखाव के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी को निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।

# राजस्व विभाग द्वारा खेल के मैदान को अतिक्रमणकारियो से मुक्त कराया

**पहल टुडे**

दियोरिया ।स्कूल के खेल के मैदान पर गांव के दबगो द्वारा अतिक्रमण कर लेने से नाराज मुख्य अध्यापक ने एस डी एम वीसलपुर को एक पत्र देकर खेल के मैदान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है एस डी एम ने मामले को गंभीरता से लेकर एक टीम गठित कर खेल के मैदान को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए निदेशो के अनुपालन मे राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कर खेल के मैदान को अतिक्रमणकारियो से कब्जा मुक्त कराया ।

गौरतलब हो कि कोतवाली छेत्र के ग्राम चकशिवपुरी मे एक वेसिक प्राइमरी पाठशाला स्थिति है इस विधयालय मे गाटा संख्या 49 मे लगभग एक एकड जमीन स्कूल के नाम पर है ।जिस पर गांव के कुछ दबगो ने अतिक्रमण कर अपना कब्जा जमा रखा है इसकी जानकारी जब मुख्य अध्यापक वीरपाल को हुई तभी मुख्य अध्यापक वीरपाल एस डी एम वीसलपुर के सामने पेश होकर एक शिकायती पत्र प्रस्तुत किया मामले को गंभीरता से लेकर एस डीएम वीसलपुर ने कानूनगो राजकुमार सक्सेना के नेतृत्व मे पाच लेखपालो की टीम का गठन किया तथा खेल के मैदान की पैमाइश कर दबगो से कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए उक्त निदेशो के अनुपालन मे राजस्व विभाग की टीम गाव पहुंची तथा खेल के मैदान की पैमाइश कर दबगो से कब्जा मुक्त कराया ।तथा पुनः कब्जा न करने की हिदायत दी टीम मे राजस्व निरीक्षक के अलावा रामस्वरूप आर के गौतम दिनेश कुमार के अलावा मुख्य अध्यापक वीरपाल व वुहितानाथ मन्दिर के महन्त ओमगिरि मौजूद थें।



# पानी ना आने की वजह से धान व गन्ने की फसलें रही है सूख, किसान परेशान





**पहल टुडे**

बीसलपुर। मुसेली माइनर में पानी ना आने की वजह से धान व गन्ना की फसलें सूख रही हैं किसान इंजन से पानी लगाते लगाते परेशान हो गया है बरसात भी नहीं हो रही हैं। और ऊपर से नहर विभाग की लापरवाही के चलते मुसेली माइनर सूखी पड़ी है जिससे सैकड़ों किसानों की फसलें सूख रही हैं किसानों मे नहर विभाग के खिलाफ रोष पनप रहा है अगर नहर विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो जल्द ही क्षेत्र के किसान नहर विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

# ग्राम पंचायत डगा में प्रधान की मनमानी के चलते फैली गंदगी

**बिना बरसात के ही सड़कों पर देखा जा रहा जलभराव**

**साफ सफाई न कराए जाने से बीमारियां फैलने की आशंका**

**पहल टुडे** / नईम शाह



माधोटांडा।एक ऐसी ग्राम पंचायत जहां बिना बरसात के ही सड़कों पर जलभराव और गंदगी देखी जा सकती है।कीचड़ से बजबजाती नालिया खुद साफ सफाई की दास्तां बयां कर रही है। संक्रमित रोग फैलने की आशंका से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

कलीनगर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत डगा में भीषण गंदगी व्याप्त है। महीनों से नालियों की साफ-सफाई न किए जाने से लंबी घास और नालियों में कीचड़ भरा हुआ है।सड़कों की मरम्मत न कराए जाने से गड्ढों में बिना बरसात के ही जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इससे लोगों का निकलना दूभर है।कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से इस समस्याओं के निराकरण की मांग की लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानी के चुनाव के बाद से अभी तक गांव में कोई भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। ग्रामीणों ने सड़कों की मरम्मत और नालियों की साफ सफाई कराए जाने की मांग की है। उन्होंने ग्राम प्रधान के ना सुनने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात भी कही है। और मनरेगा कार्य से लाखों रुपए सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक की मिलीभगत से महिलाओं के जॉब कार्ड से निकाले जा रहे हैं रुपए लेकिन महिलाएं कभी भी मनरेगा कार्य करने के लिए नहीं गई उसके बावजूद भी मनरेगा कार्य के रोजगार सेवक की मदद से लाखों रुपए का गबन।

# युवती को शादी कराने के चक्कर में हो गया रफूचक्कर युवती लेकर

**पहल टुडे**

पुरनपुर ।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने बताया कि उसकी बहन नगर के एक मोहल्ले में कमरा लेकर रहती है ।उसी पड़ोस में मोहल्ले का ही एक युवक का घर है ।9 जुलाई को युवक युवती की शादी कराने के लिए अपने साथियों की मदद से बहला-फुसलाकर ले गया। इसकी जानकारी गांव में रह रहे युवती के परिजनों को लगी ।इस पर पीडित ने युवक के घर पहुंच कर जानकारी जुटाई ।इस पर उनको जानकारी हुई कि मोहल्ले का ही एक युवक शादी का झांसा देकर उसको ले गया है। जब पीड़ित शिकायत करने युवक के घर गया तो आरोप है कि युवक के परिजनों ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर से भगा दिया ।मामले की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला निवासी मुकेश,महेश,दिनेश,सोनी,विक्की,गुल ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।एक अन्य मामले में कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण की नाबालिग बहन को गजरौला थाना क्षेत्र के गांव विठौरा निवासी एक युवक साथियों की मदद से 10 जुलाई को बहला-फुसलाकर भगा ले गया ।किशोरी को घर ना पाकर परिजनों के होश उड़ गए ।जब घर के अंदर संदूक का ताला खोला तो उसमें से 60 हजार की नकदी, 4 तोला सोना अपने साथ ले गई ।काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका ।कोतवाली पुलिस ने गजरौला थाना क्षेत्र के गांव बिठौरा निवासी युवक सुनील, रामसरन,सीपी,गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।कोतवाल अशोक पाल ने वताया कि दोनों मामलों में एफ आई आर दर्ज कर ली गई है ।शीघ्र ही दोनों को बरामद कर लिया जाएगा।

# कंपनी में एजेंट बनाने के नाम पर हजारों की नकदी लेकर रफू चक्कर

**पहल टुडे**

पुरनपुर ।कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर भायपुर निवासी बबलू ने बताया कि उसकी प्रसाद टॉकीज के पास खाद की दुकान है ।उसकी प्रसाद टॉकीज के पास रहने वाले मनोज कुमार व उसके पिता से जान पहचान है ।आरोप है कि मनोज ने एक साल पहले श्रीराम खाद कंपनी में एजेंट बनवाने के लिए कहा ।जिस पर पचास हजार रुपए देना तय हुआ ।इस पर बबलू उसके झांसे में आ गया ।चेक के माध्यम से वर्ष 2021 को पचास हजार रुपये दिए ।जिसका भुगतान भी कर दिया गया ।इसके बाद मनोज व उसके पिता ने उसके सारे कागजात और सादे कागज पर हस्ताक्षर करवा लिए ।कई महीने बीत जाने के बाद भी उसको एजेंट नहीं बनाया गया ।इस पर पीडित ने फोन पर मनोज से इसके बारे में जानकारी जुटाई तो वह टालमटोल करने लगा ।10 जुलाई 2022 को जब पीड़ित मनोज के घर अपने रुपए व कागजात लेने गया ।आरोप है कि मनोज ने अपने साथियों की मदद से उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी ।विरोध करने पर घर में ही उसको मारा-पीटा ।रुपए मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया ।रुपए भी चले गए और एजेंट भी नहीं बना ।इस पर उसने अपने आप को ठगा महसूस समझा ।उसने बताया कि उसके साथ धोखाधड़ी करके हजारों रुपए ठग लिए ।मामले की सूचना उसने कोतवाली पुलिस को दी ।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ।उसके बाद पीड़ित ने न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया ।कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नगर के प्रसाद टाकीज मोहल्ले के रहने वाले मनोज कुमार,रामपाल,व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।विवेचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## सैकड़ों श्रद्धालु रहे उपस्थित भजन कीर्तन के साथ हुई भव्य आरती किया प्रसाद वितरित

# हिंदू जागरण मंच ने शहर के प्रसिद्ध दूधिया मंदिर पर भव्य आरती का किया आयोजन

**सावन माह में प्रत्येक सोमवार को अलग-अलग शिव मंदिरों पर होगी महा आरती : पंकज शर्मा**

**पहल टुडे**







पीलीभीत। पवित्र सावन माह महीने के उपलक्ष में प्रथम सोमवार को हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने शहर के प्रसिद्ध दूधिया मंदिर पर भव्य आरती कर भजन कीर्तन गाए।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं सहित सैकड़ों श्रद्धालुओ की भीड़ उपस्थित रही।

हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं ने पिछले दिनों विगत एक बैठक में अपने सभी कार्यकताओं से चर्चा की थी कि आने वाले सावन माह में प्रत्येक सोमवार को भोलेनाथ के मंदिरों में भोले नाथ बाबा जी की आरती अलग-अलग मंदिरों में होगी।

उसी के अनुसार सावन के प्रथम सोमवार को देर शाम हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं ने शहर के दूधिया मंदिर पर भजन कीर्तन कर शिवजी की आरती की बताते चलें कि सावन के पहले सोमवार को सभी भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के पूजन को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को भी मिला सभी शिवालयों पर हर हर महादेव बम बम भोले के नारों से गूंज उठा साथ ही मंदिरों पर भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रहीं।


हिंदू जागरण मंच एवं युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने रीति रिवाज के साथ हर हर महादेव के नारों के साथ भजन कीर्तन कर भोलेनाथ की आरती की उसके बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ हिंदू जागरण मंच जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने वहां उपस्थित सभी को जानकारी देते हुए बताया। कि अगली आरती अर्धनारीश्वर मंदिर पर होगी।

इस अवसर पर हिंदू जागरण मंच के जिला प्रचारक अनुज पार्थ नगर प्रचारक सोहन वीर सिंह की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा, प्रदीप नवरंग,जिला महामंत्री प्रवीण मोहन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष आशीष लोधी, जिला मंत्री संजू रमेश पांडे, यशवंत सिंह, प्रकाश अग्निहोत्री, जितेंद्र कुमार छाबड़ा, नगर अध्यक्ष ऋषि कनौजिया, बॉबी चौधरी, जितेंद्र मौर्य, दीपक शर्मा, गौरव शर्मा, रोहित शर्मा, सजल मिश्रा, अमन कश्यप, शुभम सक्सेना, अमित अवस्थी, आकाश शर्मा, पुनीत जसवाल, अमित चतुर्वेदी, संजीव चौहान, सूरज वर्मा, कृष्ण केशव वैश्य, कृष्णा साहनी, वीरांगना वाहिनी के जिला अध्यक्ष परमजीत कौर, स्वाति यादव, सरस्वती देवी, संजू शुक्ला, खुशबू कटियार, दीक्षा सक्सेना, दर्शना कश्यप, पायल, वर्षा सहित नगर अध्यक्ष बिन्दू सिंह, स्वाति मिश्रा, पुनीता पांडे, पूजा, सिमरन, खुशबू प्रजापति सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# अपनी ही सरकार के खिलाफ लगातार ट्वीट कर रहे हैं सांसद वरुण गांधी

**अब अग्निपथ योजना के तहत हो रही भर्तियों में जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने का उठाया मुद्दा**

**पहल टुडे**



पीलीभीत। सांसद वरुण गांधी एक बार फिर सुर्खिय़ों में आए उन्होंने अपनी सरकार के खिलाफ ट्वीट के जरिए अग्निपथ योजना के तहत हो रही भर्तियों में जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने का मुद्दा उठाया हैं। सांसद वरुण गांधी ने ट्वीट करते हुए लिखा कि सेना की स्थापित परंपराओं को बदलने से हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर जो प्रभाव पड़ेगा उसके बारे में सरकार को सोचना चाहिएअग्नीपथ की भर्ती में जाति प्रमाण पत्र मांगा जा रहा है क्या अब हम जाति देखकर किसी की राष्ट्रभक्ति तय करेंगेजाति प्रमाण पत्र और धर्म प्रमाण पत्र मांगने को लेकर राजनीति बवाल शुरू हो गया है इसके बाद सेना के अधिकारियों ने बयान जारी करते हुए कहा सेना किसी भी भर्ती में पहले भी उम्मीदवारों से जाति प्रमाण पत्र और धर्म प्रमाण पत्र मांगा जाता रहा है अग्नीपथ योजना में कोई नया बदलाव नहीं किया गया है इसके अलावा भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा देश की सेवा में शहीद होने वाले सैनिकों के धार्मिक अनुष्ठानों के लिए उनकी जाति का पता होना जरूरी होता है ।यह कोई पहली बार नहीं है जब बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार के खिलाफ हमला बोला हो इससे पहले भी वरुण गांधी ने अग्निवीर योजनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे युवाओं के समर्थन उनके साथ खड़े नजर आए।

जेडीयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने पर सवाल उठाए उन्होंने राजनाथ सिंह को ट्वीट करते हुए लिखा सेना की बहाली में जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने की क्या जरूरत है जब इसमें आरक्षण का कोई प्रावधान ही नहीं है।

उधर दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और उनके अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने जाति प्रमाण पत्र मांगे जाने पर सदन में जमकर हंगामा किया ।आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अग्नि वीरों की भर्ती से जुड़ी प्रतिक्रिया पर कहा था मोदी सरकार का घटिया चेहरा अब देश के सामने आ चुका है नरेंद्र मोदी नहीं चाहते कि देश के दलित और आदिवासी लोग सेना में भर्ती हो और वह इन्हें इस काबिल नहीं मानते हैं।

फास्ट ट्रैक

## डी एम ने अटल भूजल रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



ललितपुरःभूजल सप्ताह 16 से22 जुलाई 2022 के अवसर पर राज्य मुख्यालय से भेजे गये भूजल रथ को जिलाधिकारी द्वारा अटल भूजल योजना में चयनित ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार हेतु हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। ज्ञात है कि विगत दिवस राज्य मुख्यालय से मुख्यमंत्री द्वारा अटल भूजल योजना में चयनित 10 जिलों की ग्राम पंचायतों में प्रचार प्रसार हेतु भूजल रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया था। भूजल रथ जिले में विकासखण्ड तालबेहट की 17 ग्राम पंचायतों में एलईडी के द्वारा चलचित्र व पंपलेट के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेगा साथ ही कठपुतली द्वारा जल संरक्षण एवं संचयन के प्रति जागरूक करेगा। यह रथ अगामी 5 अगस्त तक अटल भूजल योजना में चयनित 17 ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा इस अवसर पर ललितपुर के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला कृषि अधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ अटल भूजल योजना के आईईसी एक्सपर्ट राकेश कुमार पाण्डेय व डीईओ प्रवीन यादव उपस्थित रहे।

### प्रत्येक माह के तृतीय आयोजित होगा किसान दिवस

उप कृषि निदेशक शामली, श्री शिवकुमार केसरी द्वारा जनपद शामली के समस्त सम्मानित कृषक भाईयों, कृषक संगठनों एवं सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी के पूर्व तक प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवस का आयोजन, जिलाधिकारी शामली के अनुमोदन दिनांक 13.07.2022 के अनुपालन में पूर्व की भाँति दिनांक 20.07.2022, दिन बुधवार को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे से जिलाधिकारी शामली की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभाकक्ष शामली में आयोजित किया जायेगा। उनके द्वारा किसान दिवस का आयोजन हेतु जिला कृषि अधिकारी, शामली को नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

### पहले आए पहले पाए शत- प्रतिशत पेनाल्टी का लाभ उठायें ए आर टी ओ शामली

उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-4 की अधिसूचना संख्या-14 / 2022 / 951 / तीस-4-2022-30-4099 (099)/151/2021 दिनांक-27.06.2022 एवं कार्यालय परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या 179 ( शा० ) सा०प्र० / 2022-224 टीआर / 2020 दिनांक-28.06.2022 के अनुपालन में समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचति किया जाता है कि दिनांक-01.04.2020 या उसके पूर्व पंजीकृत व्यवसायिक वाहनों का शत-प्रतिशत पेनाल्टी में छूट का लाभ लेने हेतु 1000/- आवेदन शुल्क कार्यालय में 26.07.2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

### नगर के मौहल्ला आर्या पुरी के किन्नर ने दंपत्ति पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की

कैराना। किन्नर ने दंपत्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कैराना कोतवाली पर तहरीर देते हुए कैराना देहात आर्यपुरी निवासी अकबर उर्फ काजल ने बताया कि लगभग चार वर्षों से शाहिद उर्फ भूरा व उसकी पत्नी मेरे पास रह रहा था।

## तहसीलदार द्वारा दुर्व्यवहार निंदनीय- सरफराज

पहल टुडे

बेल्थरारोड बलिया। स्थानीय तहसील के बार एसोसिएशन बेल्थरा रोड के अधिवक्ताओ ने बैरिया अधिवक्ता प्रेम चंद श्रीवास्तव के साथ समाधान दिवस के मौके पर तहसीलदार के द्वारा दुर्व्यवहार किये जाने को लेकर सोमवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रकट किया बेल्थरारोड अधिवक्ता संघ के तहसील अध्यक्ष सरफराज अहमद के नेतृत्व में तहसीलदार ओम प्रकाश पांडेय को पत्र देकर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की तहसील बार एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ता के साथ तहसीलदार के द्वारा किये गए दुर्व्यवहार की जितनी निंदा की जाय उतनी कम है वही तहसील एसोसिएशन अधिवक्ता संघ बैरिया के द्वारा चलाये जा रहे तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन का समर्थन करते है उन्होंने कहा कि संघ तहसीलदार के खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग करते है इस अवसर पर अधिवक्ता सरफराज अहमद महेंद्र यादव वकार अहमद अमान उल हक अब्बासी संजीव गुप्ता लक्ष्मण पांडेय संजय यादव अमल श्रीवास्तव सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।



## दिग्गज नेता व पूर्व मंत्री शारदानंद अंचल के 75वें जयंती पर हुआ श्रधांजलिसभा का आयोजन

पहल टुडे / आशुतोष कुमार मिश्र

बेल्थरारोड बलिया पूर्वांचल के गौरव समाजवादी चिंतक समाजवाद के पुरोधा शोषित पीड़ितों की आवाज जननायक दिग्गज समाजवादी नेता और पूर्व मंत्री स्व. शारदानन्द अंचल जी का 75 वीं जयंती समारोह एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन शारदानन्द अंचल टेक्निकल इंस्टिट्यूट स्थानीय तहसील के चक मेहरल्ली मउरहाँ गांव में मंगलवार को किया गया मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व बिधायक सनातन पाण्डेय की उन्होंने कहा की अंचल जी गरीबो के मसीहा कहे जाने वाले सबकी मद्दद करने वाले लोगो के घाव पर मरहम लगाने का कार्य किए लोहिया के बिचारो पर चलने वाले ब्यक्तित्व के धनी थे उनके बताए रास्तो पर चलने का कार्य किया जाय तभी उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कहा कि मै अपने दादा जी को भली भांति जनता था उनकी ही दें है कि आज बेल्थरारोड का विकाश संभव हुआ पर अब युवाओं के भरोसे बेल्थरा का विकाश है बैरिया

के बिधायक जय प्रकाश अंचल ने कहा कि किसी की सहायता करने के के दौरान पिताजी कभी दलित और क्षेत्रीय सिमा में नही बढे थे इस दौरान बैरिया विधायक जयप्रकाश अंचल पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय प्रकाश अंचल सपा नेता संतोष राम मतलूब अख्तर जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव फौजी राजनाथ गुप्ता इरफान अहमद बब्बन यादव संजय यादव पतिराम यादव शंभू आचार्य रामाश्रय यादव राजन कन्नौजिया ग्राम प्रधान अक्षय कुमार गुप्ता शाहिद इलियास आनंद मिश्र उर्फ भोलू मिश्र जयप्रकाश यादव राज मंगल यादव आद्याशंकर यादव नेता व हजारो कार्यकर्त्ता मौजूद

रहे इस कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश यादव ने की।



## पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय चोरो के गिरोह का पदार्फाश, 05 नफर शातिर चोर गिरफ्तार

पहल टुडे

रेवती, बलिया। थाना रेवती द्वारा पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय चोरो के गिरोह का पदार्फाश, 05 नफर शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के 1,80,300/- रू0 नकद सहित चोरी के गहने व अवैध शस्त्र/कारतूस तथा चोरी में उपयोग किए गये औजार बरामद । 04 मास्टर माइंड चोरो के साथ मिले थे 02 स्वर्णकार अभियुक्त, जो चोरी का माल अवने/पवने दाम पर खरीदते थे ।, चोरी के गिरोह का 01 अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार । पुलिस अधीक्षक महोदय बलिया श्री राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध तथा चोरी से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तार व घटना के शीघ्र अनावरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रेवती पुलिस को सफलता प्राप्त हुई । रेवती पुलिस टीम के रलड रामायण सिंह, उ0नि0 बृजेश सिंह, उ0नि0 सूरज सिंह मय फोर्स द्वारा थाना क्षेत्र में चेकिंग सन्दिग्ध वाहन/ सन्दिग्ध व्यक्ति/रात्रि गस्त के दौरान मुखबीर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस मुठभेड़ में दिनांक 19.07.2022 की रात्रि में दबिस देकर चोरी गैंग के अभियुक्तगण 1. मनोज कुमार साहनी पुत्र शिव भुवाल साहनी निवासी वार्ड नं0-4 रेवती थाना रेवती बलिया 2. प्रदीप भारती उर्फ गोलू पुत्र परमहंश राम निवासी पहेसर थाना पकड़ी, बलिया 3. दीपक कुमार पासवान पुत्र लालदेव पासवान निवासी वार्ड नं0-9 रेवती थाना रेवती बलिया को चोरी की योजना बना रहे अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया,जिनके कब्जे से चोरी के नकद पैसे, गहने, व चोरी में प्रयुक्त औजार बरामद हुए । इन्ही अभियुक्तों से पूछताछ निशानदेही पर इनके द्वारा चोरी किए गये गहनों को खरीदने वाले स्वर्णकार सहअभियुक्त-- 4. सुनील वर्मा उर्फ भुअर पुत्र स्व0 शम्भूनाथ वर्मा निवासी वार्ड नं0-7 उत्तर टोला थाना रेवती बलिया 5. मुकेश वर्मा पुत्र अच्छेलाल वर्मा निवासी बलेसरा थाना गड़वार, बलिया को भी गिरफ्तार किया गया इन स्वर्णकारों के कब्जे से भी गहने आदि बरामद हुए उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना रेवती पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय जेल भेजा गया ।

नोट- दबिस के दौरान गैंग लीडर मनोज कुमार साहनी द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था । पूछताछ अभियुक्त-अभियुक्तों से पूछताछ की गयी तो बताए कि उनका चोरी का एक गैंग है, गैंग का सरगना मनोज साहनी है । इनके गैंग द्वारा जनपद के कई थाना क्षेत्रों में चोरी की गयी है तथा चोरी के गहने आभूषणों को उपरोक्त दोनो स्वर्णकारों को बेंचते थे । चोरी का विवरण निम्नवत है- ??

चोरी नं0-01- दिनांक 12.06.2022 को थाना रेवती के सिहरिया क्षेत्र के एक मकान में घुसकर चोरी किया जिसमें लगभग एक लाख रूपया व गहना मिला । गहने को दोनो सोनारो को बेंच दिया ।

चोरी नं0-02- दिनांक 10.05.2022 को थाना नगरा अंतर्गत रात में छत पर चढ़कर आंगन में उतर कर चोरी किए जिसमें जेवरात व करीब 13,000 रू0 चुराए थे, चोरी के जेवर सोनार को 35,000/- रू0 में बेचें थे ।

चोरी नं0-03- दिनांक 28.05.2022 को थाना रसड़ा अंतर्गत ग्राम बेसवान में एक मकान की खिडकी की ग्रिल निकाल कर घर में घुसकर गहना चोरी किया व सोनार को 30,000/- रू0 में बेचा ।

चोरी नं0-04- दिनांक 06.05.2022 को थाना गड़वार अंतर्गत ग्राम आलमपुर में एक मकान मे सीढ़ी के रास्ते चढ़कर पैसा व गहना चोरी किया था, चोरी का गहना सोनार को 31,800/- रू0 में बेचा था ।




## नगरा मार्ग पर लखनपाल चट्टी के समीप ट्रैक्टर के चपेट में आकर बाइक सवार वृद्ध समेत 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल



पहल टुडे

सिकन्दरपुर। नगरा थाना क्षेत्र के नरहीं पण्डितपुरा निवासी सतेंदर 35 वर्ष पुत्र दिवाकर यादव मंगलवार की सुबहगांव के ही रामलाल 55 वर्ष पुत्र श्रीकुसुन प्रजापति को बाइक द्वारा लेकर सिकंदरपुर आ रहा था वह जैसे ही रखनापार चट्टी के समीप पहुंचा कि अचानक सिकंदरपुर की तरफ से जा रहे ट्रैक्टर सवार नें ट्रैक्टर को घुमा दिया। जिसे दोनों बाइक सवार बाइक समेत ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। घटना के बाद जुटे स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को ट्रैक्टर के अंदर से खींच कर निकाला तथा निजी साधन साबुन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर भेजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर अवस्था को देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया। तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

## महिलाओं के प्रसव के दौरान सिजेरियन के लिए दो डाक्टरों की तैनाती




पहल टुडे

सिकन्दरपुर, बलिया। का स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फर्स्ट रेफरल यूनिट के नाम पर दर्ज है लेकिन केवल कहने के लिये जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और दिखता है सुविधावों के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हैं योगी सरकार में स्वास्थ्य सुविधावों के प्रति काफी जागरूकता देखा जा रहा है उसके बावजूद भी किसी का ध्यान इस एफ फार यू अस्पताल पर नही जाता जबकि डाक्टरो की कमी नही है इसी को देखते हुये सरकार ने डाक्टरो की तैनाती में कोई कमी नही की है अभी कुछ महीने से दो ऐसे डाक्टरो की तैनाती की गई जिसके वजह से महिलावो के स्वास्थ्य व प्रसव आदि की व्यवस्था में कोई बाधा न उत्पन्न हो इसको देखते हुए महिला सर्जन चिकित्सक डॉ रूबी कुमारी एम बी बी एस (ई एम ओ सी) व उनके साथ उनके चिकित्सक पति डॉ दिग्विजय सिंह( एल एस ए एस )एनेस्थीसिया के लिये उपलब्ध है जिससे महिलाओं के प्रसव के दौरान सिजेरियन की जरूरत पड़ने पर कही बाहर न जाकर यही पर इस सुविधा के द्वारा लोगो को सुविधा प्रदान की जा सके दोनो चिकित्सक ने ततपरता दिखाते हुए अस्पताल में ऑपरेशन के सुविधा के लिये ऑपरेशन थियेटर का समुचित व्यवस्था में दिन रात एक कर इसकी व्यवस्था की गई की लोगो को बाहर न जाकर यही पर इस सुविधा को प्रदान की जा सके और बाहर के प्राइवेट अस्पतालों के लूट खसोट के अलावा महिलावो को बेहतरीन सिजेरियन व स्वास्थ्य सुविधावों का लाभ प्रत्येक परिवार को दिया जा सके

### न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

रसड़ा,बलिया। तहसील बार एसोसिएशन के सदस्यो ने बैरिया अधिवक्ता के साथ दूर्व्यहार पर सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रकट किया। संघ के अध्यक्ष शिशिर कुमार श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन एवं प्रदेश नेतृत्व से मांग की है कि तहसीलदार बैरिया शैलेश चौधरी को तत्काल बर्खास्त कर उनकी मानसिक जांच कराई जाए। कहा कि श्याम बिहारी सिंह अधिवक्ता के प्रकरण पर तहसील प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासनों को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। मांगे पूरी नही की गई तो पूरे जनपद के अधिवक्ता अनिश्चित काल तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे

### मेधावी छात्राओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

बैरिया, बलिया । प्रधानायार्य डा. अशोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि मन में उड़ान भरने की ठान ली जाय तो मुश्किल मंजिल भी तय करने में कठिनाई नहीं होती। सोमवार को मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने यूपी बोर्ड परीक्षा में अपने विद्यालय के बेहतर प्रर्दशन करने छात्रों का हौंसला अफजाई किया। यूपी बोर्ड द्वारा संचालित इंटर परीक्षा 2022 में सुदिष्ट बाबा इंटर कालेज रानीगंज में प्रथम रही छात्रा श्रेया केसरी व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंजलि सिंह को प्रधानाचार्य ने प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। दोनों छात्राओं को प्रधानाचार्य ने मेडल भी पहनाया। बता दें कि श्रेया केसरी ने 500 में 395 व अंजलि सिंह ने 389 अंक अर्जित किया है।

## जनपद को तत्काल सूखाग्रस्त घोषित करे जिला प्रशासन : कान्हजी

पहल टुडे

बलिया। अवृष्टि के कारण किसानों के धान की नर्सरी सूख गई है। खेतों में दरारे पड़ गए हैं। मक्का तो अंकुरित ही नहीं हुआ। अन्य फसलों की भी बुआई नहीं हो पाई है। किसान परेशान हैं। ऐसे में बलिया को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत एवं सहायता देना आवश्यक हो गया हैं।

ये बातें समाजवादी पार्टी के निवर्तमान प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी ने मंगलवार को प्रेस को एक बयान जारी में कहा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से किसानों के हित की बात करती आई है। आगे भी पूरे दम खम के साथ किसानों के समस्याओं के निराकरण के लिए खड़ी रहेगी। कान्हजी ने कहा कि समाजवादी पार्टी जिला प्रशासन से यह मांग करती है कि भीषण सूखा की स्थिति को देखते हुए और किसान एवं किसानी की दयनीय हालत को ध्यान में रखते हुए जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिए। साथ ही किसानों को राहत पैकेज की संस्तुति भी करनी चाहिए।



### व्यापार मंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

## ललितपुर में प्रस्तावित महायोजना की विसंगतियां दूर की जाएं :व्यापार मंडल

पहल टुडे/अजय बरया

ललितपुरःजिला उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन में जिला ललितपुर में प्रस्तावित महायोजना की विसंगतियों को दूर करने के संबंध में जिला उद्योग व्यापार मंडल ने मांग की है कि सुंदर एवं विकासशील जिले को बनाने हेतु शासन के निदेर्शानुसार सन 1996 से 2011 तक महायोजना प्रस्तावित थी लेकिन वह पूरी नहीं हो सकी अब यह महा योजना 2031 के रूप में तैयार की जा रही है जो प्रशासन के द्वारा महा योजना तैयार की गई है उसमें काफी विसंगतियां हैं ललितपुर जनपद के हित में नहीं है इसलिए जिला उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि निम्न बातों को ध्यान में रखते हुए एवं जो आपत्तियां दर्ज की गई हैं उन पर विचार करते हुए महा योजना तैयार की जाए इस प्रकार शासन के द्वारा इसको अमृत योजना के तहत तैयार किया जाना प्रस्तावित है इसमें मुख्य रूप से भूगर्भ जल की स्थिति सीवरेज पाइपलाइन विद्युत लाइन दूरसंचार शिक्षा स्वास्थ और का ध्यान रखते हुए और झुग्गी बस्ती कहां कहां पर हैं उसका उचित स्थान कहां पर है उसका प्लान होना चाहिए यातायात की व्यवस्था सुद्रण होना चाहिए आवास वाले स्थान को हरित पट्टी नहीं मानना चाहिए और हरित पट्टी के लिए आवास का स्थान नहीं बनाना चाहिए व्यापारिक स्थान को आवासीय नहीं बनाना चाहिए जैसे लोहा पीतल बाजार कटरा बाजार और कई मार्केट सालों से व्यापारिक स्थान बना हुआ है लेकिन उसको महायोजना में आवासीय दिखाया गया है जो उचित नहीं है इससे लगता है कि और यह महा योजना धरातल पर नहीं बनाई गई है सिर्फ बंद कमरे में बैठ कर बनाई गई है जिसके द्वारा बनाई गई है उसको ललितपुर की भौगोलिक स्थिति कोई जानकारी नहीं है अत व्यापार मंडल आपसे पुनः मांग करता है कि 2031 की महायोजना बनाने के पहले सड़क, शिक्षा पानी बिजली यातायात आवासीय स्थान व्यापारिक स्थान ,स्वास्थ्य की व्यवस्था खेल के मैदान आदि विषयों को ध्यान में रखते हुए सभी के साथ बैठक करके आपत्तियों का समाधान करते हुए महायोजना अंतिम रूप देना चाहिए इसके पहले विभिन्न संस्थाओं से प्रस्ताव लेना जिसमें शासकीय/ अर्ध सरकारी विभाग के अधिकारियों तथा आर्किटेक्ट इंजीनियर जिला अधिवक्ता एसोसिएशन जिला व्यापार संघ एवं अन्य प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठकर सुझाव लेना चाहिए थे लेकिन ऐसा नहीं किया गया अब सुझाव लेकर ही महायोजना तैयार करें ज्ञापन देने में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित मनीष सडैया, प्रदेश उपाध्यक्ष उद्योग मंच कमलेश सराफ, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू सिंधी रविंद्र दिवाकर , नगर अध्यक्ष पंडित नवनीत किलेदार नगर संयुक्त महामंत्री मिर्जा फहीम इकबाल बेग नगर उपाध्यक्ष अजय डियोड़िया विवेक मड़बैया विपिन जैन रोड़ा अनिल बाबा रविंद्र जैन मुनमुन मुख्य रूप से उपस्थित रहे



## मिशन पिंक हेल्थ गुरुग्राम ने हेल्थ कैंप का आयोजन किया

पहल टुडे / प्रियंका कुमारी

गुरुग्राम / मिशन पिंक हेल्थ गुरुग्राम ने आज लायंस क्लब गुरुग्राम के सहयोग से समाज के पिछड़े वर्ग के बच्चों के स्कूल में एक हेल्थ कैम्प का आयोजन किया । मुस्कान नामक ठॠड द्वारा चलाए जा रहे इस स्कूल में लगभग 200 गरीब बच्चों को शिक्षा दी जाती है ।

इस कैम्प के तहत , बच्चों एवम् उनकी माताओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी। गुरुग्राम के बहुत से जाने माने डाक्टर इस मिशन से जुड़े हैं। कटअ गुरुग्राम के प्रेसिडेंट डॉङ्क वर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत की और बच्चों का हौसला बढ़ाया ।

मिशन पिंक हेल्थ की चेयरपर्सन डॉङ्क सविता चौधरी ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य और सौहार्दपूर्ण जीवन जीने के तरीके बताए । डॉङ्क अजय अरोड़ा ने टीकाकरण और सेहतमंद भोजन के बारे में बताया । डॉङ्क हर्षा सहगल ने स्वच्छता के बारे में और डॉङ्क कपिल मिधा ने आँखो के स्वास्थ्य के बारे में बताया। डॉङ्क सारिका वर्मा ने प्लास्टिक के दुष्परिणाम और पेड़ लगाने के लाभ बताए । डॉङ्क रमा यादव और डॉङ्क अंजु शर्मा ने माताओं को अनीमिया और माहवारी सम्बंधित जानकारी दी।

सब बच्चों का हीमग्लोबिन भी टेस्ट करवाया गया ।




लायंस क्लब गुरुग्राम द्वारा डेंटल किट सब बच्चों को दी गयी और ह्लीींि३ँ ४ल्लीं१ह्व के अंतर्गत बच्चों को खाना भी वितरित किया गया । डॉङ्क सविता चौधरी ने बताया कि मिशन पिंक हेल्थ द्वारा इस प्रकार के हेल्थ कैम्प हर महीने विद्यालयों में आयोजित किए जाते हैं और किशोर आयु के बच्चों को अनीमिया, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य और माहवारी के दौरान होने वाले विकारों के बारे में शिक्षा दी जाती है ।कटअ के इस प्रोग्राम को पिछले चार साल से सुचारु रूप से गुरुग्राम में चलाया जा रहा है ।

## सम्पादकीय

# कैबवाले और उनके नखरे

सर ओटीपी बताइए। नौ दो ग्यारह ओटीपी बताने के साथ ही कैब चल पड़ी। थोड़ी देर बाद कैब चालक दूसरे मार्ग की ओर मुड़ने लगा। यह देख मुझसे रहा नहीं गया। मैंने उसके कैब मोड़ने का कारण पूछा। उसने कहा - साहब ! दूसरा पैसेंजर सड़क के उस पार खड़ा है। उसे चढ़ाते ही कैब फिर से मोड़ दूँगा। भई कमाल करते हो ! मैं जानता हूँ कि मैंने शेयरिंग कैब बुक की है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि तुम जहाँ चाहे वहाँ से पैसेंजर को चढ़ाने लगोगे। हाँ अगर हमारे जाने वाले मार्ग में कोई पैसेंजर मिलता है तो चढ़ा लो। लेकिन इस तरह जहाँ चाहे वहाँ से पैसेंजर चढ़ाओगे तो मेरी गाड़ी छूट जाएगी।

कैब चालक मेरी बात अनसुना कर कैब मोड़ने लगा। उसने दूसरे पैसेंजर को फोन लगाया। पैसेंजर ने पूछा कि अभी तुम्हारे साथ बैठा पैसेंजर औरत है या मर्द। जैसे ही कैब चालक ने मेरा लिंग बताया फट से सामने वाले पैसेंजर ने बुकिंग कैंसल कर दी। आधा किलोमीटर विपरीत दिशा में जाने और बेफिजूल ट्रैफिक के चलते मेरा आधा घंटा बर्बाद हो गया। ग्राहक छूटने से कैब चालक जितना नहीं चिढ़ा उससे कहीं ज्यादा मेरा दिगाम खराब हो गया।

कैब चालक कहने लगा - साहब ! मेरी ड्यूटी खत्म हुए पूरे दो घंटे हो गए हैं। अब मैं ओवरटाइम कर रहा हूँ। आज के टारगेट में मेरे दो राइड बाकी हैं। अगर राइड पूरा नहीं करूँगा तो कंपनी वाले इंसेटिव्स काट देंगे। अब आप ही बताइए मैं क्या करूँ ? हमारी भी कुछ मजबूरियाँ होती हैं। समझने की कोशिश कीजिए। तभी कैब चालक किसी को फोन मिलाने लगा। उसने फोन पर कहा - क्या हुआ रे भई ! बुकिंग किया कि नहीं ? और कितना समय लगेगा ? यह सुनकर मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। मैंने झल्लाते हुए कहा - तुम्हारा दिमाग खराब हो गया है क्या ! तुम अपने बंदों को फोन करके बुकिंग करवाने का जो नाटक कर रहे हो, वह किसी और के साथ करना। कंपनी के इंसेटिव्स प्राप्त करने के लिए तुम्हारे चोंचले देखते हुए मुझे शर्म आ रही है। कोई अपने ग्राहक को इस तरह से सताता है क्या ? कल की है बात है कि मैं बारिश में खड़ा था। जल्दी से कहीं जाना था। कैब की बुकिंग की, लेकिन कोई आने का नाम ही नहीं ले रहा था। फोन में तो कैब मुझसे पाँच मिनट की दूरी पर बता रहा था, लेकिन चालक था कि घंटा बीत जाने पर भी नहीं आया। तुम्हारे जैसे कैब चालकों के चलते कैब चढ़ने से डर लगने लगा है। मैं तो परेशान हो गया हूँ।

साहब ! बारिश के समय आपके सौ रुपए वाले भाड़े के लिए कोई बेवकूफ कैब चालक ही आएगा। समझदार चालक तो आपके उल्टा लटक जाने पर भी नहीं आएगा। एक तो बारिश की झिकझिक और ऊपर से ट्रैफिक की मगझमारी।

फिर तुम कैब चालक बने ही क्यों ? कोई दूसरा धंधा देख लेना था।

साहब ! पहले पहल कंपनी वाले बहुत मुनाफा देते थे। बाद में कहने लगे कि खुद की गाड़ी होगी तो ही मुनाफा देंगे। इतना ही नहीं कंपनी ने इतने नियम बना दिये हैं कि जीना हराम हो गया है। पैसेंजर को भगवान मानकर सम्मान करना, उन्हें घर तक छोड़ना, कैब चकाचक साफ रखना जैसे लाख टिटिम्मे बना दिए हैं। अब आप ही बताइए नमक-मिर्ची खाने वाले को गुस्सा तो आएगा ही। कभी मुँह से अटपटा निकल जाता है। उधर पैसेंजर हमारी शिकायत करने की देरी है, कंपनी तुरंत हमारा मुनाफा काट लेती है।

# सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता । मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत ।। माता सर्व तीर्थ का अधिष्ठान है

## माता-पिता ईश्वर अल्लाह का दूसरा रूप-आपके माता-पिता आपसे खुश हैं तो समझो ईश्वर अल्लाह खुश हैं



**एड किशन भावनानी**

> अथार्त : माता सर्वतीर्थ मयी और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप हैं इसलिए सभी प्रकार से यत्नपूर्वक माता–पिता का पूजन करना चाहिए। जो माता–पिता की प्रदक्षिणा करता है, उसके द्वारा सातों द्वीपों से युक्त पृथ्वी की परिक्रमा हो जाती है। माता–पिता अपनी संतान के लिए जो क्लेश सहन करते हैं, उसके बदले पुत्र यदि सौ वर्ष माता–पिता की सेवा करे, तब भी वह इनसे उऋण नहीं हो सकता।

**माता–पिता की छत्रछाया – कुदरत की अनमोल देन**

गोंदिया - भारत की मिट्टी में ही संस्कार है, भारत में जिस प्रकार के संस्कार, भाव, आस्था, परोपकार और जैसी भावना है, ऐसी हमें वैश्विक स्तर पर कहीं दिखाई नहीं देगी ऐसा मेरा मानना है। क्योंकि भारत की मिट्टी में ही ऐसे भाव होते हैं कि यहां रहने वाला हर वासी स्वभाविक ही ऐसे भाव से ओतप्रोत हो जाता है। यूं तो संस्कारों की माला में बहुत मणि मोती हैं पर हम आज उसके एक मणि मोती माता-पिता के सम्मान की उठाते हैं और उस पर चर्चा करेंगे, हालांकि वैश्विक स्तर पर दुनिया में सबसे अनमोल एक रिश्ता है जिससे कोई भी अछूता नहीं है। एक ऐसा रिशता जो अपना है, जिसमें कोई धोखा नहीं है, जिसमें स्वार्थ के लिये कोई स्थान नहीं है, जिसमें परायेपन की तो परछाई तक नहीं है, और वो रिश्ता है-माता-पिता का अपनी संतान से। यह एक ऐसा रिश्ता है जो दिल से जुडा होता है। परंतु बात अगर हम भारत की करते हैं तो यहां इस रिश्ते को बहुत ही मान सम्मान है।

संस्कृति में भी माता-पिता के ऊपर श्लोक आया है किसर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता।

मातरं पितरं तस्मात्सर्वयत्नेन पूजयेत।।

> *सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता ।*
> *मातरं पितरं तस्मात् सर्वयत्नेन पूजयेत् ॥*
> *मातरं पितरं चैव यस्तु कुर्यात् प्रदक्षिणम् ।*
> *प्रदक्षिणीकृता तेन सप्तद्वीपा वसुंधरा ॥*
>
> भावार्थ- *माता सर्वतीर्थमयी है और पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है । इसलिए सब प्रकार से माता-पिता का पूजन करना चाहिए । माता-पिता की परिक्रमा करने से पृथ्वी की परिक्रमा हो जाती है ।*

अगर हम पहले की बात करें तो सबसे सटीक उदाहरण हम श्रावण का दे सकते हैं परंतु यह समय का चक्र है और घूमते रहता है समय कैसे बदल जाता है पता ही नहीं चलता। आज हम पुराने समय के श्रवण कुमार से अच्छा तो फिलहाल कोई नही बता सकते, लेकिन आज के बदलते परिवेश मे श्रवण कुमार तो बमुश्किल मिलेंगे। आज समय के हिसाब से पुत्र मे भी काफी बदलाव आया है, अब पहले वाली बात नही रह गयी। एक बच्चे के लिये माता-पिता का रहना बहुत ही महत्वपूर्ण होता है, जितना महत्व एक पौधे को पालने मे माली करता है, उतना ही जिम्मेदारी एक लड़के को पालने मे करनी पड़ती है। वह माली जो पौधे को लकड़ी का सहारा देकर, पानी, खाद आदि से सिंचित करके उस पौधे को वृक्ष बनाता है। उसी प्रकार से माता-पिता भी नन्हे से बच्चे को कितने कष्ट को झेलते हुए उस बच्चे को युवक बनाते है। माता-पिता के अथक प्रयास के बदौलत ही एक बच्चा अपने सफलतम मार्ग पर चलते हुए एक बड़ा इंसान बनता है। इसीलिये माता-पिता को बच्चों की प्राथमिक विद्यालय कहते है। क्योकि हर बच्चा पैदा होते ही स्कूल नही जाता, तो उस समय घर पर पहली सीख माँ और पिताजी ही देते है। आज लोग प्यार का मतलब सिर्फ एक लड़के और लड़की के बीच के प्यार को समझते है। लोग भूलते जा रहे है की मनुष्य को पहला निस्वार्थ और सच्चा प्यार सिर्फ अपने माता पिता से मिला है। माता-पिता ने हमें जिंदगी देने के लिए कितनी कठिनाइयों का सामना किया इसका अंदाजा भी नहीं लगाया जा सकता। इसीलिए माता-पिता से हमेशा प्यार करे उनकी सेवा करे, माता-पिता की सेवा करना मतलब ईश्वर अल्लाह को राजी करना। हालांकि इस बदलते परिवेश में भी हम सभी एक बात महसूस करते हैं कि बेटे की अपेक्षा बेटी की माता-पिता के प्रति भाव, लगाव, आस्था, अधिक होती है और स्वाभाविक रूप से उसके परिवेश में माता-पिता के भी बेटी में भाव अपेक्षाकृत अधिक होते है फिर भी बेटा बेटी दोनों माता-पिता की आंखों के दो तारे होते हैं और दोनों आंखों को समान भाव देना मनुष्य की कुदरती प्रवृत्ति है अतः हर बेटे बेटी को चाहिए माता-पिता का भरपूर सम्मान करें। हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि, हमने माता-पिता की ऊँगली थाम के चलना सिखा और उनकी मेहनत से पले। आज हम जो कुछ भी है हमारे माता-पिता की वजह से है। माता-पिता के त्याग और बलिदान का कर्ज हम अपनी जान देकर भी नहीं चूका सकते। इस दुनिया में माँ की ममता का कोई मोल नहीं है और पिता की मोहब्बत का कोई तोड़ नहीं है। आज हम जब बड़े हो गए है तो हमारा हक बनता है की हम अपनेमाता पिता की सेवा करें, उनसे ऊँची आवाज में बात ना करे, कोई भी काम शुरू करने से पहले उनसे सलाह ले, उनका सम्मान करे और अपने माता-पिता का कभी दिल न दुखाएँ। माता- पिता अपने बच्चों के लिए अपनी हर चीज कुर्बान कर देते है। लेकिन आज माता-पिता की अहमियत कम होती जा रही है। जिस बेटे की लाइफ बनाने में माता-पिता की जिंदगी गूजर जाती है आज उसी बेटे के लिए शादी के बाद माँ-बाप पराये हो जाते हैं। वे माता-पिता के त्याग और बलिदान को भूल रहे है। इस धरती पर हमारे माता-पिता ही साक्षात ईश्वर रूपी अंश हैं। माता-पिता की सेवा करना ईश्वर की आराधना का दूसरा नाम है। आज माता-पिता को गंगाजल नहीं, केवल नल के जल की जरूरत है। यदि हम समय पर उनकी प्यास बुझा सके तो इसी धरती पर स्वर्ग है। जिनके माता-पिता जिंदा है वे दुनिया के सबसे अमीर और संपन्न लोगहै। माता- पिता ईश्वर अल्लाह का दूसरा रूप होते है। अगर आपके माता-पिता आपसे खुश है तो समझो ईश्वर अल्लाह खुश है। जिस घर में माता-पिता की इज्जत नहीं होती है उस घर में बरकत नहीं होती है। माता-पिता की दुआ आपको मिल गयी समझो आपकी जिंदगी संवर गयी, माता-पिता को आखिरी सांस तक खुश रखे और उन्हें हर वो सुख दे जो वो अपनी जिन्दगी में न पा सके, उनके हर एक सपने को पूरा करे। आज माता-पिता की कद्र उस व्यक्ति से पूछिए जिनके माता-पिता इस दुनिया में नहीं है सब के आंसू झलकेंगे और विपरीत अपवाद कुछ ही लोग होंगे

अतः सर्वतीर्थमयी माता सर्वदेवमयः पिता । मातरं पितरं तस्मात्सर्वयत्नेन पूजयेत।। माता सर्व तीर्थ का अधिष्ठान है

माता-पिता में ही ईश्वर अल्लाह समाया है, गुरु समाया है, उनकी सेवा करने से सौ गुना अधिक पुण्य फल भी प्राप्त होता है।

-लेखक संकलनकर्ता - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार कानूनी लेखक चिंतक कवि एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425

# खेतों में करंट से मरते किसान, क्या हो समाधान?



-प्रियंका 'सौरभ'

> **कारण जो भी हो, यह बहुत दुखद है कि हमारे किसान, हमारे देश के खाद्य प्रदाता, अपनी दैनिक दिनचर्या को ईमानदारी से निभाने में मर रहे हैं। नयी योजनाओं के साथ–साथ बिजली के ढीले तार ठीक करना, हाईवोल्टेज बिजली पोल का समाधान ढूंढना, खेत में लगाई जाली से बचना, रात को पानी चलाते समय सावधानी खेतों में किसानों को असमय मौत से बचा सकती है।**

भारत में हर साल लगभग 11 हजार कृषि श्रमिकों की मौत बिजली के करंट से हो रही है। हर दिन औसतन 50 लोगों की मौत हो रही है। इसका कारण वायरिंग, कट और गिरी हुई ट्रांसमिशन लाइनों में मानकों का पालन न करना, उम्र बढ़ने, जंग और नम परिस्थितियों में मोटर केसिंग और कंट्रोल बॉक्स पर कंडक्टिव पथ के गठन के कारण होता है। कारण जो भी हो, यह बहुत दुखद है कि हमारे किसान, हमारे देश के खाद्य प्रदाता, अपनी दैनिक दिनचर्या को ईमानदारी से निभाने में मर रहे हैं।

देश भर में किसानों के खेतों से गुजरने वाली उच्च वोल्ट विद्युत धारा के लिए लगाए गए टावर पोल जन जीवन एवं जीव-जंतुओं के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। एक और मोबाइल टावरों की भरमार हो गई है वहीं अब किसानी भूमि में न केवल कम वोल्ट के लिए लगाए गए पोल बल्कि उच्च वोल्ट के पोल की भरमार हो गई है। किसानों के खेतों में बिजली की लाइनों का जाल बिछा है।

किसानों, जीवों एवं आम जन के लिए सबसे अधिक खतरा उच्च वोल्ट की लाइन ले जाने वाली टावर पोल से बन गया है। इन लाइनों के चलते किसानों का जीना ही हराम हो गया है। टावर पोल के पास से गुजरने वाली या उसके नीचे से गुजरने वाली बिजली लाइन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। किसानों को अपने खेतों में फव्वारा पाइप को ऊंचा उठाने से जान को खतरा बढ़ जाता है। जरूरी नहीं टावर पोल की लाइन से पाइप का छूना अपितु इसके नजदीक जाने पर ही यह बिजली लाइन अपनी ओर पाइप को खींच लेती है।

खेतों से गुजरने वाली टावर लाइन का कुप्रभाव जन-जीवन पर पड़ रहा है। यही नहीं अगर कोई व्यक्ति लोहे का छलना लेकर भी टावर के पास से गुजरा तो बिजली का झटका लगता है। जब फसल को काटकर इकट्ठा करके बड़ी लाइन के नीचे से ले जाते हैं तो कई बार करंट आ जाता है। किसानों के साथ-साथ जंगली पक्षियों पर विशेषकर इन टावर पोल की लाइन से निकलने वाली बिजली तरंगें तथा मोबाइल टावर की विकिरण पक्षियों के लिए घातक साबित हो रही है। पास में रहने वाले लोगों में कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। पेड़ पौधे भी नष्ट हो जाते हैं या फिर लाइन बिछाते वक्त काट डाले हैं।

टावर पोल भी तीन प्रकार के होते हैं। जिनमें से एक पावर हाउस में बिजली लाने या ले जाने के लिए बनाए जाते हैं जो छोटे होते हैं दूसरे पोल मध्यम दर्जे के तथा तीसरे मास्टर पोल होते हें जिन्हें निचाई वाले स्थानों पर लगाया जाता है। एक टावर पोल करीब 200 गज के करीब जगह में लगाया जाता है। इनके ऊपर से गुजरने वाले तारों से जब बिजली गुजरती है तो दूर तक आवाज सुनाई पड़ती है।

जिस जगह से लाइन गुजरने के लिए मंजूर हो जाती है उसी जगह से ही गुजरती है। जिस किसी किसान के खेत से लाइन गुजरती है और पोल गाड़ा जाता है उसे करीब 60 हजार रुपये का मुआवजा मिलता है मगर पूरी जिंदगी इस समस्या को झेलना पड़ता है। जिस खेत से टावर पोल की बिजली गुजर रही है उसके नीचे से गुजरने वाली छोटी बिजली की लाइन अक्सर फाल्ट हो जाती है। यदि ट्रांसफार्मर पर फ्यूज लगाना हो तो भी उस लाइन के ऊपर से गुजरने वाली बड़ी लाइन का कई बार झटका सहना पड़ता है।

देशभर में बिजली के करंट से होने वाली किसानों की मौत को देखें तो इन मौतों के कई कारण है। जैसे खेतों से गुजर रही बिजली की लाइंस के तारों का ढीला होना। आमतौर पर यह तारे इतनी ढीली हो जाती है कि जमीन और इनका फर्क बहुत कम रह जाता है। कई बार तो यह मामूली अंधड़ में टूटकर खेतों में गिर जाती है और जब किसान रात को खेतों को पानी देने पहुंचते हैं तो उनको इनका आभास नहीं होता और वह इनकी चपेट में आकर मर जाते हैं। दूसरा खेतों से गुजर रही हाई वोल्टेज तारों की ताकत इतनी ज्यादा होती है कि वह इंसानों और सामान्य जीव जंतुओं को अपनी तरफ खींच लेती है।

जिसकी वजह से इनकी मौत हो जाती है।

तीसरा कारण देखें तो आवारा पशुओं से बचने के लिए किसानों ने अपने क्षेत्रों के चारों तरफ जालियां लगाई है और उनमें यह करंट देते हैं जिसे से पशुओं को खेत की बाड़ के पास जाते ही झटका लगे ताकि आवारा पशु उनके खेतों में ना घुसे। मगर जाने-अनजाने यह करंट वाली जालीदार तारे पशु? के साथ-साथ किसानों की मौत का कारण बन जाती है। यह झटका मशीन आमतौर पर लगाई तो नीलगाय और छोटा पशुओं से खेती को बचाने के लिए जाती है। मगर किसान खेतों में काम करते वक्त लापरवाही से इनकी चपेट में आ जाते हैं। अन्य कारणों को देखें तो किसानों की खुद की लापरवाही खेतों में पानी देते वक्त या टूबवेल चलाते वक्त तारों के संपर्क में आने से ऐसी मौतों की केस सामने आए हैं।

इंसुलेशन के टूटने, जंग लगने और आर्द्र मौसम के दौरान कंडक्टिव पथ के बनने के कारण मोटर या कंट्रोल बॉक्स की केसिंग के संपर्क में आने वाला लाइव कंडक्टर अक्सर होने वाली घटना है। ऐसी स्थिति में, मोटर पम्पसेट और नियंत्रण बॉक्स के धातु के आवरण के साथ शारीरिक संपर्क से उचित अर्थिंग प्रदान न करने पर घातक आघात होता है। कृषि जल पम्पिंग सिस्टम में अर्थिंग के लिए आवश्यक देखभाल नहीं की जा रही है। यहां तक कि अनुचित अर्थिंग परिस्थितियों में भी यदि कम ऑपरेटिंग वोल्टेज को चुना जाता है, तो बिजली के झटके पूरी तरह से समाप्त हो सकते हैं।

भारत ने वर्ष 2019 में प्रधान मंत्री की कुसुम योजना (किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान) शुरू की है। कुसुम योजना के घटक बी के तहत, अकेले 17.5 लाख, सौर ऊर्जा संचालित कृषि पंप स्थापित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक की अधिकतम क्षमता 7.5 एचपी होगी, जहां ग्रिड आपूर्ति नहीं है। उपलब्ध। 7.5 एचपी से अधिक क्षमता के पंप भी स्थापित किए जा सकते हैं, हालांकि, वित्तीय सहायता 7.5 एचपी क्षमता तक सीमित है। बिजली के झटके से होने वाली मौतों की रोकथाम कुसुम योजना द्वारा प्राप्त अतिरिक्त लाभ है, एक छिपा हुआ तथ्य, जिसके व्यापक प्रचार की आवश्यकता है।

मामूली संशोधन के साथ, यदि इस योजना का विस्तार ग्रिड संचालित पंपों को बदलने के लिए भी किया जाता है (अब यह योजना ग्रिड संचालित पंपों को कवर नहीं कर रही है), तो यह किसानों को बिजली के झटके से होने वाली मौतों को अधिकतम सीमा तक कम करने में मदद करती है। कुसुम योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लागू किया जाना चाहिए - और जहां तक संभव हो अधिक संख्या में पानी पंपिंग सिस्टम को कवर करने के लिए विस्तारित किया जाना चाहिए। इससे हमारे किसानों को बड़ी राहत मिलने वाली है।

नयी योजनाओं के साथ-साथ बिजली के ढीले तार ठीक करना, हाईवोल्टेज बिजली पोल का समाधान ढूंढना, खेत में लगाई जाली से बचना, रात को पानी चलाते समय सावधानी खेतों में किसानों को असमय मौत से बचा सकती है।

## यूक्रेन का साथ देने का परिणाम, यूरोपीय देशों में पेट्रोल डीजल के दाम चरम पर



**संजीव ठाकुर**

**(यूरोपीय संघ गहरी चिंता में)**

यूरोपीय आर्थिक विकास परिषद के अध्यक्ष वल्दिस डोम्ब्रोबक्सी ने रूस यूक्रेन युद्ध के परिणाम स्वरूप यूरोपीय देशों में महंगाई 6.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.6% होने पर गहरी चिंता जताई है। यूरोपीय देशों के संघ के 19 सदस्य दल ने रूस द्वारा आवश्यक वस्तुओं यानी पेट्रोल डीजल और गैस के दामों में वृद्धि किए जाने और आपूर्ति बंद करने पर विशेष तौर पर जर्मनी, फ्रांस और इटली तथा अन्य देशों पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है, पेट्रोल डीजल गैस की आपूर्ति बंद होने से इनकी कीमतें एक नई सीमा को छूने लगी हैं। गौरतलब है कि रूस आवश्यक वस्तु की आपूर्ति यूरोपीय देशों को अमेरिका की तुलना में कम दामों में दिया करता था किंतु रूसी यूक्रेन युद्ध में यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन का समर्थन किए जाने पर रूस सरकार ने पेट्रोल डीजल गैस की सप्लाई यूरोपीय देशों को रोक दिए जाने के फलस्वरूप महंगाई में बहुत बड़ा इजाफा हुआ है इसके अलावा कोविड-19 के संक्रमण ने भी यूरोपीय देशों में अमेरिका सहित ब्रिटेन तथा इजराइल में महंगाई सीमा के पार पहुंचा दी है। यूरोपीय संघ ने भविष्य के प्रति चिंता जताते हुए विश्व के देशों को आगाह किया कि आवश्यक वस्तुओं की मूल्य वृद्धि इसी तरह बढ़ती रही तो विकासशील देशों पर इसका बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि विकासशील देश कई मामलों में विकसित देशों पर निर्भर करते हैं।

यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में रूस द्वारा सस्ते दामों को पेट्रोल डीजल दिए जाने के कारण महंगाई बढी तो है पर यूरोपीय देशों की तुलना में मुद्रास्फीति थोड़ी कम प्रभावित हुई है। भारत में ही पूर्व समय की तुलना में महंगाई की वृद्धि बहुत ज्यादा हुई है। आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन, गैस और पेट्रोल, डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा परिदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगी

# पीएफआई के देशविरोधी मंसूबे



-राजेश माहेश्वरी

बिहार के फुलवारी शरीफ टेरर मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद छानबीन में कई चैंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। खुफिया एजेंसियों के इनपुट के आधार पर फुलवारीशरीफ इलाके के नया टोला में स्थित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के दफ्तर में 11 जुलाई को छापेमारी की गई। इस दौरान वहां से कई संदिग्ध दस्तावेज और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। इसमें पीएफआई के मिशन-2047 से जुड़ा एक गोपनीय दस्तावेज भी मिला है। इसमें भारत को अगले 25 सालों में इस्लामिक राष्ट्र बनाने की साजिश का जिक्र है। पुलिस ने इस मामले में 26 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। बीते सप्ताह कुल पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान शमीम अख्तर, शब्बीर मलिक, ताहिर अहमद, दानिश, अखलाक के रूप में हुई है, जबकि अन्य 21 लोगों की भी पहचान हो गई है। ये सभी देशविरोधी मुहिम में लगे थे। बड़ी बात ये है कि इनमें कुछ बड़े कारोबारी से लेकर कॉलेज स्टाफ तक शामिल थे। देशविरोधी साजिश और भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के खतरनाक मंसूबे पालने वाले कट्टरपंथी कई बड़े खुलासे कर रहे हैं।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई ने मिशन-2047 के लिए बिहार में दो स्तर की योजना की है। पीएफआई प्रथम चरण के तहत प्रदेश के दूर-दराज के इलाकों में स्थित मस्जिदों को साधने की साजिश रची है, ताकि अपना संदेश बिहार के अंदरुनी हिस्सों में फैलाया जा सके। दूसरे चरण के तहत शारीरिक शिक्षा को रखा गया है। इसके तहत युवाओं को मार्शल आर्ट, तलवारबाजी आदि सिखाने की प्लानिंग है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वापस जाने वाले युवाओं को अपने गांवों और इलाकों में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिए जाने की बात कही गई है, ताकि उनलोगों को संगठन से जोड़ा जा सके। पीएफआई की साजशिों का पता चलने से केंद्रीय एजेंसियों के साथ ही बिहार पुलिस भी सतर्क हो गई है।

सूत्रों के अनुसार, पीएफआई के निशाने पर खासकर बिहार का मिथिलांचल और सीमांचल का इलाका है। इन दोनों इलाके के अधिकांश जिलों की सीमाएं नेपाल से लगती हैं और यहां के दूर-दराज वाले इलाके भी काफी पिछड़े हैं। पीएफआई इन इलाकों में अनपढ़े और बेरोजगार युवाओं को टार्गेट करने की फिराक में है। इससे पहले गिरफ्तार संदिग्धों से पूछताछ में पूर्णिया, कटिहर, अररिया, फारबिसगंज, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और बांका जिलों में पीएफआई द्वारा कैंप लगाने की बात सामने आ चुकी है। नए खुलासे से सुरक्षा एजेंसियां भी चैकस हो गई हैं, ताकि पीएफआई के मंसूबों पर पानी फेरा जा सके।

बेशक पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कानूनन आतंकवादी संगठन साबित न हुआ हो, लेकिन यह एक विवादित और संदिग्ध संगठन अवश्य है। इसकी आधारशिला ही आतंकी है, क्योंकि जब सिमी पर पाबंदियां थोपी गई थीं, तो उसके ज्यादातर सदस्य पीएफआई में शामिल हो गए थे। पीएफआई की स्थापना 2007 में की गई थी और इसका मुख्यालय राजधानी दिल्ली के कालिंदी कुंज में पंजीकृत है। देश के विभिन्न हिस्सों में दंगे हुए, हिंदू-मुस्लिम टकराव हुए, सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किए गए, शाहीन बाग जैसे धरने दिए गए और ज्ञानवापी सरीखे सांप्रदायिक विवाद पनपे, उन सबके पीछे पीएफआई की मौजूदगी और रणनीति सामने आई है।

देश में पीएफआई को बैन करने की मांग लगातार कई संगठनों द्वारा की जाती रही है। संभव है कि सरकार भी मंथन कर रही हो और संगठन के खिलाफ साक्ष्य जुटाए जा रहे हों ! पीएफआई के इस्लामी संबंधों और समर्थनों की जांच पुख्ता की जा रही हो, लेकिन अभी तक पीएफआई को प्रतिबंधित नहीं किया जा सका है। उसकी सियासी पार्टी सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) कई राज्यों में, कई स्तरों के, चुनाव लड़ती रही है। उस पर भी पाबंदी की कोई पहल नहीं की जा सकी है। बहरहाल अब एक खौफनाक बेनकाब सामने आया है, तो पीएफआई की कलई भी खुले ! प्रधानमंत्री मोदी निशाने पर थे और उनके प्रवास के दौरान गड़बड़ी करने की साजिश रची जा रही थी। दूसरा मंसूबा देश के खिलाफ जंग छेड़ देने से कमतर नहीं है। इस मंसूबे पर काम किया जा रहा था कि भारत को 2047 में, आजादी के 100 साल बाद, इस्लामी देश बनाया जाए। काडर के दिमाग में ये दलीलें घुसाई जा रही थीं कि इस्लाम, यानी मुसलमान, हिंदुस्तान पर राज करता रहा है। बीच में अंग्रेजों ने हुकूमत छीन ली। अब वही हुकूमत हासिल करनी है और कायर बहुसंख्यकों को घुटनों पर लाकर इस्लामी देश बनाना है। बिहार के इसी इलाके में मॉर्शल आर्ट की आड़ में बाकायदा हथियारों और मारने-काटने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। पश्चिम बंगाल, उप्र, तमिलनाडु, केरल आदि राज्यों से लोगों को बुलाकर प्रशिक्षित किया जा रहा था।

सुरक्षा एजेंसियों ने इसे टेरर मॉड्यूल करार दिया है। बहरहाल इन दोनों साजिशों के पीछे पीएफआई का हाथ माना जा रहा है। अभी तक जो लीड मिली हैं, वे गुप्तचर ब्यूरो और बिहार पुलिस की हैं। तेलंगाना में भी ऐसे मॉड्यूल की बात कही गई है। अब एनआईए इन साजिशों की गहन और सम्यक जांच करेगी। बेशक प्रधानमंत्री मोदी कई विरोधी और नफरती ताकतों के निशाने पर रहे हैं। यह संपूर्ण दायित्व उनकी सुरक्षा एजेंसियों का है कि देश के प्रधानमंत्री की हिफाजत की जाए। गिरफ्तार आरोपितों में अतहर परवेज भी है, जिसका भाई 2013 की गांधी मैदान रैली में 8 सिलसिलेवार धमाकों के साजिशकारों में शामिल था।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा मोनेक्स ऑफसेट बी-12, एस.डी. कॉम्पलेक्स निकट एम.एम.जी. अस्पताल, जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर, डी-146 मिलॉन सिटी, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित किया। संपादक-अर्चना तिवारी। RNI No: UPHIN/2020/78772 नोट. सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद होगा।

## बिजली की कमी से सुख रही फसले, विघुत उपकेन्द्र की क्षमता बढ़ाने को किसानों ने लिखा पत्र



पहल टुडे शहंशाह आलम

मैगलगंज (खीरी) उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी के मैगलगंज कोतवाली के अंर्तगत किसानों ने सामूहिक रूप से अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर बिजली की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। मानसून की देरी और विघुत विभाग के उदासीन रवैये की वजह से किसानों की फसलों को उचित पानी नही मिला, जिसकी वजह से अधिकांश फसले सूखने की कगार पर है। फसलों को सूखे से बचाने के लिए विघुत उपकेंद्र की क्षमता बढ़ाने के लिए अधिशासी अभियंता विघुत वितरण खण्ड मोहम्मदी खीरी को पत्र लिखा। कैमहरा फीडर पर जेई की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सभी फीडर को 8 - 8 घण्टे बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव पास हुआ।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला ने किया लाखो की ठगी

# सोशल मीडिया पर ठंगी महिला का फोटो हुआ वायरल

पहल टुडे शहंशाह आलम

महराजगंज। थाना कोतवाली क्षेत्र के बागापार चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा बागापार खास निवासीनी राजमती देवी पत्नी प्रेमनरायण के घर 15 जुलाई को समय करीब 12:00 बजे घर पर एक अज्ञात महिला आई और घर की मुखिया जिलेवा देवी पत्नी फेकू प्रसाद से मायके का रिश्ता जोड़ कर बैठ गई हाल चाल लेते हुए उनके घर छोटी पुत्रवधू से मिली और उनसे कहीं की आपका स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आशा में नौकरी लगा दुगी प्रेम नारायण की पत्नी राजमती उसके झांसे में आ गई और उसके साथ तैयार होकर महाराजगंज जाने तैयारी करने लगी बागापार टैक्सी स्टैंड पर पहुंचकर ऑटो से नगर पालिका स्थित चिउरहाॅ नहर पुल पर पहुंची और वहां ऑटो से



उतरने के बाद पैदल नहर की पटरी पकड़कर हंसराज पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास एक फोटो स्टूडियो में फोटो खिंचवाने के बहाने पहुंची जहां ठगी महिला ने राजमती से कहा कि आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक व फोटो सहित शैक्षिक प्रमाण पत्र सहित फोटो कापी हेतू स्टूडियो पर रुकी तथा राजमती का फोटो खिंचवाने के साथ-साथ ठगी महिला ने अपना भी फोटो भिजवाया एवं फोटो खिंचवाने के पहले राजमती से मंगलसूत्र, झुमका मांग कर फोटो खिंचवाने के बहाने अपने कान और गले में पहन कर फोटो खिंचवाया उसके बाद कुछ दूरी पर स्थित लक्ष्मी लांच मैरिज हाल के पास पहुंची और राजमती को बैठाने के बाद किसी अन्य के पास फोन कर कहीं की आपको दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना है मै दस्तावेज लेकर आ रही हूं आपके पास इतने में राजमती को भरोसा दिलाते हुए उक्त जगह पर बैठा कर चली गई तथा एक-दो घंटे इंतजार करने के बाद राजमती को संदेह होने लगा कि कहीं हम ठगी के शिकार तो नहीं हो गए समय बीतता गया और राजमती घबराने लगी धीरे-धीरे शाम हो गया तो इसकी सूचना राजमती ने अपने ससुर रिटायर शिक्षक फेकू प्रसाद प्रजापति को दिया किसी तरह ऑटो से पकड़कर बागापार अपने घर आई और अपने ससुर को भी अपने ऊपर बीती घटना का जिक्र किया जिस पर ससुर फेकू प्रसाद प्रजापति व उनकी पत्नी जिलेबा देवी घटना को सुन अवाक रह गऐ इसकी सूचना संबंधित चौकी प्रभारी बागापार को अवगत करायो इसके बाद यह सूचना लोगों में आग की तरह फैल गयोतथा सोशल मीडिया पर ठंगी महिला का फोटो वायरल हो गया जिससे क्षेत्र मे चर्चा जोरशोर से चल रहा है

फास्ट ट्रैक

## संदिग्ध परिस्थितियो मे युवक ने फांसी लगाकर दे दी जान



बरखेड़ा। जनपद के बरखेड़ा थाना के गांव उमरा खान सिंह निवासी अरुण कुमार पुत्र चंद्रपाल उम्र 30 वर्ष ने संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के निकट खेतों में अर्जुन के पेड़ पर रस्सी के फंदे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।वही मृतक अरुण कुमार तीन भाई हैं भाइयों में मृतक सबसे बड़ा था मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं।तथा मृतक उत्तराखंड के किच्छा में किसी कंपनी में काम करके अपना परिवार चलाता था आज ही दोपहर किच्छा से अपने गांव लौटा था। अज्ञात कारणों के चलते मृतक फांसी लगाकर ने अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली है।वही गाव वालो की सूचना पर पहुंची थाना बरखेड़ा पुलिस ने शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज है जानकारी पर बरखेड़ा थाना प्रभारी उदयवीर सिंह द्वारा बताया गया कि युवक के फांसी पर लटकने की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा वहां पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा हैं। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

## आधार से लिंक होगी मतदाता सूची, तैयारियां शुरूःतहसील सभागार में बीएलओ की मीटिंग, एसडीएम बोलीं-गरुण एप से होगा कार्य, आधार नंबर रहेगा गोपनीय

**जलालाबाद** शाहजहांपुर में आधार से मतदाता सूची को लिंक करने का काम जल्द शुरू हो जाएगा। इसे लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गईं हैं। मंगलवार को तहसील सभागार में बीएलओ की बैठक हुई। इसमें निर्वाचन से संबंधित नई-नई जानकारियां दी गईं। जनपद के जलालाबाद तहसील में उप जिलाधिकारी बरखा सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित बीएलओ की एक मीटिंग हुई। इसमें गरुण एप ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से नए मतदाताओं के जोड़ने की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि फार्म 8 में मतदाताओं के विवरण में संशोधन, निवास स्थान परिवर्तन, दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित आदि कार्य एप से होंगे। एसडीएम ने बताया कि फार्म 8 क और फार्म 001 समाप्त कर दिया गया है। साथ ही थर्ड जेंडर और दिव्यांग मतदाताओं के प्रमाण पत्र के बाद ही उनका नाम नए मतदाता सूची में शामिल किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि मौत होने की दशा में लिस्ट में इसे क्लीयर किया जाना जरूरी है।उन्होंने बताया कि फार्म 6 ख और क का नया फार्म बनाया गया है। गरुण एप से बीएलओ करेंगे संशोधन एसडीएम ने बताया कि मतदाता के आधार नंबर को वोटर लिस्ट से लिंक किया जाएगा। आधार नंबर लिंक करने का कार्य गोपनीय है। इसके अंतर्गत मतदाता से प्राप्त आधार नंबर को गोपनीय बनाए रखना है। यह कार्ड बीएलओ गरुड़ एवं ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से करेंगे।एसडीएम ने बताया कि अभी तक 1 जनवरी के आधार पर मतदाताओं को 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर मतदाता बनाया जाता था परंतु इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब यह तारीख 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई 1 अक्टूबर कर दी गई है ।18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक और युवतियों के नाम सूची में शामिल किए जाएंगे। इस अवसर पर लेखपाल आरके धर्मेंद्र कुमार आदि थे।

## अधूरे सडक निमार्ण को पूर्ण का बोर्ड लगाया, खबर प्रकाशित होने पर जिम्मेदारों ने झूठ का बोर्ड हटाया

पहल टुडे

घुघली, महराजगंज। निमार्णाधीन सिन्दुरिया-शिकारपुर मार्ग को ठेकेदार एवं अफसरों ने पूर्ण सडक निर्माण का बोर्ड लगाकर घालमेल करने की कोशिश किया लेकिन दैनिक स्पष्ट आवाज ने इस खबर को प्रकाशित किया तो अफसरों एवं ठेकेदार की सांसे अटक गयी। आनन-फानन में ठेकेदार एवं अफसरों ने रातों रात झूठ का बोर्ड साफ कर दिया।




मालूम हो कि सिन्दुरिया से शिकारपुर निमार्णाधीन सडक को पूर्ण बता कर ठेकेदार ने रातों रात कार्यपूर्ति बोर्ड लगाकर पीडब्लूडी विभाग को संदेह के घेरे में लाकर खड़ा कर दिया था। जो योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को तार तार कर रहा था। उल्लेखनीय है कि राज्य योजना सामान्य के अंतर्गत शिकारपुर से सिन्दुरिया-महराजगंज बाई पास मार्ग का निर्माण होना है। जिसकी लंबाई 12.300 किमी है। इस बारह किमी लंबी सडक को बनाने में करीब 2592.08 लाख रुपये की लागत लगी है। इस बोर्ड पर दशार्या गया था कि बारह किलोमीटर से ऊपर की सडक महज भिसवा से रजवल पुल तक केवल 5 किलोमीटर सडक निर्माण पूरा कर मे. प्रभा कॉन्सट्रक्शन और पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कागजों में पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है। जबकि सडक का पांच किमी को छोड़ दिया जाय तो शेष सडक चीख चीख गवाही दे रही है कि मेरा जीणोर्धार अभी तक नही हुआ है। वर्ष 2021 जून माह से निर्माण कार्य शुरू करने वाली संस्था में प्रभा कंस्ट्रक्शन को अप्रैल 2022 में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य था। लेकिन जिम्मेदारों ने तो कागजों में तय समय सीमा पर कार्य पूर्ति दिखा दिया। जबकि सडकों पर बने खतरनाक गड्ढे, बिखरी गिट्टिया राहगीरों को आज भी चोटिल कर काल के गाल में पहुँचा रही हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद भ्रष्टाचारियों के हाथ पाव फूल गये और आनन-फानन में पूर्ण सडक निर्माण का बोर्ड हटाकर अपनी पीठ थपथपा रहे है।

## लेखपाल पर प्रधानों ने अभद्रता करने का लगाया आरोप एसडीएम से शिकायत



कलीनगर। लेखपाल प्रदीप कुमार यादव क्षेत्र के नौजलिया ढकिया तालुके महाराजपुर बूंदी बोर्ड बंदर बोझ महाराजपुर रामनगर मटैया लालपुर अखिया तालुके महाराजपुर आदि ग्राम पंचायतों में तैनात है लेखपाल के व्यवहार से क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है अप लेखपाल का व्यवहार बहुत ही निंदनीय लेखपाल प्रदीप कुमार को अपने क्षेत्रों से स्थानांतरण कराना चाहते हैं प्रधानलेखपाल ने ग्राम प्रधानों से तहसील परिसर में अभद्र भाषा का प्रयोग किया इससे नाराज प्रधानों ने प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी कलीनगर को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया शिकायत करने वालों में शंकर राय ,मनजीत सिंह ,अजय बैध, राम प्रसाद राय, विवेकानंद, विधु बैरागी ,संतोष कुमार , ,अर्जुन मंडल, रामजीवन सरकार आदि प्रधान मौजूद थें।

## पानी बिहिन माइनर से सूख रही किसानों की फसल, जिम्मेदार मौन

पहल टुडे

**भिटौली, महराजगंज।** कृषि प्रधान देश में वर्तमान सरकार किसानों को हर सुविधा देने की बातें एवं दावे कर रही है ऐसे में बारिश न होने तथा सिंचाई विभाग की दूर व्यवस्था की वजह से संबंधित किसान सूखे के कगार पर पहुंच चुके।

ऐसा ही मामला शिकारपुर माइनर स्टेशन नारायणी शाखा से निकलने वाली माइनर जो दरौली, सिसवा राजा, मुडिला चौधरी, म्हदेइया, बाँसपार नूतन, पिपरपाती तिवारी और जमुनिया ग्रामसभा से होते हुए चिलुया में पानी गिरता है, लेकिन इसकी सफाई विगत कई वर्षों से न होने के कारण माइनर सम्पूर्ण रूप से झाड़ियों में तब्दील हो गई है। इसपर न ही सिचाई विभाग और न ही शासन का ध्यान रहा। लिहाजा संबंधी क्षेत्रीय किसान अपने सामने ही अपनी फसलों को बर्बाद होते हुए देखने पर विवश है।

आज पूरा उत्तर प्रदेश सूखे की मार झेल रहा है किसान मौसम की बेरुखी के कारण खून के आंसू रोने को विवश हैं और अपने ही आँखों के सामने अपनी खड़ी फसल को बर्बाद होता



देख रहा है। उक्त माइनर के किनारे बसे ग्रामसभा के किसान फसल सींचने के लिये बहुत परेशान है न बारिश हो रहा न ही माइनर में पानी है जिससे सूखते हुये फसलों को बचा ले। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बरियारपुर गुड्डू, जमुनिया ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह, बासपार नूतन ग्राम प्रधान शेषमणि गौतम, पिपरपाती तिवारी ग्राम प्रधान बृजेश कुमार गुप्ता, महदेइया ग्राम प्रधान संगम वर्मा तथा संबंधित ग्रामीण पूर्णमासी यादव, रामपत बर्मा, मेवा लाल वर्मा, लछ्मण प्रसाद, वीरेंद्र कनौजिया, रामलखन वर्मा, संतोष सिंह हरिओम सिंह, जितालु प्रजापति आदि लोगों ने दूर व्यवस्था पर चिंता के साथ खेद व्यक्त किया है।

## एटा में पलटी रोडवेज बस एक यात्री की घटनास्थल पर मौत 14 यात्री घायल

पहल टुडे / मिथुन गुप्ता एटा

एटा। जनपद मैं बीती रात कानपुर से मेरठ जा रही सोहराब गेट डिपो की बस नेशनल हाईवे 91 पर छछेना पुल के पास एक जानवर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में 1 यात्री की मौके पर ही मौत हो गई और 14 यात्री घायल हो गए। बस में कुल 40 यात्री सवार थे घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार बीती रात समय लगभग 11:00 बजे रोडवेज की सोहराब गेट डिपो की एक बस जो कानपुर से मेरठ जा रही थी एटा जनपद के मलावन थाना क्षेत्र के छछेना पुल के पास नेशनल हाईवे 91 पर सामने से अचानक एक आवारा जानवर से टकरा जाने से पलट गई जिससे उसमें



एक यात्री जसवंत की घटनास्थल पर मौत हो गई 14 अन्य यात्री बुरी तरह से घायल हो गए सभी घायलों को एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां 3 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है बस के घायल कंडक्टर शिवेंद्र सिंह ने बताया कि जिस समय दुर्घटना हुई उस समय बस में कुल 40 यात्री सवार थे उसने बताया कि उसकी आंख लग गई थी इसलिए वह दुर्घटना का कारण नहीं जानता है। वही बस में यात्रा कर रहे यात्री साहूकार ने बताया कि बस पलट जाने से उसके नीचे यात्री 2 गए थे उन्होंने बताया कि ड्राइवर ने बेवर में ढाबा पर खाना खाते समय ड्रिंक की थी इस हादसे में उनके साले जसवंत की मौत हो गई है दूसरे यात्री अशोक ने बताया कि बस पलट गई इसमें लगभग 40 यात्री सवार थे हम पीछे बैठे थे हम तब गए थे शीशा तोड़कर निकाला गया है। वही अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत घायलों को देखने एटा मेडिकल कॉलेज पहुंचे उन्होंने बताया कि रात 11:00 बजे के लगभग 1 रोडवेज बस जो मैनपुरी की ओर से एटा की ओर आ रही थी मलावन थाना क्षेत्र में छछेना पुल के पास सामने से एक आवारा जानवर से टकरा जाने के कारण पलट गई है जिसमें एक यात्री की मौत हो गई है और 14 यात्री घायल हैं जिनका इलाज एटा मेडिकल कॉलेज में कराया जा रहा है।

## 9.13 लाख में सात तालाबो की हुई नीलामी

आनंदनगर, महराजगंजः नगर पंचायत बृजमनगंज के कार्यालय पर मंगलवार को नगर क्षेत्र के तालाबो की नीलामी की गई। आमाकोट का जयप्रकाश गौंड़ 60 हजार, मटिहनवां का जयप्रकाश गौंड़ 55 हजार, अवधनगर का विनय कुमार 3.95 लाख, फुलमनहा का बृजेश सहानी 59 हजार शाहाबाद का रामरती दो लाख पांच हजार, कलवारगढ़ का आशीष जायसवाल 60 हजार, शेषपुर का जयप्रकाश सहानी 79 हजार में अंतिम बोली लगा कर हासिल कर लिया। उपजिलाधिकारी रामसजीवन मर्या ने बातया की कुल सात तालाबो की नीलामी 9.13 लाख में की गई। अधिशासी अधिकारी अवध प्रकाश सिंह, वेदप्रकाश गुप्ता, राहुल यादव, मोहम्मद कासिम, आदित्य राय, राकेश पासवान मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी व सरोजनीनगर के नाम से वार्ड के नाम करने की मांग

पहल टुडे

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद महराजगंज का शासन द्वारा सीमा विस्तार किया गया। जिसमे वार्डो की संख्या पूर्व की तरह 25 ही है। लेकिन पूर्ण में गठित वार्ड का नाम राजीवनगर व सरोजनी नगर को समाप्त कर दिया गया। तथा सिविल लाइन वार्ड के उत्तरी सीमा को बिना किसी सार्वजनिक रास्ते के कुछ लोगों के मकान व भूमि का निर्धारण किया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह बबलू ने प्रमुख सचिव नगर विकास लखनऊ को पत्र भेज वार्ड का नाम पूर्व की भांति राजीव नगर व सरोजनीनगर करने व



सिविल लाइन के उत्तरी सीमा का सीमांकन करने की मांग की उक्त अवसर पर आलोक प्रसाद, तेज बहादुर पांडे, नूर आलम, शिव शंकर वर्मा, पूर्णवासी प्रसाद ,अमित गुरु, गोपाल साहिब, गामा प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## सूखाग्रस्त घोषित व नहरों के मरम्मत कराने की मांग



पहल टुडे

**महराजगंज।** महराजगंज जनपद में बारिश न होने से धान की फसल बर्बाद होने व मुख्य नहरों से खेंतो की सिंचाई के नहरों का निर्माण कांग्रेस शासन में हुआ लेकिन बाद में सरकार ने उन नहरों पर ध्यान नही दिया। जिससे सभी नहर क्षतिग्रस्त हो चुके है। जिससे किसान सिंचाई नही कर पा रहे है। धान की फसल सुख कर बर्बाद हो रही है। महंगे डीजल के भाव की वजह से किसान पंपिंग सेट से पानी चलाने में असमर्थ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह बबलू ने राज्यपाल को सम्बोधित पत्र जिलाधिकारी को दे कर जनपद को सूखाग्रस्त घोषित करने व नहरों के मरम्मत की मांग की।

इस दौरान आलोक प्रसाद, तेज बहादुर पांडे, नूर आलम, शिव शंकर वर्मा, पुर्णवासी प्रसाद, अमित गुरु, गोपाल शाही गामा प्रसाद आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## कृषको के गन्ना का सर्वे प्रदर्शन कार्यक्रम मिल द्वारा दिनांक 20-07-2022 से प्रारंभ

**निघासन-खीरी।** सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के कृषको के गन्ना का सर्वे प्रदर्शन कार्यक्रम मिल द्वारा दिनांक 20-07-2022 से प्रारंभ किया जा रहा है जिसमें मिल समिति से जुड़े कृषक अपने गन्ने का सर्वे सत्यापन आदि करा सकते है बेलरायां चीनी मिल के मुख्य गन्नाधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दिनांक 20 जुलाई 2022 से चीनी मिल से जुड़े समस्त कृषक अपने सम्बंधित हल्का पर्यवेक्षक से मिलकर 63 कालम की सूचना जिसमे कृषको के गन्ना सर्वे , बेसिक कोटा ,मोबाइल नंबर, आधार नंबर ,बैंक खाता संख्या आदि से सम्बंधित समस्त आकड़ो का सर्वे सत्यापन करा लें जिससे सर्वे आकड़ो से कोई वंचित न रह सके।

## पुलिस ने पकड़े 3 आरोपी, सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, अवैध चाकू सहित एक मोटर

## थाना लोनी बॉर्डर पुलिस एवं एसओजी टीम ने किया चोरी की घटना का खुलासा

पहल टुडे / फाईज अली सैफी

गाज़ियाबाद। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस और एसओजी टीम ने हाल ही में हुई सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ़्तार कर लिया हैं। पुलिस ने इनके पास से 420 सीमेंट के कट्टों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद कर ली हैं। इसके अलावा पुलिस को इनके पास से एक अवैध चाकू और एक मोटर साइकिल भी बरामद हुई हैं। वहीं, पुलिस को पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम नईम उर्फ नेता उर्फ लंबू पुत्र मुस्ताक, दूसरे ने सुहेल उर्फ इमरान पुत्र मुन्ना और तीसरे ने आरिफ पुत्र बाबू निवासी अलीगढ़ बताया हैं।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि 16 जुलाई की रात्रि में भोपुरा लोनी रोड पर पेट्रोल पंप के पास स्थित



एक ढाबे के पास सीमेंट के कट्टों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी थी। आरोपियों ने बताया कि पहले उन्होंने उसकी रेकी की और फिर जैसे ही उन्हें मौका मिला तो उन्होंने उसे स्टार्ट कर उसे चोरी कर लिया और उसे चारदीवारी के एक प्लॉट में ले जाकर छुपा दिया। आरोपियों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के आगे उनकी एक मोटर साइकिल चल रही थी। जिसकी मदद से उन्होंने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

थाना लोनी बॉर्डर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र सिंह पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना लोनी बॉर्डर पुलिस और एसओजी की टीम में शातिर आरोपियों को उस समय गिरफ़्तार कर लिया जब चोरी किए गए वाहन और उसपर लदे सामान को बेचने के लिए बेहटा हाजीपुर की ओर जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों से शत-प्रतिशत बरामद कर ली गई हैं। पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई करते हुए इनको जेल भेज दिया हैं।

## शाहजहांपुर में आप ने महंगाई के विरोध में किया प्रदर्शन

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में सोमवार को आम आदमी पार्टी ने बढ़ती महंगाई को लेकर बीन बजाकर प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट की ओर जाने लगे तो पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इस पर उनकी पुलिस से धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने समझा-बुझाकार उन्हें शांत कराया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों को कार्यकताओं ने ज्ञापन दिया। यह प्रदर्शन आज आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष मोहम्मद हैदर के नेतृत्व में हुआ। आप कार्यकताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

फास्ट ट्रैक

## एक सौ पच्चास गावों की विद्युत आपूर्ति ठप

**कुशीनगर** कुबेरस्थान विद्युत वितरण उपकेंद्र से जुड़े करीब एक सौ पच्चास गावों की आपूर्ति बीते 24 घंटे से ठप हो गई है। आपूर्ति ठप होने से भीषण गर्मी में महिलाओ बच्चो वा आम लोग बेहाल हो गए है तो दिन में मोबाइल लेकर इधर उधर आते जाते देखे गए। विद्युत वितरण उपकेंद्र कुबेरस्थान से जुड़े करीब एक सौ पच्चास गावों को आपूर्ति की जाती है।जिसमे घरेलू, कमर्शियल व पावर कनेक्शन है। रविवार की देर शाम को बिजली घर का इनकमिंग ट्रांसफार्मर से फीडर को जोड़ने वाला मुख्य केबल किसी कारण वश तेज आवाज के साथ ब्रस्ट हो गया ।जिसके बाद संबंधित गावों की आपूर्ति ठप हो गई है। सूत्रों के अनुसार तकनीकी जानकर गड़बड़ी को ठीक करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है।इधर आपूर्ति ठप होने से छोटे बच्चो व प्रदानसीन महिलाओ की दुर्दशा हो गई है।पुरुष वर्ग तो इधर उधर छाए में रहकर दिन बिता ले रहे है लेकिन भीषण गर्मी के चलते विद्युत आपूर्ति के अभाव में रात की नीद गायब हो गई है।समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति बहाल नही हो सका था। जबकि बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता शैलेश यादव ने बताया कि खराबी को ठीक करने में तकनीकी विशेषज्ञ जूते हुए है शीघ्र ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## प्रधान समेत दोनों पक्षों पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर बढ़ना में बीते शनिवार ग्राम प्रधान धर्मेंद्र चौहान और उसके पट्टीदारों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी । पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर बलवा, मारपीट व धमकी जैसी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।मिली जानकारी के अनुसार-धर्मेंद्र चौहान और उनके पट्टीदार शंकर गांव में चल रही चकबंदी को लेकर आपस में वाद-विवाद और फिर मारपीट हो गई जिसमें तकरीबन आधा दर्जन लोग घायल हुए। सोमवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध तकरीबन आधा दर्जन लोगों के खिलाफ बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और गांव में अपनी गश्त बढ़ा दी है। मारपीट के इस मामले में चौकी प्रभारी घघसरा विनय कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## पैसा लेने के बाद भी जमीन का नही किया बैनामा ग्रामीणों का प्रदर्शन

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा निवासी चार सगे भाइयों द्वारा दर्जनों ग्रामीणों से पैसा लेने के बाद जमीन की रजिस्ट्री नही किया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर गांव के जमीदारों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार सहजनवा को ज्ञापन सौंप कर मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की मांग किया।प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अतहर अली ने कहा कि गांव में एक परिवार जमीदार है। जो चार भाई भी है। चारो भाईयों का अलग अलग हिस्से की भूमि है। इन लोगो द्वारा गांव तथा कुछ बाहरी लोगों को करीब पैतीस से चालीस वर्ष पूर्व पैसा लेकर अपनी जमीन को बेच दिया गया था। तथा नापकर कब्जा भी दे दिया गया। जिसमें गांव तथा बाहर के ग्रामीणों ने रिहाईसी मकान भी बना लिया है। बैनामा कराने की बात कहने पर उनके द्वारा बार बार झांसा दिया गया कि हमारे बच्चों से कुछ लेना देना नही होगा। वर्तमान समय मे इन परिवार के लोगो द्वारा ग्रामीणों से जमकर वसूली की जा रही है धमकी दी जा रही है मकान गिरा देगे। एक जमीदार ने बेची गयी भूमि जिसमे कब्जा भी है अपने बेटे के नाम दान कर दिया गया है। जो आये दिन कब्जा करने में लगा हुआ है। प्रशासन से मांग है कि मामले की जांच कराकर ग्रामीणों को न्याय दिलाया जाय।इस बाबत तहसीलदार केशव प्रसाद ने कहा कि प्रकरण की जानकारी हुई है

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**ग्रामीणों के सहयोग से चिता बुझाकर शव के अवशेष को पुलिस ने किया इकट्ठा**

पहल टुडे

**कुशीनगर** विशुनपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जंगल लाला छपरा में संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत हो गई। ससुरालियों द्वारा विना सूचना आननफानन में विवाहिता का अंतिम संस्कार करने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से चिता को बुझाकर शव के अवशेष को इकट्ठा कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि उक्त ग्राम पंचायत निवासीनी ललिता देवी उम्र करीब 26 वर्ष का बाहर रह रहे अपने पति रमाकान्त निषाद से किसी बात को लेकर मोबाइल पर कहासुनी हो गई। ग्रामीणों के अनुसार बच्चों के स्कूल जाने के बाद विवाहिता बंद कमरे में फंदे से झूल गई और उसकी संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। ससुरालियों ने पुलिस और विवाहिता के मैइके वालों को विना सूचना दिये आननफानन में शव का अंतिम संस्कार करने लगे। जिसकी सूचना मैइके वालो ने विशुनपुरा पुलिस को दिया। सूचना मिलते नवागत थानाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार यादव मयफोर्स मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों के सहयोग से चिता को बुझाकर विवाहिता के शव के अर्ध जले टुकड़ों और अवशेष को इकट्ठा कर कानूनी कार्रवाई में जुट गई। सूचना मिलते सीओ तमकुही जितेन्द्र कालरा ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और विशुनपुरा पुलिस को निर्देश दिया। एसओ बीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से चिता को बुझाकर विवाहिता के जले हुए शव के अवशेष को इकट्ठा किया गया है। तहरीर मिलते सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## रेलवे ने चौरीचौरा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**-आजादी से संबंधित नुक्कड़ नाटक व देश भक्ति गीत वीडियो फिल्म आदि का हुआ प्रदर्शन**

पहल टुडे




गोरखपुर। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम आजादी के तहत पूर्वोत्तर रेलवे के महा प्रबन्धक अशोक कुमार मिश्र ने चौरी चौरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित ₹आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन₹ कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान महा प्रबन्धक अशोक कुमार मिश्र ने चौरी चौरा में घटित घटना के शहीदों के परिजनों को अंग बस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेलवे महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि आज पूरा देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम मना रहा है। इसी क्रम में भारतीय रेल पर 18 से 23 जुलाई तक आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन आईकॉनिक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जो पूरे भारतीय रेल पर स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े हुए 75 रेलवे स्टेशनो को इस महोत्सव के लिए चुना गया है। जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के दो स्टेशन चौरीचौरा और बलिया भी सम्मिलित है। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि भारत की आजादी में चौरी चौरा एवं बलिया का विशेष योगदान रहा है। यह अत्यंत ही प्रतिष्ठा का विषय है। इस वक्त चौरी चौरा का ऐतिहासिक घटना का शताब्दी वर्षगांठ भी मनया जा रहै है। उन्होंने कहा कि सन 1922 में चलाए जा रहे असहयोग आंदोलन को ब्रिटिश सरकार द्वारा पूरी तरह से चलने के विरोध में जनाक्रोश के फलस्वरूप स्थानीय जनता ने चौरी चौरा पुलिस स्टेशन को आग के हवाले कर दिया। इस घटना ने ब्रिटिश शासन की नीव हिला दी। जिससे घबराए अंग्रेजों ने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भारी संख्या में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं आम जनता को जेल में डाल दिया। इन घटनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में नई जान डाल दी। उन्होंने कहा कि आईकॉनिक सप्ताह के अंतर्गत 18 से 23 जुलाई तक आइकॉनिक सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत नुक्कड़ नाटक, देश भक्ति गीत, बीडीओ फिल्म, फोटो प्रदर्शनी इत्यादि जैसी गतिबिधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीआरएम बाराणसी रामाश्रय पाण्डेय, मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह, 0उप महा प्रबन्धक सामान्य केसी सिंह व मंडलीय मुख्यालय के सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कविता हमारी संवेदना के निकट होती हैः राकेश त्रिपाठी

**संगम की 288वीं मासिक गोष्ठी**

पहल टुडे



गोरखपुर। काव्य, कविता या पद्य, साहित्य कि वह विधा है जिसमे मनोभावों को कलात्मक रूप से किसी भाषा के द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है। अर्थात काव्यात्मक रचना या कवि की कृति, जो छंदों कि श्रृंखलाओं में विधिवत बाँधी जाती हैं, कविता कहलाती हैं। कविता हमारी संवेदना के निकट होती है। वह हमारे मन को छू लेती है।

उक्त बातें वरिष्ठ स्तंभकार व पूर्वोत्तर रेलवे के पूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी राकेश त्रिपाठी ने साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था संगम की 288वीं मासिक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा। कार्यक्रम में गोरखपुर के वरिष्ठ गीतकार डॉ जय प्रकाश नायक को विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ गांधीनगर बिहार से विद्या वाचस्पति (पी.एच.डी) सारस्वत सम्मान प्राप्त होने पर उत्तरीय व पुष्प माल पहनाकर सम्मानित किया गया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ प्रतिभा गुप्ता प्रबोधिनी द्वारा मां सरस्वती की वंदना से किया गया। कवि कौशल गोरखपुरी ने गजल

**बड़ी अजीब सी उलझन है क्या किया जाए**

फिजा की गोद में गुलशन है क्या किया जाए।। सुनाकर गोष्ठी का आगाज किया। कवि भीम प्रजापति ने अपनी रचना ₹मत पूछ पथिक तुम हाल मेरा-हम स्वर्ग में बसने वाले हैं₹ प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। कवयित्री एकता उपाध्याय ने अपनी रचना ₹आईना उनको दिखाया जाए,

धर्म के नाम पर फैलाते हैं जो नफरत यहां। कठघरे में उनको बुलाया जाए।।₹ ने तालियां बटोरी। कवयित्री प्रीति मिश्रा ने रचना जीवन का सार समक्ष मगर, हम इसको स्वयं नकार रहे₹ प्रस्तुत किया। वरिष्ठ रचनाकार ओमप्रकाश पाण्डेय आचार्य ने सवैया छंद प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। कवयित्री प्रतिभा गुप्ता प्रबोधिनी ने

₹ सूर्य तपता है मगर शाम को ढल जाता है। वक्त के साथ ही मौसम भी बदल जाता को अपने मधुर स्वरों में प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गजल कार सम्बुल हाशमी ने मैं कलंदर हूं तंग दस्ती में, जिंदगी जी रहा हूं मस्ती में सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गोष्ठी का सफल संचालन कर रहे डॉ अमिताभ पाण्डेय ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सतीश चंद्र त्रिपाठी ने किया। उक्त अवसर पर कुमार अभिनीत, प्रशांत पाण्डेय, जगदम्बा, अवधेश सिंह, मन्नू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गोला में समाजसेवियों ने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन



**सरयू घाट से जल भरकर हर हर महादेव के जयकारे के साथ निकला कावड़ यात्रा**

पहल टुडे

गोला, गोरखपुर। श्रावण मास में शिवालयों में जलाभिषेक के लिए निकले गोला उपनगर के सरयू घाट से जल भरकर निकलने वाले कांवड़ियों पर समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। और फिर हर हर महादेव के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रा शिवालयों के लिए रवाना हुई।

श्रावण मास में उपनगर गोला के सरयू घाट से हजारों की संख्या में कावड़िए जल भरकर पिपराइच मोटेश्वरनाथ शिव मंदिर, सिकरीगंज बैजुनाथ धाम, भौवापार मुंजेश्वरनाथ शिवमंदिर के साथ ही बिसरा के विशेश्वरनाथ तथा घोड़ालोटन बरमैनी के झारखंडी महादेव मंदिर पर जलाभिषेक के लिए कांवड़ यात्रा लेकर जाते है। कोरोना काल के दो साल के प्रिबंध के बाद हर साल की तरह इस बार भी गोला उपनगर के घाट पर रविवार को जल भरने के लिए हजारों की संख्या में कावड़ियों का जत्था पहुंचा। जहां रसिक बिहारी जी मंदिर व रामबाग मैदान पर कावड़ियों के विश्राम शिविर में उनके लिए लंगर समेत तमाम व्यवस्था की गई थी। जल भरकर निकलने वाले कावड़ियों पर भाजपा नेता समाजसेवी शत्रुध्न कसौधन के नेतृत्व में स्थानीय नागरिकों एवं भाजपा कार्यकताओं ने कावड़ियों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया और हर हर महादेव के जयकारे के साथ कावड़ियों का जत्था शिवालयों की तरफ रवाना हुआ।

## आखिर क्यों नहीं खुलता है सार्वजनिक शौचालयों का ताला

**मुख्यमंत्री के लोकार्पण के बाद भी बंद रहता है सामुदायिक शौचालय**

पहल टुडे







गोला,गोरखपुर। नगर पंचायत गोला के वार्ड नंबर दस में बने सामुदायिक शौचालयों का ताला योगी जी के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद भी आज तक नहीं खुला है।

बता दें,स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम सभा में तकरीबन पांच लाख रुपए खर्च कर के ग्राम सभाओं व सार्वजनिक स्थानों पर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। जिसका उद्देश्य भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर शौचालय की उपलब्धता कराना है तथा उन लोगों को शौचालय उपलब्ध कराना है जिन लोगों के घर शौचालय किसी कारण नहीं बन पाया है। नगर पंचायत गोला के नवीन परिसीमन के बाद बने वार्ड नंबर दस में ऐसे ही तीन सामुदायिक शौचालय हैं। तीनों शौचालय ऐसे सार्वजनिक स्थानों पर है जहां हमेशा भारी संख्या लोगों की उपस्थिती रहती है। उपसम्भाग कृषि भवन के बगल में स्थित सार्वजनिक शौचालय जब नगर पंचायत में शामिल हुआ तो कागजों पर पूरा तथा जमीन पर अधूरा था। जिसकी खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत के द्वारा पूरा कराया गया लेकिन आज तक नहीं खुला। कुछ ऐसी ही स्थिती इसी वार्ड में सब्जी मंडी में स्थित सामुदायिक शौचालय की है। प्रतिदिन यहां पर हजारों लोगों का जमावड़ा होता है लेकिन शौच आदि के लिए इस शौचालय का उपयोग नहीं हो पाता है। नगर पंचायत के द्वारा तकरीबन एक वर्ष पहले पशु चिकित्सालय, सीएचसी गोला व टैक्सी स्टैंड के पास मॉडल शौचालय शौचालय बनाया गया। जिसमें महिलाओं तथा पुरूषों के लिए पृथक पृथक व्यवस्था की गयी। इन शौचालयों का उपयोग तो दूर योगी जी के दूसरे कार्यकाल मे भी इसका ताला आज तक नहीं खुल सका है। वहीं जिम्मेदार केवल बहाना बनाते नजर आते हैं।

**कोट : इस संबंध में अधिशासी अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है। कुछ तकनीकी कारणों से शुरू नही हो सका था। 15 अगस्त बाद से शौचालय जन प्रयोग के लिए खोल दिया जाएगा।**

## जैतपुर-बोक्टा मार्ग की बदहाली पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

पहल टुडे



गोरखपुर। जैतपुर-बोक्टा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद मार्ग के बदहाल हालात को लेकर सोमवार को देईपार गांव के सामने सड़क पर कांग्रेस के युवा नेता परमेश्वर पांडेय उर्फ सोनू पांडेय के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेसी नेता परमेश्वर पांडेय सोनू पांडेय ने बताया कि 8 किलोमीटर लंबा यह मार्ग गोरखपुर लखनऊ राजमार्ग और गोरखपुर सिकरीगंज मार्गो को जोड़ता है। यह काफी व्यस्त रहता है ।भारी वाहनों का भी लगातार इस पर आगमन होता रहता है ।यह मार्ग जगह-जगह खतरनाक गड्ढे में तब्दील हो गया है ।देईपार गांव के पास तो इस मार्ग पर ऐसे खतरनाक गड्ढे बन गए हैं ।जिससे किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है। इस खतरनाक गड्ढों की वजह से आए दिन एक्सीडेंट होता रहता है और लोगों को जान माल का नुकसान होता है ।कई बार जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया पर आज तक कुछ नतीजा नहीं निकला। इस बात को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश है। इसी को लेकर आज क्षेत्रवासियों ने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जयवीर शर्मा ,राम चरण, सतीश शर्मा ,अमन शर्मा, शिवम गोस्वामी ,रविंद्र, सतीश मौर्या, अवनीश सिंह ,राम लला, दयानिधि पांडेय, राम सजन ,किशनपाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इन गांवों में होती है दिक्कतमामखोर, खखाईचखोर, सरया महुलिया, जगदीशपुर, नेवादा, रामकोला, मजुरी, शिवपुर, जमीनभीटी, जमीनलौहरपुर, मझौरा, बरवल, सखरूआ, बड़गो, फत्तेपुर, बाघागाडा, कौवाडील, सम्मेथान, भीटी, मऊवा, भरौली, बेलसड़ा, करौती, जमीनशुक्ल, मंझरिया, सकराखोर, बालभीटी, गौरपार, लोहरापार, बेलपार, रामपुर, गड़री, सरदहा, बडैला, चिरैयाडाड़, गांगुपार, चिमचा, भरपुरवा आदि हैं।

**साल 2010 में खखाईचखोर गाव में नया उपकेन्द्र लगाने के लिए शुरू हुआ था काम**

## हद : एक साल में बनने वाला विद्युत उपकेंद्र, 12 साल बाद भी अधूरा

**काम बंद होने के बाद हो गया छुट्टा पशुओं का अडा बना उपकेन्द्र**

पहल टुडे



गोरखपुर। बिजली निगम ने दक्षिणांचल के 50 गांवों के लोगों को लो -वोल्टेज, लोकल फाल्ट से राहत दिलाने के लिए 12 वर्ष पहले खखाईच खोर गांव में उपकेंद्र बनाने का काम शुरू किया था। लेकिन सुस्ती का आलम यह है कि जो उपकेंद्र एक साल में बनकर शुरू हो जाना चाहिए था, वह 12 साल बाद भी अधूरा और काम बंद है। अर्द्धनिर्मित उपकेंद्र ठंडक, गर्मी, वर्षात सभी मौसम में इलाके के लावारिस पशुओं का अड्डा बनकर रह गया है। मामले को लेकर निगम लापरवाह बना है।

बड़हलगंज, गोला, गगहा ब्लॉक से घिरे बांगर के करीब 50 गांव को चैनपुर, अहिरौली, मझगावां उपकेंद्र से बिजली मिलती है। 15 से 20 किलोमीटर लंबा फीडर होने के कारण गांवों में पर्याप्त वोल्टेज नहीं पहुंचता है। बिजली निगम ने साल 2010 में खखाईच खोर में नया उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव बनाया। पावर कारपोरेशन ने प्रस्ताव को मंजूरी देने के साथ ही 2.65 करोड़ रुपये भी जारी कर दिए। लखनऊ की फर्म एसपी ब्राइट को उपकेंद्र बनाने की जिम्मेदारी मिली।

फर्म को एक साल में उपकेंद्र बनाकर चालू करने का निर्देश था। दिसंबर 2010 में फर्म के मालिक योगेंद्र मेहता ने उपकेंद्र निर्माण का काम शुरू करा दिया।

इस दौरान क्षेत्र के लोगों को काफी खुशी हुई। लगा कि बहुत जल्द लोकल फाल्ट, लो बोल्टेज से निजात मिल जाएगी।

लेकिन ऐसा नहीं हुआ उपकेंद्र का भवन तैयार होने के बाद ठेकेदार ने काम बंद कर दिया। इस दौरान काम की तय समयसीमा भी खत्म हो गई।

**नहीं किया फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई**

खखाईच खोर उपकेंद्र को साल 2012 में चालू होना था।

एग्रीमेंट के मुताबिक काम पूरा न होने पर 2013 में फर्म के खिलाफ कार्रवाई हो जानी चाहिए थी, लेकिन अधिकारियों की सुस्ती का आलम यह है कि एग्रीमेंट की अवधि बीतने के 12 साल बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।

अब तक अधिकारियों को फर्म को ब्लैक लिस्ट कर टेंडर व एग्रीमेंट निरस्त कर दूसरे ठेकेदार से काम करा देना चाहिए।

## रास्ता नही मिलने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कोई नहीं सुन रहा ग्रामीणों की गुहार**

पहल टुडे

गोरखपुर। पिपरौली क्षेत्र के बडगहन दलित बस्ती के लोगो को गीडा की सड़क में आने जाने के लिए रास्ता निर्माण कराने के लिए महीनों-सालों से संघर्ष कर रही है। उच्च अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही। जिससे नाराज होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सड़क निर्माण की मांग किया।

ग्रामीणों ने बताया कि गीडा आफिस में कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया उसके बाद मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा द्वारा आश्वासन मिला कि दो सप्ताह में सर्वे कराकर हम रास्ता बनवा देंगे। लेकिन गीडा अधिकारीयो के लापरवाही से समस्या ज्यों की त्यों बनी है। पिछले कुछ महीने पहले ग्राम प्रधान अमरनाथ यादव कई बार गीडा आफिस में रास्ते के लिए प्रार्थना पत्र दिये और दिनांक 25 मई को क्षेत्र पंचायत सदस्य अनीता गौतम ने खुद मुख्य कार्यपालक अधिकारी गीडा को लिखित आवेदन देकर गीडा कि सड़क में आने जाने हेतु रास्ते की मांग की थी। जून तक निराकरण का भरोसा दिया था पर ये हमेशा की तरह खोखला आश्वासन ही साबित हुआ है। शिवनरायन दूबे ,रविकान्त उर्फ लालू ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बावजूद अभी तक इस परेशानी का कोई हल नहीं निकला है। गीडा में आना जाना कठिन हो गया है वहीं गांव से बाहर निकलने के लिए तीन किलोमीटर दूरी तय करना पड़ता है।



प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण रविकान्त उर्फ लालू, राहुल कुमार, शिवनारायन दुबे, अरुन कुमार,विशाल कुमार दशरथ कुमार, नवीन कुमार,शिवनाथ, सुरेन्द्र कुमार, संजय, प्रभावती,किसमती सीमा, उर्मिला देवी,कमला देवी समेत आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# दुकान में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी को दिया अंजाम



राजा का ताजपुर (बिजनौर) विपिन कुमार

ऑटो सर्विस एंड बाइक डेकोरेशन की दुकान में चोरों ने ताले तोड़कर चोरी को अंजाम दिया। चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई। राजा का ताजपुर में पेट्रोल पंप के सामने पंजाब नेशनल बैंक के निकट वीके ऑटो सर्विस एंड बाइक डेकोरेशन के मालिक विनोद कुमार ने बताया कि आज सुबह जब आकर उन्होंने अपनी दुकान पर देखा तो उनकी दुकान के ताले टूटे पड़े हैं। शटर उठाकर देखा तो दुकान से 2 बैटरे गायब थे विनोद कुमार के द्वारा पुलिस को चोरी की सूचना दी गई, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना किया और जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया।

# विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया



पहल टुडे / मोहम्मद हिफजान

बिजनौर के किरतपुर में विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता ने पुलिस में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पीड़िता बुशरा पुत्री खुर्शीद बैग निवासी ग्राम सराय इम्मा थाना किरतपुर ने एक साल पहले अपनी बेटी बुशरा की शादी ग्राम दूधली में की थी उन्होंने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था लेकिन ससुराल पक्ष के लोग इससे खुश नही थे। वह दहेज में रुपए और कार की मांग कर रहे थे। जो पूरी ना होने पर लगभग 1 साल बाद उसकी पुत्री के साथ मारपीट कर घर से उसे निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की हालांकि पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन उनके अनुसार धाराएं नहीं लगाई। पीड़िता के पिता का आरोप है कि पुलिस ने धाराओं में हेरफेर कर दिया और आनन-फानन में चार्जशीट भी दाखिल कर दी उन्होंने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## कृषकों की आय में बढोत्तरी के उद्देश्य से चयनित ग्रामों में ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लान्ट की स्थापना होगी

बिजनौर (विनोद शर्मा) कृषकों की आय में बढोत्तरी के उद्देश्य से चयनित ग्रामों में ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लान्ट की स्थापना होगी। उप कृषि निदेशक बिजनौर गिरीश चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी नेडा-बिजनौर एवं प्रधानमंत्री कुसुम (कम्पोनेन्ट-ए) योजना के अन्तर्गत द्वारा ग्रिड संयोजित सौर पावर प्लान्ट की स्थापना चयनित ग्रामों में अनुपजाऊ व बंजर भूमि के कृषकों की आय में बढोत्तरी के उद्देश्य से कृषकों / भूमिधरों को प्रोत्साहित कराकर ई-निविदा राज्य के ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट पर दिनांक 27 जूलाई 2022 तक निविदा आमंत्रित की गयी है। उन्होंने बताया कि 33/11 केवी सबस्टेशन मंण्डावर के अन्तर्गत चयनित ग्राम लालपुर, लैगपुरी, मण्डावर, मोहिडीया व 33/11 केवी सबस्टेशन अफजलगढ के अन्तर्गत चयनित ग्राम झाड़पुर भागीजोत, मौ0 अलीपुर, मेघपुर, गड़वावाला, जीकरवाला है। उप कृषि निदेशक बिजनौर गिरीश चन्द्र ने उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर, बिजनौर एवं नगीना को पत्र प्रेषित कर निर्देशित किया है कि वह चयनित ग्रामों में अनुपजाऊ व बंजर भूमि के कृषकों की आय में बढोत्तरी के उद्देश्य से कृषकों / भूमिधरों को प्रोत्साहित कराकर ई-निविदा राज्य के ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट पर आमंत्रित निविदा में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें।

फास्ट ट्रैक

# दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमे दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

नगीना (बिजनौर)मनमीत सिंह

डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमे दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलो को उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया गया जिनमे तीन की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया। नहटौर क्षेत्र के गांव सीकरी बुजुर्ग में जफर के पोता होने की खुशी में डीजे बजाया जा रहा था। बताया जाता है की गाव का ही नजाकत तिराहे पर लगी स्ट्रीट लाइट बन्द कर रहा था जिसे लेकर कहासुनी हो गई थी ।उस समय तो बीच बचाव हो गया था। इसी बात को लेकर आज दोनो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले ।जिसमें एक पक्ष के जाफर पुत्र अल्ताफ, रईसा पत्नी जाकिर तथा दूसरे पक्ष के नजाकत व नवाजिश पुत्र मंगलू, शहनाज पत्नि नजाकत घायल हो गए ।जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल भर्ती कराया गया ।जिसमें जाफर पुत्र अल्ताफ, आशिफ पुत्र युसुफ, नजाकत पुत्र मंगलू, रईसा पत्नि जाकिर की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया ।दोनो पक्षो की और से एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की गई है ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाहो शुरू कर दी है।

## सेंट मैरीज स्कूल नगीना के उतीर्ण छात्र-छात्राएं खुशी में खुशी से झूम उठे

नगीना, बिजनौर, मनमीत सिंह,



नगीना हाई स्कूल आइसीएसई बोर्ड का रिजल्ट घोषित हो जाने के बाद सेंट मैरीज स्कूल नगीना के उतीर्ण छात्र-छात्राएं खुशी में खुशी से झूम उठे। रविवार को घोषित किये गये आईसीएसई हाई स्कूल के परीक्षा में आन्या वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट मैरिज कालेज टॉप किया ।जबकि वंश राजपूत ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान तथा अमोल सचदेवा व मेधा शर्मा ने संयुक्त रुप से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों व माता-पिता को दिया। प्रिंसिपल फादर बीनो ने बताया कि हाई स्कूल में 122 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी ।कालेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। कॉलेज टॉप करने वाली छात्रा अनन्या वर्मा ने बताया कि वह आगे चलकर इंजीनियरिंग करना चाहती है ।उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों के दिये गये संस्कारों व उसकी मेहनत का फल बताया।

## शाहजहांपुर की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में जनता की समस्याओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया। जिसमें शहर की आठ समस्याओं से निजात दिलाने की मांग की है। इस दौरान राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। दोनो संगठनों ने संयुक्त रूप से समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। वहीं नगर आयुक्त ने जल्द मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया है। भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक आशीष वर्मा और राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से शहर की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया है। जिसमें उन्होने मांग की है कि, मिशन स्कूल के पीछे मोहल्ला मुन्नूगंज, घूरनतलैया, रोशनगंज, हनुमतधाम, विसरात रोड होकर खन्नौत नदी में गिरने वाला नाला खुला है। जिससे वहां आसपास रहने वाले लोग काफी परेशान है, कई बार उसमे गिरकर लोग घायल हो चुके हैं।

# नजीबाबाद रोडबेज बस स्टैड पर मूलभूत सुविधाओ के अभाव की शिकायत शासन को की गई

- इंडिया मार्का नल से आ रहा है पीला पानी
- पेशाब घर के पास ही पीने के पानी की टंकी
- नही की जाती है रोजाना सफाई
- ठंडा पानी पीने के लिए नही है कोई भी फ्रीजर

पहल टुडे



नजीबाबाद-नजीबाबाद रोडबेज बस स्टैड पर मूलभूत सुविधाओ के अभाव की शिकायत शासन को की गई है। आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी एक शिकायत मे नजीबाबाद रोडबेज बस स्टैड पर पर यात्रियो को मूलभूत सुविधाओ को ना मिलने का आरोप लगाया है। शिकायत मे बताया गया है कि रोडबेज बसस्टैड पर गर्मी के मौसम मे यात्रियो के लिये ठंडे पानी पीने के लिये कोई फ्रीजर ना होने, इंडिया मार्का-2 नल से पीला पानी आने, यात्रियो के बैंठने बाले स्थान पर कई पंखो के खराब होने,, नजीबाबाद रोडवेज बसस्टैंड से नजीबाबाद डिपो व अन्य डिपो बाली दिल्ली व मेरठ की दिशा मे जाने बाली बसो मे चालक परिचालक द्वारा किरतपुर और बिजनौर की सवारी ना बैठाने की बात कहते हुये कहा कि अगर इन डिपो की बसो मे किरतपुर और बिजनौर की कोई सवारी बैठ भी जाती है तो उसे बिजनौर मे बैराज मार्ग पर सिचाई विभाग के कार्यलय के पास उतार दिया जाता है और पैसेजर को पुनई रिक्शा पकडकर शहर को जाना पडता है इसके अलावा शिकायत मे आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने नजीबाबाद रोडबेज बस स्टैड पर पेशाब धर के पास ही पीने के पानी की टंकी बनाने तथा पेशाब धर की रोजाना सफाई ना होने इस कारण भंयकर बदबू उठने गंदगी फैलने तथा पेशाब धर मे फिनाईल आदि ना डाले जाने की बात कही है। आटीआई कार्यकर्ता ने उचित कार्यवाही की मांग की है ताकि बसस्टैड पर यात्रियो को मूलभूत सुविधाये मिल सके। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस संबंध में सयुक्त सचिव भास्कर पांडे को कार्यवाही के दिशा निर्देश जारी किए हैं।

## भोलेनाथ जी का हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण



**नगीना (बिजनौर) मनमीत सिंह**

नगीना मोहल्ला लाल सराय स्थित शिव मंदिर पर श्रावण मास के पहले सोमवार को भगवान भोलेनाथ जी का हवन पूजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मध्य में भाजपा नेता रोहित रवि ने चित्तौड़गढ़ पुलिस चौकी एवं नगीना- बिजनौर फाटक के आसपास प्रसाद वितरित किया, पूर्व विधायक सतीश गौतम ने लोगों के सुख शांति की कामना की ।कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने मिलजुल कर सहभागिता की इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम , भाजपा नेता रोहित रवि, शीशराम रवि, बाबूराम, रमेश कुमार, बिशना सिंह, सीताराम सिंह, गोपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, ओशो , अमूल नंदा, मुन्नू सिंह, इंदर चौधरी, दीपक हिरनवाल, प्रिंस कुमार, राजेंद्र कुमार, कुमार, प्रमोद कुमार, रमन कुमार, बसंत दीवान एवं स्थानीय व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 307 का झूठा केस दर्ज कराने वाले व्यक्ति को पुलिस ने भेजा जेल

पहल टुडे / आकाश तोमर



स्योहारा। भाई को फसाने के लिए अपने आप खुद को गोली मारने वाले को पुलिस ने भेजा जेल। अपने ही भाई से रखता था आपसी रंजिश। पुलिस की विवेचना में हुआ षड्यंत्र पदार्फाश। थाना क्षेत्र के ग्राम सेलाखेड़ी निवासी सूरजभान पुत्र हीरा सिंह के बीती 24 जून को बिजनौर तारीख से लौटते समय गांव के नजदीक एक ट्यूबेल के पास गोली लग गई थी। जिसमें सूरजभान गंभीर रूप से घायल हो गया था.। घटना से पुलिस प्रशासन व परिजनों में कोहराम मच गया था। घायल अवस्था में सूरजभान को स्योहारा सीएचसी पर भर्ती कराया गया था। जहां पर सूरज भान ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई सुरेंद्र उससे रंजिश रखता है और उसने ही बिजनौर से लौटते समय उसके गोली मारी है। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू कर दी। जिसमें घटना झूठी पाई गई। थानाध्यक्ष राजीव चौधरी ने बताया कि आज मुकदमा अपराध संख्या 240 / 22 धारा 307 आईपीसी में संबंधित सूरजभान पुत्र हीरा सिंह ने पंजीकृत कराया गया था। जिसमें विवेचना के दौरान सूरजभान द्वारा निजी स्वार्थ के लिए अपने भाई सुरेंद्र को फसाने के लिए झूठा मुकदमा लिखाया गया था। विवेचना के दौरान धारा 307 आईपीसी की घटना का होना नहीं पाया गया। घटना पूर्णतया झूठी साबित हुई है अतः मजरब सूरजभान पुत्र हीरा सिंह निवासी सेलाखेड़ी थाना स्योहारा जनपद बिजनौर को धारा 195. 211 आईपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय बिजनौर भेजा गया है।

# सीएम अरविंद केजरीवाल को राहुल प्रधान ने कहा निकम्मा मुख्यमंत्री

### सिंगापुर यात्रा को लेकर दिल्ली सीएम को सुनाई खरी खोटी

पहल टुडे / फाईज अली सैफी



गाज़ियाबाद। भाजपा किसान मोर्चा पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राहुल प्रधान ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा हैं, उन्होंने सिंगापुर की यात्रा पर शोर-शराबा करने को अशोभनीय व्यवहार बताते हुए निंदा की हैं। उन्होंने ट्वीट कर अरविंद केजरीवाल से पूछा जब आपके पास एक भी विभाग नहीं हैं, बिना विभाग के मुख्यमंत्री के रूप में देश में झूठ परोसने का काम कर रहे हो तो सिंगापुर जाकर विश्व भर के मेयर्स को संबोधन में क्या बताओगे ? उन्होंने आगे लिखा, पूरे विश्व को यह बताने के लिए आप सिंगापुर जाना चाहते हैं कि दिल्ली के तीन मेयर आपके दरवाजे पर महीनों बैठे रहे और आपने उनको निगम चलाने के लिए फंड देना तो दूर उनसे मिलना भी मुनासिब नहीं समझा। प्रधान ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली को चलाने के हर मोर्चे पर नाकाम हो गए हैं और इतिहास के सबसे निकम्मे मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जाना जाएगा। क्योंकि, यह पहला मौका हैं, जब एक मुख्यमंत्री के पास न कोई मंत्रालय हैं, न किसी विभाग की जिम्मेदारी, दिल्ली की समस्या देख लेते पहले।

राहुल प्रधान ने लिखा कि एक ऐसा मुख्यमंत्री जो दिल्ली की देश में फजीहत करा रहा हैं, अब देश की फजीहत कराने के लिए उनका उतावलापन जगजाहिर हैं, बेहतर होता कि सिंगापुर जाने के बजाय दिल्ली के उन बस्तियों में जाकर दिल्लीवासियों का हाल पूछते जिन्हें पीने का पानी नहीं मिल रहा हैं। जलभराव की समस्या से जो लोग परेशान हैं। गौरतलब है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सिंगापुर जाने की अभी तक मंजूरी नहीं मिली हैं। इस कारण इस बात को लेकर विवाद बढ़ रहा हैं। केजरीवाल का कहना है कि वो एक राज्य के मुख्यमंत्री हैं, कोई अपराधी नहीं हैं, जो उन्हें अनुमति नहीं दी जा रही।

## शाहजहांपुर में 24 घंटे में 45 अपराधी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर** शाहजहांपुर में पुलिस 24 घंटें में 45 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दबिश डाली। इसमें जुआं खेलने वाले, अवैध शस्त्र रखकर घूमने वाले, अवैध शराब का कारोबार करने वाले और मुकदमों में वांछित चल रहे अपराधी शामिल हैं। एसपी ने कहा, ?इसी तरह अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है ?ढ एस आंनद ने बताया, ?शाहजहांपुर में कच्ची शराब बनाने का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर होता है। शहर के कुछ मोहल्लों से लेकर गांवों में कच्ची शराब बनाने का कारोबार होता है। जिसकी पूरी जानकारी पुलिस को भी होती है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ छापा मारा।

# शिव भक्तों की परेशानी का कारण बनेगा नगर का जाम

पहल टुडे / आकाश तोमर



स्योहारा। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जाने वाले शिवभक्त कांवड़िए नगर के मुख्य चौराहों से गुजरते हैं। नगर के मुख्य चौराहों में लगने वाला जाम शिवभक्त कांवड़ियों की समस्याओं को बढ़ाएगा। जाम से निबटने के लिए प्रशासन को जाम की समस्या से दो दो हाथ करने होंगे। हजारों की संख्या में कांवड़िए कांवड़ को लेकर स्योहारा नगर के मुख्य चौराहों से गुजरते हैं। इन चौराहो में पल पल जाम की स्थिति बनी रहती हैं। अब ऐसे में जबकि शिवभक्तों का सैलाब इन चौराहों से गुजरेगा तो कांवड़ियों को परेशानी का सामना करना होगा। उन्हें जाम का झाम झेलना पड़ेगा। इन दिनों भी कांवड़िए जाम को झेल रहे हैं। अब जब पर्व की तिथि नजदीक आती रहेगी कांवड़ियों की भीड़ भी बढ़ती रहेगी जिससे यह जाम कांवड़ियों की परेशानियों का सबब तो बनेगा ही। स्योहारा नगर के मुख्य चौराहों धामपुर चुंगी, थाना चौराहा, हाजी इलियास पंप चौराहा से हजारों शिवभक्त कावड़िए कांवड़ लेकर गुजरते हैं। पुलिस वालों की ड्यूटी के बावजूद भी इन चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण यहां से गुजरने वाले शिव भक्तों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### फटपाथों से हटाया जाए अतिक्रमण

दुकानों के बाहर फुटपाथों पर फैला अस्थायी अतिक्रमण भी जाम की समस्या को बढ़ाता है। अतिक्रमण से मार्ग सकरे हो जाते है और शिवभक्त कांवड़ियों को निकलने में अवरोध उत्पन्न होता है। ऐसे में आवश्यकता है कि कांवड़ मेले तक फुटपाथों से अस्थायी अतिक्रमण को हटवा दिया जाए।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लोगों ने ब्लाक में बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौपा

पहल टुडे / हिमांशु कौशिक



बिजनौर, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लोगों ने ब्लाक में बिजली कटौती को लेकर ज्ञापन सौपा। जलीलपुर ब्लॉक राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के लोगों ने जलीलपुर बिजली घर के उप खण्ड अधिकारी के नाम एसएसओ सतपाल सिंह को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने कहा किस शासन आदेश अनुसार 18 घंटे बिजली देने के आदेश हैं जलीलपुर क्षेत्र में बिजली कटौती की जा रही है। कभी-कभी पूरा दिन और रात में 4 से 5 घंटे की बिजली कटौती की जाती है जिसमें किसानों की धान की फसल लगाने में डीजल का प्रयोग करना पड़ रहा है उन्होंने निवेदन किया कि रात को बिजली ना काटी जाए व दूसरा ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को दिया उसमें उन्होंने खानपुर से शाहपुर भसोंड़ी मार्ग जो कि सुल्तानपुर से होकर निकलता है जिसकी हालत बहुत खराब है जिसमें जगह-जगह गड्ढे और पानी भरा हुआ है जिसमें लोगों के आवागमन में बहुत ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी मार्ग पर डॉ अंबेडकर हाई स्कूल है जिसके सामने बहुत कीचड़ और पानी भरा हुआ है। जिसमें स्कूली बच्चों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है। उन्होंने कहॉ कि मार्ग की जांच कराकर मार्ग को बनवाने की कृपा करें और ज्ञापन के माध्यम से कहा कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी दोनों से वातालाॅप कर ली है जल्द से जल्द मार्ग को ठीक करा दिया जाएगा।

## महापौर एवं नगर आयुक्त ने सभी को बुलाकर वितरण किए पदोन्नति के पत्र

# स्वास्थ्य विभाग के 13 सफाई कर्मचारियों की हुई पदोन्नति





पहल टुडे /फाईज अली सैफी

गाज़ियाबाद। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के 13 सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति की गई, यह पद बहुत दिनों से रिक्त पड़े थे। जिसके कारण शहर के वार्डो में सफाई व्यवस्था में परेशानी आ रही थी। यह 13 सफाई कर्मचारी राकेश, सुधीर, मदन, नेमपाल, श्याम सिंह, अमर सिंह, दलीप कुमार, राजेश, अशोक मकवाना, जय किसन, प्रकाश, ब्रह्म पाल, एवं राज सिंह पिछले 35 से 36 वर्षो से नगर निगम में कार्य कर रहे हैं। कार्य की बाद्धता के कारण इनको सफाई नायक बनाकर कार्यभार सौंपा गया हैं। इन स्थाई कर्मचारियों ने इतने समय नगर निगम की सेवा करी हैं। आज इस सेवा का फल इनको मिला हैं, जिसके क्रम में महापौर एवं नगर आयुक्त ने इनको बुलाकर पदोन्नति पत्र दिया हैं और भविष्य में इसी प्रकार कर्मठता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया हैं। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष डॉ मिथलेश कुमार द्वारा बताया गया कि यह 13 स्थाई कर्मचारी बहुत समय से निगम में अपनी सेवा दें रहें हैं और बहुत अच्छा कार्य भी कर रहे हैं। रिक्त पदों को देखते हुए इनकी पदोन्नति की गई हैं, जिसके ये वास्तव में हकदार हैं। पदोन्नत हुए कर्मचारियों द्वारा महापौर आशा शर्मा तथा नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर का धन्यवाद व आभार जताया गया।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित मिले 3 बीडीओ

**सीडीओ ने वीडियो कॉलिंग से की उपस्थिति की जांच**

**वेतन आहरण पर लगी रोक, कारण बताओ नोटिस जारी**

**पहल टुडे ब्यूरो**

देवरिया।मुख्यमंत्री जी, मुख्य सचिव एवं जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सभी अधिकारी, कर्मचारी पूर्वान्ह 10.00 से 12.00 बजे तक कार्यालय में बैठकर जनसमस्याओं को सुनते हुए उनका त्वरित निस्तारण करायेंगे,तथा समय-समय पर अधिकारी, कर्मचारियों की कार्यालय में उपस्थिति की भी जॉच कर लिया जाए। इसी क्रम आज मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने पूर्वान्ह 10.25 बजे 05 अधिकारियों के द्वारा वीडियो कालिंग के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारियों के ब्लाक पर पहुँचने एवं जन सुनवाई करने की उपस्थिति की जॉच की, जिसमें खण्ड विकास अधिकारी देसही देवरिया विनय कुमार द्विवदी, खण्ड विकास अधिकारी पथरदेवा अनिल कुमार सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी बैतालपुर राजीव गुप्ता अनुपस्थित पाए गए।03 अनुपस्थित खण्ड विकास अधिकारियों का आज का वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न होने पर विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जायेगी।

## जनपद स्तर पर 20 जुलाई को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का होगा आयोजन

देवरिया।उप कृषि निदेशक विकेश कुमार ने बताया है कि जनपद स्तर पर 20 जुलाई दिन बुधवार को समय 12:00 बजे से 02:00 बजे तक किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्थान गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में किया जायेगा, जिसमे किसानों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान समयान्तर्गत संबंधित अधिकारियों ,विशेषज्ञों द्वारा कराया जाएगा।

# संविदा लाइनमैन का शव उपकेंद्र परिसर में रखकर किया धरना- प्रदर्शन

**परिवार के एक सदस्य को नौकरी और पांच लाख मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे संविदाकर्मी**

**विधायक सुरेंद्र चौरसिया और एसडीएम सदर की पहल पर शव के दाह संस्कार के लिए हुए राजी**

**सोनू गोंड़/पहल टुडे**



तरकुलवा(देवरिया)।तरकुलवा विद्युत वितरण उप केंद्र के गोपालपुर गांव में सोमवार को विद्युत फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से प्राइवेट लाइनमैन की मौत हो गई।मौत के बाद आक्रोशित संविदाकर्मियों एव ग्रामीणों ने मंगलवार को शव को विद्युत उपकेंद्र परिसर में रखकर धरना-प्रदर्शन किया। संविदाकर्मी मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और मृतक की विधवा को पांच लाख रुपए मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। करीब छह घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया एवं एसडीएम सदर सौरभ सिंह के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त किया।एसडीम सदर ने आश्वाशन दिया कि फसल बीमा के तहत चार लाख कि धन राशि दिलाया जाएगा। इसके बाद परिजन शव के दाह संस्कार के लिए राजी हुए।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरवनिया गांव के निवासी संविदा कर्मचारी उमेश यादव सोमवार को थानाक्षेत्र के गोपालपुर गांव में बिजली का फाल्ट ठीक करते समय विद्युत की चपेट में आ गए थे।घायलावस्था में इलाज के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया।डॉक्टरों ने हालात गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।मेडिकल कालेज जाते समय उनकी मौत हो गई थी।विद्युत निगम के संविदा लाइनमैन का शव जब गांव आया तो संविदाकर्मी परिजनों के साथ शव को मंगलवार की सुबह छह बजे ही विद्युत उपकेंद्र परिसर में रखकर पांच लाख रुपए के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग पर अड़ गए। उधर संविदाकर्मियों ने सोमवार की रात्रि करीब सात बजे से ही क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति को बाधित कर दिया। जिससे समूचे इलाके में उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे।मंगलवार की शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नही हो सका था। इसकी सूचना पर रामपुर कारखाना के विधायक सुरेन्द्र चौरसिया, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी सहित विद्युत निगन के कई अफसर मौके पर पहुंच गए।इस दौरान अधिशासी अभियंता ब्रजेश कुमार,एसडीओ प्रतियूस वल्लभ ,ओरियन मैनेजर रामप्रताप सिंह ,तरकुलवा थानाध्यक्ष टीजे सिंह मय फोर्स तैनात रहे। काफी मान मनौव्वल के बाद संविदाकर्मियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन देकर धरना-प्रदर्शन को समाप्त किया।विद्युत संविदा मजदूर संगठन के अध्यक्ष विपिन विश्वकर्मा द्वारा दिए गए मांग पत्र में मृतक संविदाकर्मी के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने, पांच लाख रुपए का तत्काल मुआवजा देने, इस घटना की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कर्रवाई करने तथा आएदिन हो रही संविदाकर्मियों की मौतों पर ठोस कदम उठने और लाइन पर कार्य कर रहे संविदाकर्मियों की मौतों पर रोक लगाने की मांग शामिल थी।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रामअशीष गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष जीवन पति त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज उर्फ राजू भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

**फास्ट ट्रैक**

# पुलिस के रवैए से आहत श्रीराम सेवा दल ने सौंपा ज्ञापन भूख हड़ताल की चेतावनी

रामसनेही घाट बाराबंकी। राम सेवा समिति दल के द्वारा पुलिस के रवैया से आहत होकर दिनांक 22 जुलाई 2022 तक समाधान ना होने पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल हेतु ज्ञापन जिलाधिकारी संबोधित उप जिलाधिकारी रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री डी एन एस त्यागी के नेतृत्व में सौंपा गया उक्त प्रकरण मैं पीड़ित आशीष कुमार शुक्ला पुत्र स्वर्गीय संसार नाथ निवासी ग्राम पूरे शुक्लन मजरे सुपा मऊ थाना असंद्रा जनपद बाराबंकी के द्वारा लिखित शिकायत आई जी आर एस के माध्यम से दिनांक 15 जुलाई 2022 को दी गई तथा मांग की गई मुकदमा अपराध संख्या 274 /2022 धारा 308 323 324 504 392 506 में शातिर मुलजिम की गिरफ्तारी के समय मिलीभगत करके जांच अधिकारी उप निरीक्षक द्वारा बिना पीड़ित पक्ष के चश्मदीद गवाहों के बयान के बगैर ही मनमाने ढंग से पीड़ित का मुकदमा झूठा साबित करने तथा जमानत में सहूलियत करने की नजरिया से संगीन दो धाराएं 392 तथा 506 हटा दी गई जबकि मात्र एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया बाकी अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं जिससे प्रतीत होता है की असंद्रा पुलिस के द्वारा अपराधियों को भ्रष्टाचार में लिप्त होकर संरक्षण दिया जा रहा है उक्त प्रार्थना पत्र में पीड़ित पक्ष के द्वारा मांग की गई की दर्ज एफ आई आर में हेराफेरी करने वाले उपनिरीक्षक पर संवैधानिक कार्यवाही करते हुए शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी करवाई जाए तथा पुनः विवेचना किसी अन्य सक्षम अधिकारी के द्वारा कराई जाए उक्त प्रार्थना पत्र पर थाना असंद्रा पुलिस की ढुलमुल रवैया को देखते हुए सेवा समिति दल उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा ज्ञापन के साथ मांग की गई अगर पीड़ित पक्ष के उपरोक्त समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो निश्चित दिनांक 22 जुलाई 2022 को पीड़ित आशीष कुमार शुक्ला के साथ सामूहिक भूख हड़ताल मुख्यालय तहसील रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी में किया जाएगा जिसकी लिखित सूचना क्षेत्राधिकारी रामसनेहीघाट एवं थानाध्यक्ष थाना असंद्रा को दी जा चुकी है।

## संदिग्ध परिस्थितयो मे किसान की हुई मौत

**खेत मे पडा पडा शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा।**



बाराबंकी ।जिले के अंसद्रा थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बा स्थित एक डिग्री कॉलेज की समीप एक किसान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार देर रात खेत में पड़ा मिला।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराया।पुलिस हार्ट अटैक से मौत मानकर जांच कर रही है।अंसद्रा थाना क्षेत्र के देवरा झलिया गांव निवासी जयसिंह यादव (40) पुत्र स्व. नन्हेलाल सोमवार बीती रात हैदरगढ़ नईसड़क मार्ग स्थित सुखलालपुरवा गांव मोड़ के समीप ट्रैक्टर लेकर जोताई करने गया था। बताया जाता है कि रात में पड़ोसी गांव पूरेचंद्रमन का अहरवादीन जब खेत पहुंचा। वहां नजारा देख उसके होश उड़ गए। क्योंकि उसके मुताबिक खेत में जयसिंह (36) की शव पड़ा था।वही उसके ट्रैक्टर का इंजन चालू था।इसकी सूचना पर परिजन पहुंच गए।हलका दरोगा राज किशोर दुबे ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों के मुताबिक मृतक ब्लड प्रेशर का मरीज था संभवतः हार्टअटैक से मौत हुई है।

# 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में खण्ड स्तरीय खेल महोत्सव के तहत क्रीडा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**पहल टुडे ब्यूरो/ रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता**



मारहरा।विकास खण्ड मारहरा में एमजीएचएम इंटर कालेज के खेल मैदान पर 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में खण्ड स्तरीय खेल महोत्सव के तहत क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल महोत्सव के नोडल अधिकारी/ संयोजक डा0 सुधीर कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य एमजीएचएम इंटर कालेज मारहरा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। खेल महोत्चव के दौरान भीषण गर्मी के चलते भी बच्चों में खेल के प्रति जबरदस्त उत्साह देखते ही बन रहा है।

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित ब्लाक स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईओएस मिथिलेश कुमार ने कहा कि खेलकूद एक व्यक्ति के दिमाग को स्वस्थ और सक्रिय रखने में मदद करता है। जिसके कारण उनकी नकारत्मक उर्जा दूर हो जाती है। और सभी जगहों पर सकारात्कम उर्जा फैल जाती है। खेल खिलाडियों को मजबूत, आत्मविश्वासी, और कुशल बनाता है साथ ही खिलाडियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास और चरित्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर बालिका वर्ग में निशा प्रथम, रंजना द्वितीय एवं प्राची तृतीय रही।100 मीटर बालक वर्ग में संदीप प्रथम, गंभीर सिंह द्वितीय, एवं उत्तम कुमार तृतीय रहे। 200 मीटर बालिका वर्ग में मोहिनी प्रथम, शांति द्वितीय एवं रत्नेश तृतीय रही।200 मीटर बालक वर्ग में सतेन्द्र, सौरभ, सनी, आकाश, सुभाष एवं बॉबी विजई रहे। कबडडी में एलपीएसएस इंटर कालेज विजेता एवं एमजीएचएम इंटर कालेज उप विजेता रहे। वही कबडडी 14 बर्षीय में अमृतपुर टीम विजेता एवं दतेई की टीम उप विजेता रही। खोखों प्रतियोगिता में द्रोपादेवी कालेज विजेता एवं एमजीएचएम इंटर कालेज उप विजेता रही। बालक वर्ग कबडडी में कल्याणी कालेज विजेता एवं सोनपाल सिंह कुशवाह इंटर कालेज टीम उप विजेता रही। पूर्व माध्यमिक स्कूल नगरिया ताड विजेता एवं पूर्व मा0 विद्यालय दतेई उप विजेता रही। कार्यक्रम का संचालन राजीव वर्मा, ईश्वरी प्रसाद एआरपी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में ब्लाक पीटीआई जयराज सिंह, पीटीआई प्रतेन्द्रपाल सिंह, मनीष दुवे, मनोज कुमार, अरूणकांत, धर्मेन्द्र, इंन्द्रेश, चन्द्रप्रभा भारती, शरद चौहान, दिलीप कुमार, अवनीश, चमन, प्रवीण कुमार, कल्पना, लोकेश, राहुल वर्मा, मुनेश सिसौदिया, ज्ञानेन्द्रपाल सिंह, प्रदीप फौजी, मौहम्मद नाजिम, मोनिका, दलबीर सिंह, संतप्रकाश, प्रिन्स, योगेश राजपूत, रामकुमार आदि खेल प्रशिक्षक एवं शिक्षक/शिक्षिकाऐं मौजूद रहे।

**मारहरा। 75 बें अमृत महोत्सव पर होने बाली खेलकृद प्रतियोगिता एमजीएचएम कालेज के खेल मैदान में कराई गई लेकिन इस भीषण गर्मी में बच्चों को खडे होने के लिए छाया की कोई व्यवस्था ना होने के चलते कई बच्चे धूप व गर्मी में वेहोश भी हुए जिनको चिकित्सकों का सहारा भी लेना पडा।**

## खेत में कीट नाशक दवा छिड़कते समय हुई युवक की मौत



**दैनिक पहल टुडे**

बडगांव सहारनपुर क्षेत्र के जड़ौदा पांडा ग्राम पंचायत के मजरा किशनपुर मे खेतो मे डाली जाने कीट नाशक दवा का छिड़काव करते हुए ५५ वर्षीय अरुण त्यागी पुत्र देवदत्त अचेत हो गया जिसको परिजन देवबंद ले गए जन्हा डॉक्टरों ने उसे मृतक घोषित कर दिया और परिजनो ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर लाकर उसका अन्तिम संस्कार कर दिया गौरतलब है कि देश में कीट नशाको से लगातार मौत हो रही हैं इन्हीं को देखते हुए कृषि एवम किसान कल्याण मंत्रालय ने हाल ही में भारत मे १८कीट नाशको को प्रतिबंधित कर दिया है

# 160 जन सेवा केंद्र संचालकों की आईडी निरस्त

**सरकारी योजनाओं के विस्तार में नहीं ले रहे थे रुचि, नागरिकों को लाभ मिलने में हो रही थी असुविधा**

**डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

**पहल टुडे ब्यूरो**

देवरिया।जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर आयुष्मान भारत पखवाड़ा, लेबर रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, किसान मानधन योजना व अन्य योजनाओं के विस्तार में रुचि न लेने पर 160 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त कर दी गई है। इन केंद्रों के संचालकों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में रुचि न लिए जाने के कारण संबंधित ग्राम पंचायतों के लाभार्थी इन योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन, डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सोसायटी के सचिव कुँवर पंकज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद 160 जनसेवा केंद्र के संचालकों की आईडी को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर से संबंधित अनुबंधित डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर के स्तर से जनपद में नियुक्त/अधिकृत जिला प्रबंधक, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड देवरिया को इस संबन्ध में आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।उन्होंने बताया कि जिन केंद्रों के संचालकों का लॉगिन आईडी निरस्त किया गया है, उनमें ब्लॉक बैतालपुर के ग्राम जमुआ, इजराही माफी, तेन्दुआ, ब्लाक बनकटा के ग्राम पिपरा दखिन पट्टी, इंगुरी सराय, ब्लाक बरहज के ग्राम पचौहा, बरहज, गौरा बरहज, दियोपार वीर सिंहपुर, बडया हारदो, बरांव, ब्लाक भागलपुर के ग्राम पानिका, अरिला, तेलिया अफगान, कटियार, ब्लाक भलुअनी के ग्राम कुसुम्हा, मिसरा खुदिया, तेन्दुआ, ब्लाक भटनी के ग्राम तेघरा, तेनुआ, मगराइच, धनउर, भटनी बाजार, ब्लाक भाटपाररानी के ग्राम छितरौली, भाटपाररानी, ब्लाक सदर के ग्राम डुमरिया, देवरिया, ब्ब्लाक देसही देवरिया के ग्राम भुजौली, ब्लाक गौरी बाजार के ग्राम सुरजपुर, परसिया, कुवर बखरा, उभावोन, गौरी बाजार, ब्लाक लार के ग्राम करजहा, बभनौली बाबू, पैकौली, ग्राम पथरदेवा के ग्राम मलवावार, ब्लाक रामपुर कारखाना के ग्राम कुसमाहा उर्फ बेलवा, चकरवा धूस, रामपुर कारखाना, ब्लाक रुद्रपुर के ग्राम करौता, मनिहारपुर, ब्लाक सलेमपुर के ग्राम सहाला, अहरौली धमउर, पुरैना, कामारिया, गोपालपुर, कोलहुआ, अनुआपार, लोहरा बभनौली, जमुआ 01 तथा जमुआ 2 सम्मिलित है।

# पथरदेवा विधानसभा के तरकुलवा, पथरदेवा, बैतालपुर नगर पंचायतों का हो गया गठन

**कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को प्रस्ताव हुआ पास**

**क्षेत्र के लोगों ने दी कृषि मंत्री को दी बधाइयां**

**परशुराम शर्मा / ब्यूरो चीफ पहल टुडे**

देवरिया।पथरदेवा विधानसभा में 3 नगर पंचायतों का होगा गठन हो गया। जिनमें तरकुलवा, पथरदेवा व बैतालपुर शामिल हुआ है। पथरदेवा विधायक सूर्य प्रताप शाही के दोबारा कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर नगर पंचायतों के गठन की आस बढ़ गई थीं।आखिरकार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मंगलवार की हुई कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया।इन गांवों का ग्रामीण कहलाने वाले अब वे नगरवासी कहलाने लगेंगे। अभी तक इस विधानसभा में एक भी नगर पंचायत नहीं है।जिले की सलेमपुर और रामपुर कारखाना विधानसभा में सबसे अधिक 3-3 नगर पंचायतें हैं।

विधानसभा चुनाव के दौरान जिले की हॉट सीट मानी जाने वाली पथरदेवा में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही दोबारा चुनाव जीत गए।उन्होंने पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी को पटखनी दी थी।25 मार्च को उन्होंने एक बार फिर कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर लिया है। पिछले कार्यकाल में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पथरदेवा विधानसभा में तीन नगर पंचायतों के गठन का प्रस्ताव पास हुई । इसके तहत पथरदेवा, तरकुलवा और बैतालपुर के अलावा दो अन्य जगहों का प्रस्ताव गया हुआ था। आस सभी जगहों के लोग लगाए बैठे थे।कि अब श्री शाही के दुबारा कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर ग्रामीणों को नगर पंचायत के गठन की आस बढ़ गई है। ग्रामीणों का आस आखिरकार रंग लाया।और शासन ने प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। इसके बाद ग्रामीण नगरवासी कहलाने के हकदार बन गए।इसके अलावा दो नगर पंचायतों का गठन का प्रस्ताव पूर्व राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद के विधानसभा रुद्रपुर क्षेत्र से किया गया था।लेकिन श्री शाही के कैबिनेट मंत्री बनने पर नगर पंचायतों के गठन की उम्मीद बढ़ गई है।पथरदेवा विधानसभा में एक भी नहीं है नगर पंचायत जनपद में दो नगर पालिका और नगर पंचायत का गठन हुआ है।इनमें से रामपुर कारखाना विधानसभा में बरियारपुर, भटनी और रामपुर कारखाना एवं सलेमपुर विधानसभा में लार, मझौली राज और सलेमपुर नगर पंचायत सम्मिलित है। जबकि रुद्रपुर विधानसभा में एक, देवरिया सदर में दो, बरहज में एक और भाटपार रानी विधानसभा में भी एक नगर पंचायत काम करती है। जिले की पथरदेवा विधानसभा में एक भी नगर पंचायत नहीं है।ऐसे में श्री शाही के प्रस्ताव पर अमला जाम पहना दिया गया। इस विधानसभा में जिले की सबसे अधिक नगर पंचायतों का गठन हो जाएगा।नगर पंचायत बनने से कहीं खुशी होगी तो कही गम भी होगा।नगर पंचायत बनने पर क्षेत्र के जीवनपति त्रिपाठी,राजेश सिंह सेंगर, ब्लॉक प्रमुख रामअशीष गुप्ता,रामाश्रय गुप्ता,मुकेश गुप्ता,रामप्रवेश यादव,धीरज मिश्रा, गोलू सिंह,संदीप मोदनवाल आदि ने कृषि मंत्री को बधाई दी है।

# आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा सामाजिक अंकेक्षण

**सफलता को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगाएं गये है पोस्टर-बैनर**

**आईसीडीएस निदेशक ने दिये आवश्यक निर्देश, जीविका का मिलेगा सहयोग**

**पहल टुडे**



किशनगंज , (मोहम्मद अजीमुद्दीन) समेकित बाल विकास सेवा आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए वर्ष में 02 बार 20 जून एवं 20 दिसम्बर को सामाजिक अंकेक्षण(सोशल ऑडिट ) कार्यक्रम किया जाता है।सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 20 जून को सोशल ऑडिट संबंधी कार्य किया जाना था किन्तु पल्स पोलियो कार्यक्रम के कारण विभागीय आदेश के आलोक में यह कार्यक्रम 20 जुलाई को किया जा रहा है ।सोशल ऑडिटिंग की मदद से आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए सामाजिक अंकेक्षण समिति में समुदाय आधारित संस्था व स्वयं सहायता समूह के सदस्य की भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। इस कार्य को सुनिश्चित कराने को ले आईसीडीएस के निदेशक ने एक पत्र जारी कर डीपीओ एवं सीडीपीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी को भी जारी किए पत्र की प्रतिलिपि भेजी गयी है।सामाजिक अंकेक्षण की सफलता को ले की जा रही है आवश्यक तैयारी :- आईसीडीएस के राष्टीय पोषण अभियान के जला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया की सामाजिक अंकेक्षण कार्य की सफलता को ले आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के सभी सीडीपीओ को विभागीय निर्देश के आलोक में कार्यालय से आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।इसके साथ ही अपने-अपने प्रखंड के सभी सेविकाओं को भी व्यापक पैमाने पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के लिए सीडीपीओ को कहा गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके और वह निर्धारित तिथि व समय पर आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित होकर सरकार की योजना से अवगत हो सकें। सोशल ऑडिटिंग में योजनाओं की दी जाएगी जानकारी - सरकार द्वारा निर्देश के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों का सामाजिक अंकेक्षण स्थानीय केंद्र अथवा उसके नजदीक किसी सार्वजनिक स्थल पर कराया जाएगा एवं इस दौरान उस केंद्र पर गठित सामाजिक अंकेक्षण समिति के सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी।20 जुलाई को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सामाजिक अंकेक्षण(सोशल ऑडिट ) कार्य होगा।इसके साथ ही पंचायत के विकास मित्र, पंचायत सचिव एवं संबंधित केंद्र के दो चयनित लाभार्थी सदस्य के रूप उपस्थित रहेंगे।इसके अलावा पोषक क्षेत्र के सभी लाभार्थी भी मौजूद रहेंगे।

# 12वीं के बाद गणित विषय से बीएससी कर बनाएं अपना कैरियर: कमलेश चौधरी

**गणित विषय में उच्च शिक्षा लेकर बढ़ाएं कैरियर की अपार संभावनाऐं**

**श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में 12वीं के छात्रों की कैरियर काउंसिल की गई**

**पहल टुडे/अजय बरया**

ललितपुरःशहर के श्री दीपचंद चौधरी महाविद्यालय में इंटरमीडिएट पास छात्र-छात्राओं की कैरियर काउंसलिंग की गई। इस मौके पर प्रबंधक कमलेश चौधरी और प्राचार्य डॉ जे तोमर सहित गणित प्रवक्ता ने छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट के बाद गणित विषय से बीएससी करने के फायदे बताए, इसके साथ ही इस विषय से बीएससी करने से भविष्य में मिलने वाली सफलताओं के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

श्री दीपचंद्र चौधरी महाविद्यालय में आयोजित कैरियर काउंसिल में प्रबंधक कमलेश चौधरी ने विद्यार्थियों को बताया गया कि गणित विषय से बीएससी से करने के बाद विद्यार्थी के पास काफी विकल्प रहते है।बीएससी गणित वाला विद्यार्थी कोडिंग से लेकर मैनेजमेण्ट तक किसी भी फील्ड में जा सकता है। क्योंकि हर क्षेत्र मे गणित का उपयोग आजकल जरूरी हो गया है। इसलिये बीएससी गणित के बाद आप किसी क्षेत्र में जॉब आसानी से पा सकते हैं। प्राचार्य डॉ जे एस तोमर ने कहा कि बीएससी गणित विषय लेकर पढ़ाई करने से आपकी कल्पना शक्ति बढ़ जाती है। इसके अलावा तार्किक शक्ति भी बढ जाती है। बीएससी की पढ़ाई गणित से करने से आप कई क्षेत्रों में जॉब पा सकते है। जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग प्रभारी अंशुल दुबे ने बताया कि गणित विषय से बीएससी करने के बाद अभ्यर्थी डेटा एनालिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऑपरेशनल रिसर्चर, वित्तीय/निवेश विश्लेषक, अनुसंधान सहायक/वैज्ञानिक, मुख्य प्रबंधक, बीमा विज्ञान आदि में नौकरी पा सकते हैं। वहीं गणित प्रवक्ता ने बताया कि वैसे तो गणित विषय को कठिन समझा जाता है, इसका नाम सुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते है। परंतु यदि प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से हैंडिल किया जाये तो आपकी गणित पर अच्छी पकड़ हो सकती है। गणित विषय का अर्थ केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नही है इस विषय में उच्च शिक्षा लेकर कैरियर की अपार संभावनाऐं हैं। राकेश राजन ने बताया कि गणित विषय मनुष्य की ज्ञान की एक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

**जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि जनमानस को सुगम एवं सुरक्षित यातायात मुहैया कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है**

# जिला सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**पहल टुडे**



गाजियाबाद जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा व जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलैक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में आहुत की गयी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि जनमानस को सुगम एवं सुरक्षित यातायात मुहैया कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है अतः सभी संबंधित अधिकारी गण यातायात नियमों का पालन कराना गंभीरता से सुनिश्चित करें। वर्तमान में प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा पर अभियान संचालित कर आमजन को यातायात नियमों के प्रति विभिन्न प्रकार के प्रचार-प्रसार माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सुगम यातायात के लिये एक ओर जहां जनमानस को जागरूक होना होगा वहीं दूसरी ओर शासकीय अधिकारियों को भी कड़ाई से ट्रैफिक नियमों का पालन कराना होगा। सरकारी नियमों का पालन करते हुए बच्चों की सुरक्षा का विद्यालयों की उतनी ही जिम्मेदारी है जितनी की अभिभावकों की। अभिभावक एवं विद्यालय यह सुनिश्चित करें कि जिस वाहन से बच्चा स्कूल आ-जा रहा है, क्या वह वाहन फिटनेस के मानक पूरे कर रहा है।क्या वाहन चालक की पृष्ठभूमि को सत्यापित किया गया है।इन सभी बातों को लेकर हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना एवं छात्र-छात्राओं के जीवन को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा स्कूल बसों के फिटनेस जाँच, स्कूली वाहन चालकों का चरित्र एवं लाईसेन्स का सत्यापन, जनपद में घटित दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर अभिभावकों को जागरूक करना है।वाहन फिटनेस गंभीर विषय है, अभिभावक एवं शिक्षक बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ न करें। समीक्षा में उन्होंने पाया कि जनपद में 258 स्कूली वाहन बिना फिटनेस के संचालित हो रहे हैं जिसके संबंध में उन्होंने सह विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से स्कूल प्रबंधन के साथ प्राथमिकता पर बैठक कर बसों की फिटनेस कराना सुनिश्चित कराएं। यदि ऐसे वाहन स्वामी 15 दिन में फिटनेस नहीं कराते हैं तो उनका पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा साथ ही उन्होंने स्कूली वाहन चालकों के चरित्र एवं ड्राइविंग लाईसेन्स सत्यापित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि निजी स्वामित्व की ऐसी बसें जो स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का कार्य कर रहीं हैं

## दो दलित छात्राओं को क्लास में नंगा कर प्रताड़ित करने वाली अध्यापिकाओं के खिलाफ एससी-एसटी में मुकदमा दर्ज



पहल टुडे

हापुड़ तहसील धौलाना क्षेत्र के कपूर पुर थाना वजीरपुर मैं प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाली दो दलित छात्राओं को अध्यापिका उन्हें मानसिक उत्पीड़न करते हुए क्लास में 2 घंटे निर्वस्त्र कर खड़े रखकर उत्पीड़न किया जिसकी शिकायत परिजनों ने एससी एसटी आयोग पुलिस अधीक्षक थाने में की जिसकी जांच पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा पिलखुवा पुलिस क्षेत्राधिकारी को सौंपी गई एडिशनल एसपी सर्वेश कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया थाना कपूरपुर क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय में घटित घटना के सम्बन्ध में शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें जांचोरांत *02 अध्यापिकाओं* के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## कावड़ यात्रा को लेकर कोतवाली बेहट व मिर्जापुर क्षेत्र में बने चेक पाइंट का निरीक्षण



दैनिक पहल टुडे / अशोक शर्मा

सहारनपुर ,क कावड़ यात्रा को लेकर कोतवाली बेहट व मिजार्पुर क्षेत्र में बने चेक पाइंट का निरीक्षण किया तथा पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए किसी भी कावड़ यात्री को कोई परेशानी न हो तथा कावड़ियों की सुविधा के लिये हर समय तैयार रहे। मंगलवार को एस एस पी डॉ विपिन पांडा ने कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव अनवरपुर-बरौली ,संसारपुर कलसिया, गंदेवड के अलावा बेहट कस्बे में कावड़ियों की सुरक्षा के लिये बने चैक पोस्टो पर पहुंचकर उनका बारीकी से निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कावड़ यात्रा को लेकर सतर्कता बरते और कावड़ियों को रास्ते मे आने जाने के लिये कोई परेशानी न हो ।इस के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन टांडा उत्तर प्रदेश-हरियाणा प्रदेश सीमा पर बनी कोतवाली मिजार्पुर की हथनी कुंड पुलिस चौकी का भी निरीक्षण किया और अधीनस्थों को निर्देश दिये कि हरियाणा ,हिमाचल प्रदेश से सटी इस चैक पोस्ट से आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाये। इस दौरान कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार पांडेय,मिजार्पुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हृदय नारायण सिंह के अलावा उपनिरीक्षक रविन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार सोलंकी,रामकिशन,मान सिंह, आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने बदले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के खाद सुरक्षा अधिकारी

**हापुड़** जिलाधिकारी मेघा रूपम के आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के खादय सुरक्षा अधिकारीयो का क्षेत्र परिवर्तित करते हुए श्री संदीप कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को तहसील गढ़मुक्तेश्वर, श्री शिवदास सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को तहसील धौलाना के साथ नगर पालिका जोन-1 हापुड (अतिरिक्त प्रभार), श्रीमती पूनम, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को नगर पालिका जोन-2, हापुड, श्री ओमप्रकाश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को हापुड देहात एवं नगर पालिका पिलखुआ (अतिरिक्त प्रभार), पर तैनात किया गया है। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी है।

फास्ट ट्रैक

## दहेज लोभी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




महिला के साथ किया जाता उत्पीड़न

**हापुड़ नगर** थाना प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने थाने के मु0अ0सं0 379/2022 धारा 498ए/323/504/506 भादवि व 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित आरोपी हर्ष पुत्र सतीश चंद्र निवासी देवलोक कॉलोनी को महिला के साथ उत्पीड़न वह दहेज मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## झगड़ा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिम्भावली** थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया शान्ति भंग में पुलिस ने संजीव पुत्र तुलसीराम नि0 ग्राम देवली थाना सिम्भावली जपनद हापुड को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी को मा0 न्यायालय चालान किया गया।

## ट्रैक्टर ट्राली व डीसीएम की भिडन्त में कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई



नगीना (बिजनौर) मनमीत सिंह थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत मेन हाइवे पर सिटी डिग्री कॉलेज के निकट डीसीएम नं0 वढ14अळ/2839 की ट्रेक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गयी।जिसमें ट्रेक्टर ट्राली में सवार करीब 20-25 व्यक्तियों में से 5 व्यक्तियों को तथा डीसीएम सवार 3 व्यक्तियों को हल्की चोटें आई।सूचना पाते ही एसपी ग्रामीण राम अर्ज व थाना प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा मौके पर घटना की जानकारी ली और घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद सकुशल उनके गंतव्य स्थान के लिये रवाना कर दिया गया।सम्भवतः ट्रेक्टर चालक को नींद की झपकी आने के कारण ट्रेक्टर डिवाइडर क्रॉस करके दूसरी साइड चला गया था तथा विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम से टकरा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कावंड़ यात्रा : सुरक्षा के दृष्टिगत साइकिल स्क्वाड को हरि झंडी दिखाकर किया गया रवाना



पहल टुडे / फाईज अली सैफी

गाज़ियाबाद।कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को दुरुस्त करने के क्रम में एसपी ग्रामीण ईरज राजा ने मंगलवार दोपहर गंगनहर चौकी से साइकिल स्क्वाड टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही साइकिल स्क्वाड कावंड़ियों की वेशभूषा में तैनात रहेंगा और जनपद में सम्पूर्ण कावंड़ यात्रा मार्ग की सुरक्षा को सुनिश्चित करते एवं क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सतर्क दृष्टि रखेगे। इस कांवड़ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा-व्यवस्था को दुरुस्त करने के दौरान एसपी ग्रामीण ईरज राजा, एएसपी/सीओ सदर आकाश पटेल व सीओ मोदीनगर सुनील कुमार समेत थाना मुरादनगर प्रभारी सतीश कुमार भी मौजूद रहें।

## अवैध शराब तस्कर 13 पव्वे के साथ गिरफ्तार



**धौलाना** थाना प्रभारी निरीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस ने एक शातिर अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, जिस ने पूछताछ में अपना नाम सोमदत्त पुत्र मनफूल निवासी बड़ा मोहल्ला थाना व कस्बा धौलाना जिसके कब्जे से 13 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद किया गये जिसे खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय पेश किया गया न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया

## अवैध चाकू में युवक गिरफ्तार




**हापुड़** नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सोमवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान सलमान पुत्र शरिफ पहलवान निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना हापुड़ नगर कोतवाली को किया गिरफ्तार, जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद।

## भाजपा सांसद फिल्म स्टार मनोज तिवारी ने इंडियन वैद्य टीम को दी शुभकामना




पहल टुडे

नई दिल्ली। भाजपा दिल्ली से सांसद फिल्म स्टार मनोज तिवारी ने इंडियन वैद्य द्वारा आयुष के प्रचार प्रसार के लिए बेहतर कार्य करने के लिए अपनी शुभकामना देते हुए अपने स्तर से हर सहयोग की बात इंडियन वैद्य के मीडिया प्रभारी पंकज त्रिपाठी से कही। इंडियन वैद्य भारतीय चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करने वाली संस्था हैं, जिसके साथ देश के आयुर्वेद सेक्टर के टॉप डॉक्टर के साथ ही एक लॉख से ज्यादा आयुर्वेद के डॉक्टर संस्था के साथ रजिस्टर्ड हैं। वर्तमान समय में देश के बडे.हिस्से भू-भाग में इंडियन वैद्य की टीम जमीनी स्तर पर कार्य कर रही हैं। संस्था के फाउंडर डॉक्टर पियूष जुनेजा ने इस शुभकामना संदेश के लिए सांसद फिल्म स्टार मनोज तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।

## कवि मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को संस्कार भारती ने किया सम्मानित



गुरु पूर्णिमा सप्ताह पर वरिष्ठ साहित्यकार के आवास पहुंच कर दिया सम्मान।

पहल टुडे

कादीपुर-सुल्तानपुर। साहित्य ,संस्कृति व कला के क्षेत्र में देश की चर्चित संस्था संस्कार भारती ने वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' को सम्मानित किया है ।मंगलवार को संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष चन्द्रभूषण द्विवेदी,जिला महामंत्री चिंतामणि शर्मा, कोषाध्यक्ष राम चरित्र पाण्डेय व उपाध्यक्ष उपमा शर्मा साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' के आवास 'विक्रम भवन' पहुंचे।जहां इन लोगों ने अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर कवि जटायु को सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार मथुरा प्रसाद सिंह 'जटायु' के साहित्यिक योगदान को देखते हुए संस्कार भारती की प्रदेश इकाई ने गुरु पूर्णिमा सप्ताह पर सम्मानित करने का निर्णय लिया था। मंगलवार को जिला टीम ने जटायु के आवास पहुंच कर उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर कवि जटायु की पत्नी सुषमा रानी सिंह, राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह 'रवि', ध्यानेंद्र विक्रम सिंह 'ऋषि', सुधा सिंह व वेदांत समेत परिवारीजन मौजूद रहे।

## शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन ने ठाना है कोई नहीं सोएगा भूखा

सुल्तानपुर ब्यूरो।शियाने हैदर ए कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन की जानिब से कल ईद-ए-गदीर के दिन शाम को 3:00 बजे से लेकर रात के 9:00 बजे तक एसोसिएशन के भाइयों ने मेहनत करके ढूंढ ढूंढ कर तमाम मुस्तहक लोगों को जिला अस्पताल,बस स्टॉप,रेलवे स्टेशन और शहर के हर तरफ जा जा कर खाना और पानी तकसीम कर अपनी ईद मनाई।वहीं दूसरी तरफ रात में 10 बजे अमहट चौक में ईद ए गदीर की महफिल में एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष महेश्वर पठान ने इतिहासिक सबील लगा कर मोमनीन की खिदमत की परवरदिगार मौला अली अलैहिस्सलाम के सदके में पूरी दुनिया में जहां-जहां खुशी के मौके पर नेक काम हुआ है सबको मौला के सदके में कुबूल फरमाये और एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी वा सदस्य मौजूद थे।

## बहादुरगढ़ पुलिस का मानवीय कार्य गोवंश की बचाई जान

**बहादुरगढ़** थाना प्रभारी बहादुरगढ़ आशीष कुमार की तत्तपरता व सूझबूझ से बची गौवंश की जान- रात्रि में थाना बहादुरगढ़ पुलिस को सूचना मिली कि उनके थाना क्षेत्रान्तर्गत जंगल में एक गौवंश बहुत गहरे गड्ढे में गिरकर बहुत बुरी तरह फंस गया है, सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ मौके पहुंचे तथा गौवंश की स्थिति देखकर जेसीबी बुलाकर गड्ढे के चारों ओर से खुदवाकर अथक प्रयास के बाद गौवंश को गड्ढे से बाहर निकलवाया, जिससे एक गौवंश का जीवन बच सका।

## सीएमओ सुल्तानपुर की छवि धूमिल कर रहे हैं कुड़वार सीएचसी के डॉक्टर

कुड़वार सीएचसी पर नवागत सीएससी अधीक्षक संजय गुप्ता का डॉक्टरों ने बाहर से दवा लिखकर किया स्वागत।



पहल टुडे

गरीबों के पास पैसे नहीं है दवा लेने के लिए लेकिन डॉक्टरों को उनसे कोई मतलब नहीं है।उनको तो सिर्फ दिखाई दे रहा है अपना कमीशन।एक डॉक्टर साहब ऐसे हैं जो मरीजों के पर्चे में बाहर से दवा लिखते हैं और उसमें अपना मोबाइल नंबर भी लिखते हैं। डॉक्टरों को जब पता चला कि मरीज पत्रकार को बता रहे हैं, तो डॉक्टरों ने मरीज को देखना बंद कर दिया और अपने रूम से बाहर निकल के भागने लगे। नवागत सीएचसी अधीक्षक संजय गुप्ता से बात किया गया तो उनका कहना था कि मैं अभी नया आया हूं। माना कि अधीक्षक साहब नये है लेकिन डॉक्टर तो पुराने हैं। क्या उच्च अधिकारियों द्वारा डॉक्टर को नहीं बताया गया कि दवा बाहर से ना लिखा जाए। जहां एक तरफ डॉक्टर को भगवान कहा जाता है तो वहीं दूसरी तरफ चंद पैसों के लिए मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार करते हैं।

## बागवानी किसान सुहेल आलम ने डीएम को भेंट किया आम

किसानों की समस्याओं को लेकर सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की।




पहल टुडे

बल्दीराय-सुल्तानपुर।राज्यपाल द्वारा सम्मानित कृषक सुहेल आलम ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर रवीश कुमार गुप्ता को कार्यालय पर पहुंच कर फलों का राजा आम आमो का राजा चौसा को बतौर तोहफा भेंट कर किया।

बल्दीराय तहसील क्षेत्र के गौरा बारामऊ निवासी बागवानी किसान सुहैल आलम खान की प्रशंसा जितनी भी की जाए उतनी ही कम है। सुहेल आलम मलिहाबाद और वैज्ञानिक विधि के तर्ज पर बागवानी में किये जा रहे कार्य के बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होने बताया बिनियर कलम के द्वारा एक ही पेड़ में कई किस्मों के प्रजातियां और अपने पसंदीदा किस्म को किस प्रकार से अपनी बागों में स्थापित किया हैं और किसानों की समस्याओं को लेकर उन्होन जिलाधिकारी को विधिवत जानकारी दी। सुहैल आलम ने कहा कि अभी तक कोई ऐसी बारिश नहीं हुई जिससे किसानों को राहत मिलती बारिश ना होने की स्थिति में भी कृषको को धान की रोपाई मे खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। और भरपूर बारिश नही होने से इस साल सर्वे कराकर जिले को सूखा क्षेत्र घोषित किया जाए जिससे सरकारी मदद सुविधा किसानों की सहायता कराई जाए इस वर्ष तापमान अधिक होने की वजह से धान की नर्सरी भी अच्छी नहीं हुई तापमान के प्रभाव की वजह से धान की नर्सरीओ में जर्मिनेशन सही नहीं हुआ और अधिक तापमान की वजह से धान की रोपाई कम की जा रही है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों के हित में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**चिकित्सक चार से पांच सौ रुपये तक की दवा अलग से पर्ची पर लिख देते हैं।जो गरीबों की उम्मीद पर भारी**

## जनपद के सरकारी चिकित्सालयों में फ्री इलाज का दावा कुड़वार सीएचसी में तार-तार हो गया

पहल टुडे / संतोष पांडेय, नगर



सुल्तानपुर ब्यूरो। जनपद के सरकारी चिकित्सालयों में फ्री इलाज का दावा कुड़वार सीएचसी में तार-तार हो गया है ।एक रुपये की पर्ची पर जहां अस्पताल की दो तीन दवा लिखी जाती है, वहीं चिकित्सक चार से पांच सौ रुपये तक की दवा अलग से पर्ची पर लिख देते हैं ।जो गरीबों की उम्मीद पर भारी है। मरीजों के तीमारदार कहते हैं कि चिकित्सक जो दवा लिखे हैं उसे खरीदना मजबूरी है।

कुड़वार सीएचसी पर मरीजों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों द्वारा मरीजों की दवा बाहर से लिखा जा रहा है ऐसे कई मरीज हैं जिनके पास पैसे नहीं है दवा लेने के लिए लेकिन डॉक्टरों को उनसे कोई मतलब नहीं है उनको तो सिर्फ दिखाई दे रहा है अपना कमीशन, वहीं कुड़वार सीएचसी पर तैनात एक डॉक्टर ऐसे हैं जो मरीजों के पर्चे में बाहर से दवा लिखते हैं और उसमें अपना मोबाइल नंबर भी लिखते हैं। आखिर उस पर्ची में मोबाइल नंबर लिखने का क्या मतलब डॉक्टर साहब का। वहीं सीएचसी पर तैनात डॉक्टरों को जब पता चला कि मरीज पत्रकार को बता रहे हैं कि डॉक्टरों ने बाहर की दवा लिखा है ।तो डॉक्टरों ने मरीज को देखना बंद कर दिया और अपने रूम से बाहर निकल भागने लगे ।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक आए दिन अस्पतालों का निरीक्षण करते रहते हैं निरीक्षण के दौरान कमी होने पर डाक्टरों को फटकार लगाते हैं उसके बावजूद सुल्तानपुर में जिला अस्पताल व सीएचसी पर डॉक्टरों द्वारा बाहर की दवा लिखी जाती है ।उप मुख्यमंत्री मंत्री बृजेश पाठक ने सुल्तानपुर जिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया था लेकिन सुल्तानपुर में उनको कमियां नहीं दिखाई दी ।उप मुख्यमंत्री मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा पत्रकारों के साथ बात करने पर बताया जाता है कि जिस जिले में स्वास्थ्य में कमी पाई जाएगी तो कार्यवाही की जाएगी लेकिन उसके बावजूद सुल्तानपुर में डॉक्टर उनकी बातों को अनसुनी करते नजर आ रहे हैं ।जब इस मामले में सीएचसी अधीक्षक से बात किया गया तो उनका कहना था कि मैं अभी नया आया हूं लेकिन ऐसा है तो मैं डॉक्टरों को निर्देश करूंगा कि जो भी अपने पास दवाई उपलब्ध हो, उसी को लिखा जाए ।माना कि सीएचसी अधीक्षक नये हैं लेकिन डॉक्टर तो पुराने हैं क्या उच्च अधिकारियों द्वारा डॉक्टर को नहीं बताया गया कि दवा बाहर से ना लिखा जाए।

# मिली मोबाइल्स खिले चेहरे, लोगों के गायब मोबाइल



## सर्विलांस सेल द्वारा अलग अलग कम्पनियों के मोबाइल्स बरामद कर पुलिस अधीक्षक द्वारा वापस

पहल टुडे

बस्ती, । बस्तीपुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव द्वारा गुम सुदा मोबाइलों को बरामद करने हेतु प्रभारी सर्विलांस सेल को निर्देशित किया गया था ।प्रभारी सर्विलांस सेल शशिकांत व उनकी टीम के अथक प्रयास से विभिन्न कंपनियों के गुम सुदा कुल 123 मोबाइलो को जिनकी अनुमानित कीमत लगभग पंद्रह लाख पचास हजार रुपये का बरामद किया गया। आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर सभी मोबाइलों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया।

# सी सी टी बी कैमरों से होगी, कावड़ यात्रा व श्रावण मेले की निगरानी

पहल टुडे



बस्ती ।बस्ती जिले में सावन माह में कावड़ यात्रा तथा श्रीभदेश्वरनाथ मंदिर पर आयोजित शिवरात्रि मेला की निगरानी सीसी टीवी कैमरे से की जायेंगी। भदेश्वरनाथ मंदिर, अमहटघाट तथा हरैर्या तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित किया जायेंगा, जहॉ पर पुलिस, राजस्व, चिकित्सा एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी 24 घण्टे तैनात रहेंगे तथा कंट्रोल रूम को प्राप्त होने वाले शिकायतों का निस्तारण फील्ड में तैनात अधिकारी-कर्मचारी करेंगे। उक्त निर्देश जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में कावड़ यात्रा तैयारी बैठक में दिया है।उन्होने कहा कि भदेश्वरनाथ मंदिर पर निगरानी के लिए 10 सीसी टीवी कैमरे लगाये जाय।इसी प्रकार नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायतें आवश्यकतानुसार कम से कम एक-एक सीसी टीवी कैमरा लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देश दिया है कि शिवरात्रि के अवसर पर 23 से 27 जुलाई तक लाईट, जनरेटर, खोया-पाया कैम्प, घोषणा करने के लिए माइक लाउडस्पीकर सिस्टम, बैरियर लगवायेंगे तथा आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग भी करवायेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा पानी के टैंकर तथा मोबाइल टायलेट लगाये जायेंगे ।गड्ढे खुदवाकर उसमें कूड़ा डंफ कराया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम एवं एंबुलेन्स लगायी जायेंगी।उन्होने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग 4 में से 1 लाईफ सपोर्ट सिस्टम वाली एंबुलेन्स श्रीभदेश्वरनाथ मंदिर पर तथा 03 नेशनल हाईवे पर खड़ी करेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग के एंबुलेन्स भी लगाये जायेंगे तथा सभी सीएचसी, पीएचसी 24 घण्टे सक्रिय रखे जायेंगे, इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे चालू रहेंगी। प्रत्येक पड़ाव स्थल पर कोविड-19 का टीकाकरण, सॉप और कुत्ता काटने की सूई तथा ओआरएस पैकेट पर्याप्त संख्या में रखे जायेंगे। उन्होने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिया है कि शहर के सभी सड़को को गड्ढामुक्त करें। इसमें आचार्य रामचन्द्र शुक्ल तिराहे से जेल रोड़ होते हुए डारीडीहा तक, मालवीय रोड, बड़ेवन से महुली मार्ग शामिल है।उन्होने विद्युत विभाग को निर्देश दिया है कि मार्ग में पड़ने वाले सभी तारों को उचित ऊचाई पर स्थापित करें। हेल्पलाईन नम्बर 1912 सक्रिय रखें।उन्होने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि श्रीभदेश्वरनाथ मंदिर के अतिरिक्त जनपद के 56 शिवालयों पर भी साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, शौचालय, चिकित्सा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान सभी स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जायेंगा। प्रत्येक पड़ाव स्थल, भंडारा स्थल, पार्किंग स्थल पर पुलिस फोर्स लगायी जायेंगी। बैठक का संचालन एडीएम अभय कुमार मिश्र ने किया।

फास्ट ट्रैक

## इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल में बच्चों के बैठने के लिये टाट पट्टी भी नही, कानवेंट स्कूलों की चांदी

बस्ती। बस्ती जिले के बनकटी विकासखंड में शैक्षिक गुणवत्ता की हो, या फिर अनुकूल पर्यावरण की जनपद के कुछ परिषदीय स्कूलों का यूपी में डंका बज रहा है, वही अनेक ऐसे परिषदीय विद्यालय हैं जहां नौकनहालों को बुनियादी सुविधायें भी मयस्सर नही हैं। यहां पर्यवेक्षण और कार्यवाही के अभाव में परिषदीय स्कूलों में तैनात शिक्षक बेलगाम होकर अपने फर्ज से गद्दारी कर रहे हैं।पानी की तरह धन खर्च करने के बाद भी स्कूलों की स्थिति नही सुधर रही है। ऐसे तमाम स्कूलों में बनकटी ब्लाक का प्राथमिक स्कूल कठैचा है। 18 जुलाई 2022 सोमवार को संवाददाता ने कठैचा स्कूल में दिन के 10.00 बजे पहुँच कर हकीकत जानने का प्रयास किया।यहाँ महिला प्रधानाध्यापक मन्जीता सहायक अध्यापक रामसिंह, शिक्षामित्र चन्द्र भान के अलावा दो रसोइया फुलवारी, और राधिका देवी तैनात हैं।लेकिन मन्जीता मौजूद नहीं थी। पूँछने पर शिक्षामित्र ने बताया कि अभी तक स्कूल नहीं आई हैं।ब्लाक संसाधन केन्द्र बनकटी में खन्ड शिक्षाधिकारी ने सुबह नौ बजे से प्रधानाध्यापकों की मीटिंग बुलाई है। हो सकता है मन्जीता ने उस मीटिंग को एटेन्ड किया हो ।सहायक शिक्षक रामसिंह कुछ आवश्यक कागजात लेकर बी.आर.सी. जा रहे हैं।यह सुनकर संवाददाता ने तत्काल मोबाइल से एस.डी.आई. से कहा कि मन्जीता स्कूल में नहीं हैं।शिक्षक उपस्थित पँजिका उन्होंने छिपा कर रख दिया है। जिससे जो उपस्थित हैं वे भी रजिस्टर में अनुपस्थित हो सकते हैं। इतना सुनते ही एस.डी.आई. ने नोडल संकुल इश्तियाक अहमद को तत्काल कठैचा स्कूल भेजकर मौका मुआयना कराया तो संवाददाता की शिकायत की पुष्टि होने के साथ नियम विरुद्ध शौचालय में भी ताला लगा देखा गया। मिड्डे मील के रजिस्टर में 16 जुलाई को महज 05 बच्चों को दशार्या गया जब कि रसोइयों ने बताया 50 बच्चों ने सोमवार को भोजन किया था। उसके पूर्व शुक्रवार 15 जुलाई को 57 बच्चों को भोजन करना दशार्या गया है।जो संदिग्ध माना जा रहा है।क्योंकि कुल साठ बच्चे पंजीकृत हैं।जो पिछले वर्ष के सापेक्ष कम हैं।स्कूल में दो इन्डिया मार्का हैन्डपम्प है।जिसमें से एक बेपानी है वहीं दूसरा रिबोर कराने के बावजूद प्रदूषित व बदबूदार पानी दे रहा है।भ्रष्टाचार का पर्याय बने इँगलिस मीडियम प्राइमरी स्कूल में बच्चों के लिये फर्नीचर कौन कहे टाटपट्टी तक की व्यवस्था नहीं है।बच्चों ने बताया कि महीने में सिर्फ दो दिन एक एक केला फल के रूप में मिलता है दूध सपने में भी नहीं मिला है ।सिर्फ कहने के लिए ईंगलिश मीडियम है।जब कि ईंगलिश की शिक्षा नहीं है। आरोप यह भी है कि स्कूल की प्रधानाध्यापिका स्वयं गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुये निर्धारित समय पर स्कूल पहुँचना अपना तौहीन मानती हैं तो अन्य शिक्षकों की बारे में कल्पना स्वयं किया जा सकता है जिसके चलते पिछले शिक्षण सत्र में तत्कालीन एस.डी.आई. अनीता तिवारी ने मन्जीता को अनेक बार फटकार लगाते हुए चेतावनी भी दिया था। इसके बाद भी बदलाव नहीं हुआ। सम्पूर्ण आरोपों के मामले में नवागत खन्डशिक्षा अधिकारी अरुण कुमार यादव ने बताया कि शीघ्र ही जाँच कर समस्या हल होगी और मामले के गुनहगारों के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

## पैकोलिया पुलिस ने 15 हजार रुपये का इनामिया फर्जी सहायक अध्यापक को किया गिरफ्तार

बस्ती। बस्ती जिले केथाना पैकोलिया पुलिस द्वारा भानूप्रताप यादव के फर्जीध्कूटरचित शैक्षिक अंकपत्रध्प्रमाण पत्र पर पू0मा0वि0 जलारलाबाद मे सहायक अध्यापक के पद पर नौकरी कर रहे रामगोपाल पुत्र रामचेत को परसागना तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया ।बताते चले कि कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी गौर ओंकार नाथ वर्मा द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती के आदेश पत्रांक के द्वारा भानु प्रताप यादव सहायक अध्यापक पू0मा0वि0 जलालाबाद विक्षे गौर फर्जीध्कूटरचित शैक्षिक अंकपत्रध्प्रमाण पत्र के आधार पर जनपद बस्ती मे नियुक्ति प्राप्त किये रामगोपाल पुत्र रामचेत निवासी दौलतपुर थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध थाना पैकोलिया पर आवश्यक मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही थी ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पैकोलिया दुर्गेश कुमार पाण्डेय,उ0नि0 देवव्रत शर्मा थाना पैकोलिया जनपद बस्ती आदि शामिल रहे।

# भ्रष्टाचारः प्रोबेशन कार्यालयः गोलमाल कर हो गया यहां लाखों का भुगतान

### ठंढे बस्ते में चली गई जांच, दोषियों पर नहीं हुई कार्रवाई

पहल टुडे





बस्ती। बस्तीजिले का प्रोबेशन कार्यालय एक बार फिर चर्चा में है, इस बार भी यहां गोलमाल कर लाखों का भुगतान कर दिया गया है।जिसकी जांच बैठाई गई, लेकिन वह भी ठंढ़े बस्ते में चली गई, जिसके चलते दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। बता दें कि यहां सामानों की खरीद फरोख्त में काफी अनियमित्ता बरती गई है, एक कंप्यूटर एलईडी स्क्रीन की खरीदारी 24 हजार 898 में रूपए में की गई है, प्रोबेशन के ही अधीन संचालित हो रहे बाल संप्रेक्षण गृह में दूध, दही, लड्डू, सोन पापड़ी, केला, संतरा, सेब, अनार पर 91 हजार 801 रूपए खर्च किए गए हैं। वहीं आलू, प्याज, हरी मिर्च, अदरख, पनीर, मटर, खीरा, अंडा, मीट पर 10 हजार 720 रूपए खर्च कर दिए गए हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि एक किलो चिकेन पर 320 रूपए का भुगतान किया गया है। जबकि मौजूदा समय में 240 रूपए किलो चिकेन की बिक्री हो रही है। वहीं अंडे की अगर बात करें तो इसमें में लगभग दो रूपए की बढ़ोत्तरी कर दी गई है।48 रूपए किलो के हिसाब से तो खीरा खरीदा गया है। वहीं एक लाख 84 हजार आठ सौ रूपए तो एसी पर खर्च कर दिए गए हैं। वहीं बाल संप्रेक्षण गृह में लगे प्रिंटर के कॉटेज को 58 सौ 40 रूपए में खरीदा गया है, तो वहीं की बोर्ड व माउस की खरीदारी 4900 रूपए में की गई है। यही हाल अन्य सामग्रियों का है। डीपीओ के हस्ताक्षर से हुए हैं सभी भुगतानद्द यह सभी भुगतान जिला प्रबोशन अधिकारी के हस्ताक्षर से हुए हैं, ऐसे में यह साफ हो गया है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी पर कार्रवाई की गाज गिरनी लगभग तय है। डीपीओ ने कहा जांच में बाद साफ होगी स्थिति द्द एबीके न्यूज ने जब अधिक दामों पर हुई खरीद व भुगतान के संबंध में जिला प्रबोशन अधिकारी अनुपम यादव से बात की तो उन्होने कहा कि जांच चल रही है, जांच के बाद स्थिति साफ हो जाएगी। वहीं जांच के संबंध में सीडीओ के सीयूजी नंबर पर जब फोन किया गया, तो उनका फोन नहीं उठा। उनसे बात होते ही उनका पक्ष भी खबर में प्रकाशित किया जाएगा।

## साहब! मै जिन्दा हूं, तहसील कर्मियों ने मुझे मृत घोषित कर दिया

बस्ती। बस्ती जिले की हरैया तहसील कर्मचारियों के कारण नित नए चर्चित कारनामों को लेकर सुर्खियों में रहने वाले हरैर्या तहसील के कर्मचारियों की एक और करास्तानी सामने आई है। तहसील के एक किसान मुख्यमंत्री सहित दर्जनों उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर गुहार लगा रहे हैं कि ह्यसाहब, मैं जिंदा हूं।लेकिन तहसील कर्मियों की मिलीभगत से अभिलेखों में उन्हें मृत घोषित कर उनकी जमीन दूसरे के नाम पर अंकित कर दी गई है।जीवित किसान को मृत दिखा कर उनकी जमीन एक अजनबी व्यक्ति के नाम अंकित कर देने का मामला सुर्खियों में है। तहसील में हड़कंप मचा हुआ है ।हरैर्या तहसील के परिवारपुर गांव निवासी किसान नेता एवं पूर्व चेयरमैन गन्ना विकास परिषद बस्ती सतीश सिंह पांच भाईयों में चैथे नम्बर पर हैं। उनके नाम से दर्ज खाता संख्या 68 संक्रमणीय भूमि अंकित थी। उनके भाई भी उक्त गाटा संख्या में सह खातेदार हैं। बताया जा रहा है कि उनके नाम से अभिलेखों में दर्ज जमीन को आलोक सिंह नाम के अज्ञात व्यक्ति द्वारा तहसील कर्मियों की मिलीभगत से उन्हें 15 मई 2020 को मृत दिखा कर 16 फरवरी 2021 को अपने नाम अंकित कर लिया गया है।

## रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजना की जिला संचालन समिति की हुयी बैठक,दिए निर्देश



पहल टुडे

बस्ती ।बस्ती जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई योजना सम्मान योजना की जिला संचालन समिति की बैठक कलेक्टेज्ट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में कुल 86 उत्पीड़न संबंधी शिकायतों पर शीघ्र ही निस्तारणध्सहायता राशि उपलब्ध कराये जाने का निर्देश जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव को दिया। उन्होने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई सम्मान योजनान्तर्गत सरकार द्वारा पीड़ित महिलाओं को सहायता राशि दी जाती है। पात्र पीड़िताओं को ससमय सहायता राशि न उपलब्ध कराने पर सख्त कार्यवाही की जायेंगी। उन्होने कहा कि एसिड अटैक से पीड़ित महिला को रू0 03 लाख, दहेज उत्पीड़न से हुयी मृत्यु के संबंध में पीड़िता के बच्चे को रू0 03 लाख तथा बलात्कार की दशा में पीड़िता को अथवा पीड़िता के मृत्यु की दशा में बच्चें को रू0 10 लाख अन्य किसी भी प्रकार की यौनिक उत्पीड़न की दशा में सहायता राशि प्रदान की जाती है। बैठक में सचिव जिला विधिक प्राधिकरण उमेश यादव, प्रभारी सीएमओ डा. जय सिंह, मुख्य कोषाधिकारी आत्मा प्रसाद बाजपेयी, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, सीओ पुलिस लाईन प्रीति खरवार, अभियोजन अधिकारी नीलिमा मिश्रा, लीड बैंक मैनेजर अविनाश चन्द्र, गाइन्कोलॉजिस्ट डा. एस.के. मौर्य उपस्थित रहें।

# बिना डिग्री इलाज, झोलाछाप चिकित्सकों की हो रही चांदी

### कस्बे से लेकर गांव तक झोलाछाप की भरमार

पहल टुडे




बाजार शुक्ल अमेठी। गर्मी का कहर मौसम की बेरुखी इंसान परेशान कोई भी बीमारी होने पर डॉक्टर ही याद आते हैं। कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कथित तौर पर डॉक्टर कहे जाने वाले झोलाछापों का जाल फैला है।हर तरफ क्लीनिक चल रहा है।क्लीनिक के नाम पर एक टेबल-कुर्सी पर एक व्यक्ति बैठता है और मरीजों का इलाज करता है। क्लीनिक का नाम क्या है, इलाज करने वाले के पास मेडिकल में क्या डिग्री है, इलाज करने वाले व्यक्ति के क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन है या नहीं.. यह तो किसी को नहीं पता होता है ।इन झोलाछापों का इलाज जान पर भारी पड़ सकता है।झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ ही उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी से कार्रवाई नहीं

क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिना किसी चिकित्सकीय पढ़ाई किए फर्जी चिकित्सक बिना किसी भय के अपनी क्लीनिक खोल कर इलाज कर रहे है और उनसे मनमानी फीस वसूल कर अपनी जेबों को भर रहे है। इसके अलावा झोलाछाप चिकित्सक अपनी क्लीनिक में बड़े बड़े बोर्ड लगाकर खुले आम प्रशासन को अंगूठा दिखा कर लोगों का इलाज कर रहे है।बिना डिग्री के इलाज कर रहे हैं। आरएमपी यानि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर का सर्टिफिकेट लिए 12वीं पास झोलाछाप डॉक्टर धड़ल्ले से एलोपैथी दवा और इंजेक्शन के जरिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।सस्ते इलाज के झांसे में आकर लोग भी अपनी जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं। 15-20 सालों से इलाज कर रहे झोलाछाप डॉक्टर किसी कायदे कानून को भी नहीं मानते, उनके लिए डॉक्टरी के लिए किसी डिग्री की जरूरत नहीं। सिर्फ एक्सपीरियंस ही उनका सर्टिफिकेट हैं।सूत्रों से मिली जानकारी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में झोला छाप चिकित्सक धड़ल्ले से अपनी क्लीनिक चला रहे हैं। यह चिकित्सक हर मर्ज का इलाज करने में अपने आप को एक्सपर्ट बताकर ग्रामीण व क्षेत्र वासियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है। यह सब भगवान भरोसे है।

## थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी।जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 19.07.2022 को उ0नि0 जिलेदार यादव थाना संग्रामपुर मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु तथा वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 136/2022 धारा 304 भादवि में वांछित अभियुक्त श्याम नारायण मौर्या पुत्र राम लखन मौर्या निवासी ग्राम ठेगहा थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को मालती नदी पुल के पास से समय करीब 11:35 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया ।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक आयोजित

पहल टुडे



बाजार शुक्ल अमेठी ।विकास खंड सभागार में हर-घर तिरंगाअभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी अंजली सरोज द्वारा बताया गया कि 11 से 17 अगस्त तक प्रदेश के साथ-साथ जिले में भी ह्महर घर तिरंगाअभियान का सघन स्तर पर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर समस्त ग्राम पंचायत, सरकारी विभाग, पीडीएस दुकान, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र तथा प्राइवेट संस्थानों पर 11 से 17 अगस्त के दौरान ध्वजसंहिता के अनुसार राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाएंगे। ग्राम प्रधान अभियान से जुड़ने के लिए आमजनों को प्रोत्साहित करें ।इस संबंध में विभिन्न प्रतियोगिताएं, दीवार लेखन, वॉलपेंटिंग, स्लोगन, तिरंगा रैली आदि का आयोजन करें ।इस अवसर पर उपस्थित प्रधान संघ अध्यक्ष ने बताया की प्लास्टिक के झंडों का निर्माण नहीं किया जाएगा। उन्होंने आमजनों से भी आग्रह किया है कि ह्महर घर तिरंगाअभियान के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं उनके रख-रखाव का पूरा पालन करें एवं सहयोग करें। उन्होंने सभी विभागों को ह्महर घर तिरंगाअभियान के तहत निर्धारित दायित्वों के बारे में जानकारी दी।

# खतरा बरकरारःझाड़ियों से घिरे ट्रांसफार्मर से बिजली की सप्लाई

पहल टुडे



बाजार शुक्ल अमेठी। बिजली आपूर्ति को लेकर विद्युत तार से ट्रांसफार्मर सहित अन्य उपकरण विद्युत अधिकारियों द्वारा दुरुस्त किया जा रहा है। इसी बीच क्षेत्र के कुछ इलाकों में विद्युत ट्रांसफार्मर सहित उपकरणों पर झाड़ी नुमा घास लिपटी है। इससे कभी भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद रात तो दूर दिन में भी नहीं पहुंचा जा सकता है। अगर घास और झाड़ियों की सफाई नहीं की गयी तो यह विद्युत कर्मियों के साथ ही उपभोक्ताओं के लिए भी बड़ी परेशानी बन सकती है। कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत ट्रांसफार्मर पर एबी स्विच लगाये गये है ताकि ट्रांसफार्मर का फ्यूज जलने या अन्य एलटी लाईन मे खराबी आने पर स्विच काट कर खराबियों को दूर किया जा सके।लेकिन ऐसा दिखता नही है। अक्सर ही देखा जाता है कि किसी एक ट्रांसफार्मर पर खराबी आई जिसके कारण संबंधित फीडर घंटों से बंद है ।विद्युत विभाग की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। उपभोक्ताओं कि मानें तो अक्सर ही देखा जाता है कि किसी एक जगह के ट्रांसफार्मर पर खराबी आने के कारण फीडर बंद रहता है।

### कहते हैं विभागीय अधिकारी

विभागीय अधिकारी ने बताया संबंधित कर्मियों को एबी स्विच का उपयोग करने का दिशा निर्देश दिया हुआ है।विशेष परिस्थिति में ही शट डाउन कर्मियों को लेना पड़ता है। मेंटेनेंस कार्य निरंतर जारी रहते हैं।हाल के बरसात में उग आए झाड़ियों की सफाई भी हो रही है।

## 13 दिन पहले मंत्री के छोटे भाई का हुआ था निधन

# अमेठी पहुंचे सीएम योगी, तिलोई राजभवन पहुंचकर राजमंत्री प्रकट किया शोक संवेदना

पहल टुडे





अमेठी ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राज्यमंत्री व अमेठी जिले के तिलोई विधानसभा विधायक के छोटे भाई के तेरही कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने विधायक से मिलकर शोक संवेदना प्रकट किया। बीती 6 जुलाई को विधायक के छोटे भाई का लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के रत्नृढत्नृक में निधन हो गया था। जिसके बाद खबर सुन पार्टी पदाधिकारियों का आना-जाना जारी है।

### 6 जुलाई को हुआ था निधन

आपको बता दें कि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई अभिषेकशरण सिंह उर्फ लाल बाबा का बीती 6 जुलाई बुधवार देर रात लखनऊ के रत्नृढत्नृक हास्पिटल में निधन हो गया है।लाल बाबा बीते कई वर्षों से लीवर की बीमारी से पीड़ित थे। वर्ष 2012 में लाल बाबा का लीवर ट्रांसप्लांट हुआ था।जिसके बाद से वह लगातार लीवर सम्बंधित बीमारी से परेशान रहते थे। जिसका इलाज हॉस्पिटल में लंबे समय से चल रहा था। लीवर की बीमारी के चलते वह अन्य कई बीमारियों से भी ग्रसित थे। लाल बाबा के निधन से पूरे तिलोई क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बीती 6 जुलाई की देर रात उनका पार्थिव शरीर तिलोई स्थित उनके आवास राजभवन पहुंचा। जिनका अंतिम संस्कार 7 जुलाई को पूरे रीति-रेवाज के अनुसार तिलोई में किया गया। आज स्व. अभिषेक शरण सिंह की तेरही का कार्यक्रम उनके आवास राज भवन में किया गया। राज्यमंत्री व तिलोई विधानसभा विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह के भाई के निधन के बाद लगातार पार्टी के पदाधिकारियों का आना-जाना जारी है। आज मयंकेश्वर शरण सिंह के छोटे भाई का तेरही भोज के कार्यक्रम में सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने विधायक से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की व स्व.अभिषेक शरण सिंह की फोटो पर फूल अर्पित कर उन्हे श्रधांजलि दीं। इससे पहले विधायक के भाई खबर सुन 7 जुलाई को उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक उनके आवास पर पहुंचे और अंत्येष्टि में भी शामिल हुए। बीती 14 जुलाई को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भी विधायक के आवास पहुंच उनको शोक संवेदना दी थी। 15 जुलाई को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह विधायक को शोक संवेदना देने उनके आवास पर पहुंचे थे।

## बाइक सवार चोरों ने छात्र से छीना मोबाइल

**इससे पहले भी हो चुकी है दो घटना।**

**पीड़ित छात्र के परिजनों ने की पुलिस से शिकायत।**

रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता

मिरहची। सूबे की सरकार गुंडे, माफिया, लुटेरों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनके सफाए एवं भयमुक्त माहौल बनाने का दावा जरूर करती है पर ये सब दावे कस्बा के अंदर खोखला साबित होते दिखते है जहाँ दिन दहाड़े बेखौफ चोर आये दिन नए-नए कारनामों को अंजाम दे रहे हैं जिसका जीता जागता नमूना कस्बा में देखने को मिला जहाँ कस्बा के जिन्हेंरा रोड पर दिनदहाड़े कक्षा आठ के छात्र से शातिर बाइकर्स लुटेरों ने बीच बाजार में झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर भाग गए। घटना के बाद पीड़ित छात्र के पिता ने थाना पुलिस से अज्ञात बाइक सवार चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम बुढ़ैना निवासी 16 वर्षीय सर्जुन पुत्र दूषण प्यारे जोकि समीपवर्ती ग्राम गोबरा के विद्यालय में पड़ता है। मंगलबार दोपहर छुट्टी के बाद 12 बजे अकेला छात्र स्कूल से अपनी साइकिल द्वारा कसवा मिरहची घरेलू सामान लेने आया था। कस्बा की एसबीआई शाखा के समीप रास्ते में वह अपने किसी परिचय से बात करते हुए जा रहा था इतने में पीछे से एक बाइक पर 2 लोग सवार होकर आए और उन्होंने चलती बाइक से ही छात्र के हाथों से मोबाइल को छीन लिया और आसानी से आगे की ओर भाग गए। घटना के बाद भयभीत छात्र ने स्थानीय व्यापारियों को घटना की बात बताई तब तक अज्ञात चोर रफूचक्कर हो गए। सूचना पर पीड़ित छात्र के पिता मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बताया 5 दिन पूर्व ही यह मोबाइल ?17000 (सतरह हजार) रुपए का कस्बा के एक मोबाइल शॉप से खरीदा था। वहीं घटना के संबंध में पीड़ित छात्र के पिता ने मिरहची थाना पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के विरुद्ध मामला पंजीकृत कराने की मांग की है। वही इलाका पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। कस्बा के अंदर ये पहला मामला नही है पूर्व में भी कई लोगों के रात्रि में ऐसे ही अज्ञात चोरों के द्वारा मोबाइल छीन लिए गए है लेकिन थाना पुलिस की लापरवाही के चलते इन चोरो के हौसले दिन पे दिन बढ़ते जा रहे है।

## नालियों की सफाई ना होने से नालियां उफान पर

**सड़क पर बह रहा है गंदा पानी।**

**बरसात का समय होने से लोग चिंतित बहुत विकराल रूप से हो सकता है जलभराव।\कई महीनों से नही हुई है गाँव के नलियों की सफाई जिससे मुख्य मार्ग प४ल्लर भरा है पानी।**

पहल टुडे / रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता



मिरहची। मारहरा विकास खंड के रसूलपुर गाड़ौली पंचायत में साफ-सफाई चरमरा गई है। यहां तैनात सफाईकर्मी कभी-कभार ही ड्यूटी पर आते हैं। नियमित सफाई न होने से गांव की मुख्य सड़क कीचड़ गंदगी से अटी पड़ी है। नाली जाम होने से रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है। आवागमन करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का समय चल रहा है वो तो गनीमत है कि क्षेत्र में अभी तक कोई बड़ी बरसात नही हुई है। अगर कोई बड़ी बरसात होती है तो गाँव की स्थिति जलभराव के चलते बहुत खराब हो जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराई गई तो वो आंदोलन को विवश होंगे। रसूलपुर गाड़ौली गांव में साफ-सफाई के लिए दो सफाई कर्मियों की नियुक्ति है। सफाईकर्मी अपने तरीके से ड्यूटी करते है। कभी-कभार ही वो गांव में आते हैं। सिर्फ कोरम पूरा कर चलते बनते हैं। सफाई न होने से गांव की गलियों में चारों तरफ कूड़ा-कचरा फैला हुआ है। जाम होकर नालियां बजबजा रही हैं। पानी निकासी अवरुद्ध होने से गाँव की गाड़ौली से होते हुए गोबर मार्ग में रास्ते पर गंदा पानी बह रहा है। इससे आवागमन में ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदबू से लोगों को संक्रामक बीमारियों का भय सता रहा है। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे हैं। ग्रामीणों में रोष गहराता जा रहा है। उनका कहना है कि बारिश से पहले नालियों की सफाई रोड को ठीक नही कराय गया तो जलभराव की वजह से आवागमन करना दुश्वार हो जाएगा। अगर समय रहते नालियों की सफाई नहीं कराई तो वे सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे। मांग करने बालो में हेम सिंह, लाल चंद्र, भूपसिंह, युगल गोस्वामी, पुरुस्तम दास, राजेश राजपूत, दूषण प्यारे, बलवीर सिंह, राकेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार व प्रकास चन्द्र सहित दर्जनों ग्रमीण व राहीगिर। प्रयास किया जा रहा है कि गांवों में जल-जमाव की समस्या न रहे। बहुत जल्द ही नालियों की सफाई करा दी जाएगी। जिससे बरसात में जल भराव की समस्या न हो। ग्राम प्रधान रसूलपुर गाड़ौली भूपसिंह।

फास्ट ट्रैक

## हाजी माईनुद्दीन को जिला सचिव बनाया गया



नगीना, बिजनौर, मनमीत सिंह

एआईएमआई पार्टी का हाजी माईनुद्दीन को जिला सचिव बनाया गया। नगीना एआईएमआई की मोहल्ला लुहारी सराय नगीना में विधान सभा अध्यक्ष शैख इरशाद अहमद के निवास स्थान पर हाजी माईनुद्दीन का जिला सचिव बनने पर बड़ी गर्म जोशी के साथ फूल मालाओ से स्वागत किया गया और उन्हे ढेर सारी मुबारकबाद दी। स्वागत समारोह में मिली जीत का जशन एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मनाया। यह जीत का सिलसिला आगामी निकाए चुनाव उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा। शैख़इरशाद अहमद ने सभी कार्यकर्ताओ से अपील की कि सारे मनमुटाओ को भूलकर सारी ताकत से आगामी निकाए चुनाव में जुट जाए। ताकि उत्तर प्रदेश में भी जीत का परचम फहरा सके। स्वागत करने वालो में अतीक अंसारी, रईस अमीन साहब, रिजवान खासाब, अफसार डेंटर, इकबाल अहमद, नफीस अहमद, शमशाद आलम, नईम अहमद, रईस मेसन, सलाहुद्दीन छोटा, इरशाद, निसार अहमद, मोहद रईस, शरीफ सैफी, नईम बायर, आदि मौजूद रहे।

## किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान देने का किया प्रयास



अफजलगढ़, बिजनौर, विनोद शर्मा

विदेश भेजने के नाम पर किसान से 14 लाख 80 हजार रुपए लिए, पैसे न लौटाने पर किसान ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान देने का प्रयास किया। किसान की हालत नाजुक सीएचसी में कराया भर्ती पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बिजनौर के थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव शाहपुरजमाल निवासी ब्रह्मपाल से काशीपुर के एक एजेंट ने उसे ब्रह्मपाल के पुत्र टिकेंद्र को विदेश भेजने के लिए 14 लाख 80 हजार रुपए लिये थे जिसमें एजेंट ने गलत वीजा थमा दी जिसमें युवक टिकेंद्र को दिल्ली से वापस लौटना पड़ा। वही जब एजेन्ट से इस सम्बन्ध में बात कर पैसे वापस मांगे तो एजेंट टाले लगा

परेशान होकर पीड़ित ब्रह्मपाल ने क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर जान देने का प्रयास किया पीड़ित किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया। स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## कृषि विभाग ने गोष्ठी कर ग्रमीणों को दी संचारी रोगों के प्रति जानकारी

पहल टुडे / रिपोर्टर अमित कुमार गुप्ता



मिरहची। ब्लॉक मारहरा के कृषि विभाग ने ब्लॉक के गाँव धरपसी पंचायत के गाँव नगला इंदु में कृषि गोष्ठी कर ग्रमीणों को कृषि के संचारी रोगों, खरीफ की फसलों व किसान सम्मान निधि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान किसानों को चूहों छछूंदर को नियंत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया। ब्लॉक मारहरा के सहायक कृषि विकास अधिकारी महेंद्र सिंह ने गोष्ठी के दौरान किसानों को चूहां से मुक्ति दिलाने के तरीके बताये जिसमे महेंद्र सिंह ने बताया कि चूहे स्क्रब टाइफस बीमारी के प्रमुख वाहक भी हैं। चूहे पर पलने वाले पिस्सू में स्क्रब टाइफस के जीवाणु होते हैं। इसके चलते लोगों को स्क्रब टाइफस जैसी बीमारी होती है। ऐसे में कृषि विभाग की तैयारी है कि चूहा, छछूंदर व छिपकली नियंत्रण अभियान को चलाकर स्क्रब टाइफस समेत तमाम बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी पूरी कर ली गयी है। विभाग के अनुसार चूहों से फसलों को लगभग आठ से दस प्रतिशत तक नुकसान होता है। रसायनिक रूप से चूहों के नियंत्रण के लिए जिंक फास्फाइड की 10 ग्राम मात्रा को 250-300 ग्राम दलिया में मिलाकर या 500 ग्राम आटे में मिलाकर आटे की गोलियां बनाकर खेत में चूहों के बिलों के पास रख दे। इन गोलियों को खाने से चूहे मर जाएंगे। इसके अलावा यांत्रिक रूप सें चूहों के नियंत्रण के लिए चूहों को पकड़ने के लिए पिंजरे का प्रयोग भी किया जा सकता हैं। विभाग के अनुसार चूहों के अलावा अन्ना पशु, बंदर, गिलहरी, पक्षी आदि भी फसलों को नुकसान पहुंचाते है। चूहा, छछूंदर नियंत्रण के लिए विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जाता है। चूहे सिर्फ किसानों के हीं दुश्मन नहीं है, बल्कि इनसे कई संक्रामक बीमारियों मनुष्यों में फैलती है। इसमें प्रमुख स्क्रब टाइफस की बीमारी है। इस बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता जरूरी है। गोष्ठी को आगे सम्बोधित करते हुए जितेंद्र कुमार प्राधिक सहायक ने किसानों को खरीफ की फसलों की जानकारी देते हुए बताया कि धान की रोपाई करते समय दो या तीन पौधे एक जगह इखट्टा गाड़े, धान की पौध को एक तरफ उखड़े व एक तरफ रोपाई करे, 20 से 25 दिनों के अंदर हरहाल में धान की पौध की रोपाई कर दे क्योकि ज्यादा पुरानी पौध ठीक प्रकार से नही चेतती है। आगे गोष्ठी सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्लॉक कार्यक्रम मिरहची पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार पर बाजार व मक्का के बीज उपलब्ध है जिसमे सुपर बोस बाजार व मक्का इरक 751, 740 मौजूद है वही दोनो की खरीद पर प्रति 100 किलो अनुदान है। लेकिन यह अनुदान पहले आओ व पहले पाओ के तर्ज पर प्राप्त कर सकते है। वही किसान सम्मान निधि में बारे में बताया कि जिन किसानों को किसान सम्मान निधि मिल रही है वह जल्द इस योजना का लाभ लगातार लेते रहने के लिए तुरंत ईकेबाईसी करा दे। अन्यथा की स्थिति में उनकी किसान सम्मान निधि बंद हो सकती है। इस मौके पर ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्राथमिक विद्यालय अध्यापक व ग्रमीण मौजूद रहे।

## हिंदू एकता संगठन ने बी डी ओ को दिया शिकायती पत्र



जलेसर। विकास खण्ड अधिकारी अवागढ को गांव की समस्यायो को लेकर हिन्दू एकता संगठन ने एक शिकायती पत्र दिया। हिंदू एकता संगठन ने ग्राम पंचायत इसौली की समस्याओं को लेकर विकास खंड अधिकारी अवागढ़ को एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें नलकूप की समस्या को उठाया जिससे ग्राम पंचायत इसौली के लोग बहुत परेशान हैं। और ऊपर से गर्मी पड़ने के बाद भी अशुद्ध पानी एवं नलकूप की समस्या का निवारण प्रधान द्वारा नहीं हो रहा है। विकास खंड अधिकारी अवागढ़ ने सारी समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान करने का आश्वासन हिंदू एकता संगठन को दिया है। अगर ऐसा ना हुआ तो हिंदू एकता संगठन उच्च अधिकारियों से भी वार्ता करेगा इस मौके पर संस्थापक शुभम हिंदू, अतुल लुहार, अंशु ठाकुर, होडल पाल, गौरव वार्ष्णेय, प्रशांत गुप्ता, बिन्नू चौहान आदि गो सेवक मौजूद थे।

## पाँच जुआरी गिरफ्तार कर भेजे जेल



पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय

जलेसर। कोतवाली पुलिस ने नगर के मौहल्ला गढीमान खाँ मे जुआ खेलते पाँच जुआरियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह व क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान के निर्देशन में एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह के नेतृत्व में जुआरियों एवं सटोरियों की गिरफ्तारी का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कोतवाली पुलिस लगातार दबिश देकर जुआरियो और सटोरियों को पकड़ कर जेल भेज रही है। इसी कड़ी में वरिष्ठ उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह दोहरे कांस्टेबल ओमवीर सिंह, देवेंद्र सिंह, अंकित कुमार, जितेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, मोहित कुमार, अंकित चौधरी, शुभम यादव ने नगर के मोहल्ला गढीमान खाँ मस्जिद के पास जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा तलाशी लेने पर 5120/ रुपए व 52 ताश की गड्डी बरामद की जुआरियों से नाम पता पूछने पर इस्लाम पुत्र इब्राहिम, शाहिद पुत्र बाबू खाँ, निहाबुद्दीन पुत्र कमरुद्दीन, मोहम्मद मुख्तार पुत्र अब्दुल सत्तार, गुलजार पुत्र जफरुद्दीन निवासी गढ़ मोहल्ला गढीमान खाँ कस्बा व थाना जलेसर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## आगरा के शमशाबाद की नगर पालिका में राज्य जीएसटी विभाग ने एक जागरूकता अभियान चलाया, व्यापारियों के साथ की बैठक, लगाया पंजीयन शिविर

पहल टुडे



आगरा ! उत्तर प्रदेश में पंजीकृत व्यापारियों को पंजीयन की श्रेणी में लाने को लेकर राज्य जीएसटी विभाग पंजीयन जागरूक अभियान चला रहा है। जिसे लेकर मंगलवार को आगरा के शमशाबाद में नगर पालिका परिसर में बनी मीटिंग हॉल में जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ एक बैठक की। जिसमें व्यापारियों को जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने को लेकर जागरूक किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कस्बे के व्यापारी और सभासदों ने भाग लिया। नगरपालिका के मीटिंग हॉल में हुई बैठक के दौरान वाणिज्य कर के अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने से व्यापारियों को कई तरह के लाभ मिलेंगे। जिसमें सरकार द्वारा पंजीकृत व्यापारियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में भी बताया गया। साथ ही जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात व्यापारी पूरे देश में बिल के माध्यम से बेरोकटोक कहीं से भी माल ला और ले जा सकते हैं। जीएसटी रजिस्ट्रेशन में व्यापारियों को 10 लाख का दुर्घटना बीमा बिना किसी प्रीमियम के साथ दिया जाएगा। छोटे एवं मंझले व्यापारी समाधान योजना का लाभ भी ले सकते हैं। इसके साथ ही बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों को भी बताया गया। जिसमें केंद्र सरकार द्वारा जल्द ही अमल में लाई जाने वाली पंजीकृत व्यापारियों को पेंशन की योजना के बारे में भी बताया गया। बैठक के दौरान नगर पालिका के लेखा लिपिक रामेंद्र शर्मा, नरेंद्र राठौर, व्यापारी हरिओम सिंह, धनवान राठौर, प्रमोद सिंह, केदार सिंह, मोती राठौर, सभासद भूरी सिंह, सचिन राठौर, मुनेंद्र सिंह, के पी सिंह, मोंटी जैन समेत तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

## सदस्य राज्य महिला आयोग आज एटा में करेंगीं जनसुनवाई।

एटा। जिला प्रोबेशन अधिकारी यश कुमार वर्मा ने बताया है कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा मिशन-शक्ति 4.0 के अन्तर्गत म्पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी की उपस्थित के साथ कार्यक्रम का आयोजन मा0 पदाधिकारियों के नेतृत्व में कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया है कि उक्त दिवस पर मिशन-शक्ति 4.0 के अन्तर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन कराये जाने एवं शिविर में उपस्थित व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दिलाये जाने, योजनाओं से संबंधित साहित्य उपलब्ध कराये जाने के साथ ही पात्रों का सुसंगत योजनाओं में यथासम्भव पंजीकरण भी कराया जाये।

## क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने किया पैदल गस्त

पहल टुडे / पवन वार्ष्णेय



जलेसर। शासन के आदेश पर क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पैदल गस्त कर होटल, ढाबा व संदिग्ध लोगों की तलाशी कराई। शासन का आदेश है कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में 1 घंटे पैदल गश्त करेंगे जिसमें अतिक्रमण हटवाना, होटल, ढाबा एवं संदिग्ध लोगों की चेकिंग करना।

क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह मय फोर्स के नगर में पैदल गस्त करते हुए होटल ढाबों की चेकिंग की तथा संदिग्ध लोगों की तलाशी कराई गई श्रवण मास का महीना होने पर कावड़ियों की रोड पर व्यवस्था को चाक-चौबंद किया गया। श्रवण मास के माह में चलने वाली कावड़ यात्रा को देखते हुए क्षेत्राधिकारी इरफान नासिर खान व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गजराज सिंह ने रूड को जांचा एवं संदिग्धतो की तलाशी करायी गई।

## ताजनगरी आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज का 164 साल पहले बना एसएन मेडिकल के गेट को किया बन्द



पहल टुडे / ब्यूरो चीफ ज्ञानेश कुमार एटा

आगरा मरीज व तीमारदारों को हो रही है परेशानी।।जान जोखिम में डालकर गेट फांदकर दवाई व अन्य जरूरी सामान लेने को हो रहे मजबूर। स्थानीय लोगो का आरोप अनुचित लाभ के कारण गेट को किया गया है बन्द। गेट बंद होने से काफी दूरी का रास्ता तय करने के चलते हॉस्पिटल में महंगी दवाई व चाय दूध लेने के लिए मरीज होते है मजबूर।। व्यापारी भी इस बात की कई बार प्रशासन को करा चुके है अवगत ।।गेट की छोटी खिड़की को खोलने की कर चुके है मांग।।गेट फांदते समय अगर हुई कोई अनहोनी तो कौन होगा जिम्मेदारगेट की छोटी खिड़की बंद करने का क्या रहा कारण है ये सोचने वाली बात आखिर कब तक मरीज व तीमारदार अपनी जान जोखिम में डालकर गेट फांदकर कब तक जरूरी सामान लाने को होंगे मजबूर

## गांव के ही दयाशंकर पुत्र मोहन ने मन्दिर की जमीन पर लिया था अवैध कब्जा

## शिव मंदिर को एसडीएम शिवकुमार ने कराया कब्जा धारियों से मुक्त

पहल टुडे / ब्यूरो चीफ ज्ञानेश कुमार एटा



मिरहची। थाना क्षेत्र के गांव हिम्मत नगर बझेडा में बीत सोमवार को अनुसूचित जाति और लोधी समाज के लोग मन्दिर पर पूजा अर्चना करने और अवैध कब्जा करने को लेकर आमने सामने आ गये। मामले में अनुसूचित जाति के लोग जिलाधिकारी से मिलने कलक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होनें लोधी समाज के लोगों पर मन्दिर में प्रवेश ना करने देने और मन्दिर की जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की मंगलवार को प्रशासन अमला अवैध कब्जा हटाने के लिए दल बल के साथ गॉव पहुंचा और अवैध कब्जा हटवा दिया वही गांव शांति व्यवस्था में पुलिस बल तैनात किया गया है। हिम्मत नगर बझेडा किला पर बने शिव मन्दिर पर गांव के राम खिलाडी ने गांव के ही दयाशंकर पुत्र मोहन ने मन्दिर की जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया था जिसे हटवाने के लिए दोनों पक्ष बीते सप्ताह आमने सामने आ गये थे जिसमें दोनों ओर से मारपीट हुई थाना पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों को शांति भंग में पाबंद किया था। लेकिन सोमवार को अनुसूचित जाति के लोगों ट्रैक्टर में भर कर डीएम अंकित कुमार अग्रवाल से कलक्ट्रेट पर लोधी समाज द्वारा मन्दिर में प्रवेश करने से रोकने एवं अवैध कब्जा हटवाये जाने की शिकायत की जिस पर एसडीएम सदर शिव कुमार तहसीलदार सीपी सिंह ने राजस्व टीम के साथ मंगलवार को गांव में मन्दिर से मन्दिर की जमीन की पैमाइश कर कब्जा जेसीबी से अवैध कब्जा हटवा दिया। वहीं मन्दिर में प्रवेश करने से रोकने की बात जांच में कोई पुष्टि नहीं हुई है। 38 बीघा जमीन में बना है किला हिम्मत नगर बझेडा में राजस्व टीम ने बताया है कि मंदिर की जमीन 38 बीघा है जिसकी पैमाइश की गयी। जहां पर लोधी समाज के एक व्यक्ति ने टीन डालकर एवं अनुसूचित जाति के लोगों ने घूरा गोबर खाद डाल रखा कर कब्जा कर लिया था। जिसे प्रशासन द्वारा जेसीबी से हटवा हटवाया गया है। जबकि दूसरे पक्ष ने अपनी एक बीघा जमीन नाम होने का दावा किया वह खाता नम्बर दूसरे स्थान पर पाया गया। कब्जा हटाने के दौरान लगाया था सर्किल का पुलिस फोर्स मन्दिर से कब्जा हटाने पहुंची राजस्व टीम ने शांति व्यवस्था कायम रहने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से सर्किल का पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। वहीं गांव में पुलिस बल तैनात कर रखा है।

### क्या बोले अधिकारी

गांव के किले पर बने मन्दिर पर किए अवैध कब्जे को हटवा दिया गया है। मन्दिर में पूजा अर्चना करने से रोकने की बात गलत है दोनों ओर से मदिर की जमीन पर कब्जा करने को लेकर विवाद था - एसडीएम सदर शिव कुमार एटा। गांव में मन्दिर से अवैध कब्जा हटाने और दोनों पक्षों में विवाद ना हो इसलिए सर्किल की पुलिस तैनात की गयी थी विवाद को लेकर शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है- क्षेत्राधिकारी सदर राघवेन्द्र सिंह राठौर।

## सावन प्रारंभ के बाद भी न.पं.द्वारा नहीं हुआ मंदिर व परिसर मे लाइट व्यवस्था

**हर साल मंदिर की सजावट व पथ प्रकाश की व्यवस्था कराता है नगर पंचायत**

पहल टुडे /मनोज रूगंटा



रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर पौराणिक तीर्थ स्थल है जहा वावा दुग्धेश्वर नाथ स्वयं भू विराजमान है जिसकी महत्ता देश ही नहीं विदेशों में भी है सावन मास मलमास व शिवरात्रि पर लाखों के श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं जहां पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई तथा मंदिर की सजावट व पथ प्रकाश की व्यवस्था करायी जाती है सावन मास 14 जुलाई से प्रारंभ हो गया यहां हजारों लोगों ने स्वयंभू का जलाभिषेक किया जहां शुक्रवार व सोमवार को काफी भीड़ थी जहां पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी परंतु इस बार नगर पंचायत द्वारा साफ सफाई छोड़ अन्य कार्य में फिसड्डी रहा एक सप्ताह सावन चढ़े हो गया परंतु नगर पंचायत द्वारा मंदिर परिसर का सजावट व प्रकाश की व्यवस्था नहीं हो पाई जहां प्रात व सायं अंधेरा रहता है नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी कमलेश शाही ने इस सम्बंध मे कहा कि अभी मैं नया आया हूं दूधेश्वर नाथ मंदिर के सजावट व पथ प्रकाश हेतू निविदा प्रकाशित किया गया है जिसका टेण्डर कार्यदायी संस्था को हुआ है सवाल यह उठता है कि सावन 14 जुलाई को को प्रारम्भ हुआ मंदिर का सजावट व पथ प्रकाश का टेंडर 18 तारीख को क्यो

## तपती दोपहरिया में नगर में एक भी पुण्य दायी प्याऊ नहीं



**नगर मे लगे आधा दर्जन वाटर कूल वर्षो से खराब एक– दो गायब भी**

**जनता के बीच सुर्खियों में छाए रहने वाले समाज सेवियो के तरफ से भी इसगर्मी में एक अदद प्याऊ की व्यवस्था तक नहीं**

पहल टुडे /मनोज रूगंटा

रुद्रपुर देवरिया शास्त्रों में ग्रीष्म ऋतु में पानी पिलाने की व्यवस्था करने को एक पुनित व धार्मिक कार्य माना जाता है गर्मी बढ़ने के साथ साथ सभी प्राणियों की पानी की आवश्कता बढ़ने लगती है

इस तपन भरी धूप में आमजन परेशान है जहां रुद्रपुर नगर में नगर पंचायत सहित समाजसेवियो द्वारा एक अदद पुण्य दायी प्याऊ नगर मे नहीं लगाया गया है जिससे लोग प्यास बुझा सके जबकि गर्मी में प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह प्याऊ की जरूरत पड़ती हैहालांकि वर्षों पूर्व नगर पंचायत द्वारा लाखो खर्च कर नगर के आधा दर्जन सार्वजनिक स्थानो पर वाटर कूल लगाया गय था जो एक दो ही सीजन के बाद आज भी नगर के वथुआ रीवर फ्रन्ट, कोतवाली गेट के समीपतहसील परिसर मे शो पीस वनकर खड़ा है और वाकी का पता नही है इसके बावजूद भी नगर पंचायत द्वारा नगर में एक भी पुण्य दायी प्याऊ नहीं लगाया गयासमाजसेवी शिव हरि त्रिपाठी ने कहा कि पानी पिलाना एक पुनीत कार्य है नगर के प्रथम नागरिक कहे जाने वाले अध्यक्ष को चाहिये कि इस तपन भरी गर्मी मे सार्वजनिक स्थान वाजार, अस्पताल ,तहसील मान्दिर क्सस्टेशन आदि जगहो पर प्याऊ की व्यवस्था करे

## दत्तात्रेय भगवान की महिमा अपरंपार - महन्थ रमाशंकर भारती

**पूजन अर्चन व कवि सम्मेलन के वीच समापन कार्यक्रम हुआ संपन्न**

रुद्रपुर, देवरिया श्री दत्तात्रेय धाम, आश्रम बेलुआरघाट , भगवान श्री दत्तात्रेय जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन सोमवार को शाम कवि गोष्ठी के वाद प्रसाद वितरण से सम्पन्न हुआ ।जहां दुग्धेश्वर नाथ मंदिर के पीठाधीश्वर महंत रामाशंकर भारती ने दत्तात्रेय भगवान की महिमा वताते हुये प्रकाश डालाइस कार्यक्रम मे दत्त सेना के स्वयंसेवको ने अपनी जिम्मेदारी निभा कर लोगो का ध्यान आकर्षित किया जहा दूर दराज से आये कवि रामनगीना यादव, नगीना देवरिया, ननद जी नन्दा बलिया, चन्द्रेश्वर शर्मा परवाना जी गोरखपुर,, अवधकिशोर अवधू कुशीनगर, रामेश्वर प्रसाद बरहज, आदि कवियों ने अपनी प्रस्तुति से लोगो मे समा बांध दिया ।दिल्ली से पधारे श्याम सिंह की सांस्कृतिक प्रस्तुति लोगो को झूमने को मजबूर कर दिया ।वही गाव जवार से आये भजन, कीर्तन मंडलियों ने सुबह से ही अपनी प्रस्तुति दिया ।आश्रम के संस्थापक स्वामी परमानन्द गिरी ने आये लोगो के प्रति धन्यबाद ज्ञापित किया।



फास्ट ट्रैक

## जिले के ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मी करते बाबूगिरी

चित्रकूट - जिले के अधिकांश सरकारी दफ्तरों के अलावा कुछ विकास खंडों कार्यालयो में बाबूगिरी करते दिखेंगे जिम्मेदार अधिकारी सब जानते हुए भी बनें अनजाननवांगतुक युवा जिलाधिकारी क्या इन सफाई कर्मचारीयों को इनके कर्तव्यो का पढ़ा पाएंगे पाढ या ऐसे ही ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान का उड़ता रहेगा मजाक। मिल रही जानकारी के अनुसार सरकार ने गांवों को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने हेतु ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की नियुक्तियां की थीं जिनको आजकल उत्तर प्रदेश सरकार अच्छी खासी सैलरी भी लगभग ( 32,000 हजार ) दे रही है इसके बाद भी ज़िले के अधिकांश सफाई कर्मचारीयों की नियुक्तियां और पोस्टिंग कागजों और सरकारी आंकड़ों में ग्राम पंचायतों में दिखाई जा रही है जबकी वास्तविकता इनकी तैनाती विकास खंड कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों में हैं और ये कार्ययालयोंमें बाबूगिरी करते नजर आएंगे और अपने उच्चाधिकारियों के रहमों करम पर पैरोलो में हस्ताक्षर करा कर महीने में सैलरी निकाल लेते हैं आज भी जिले के अधिकांश गांव सफाई कर्मचारीयों की राहें ताकतें नजर आएंगे की कब सफाई कर्मचारी आये और गांवों में फैलीं गंदगी से गांव वालों को बजबाती नालियों और गंदगीयो से छुटकारा मिले। अब देखना यह है होगा की ज़िले के युवा तेजतर्रार जिलाधिकारी महोदय इन सफाई कर्मचारीयों को ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था को चुस्त -दुरुस्त रखने में कितने कारगर साबित होते हैं या ऐसे ही ग्राम पंचायतों में गन्दगी का अंबार लगा रहेगा यह तों आने वाले समय के गर्त मे हैं।

## अलग अलग स्थानो पर हुयी मारपीट में नव लोगो पर मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर देवरिया कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर हुयी मारपीट में रुद्रपुर पुलिस ने आठ लोगों पर मुकदमा पंजीकृत किया है

जानकारी के अनुसार रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तुलसीपुर निवासी उर्मिला निषाद पत्नी राम सूरत ने रुद्रपुर में तहरीर देकर मनोज निषाद तारा निषाद पर मारपीट का आरोप लगाया जहां पुलिस में उर्मिला निषाद की तहरीर पर अपराध संख्या 129 /22 323 504 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया इसी क्रम में सुशीला देवी नकटा पार में पंकज छागुर बिमला व संजू पर मारपीट का आरोप लगाया जहां पुलिस ने अ.स.130/22.323 506 504 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया इसी क्रम में रुद्रपुर नशहरा वार्ड निवासी रामउगृह में रोशन आयुष राधेश्याम पर मारपीट का आरोप लगाया जहां पुलिस ने 121/22 धारा 323 504 427 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर रही है

## महिला का शव ईख के खेत में मिला

चांदपुर, बिजनौर, विनोद शर्मा

चांदपुर क्षेत्र में महिला का शव ईख के खेत में मिला। महिला सुबह 8 बजे घर से पशुओं के लिए चारा लेने के लिए निकली थी दोपहर तक नहीं पहुंची तो ग्रामीणों ने ढूंढना शुरू किया लगभग 3 बजे ग्रामीणों को महिला का शव ईख के खेत में मिला । महिला का शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर भारी तादाद में ग्रामीण जमा हो गए स्थानीय लोगों ने डायल 112 को सूचना दी मौके पर पहुंचे डायल 112 जांच पड़ताल में जुटी हई हैं। मृतक महिला 27 वर्षीय कुमकुम पत्नी सुनील कुमार 2 बच्चों की मां है उसके दो लड़के हैं एक 4 साल का एक 2 साल का महिला का शव गांव के ही जगदीश पुत्र प्रवीन के ईख के खेत में मिला है ग्रामीणों की माने तो महिला के गले में फंदा लगा हुआ है। और कपड़े फटे हुए मिले फिलहाल पुलिस परिजनों से जानकारी जुटाने में लगी हुई है। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।



## रूद्रपुर ब्लॉक दो जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त

जन सेवा केन्द्र
VLE
उत्तर प्रदेश

**सरकारी लोक कल्याणकारी योजनाओ में रुचि न लेने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के 160 जन सेवा केंद्र की आईडी निरस्त**

पहल टुडे /मनोज रूगंटा

रूद्रपुर देवरिया जिलाधिकारी देवरिया जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन पर आयुष्मान भारत पखवाड़ा, लेबर रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री श्रम मानधन योजना, किसान मानधन योजना व अन्य योजनाओं के विस्तार में रुचि न लेने पर जनपद के ब्लाको के 160 जनसेवा केंद्रों की आईडी निरस्त कर दी गई है जिसमे रूद्रपुर व्लाक के करौता व मानिहर पुर भी है

इन केंद्रों के संचालकों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के विस्तार में रुचि न लिए जाने के कारण संबंधित ग्राम पंचायतों के लाभाथीयी को योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है

अपर जिलाधिकारी प्रशासन/ डिस्ट्रिक्ट ई गवर्नेंस सोसायटी के सचिव कुँवर पंकज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश के बाद 160 जनसेवा केंद्र के संचालकों की आईडी को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर से संबंधित अनुबंधित डिस्ट्रिक्ट सर्विस प्रोवाइडर के स्तर से जनपद में नियुक्त/अधिकृत जिला प्रबंधक, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड देवरिया को इस संबन्ध में आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं

जिसमे देवरिया जनपद के ब्लाको में केंद्रों मे रूद्रपुर ब्लाक के ग्राम करौता, मनिहारपुर सम्मिलित है।

## गैस रिसाव से लगी आग मे महिला झुलसी बचाने में पिता-पुत्री जख्मी

रुद्रपुर देवरिया रुद्रपुर नगर के पकड़ी वार्ड में मंगलवार की सुबह खाना बनाते समय गैस रिसाव होने से आग पकड़ ली जब महिला सहित पिता पुत्री झुलस गयी जहां डॉक्टरों ने महिला के गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दियाजानकारी के अनुसार पूर्व सभासद गुलाब पांडे की बहन सुनीता देवी पत्नी श्याम नारायण उम्र 48 वर्ष निवासी पकड़ी वार्ड मंगलवार की सुबह 10:00 बजे अपने किचन में खाना बना रही थी जहां गैस रिसाव होने लगा जिससे आग म.पकड़ ली जिसमे सुनीता बुरी तरह झुलस गई जहां उसे बचाने गए उसके पति श्याम नारायण 18 वर्ष पुत्री कल्पना भी जख्मी हो गई परिजनों ने लोगों को रुद्रपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां सुनीता देवी की हालत खराब होने से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही पिता श्यामनरायण व पुत्री कल्पना का उपचार चल रहा है

## भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ ब्रह्मपाल सिंह का जोरदार स्वागत

**गढ़मुक्तेश्वर** भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ० ब्रहम सिंह ग्राम नंगला बड़ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर त्यागी के आवास पर पहुंचे। काफी समय से तबियत खराब होने के कारण हाई बीपी जैसी समस्याओं से गिरस्त थे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जल्द ही सकुशल होने की कामना की साथ ही अनेक मुद्दो पर चर्चा की। राष्ट्रीय महासचिव सुंदर सिकंदरपुर ने कहा हापुड़ जिले आवारा पशुओं द्वारा किसान की खेती में नुकसान लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके लिए जिला प्रशासन इस संदर्भ में निर्णय ले साथी जिले में बिजली विभाग द्वारा आए दिन अवैध छापेमारी व किसानों के साथ अभद्रता व नलकूपों पर जबरदस्ती मीटर लगाना अवैध बिल वसूलने जैसी अनेक समस्याएं सामने आ रही हैं या तो बिजली विभाग अपना रवैया बदल ले नही तो किसान इतना कमजोर नही जो इस अन्याय को सहता रहे भारतीय किसान यूनियन क्रांति ये चेतावनी देता है जल्दी ही सभी समस्याओं का निस्तारण हो। प्रदेश अध्यक्ष परविंदर सिंह,मेरठ ,प्रदेश संगठन मंत्री सोनू यादव,मंडल उपाध्यक्ष अनुज सिंह,अनमोल त्यागी,नरेंद्र चौहान पलवाड़ा, ठाकुर राजन सिंह अमित त्यागी, इंदरजीत सिंह मौजूद रहे।

## गरीवों के निवाला आटा चावल दही आदि पर टैक्स लगा कर भाजपा ने गरीवो का छिना निवाला विजय रावत




**महगाई को लेकर सपाइयो ने पद यात्रा निकाल कर किया विरोध प्रर्दशन**

पहल टुडे /मनोज रूगंटा

रूद्रपुर देवरिया भाजपा सरकार द्वारा गरीवो के निवाला दही आटा चावल चीनी पनीर पर जीएसटी लगाए जाने के विरोध में बस स्टैंड से तहसील तक सपाइयों ने पद यात्रा निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया सपा नेता विजय रावत ने कहा कि आजादी के 75 साल वाद भाजपा ने पहली वार गरीवो के निवाला दूध दही आटा चावल चीनी पनीर ब्रेड पर जीएसटी लागू कर महंगाई को बढ़ा कर गरीवो का निवाला छीन लिया

भाजपा राज मे महगाई के साथ वेरोजगारी चरम सीमा पर है नान ब्राडो पर जी एस ही लगाने का फैसला माध्यम वर्गीय परिवारो विवश कर रहा है किराए के मकानों में रहने वाले संघर्रत युवाओं के जेब को हल्का करने का काम भाजपा सरकार ने किया है आज जहा जनता बेरोजगारी से परेशान हैं वही आज नौजवानों को रोजगार देने का वक्त है परन्तु भाजपा सरकार ने महंगाई बढ़ाकर जनता को आहत करने का काम किया महगाई के विरूद्ध प्रर्दशन मे अमित प्रधान विकाश यादव अजीत कुमार जीतेश यादव रामगोविन्द यादव मुकेश गुप्ता राहुल चौरसिया विपिन सिंह अजय गुप्ता रोहित मद्देशिया आदि लोग थे

## सामजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू ने पत्र लिखकर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग

दैनिक पहल टुडे ब्यूरो चीफ नफीस अहमद हरदोई

गौसगंज- हरदोई विकास खण्ड कछौना क्षेत्र के गौसगंज गांव में कछौना रोड गौसगंज के ग्रामवासी सामाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है।ट्रॉन्सफार्मर की क्षमता कम होने के कारण आए दिन जलकर राख हो जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिससे ग्राम वासियों को काफी परेशानी होती है।इस भीषण गर्मी में कई दिनों तक बिना विद्युत आपूर्ति के जीना पड़ता है। ग्राम वासी सामाजिक



कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू,सदस्य जिला पंचायत पूजा देवी, डाक्टर प्रत्युश कुमार , रोहित कुमार, आदित्य कुमार, गोपाल कुमार, आदि ने बताया वर्तमान समय में कछौना रोड गौसगंज मोहल्ले की आबादी लगभग 2000 व परिवारों की संख्या लगभग 900 है। वहीं घरेलू कनेक्शन लगभग 300 से ऊपर है। लेकिन ट्रॉन्सफार्मर मात्र 63 केवी का लगा है, जो ज्यादा लोड़ पड़ने के कारण अनगिनत बार ट्रांसफार्मर जलकर राख हो चुका है। जिससे राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। वही ग्राम वासियों को हमेशा बिना विद्युत आपूर्ति के रहना पड़ रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरण शोपीस बनकर रह गये हैं। लो-वोल्टेज की समस्या हमेशा बनी रहती है।इस भीषण गर्मी में ग्राम वासियों का जीना दुश्वार है ।ग्राम वासियों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के संदर्भ में दर्जनों बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया, परंतु विद्युत विभाग के खाऊ कमाऊ रवैया के चलते जिम्मेदारों ने समस्या का निराकरण करना मुनासिब नहीं समझा।इस संदर्भ में सामाजिक कार्यकर्ता रवीश कुमार सिंह टिंकू ने बताया है कि ट्रॉन्सफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए मैंने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर मांग की है।जिससे ग्राम व मोहल्ले वासियों की समस्या का निराकरण हो सके ।अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद समस्या का निराकरण किया जायेगा भी या हर बार की तरह प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया जायेगा।

## अटल भूजल योजना की डिजिटल रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

चित्रकूट - भूजल सप्ताह योजना के अन्तर्गत संचालित (16-22 जुलाई) के चतुर्थ दिवस पर दिनाँक आज जिला मुख्यालय के विकास भवन से मुख्य विकास अधिकारी अमित आसेरी के द्वारा अटल भूजल योजना की डिजिटल रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर अटल भूजल योजना की नोडल अधिकारी सुश्री श्वेता गुप्ता, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता समेत जिला प्रशिक्षण अधिकारी,अटल भूजल के आईईसी एक्सपर्ट आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट का आयोजन किया गया

पहल टुडे

चित्रकूट ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट जागृति- 3 के अंतर्गत पहाड़ी ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पांच दिवसीय ₹मुन्नी कैंपेन₹ कार्यक्रम का की शुरूआत कल यानी 18/07/2022 से शुरू होकर 22/07/2022 तक चलेगा , इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे समुदायों में बढ़ते कुपोषण तथा मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से एलईडी टीवी शो के माध्यम से पोषण वाटिका तथा भोजन में विभिन्न खाद्य समूह की पर्याप्त उपलब्धता आदि के प्रति ग्राम वासियों को जागरूक करने हेतु इस




कार्यक्रम की शुरूआत की गई , जिसमें ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती पुष्पा सिंह की टीम के द्वारा ममता संस्था का परिचय व प्रोजेक्ट की जानकारी देते हुए एवं प्रोजेक्ट दिखाए एवं पोषण प्रदर्शन से संबंधित दस प्रश्न पूछे गए जिसमें गांव की सभी किशोरी,गर्भवती,धात्री महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इसके उपरांत प्रथम दस विजेताओं को ममता संस्थान द्वारा पुरस्कार का भी वितरण किया गया।

## विवेक की अचानक मृत्यु से मचा कोहराम पूरा गाँव शोक में डूबा

दैनिक पहल टुडे

एटा। ग्राम भादऊ पोस्ट मुस्तफाबाद तहसील जसराना जनपद फिरोजाबाद निवासी श्री रामपाल सिंह के सुपुत्र विवेक कुमार उर्फ छोटू उम्र लगभग 25 वर्ष की आकस्मिक निधन से कोहराम मच गया पूरा गाँव शोक में डूब गया। विवेक का अन्तिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। स्व0 विवेक कुमार ग्राम भादऊ के पूर्व प्रधान गुरूपाल सिंह यादव तथा पूर्व स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी श्री दिवारी लाल यादव के भतीजे थे। आपको बतादें कि स्व0 विवेक कुमार के पिताजी ने अपने निवास स्थान ग्राम भादऊ में 06 जुलाई, 2022 से भागवत कथा का आयोजन कराया था जिसका समापन 13 जुलाई, 2022 को हुआ था तथा उसी दिन विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया विवेक कुमार द्वारा ही सारी व्यवस्थायें संभाली गयी। हजारों लोगों को भोज के



रूप में भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कराया। जो प्रसाद बच गया उसे 14 जुलाई, 2022 को मुख्य मार्ग पर टेज्कर खड़ा करके मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी भण्डारे का प्रसाद खिलाया तथा 14 जुलाई, 2022 को ही संसार से विदा भी ले ली ।प्रसाद वितरण के बाद होनहार नवयुवक विवेक कुमार उर्फ छोटू अपने साथियों के साथ नारे लगाते हुये कलश विसर्जन करने के लिये नहर की ओर चल दिये अभी वह लोग कुछ ही दूर चल पाये थे कि विवेक अचानक टेज्क्टर से गिर पड़ें और उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी मृत्यु का समाचार मिले ही ग्राम भादऊ तथा आस पास लोग घटना स्थल की ओर छौड़ लिये। ग्राम भादऊ में जश्न का माहौल था विवेक की मृत्यु का समाचार सुनते ही ग्राम भादऊ सहित पूरा क्षेत्र शोक में डूब गया। हर किसी व्यक्ति की आँखों अश्रू धारा वहने लगी। जो भी सुनता वही विवेक के अन्तिम दर्शनों के लिये दौड़ लेता था ।दैनिक प्रकाश परिवार स्व0 विवेक कुमार की आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार के धैर्य हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता है।

**विधायक ने कहा कि 2008 में पहली बार उन्होंने उरुवा और आस पास के गाँव को जोड कर एक नयी नगर पंचायत बनाने के लिए प्रयास शुरू किया था**

## बडहलगंज विस्तार और उरुवा को नया टाउन एरिया के रुप में चिल्लूपार को दोहरी सौगात: राजेश त्रिपाठी



दैनिक पहल टुडे

बडहलगंज, गोरखपुर। प्रदेश सरकार ने बडहलगंज नगर पंचायत के सीमा विस्तार के साथ साथ उरुवा बाजार को नया नगर पंचायत बनाये जाने की मंजूरी दे दी है। चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए दोहरी सौगात है।

चिल्लूपार के विधायक ने कहा कि 2008 में पहली बार उन्होंने उरुवा और आस पास के गाँव को जोड कर एक नयी नगर पंचायत बनाने के लिए प्रयास शुरू किया था जबकि बडहलगंज नगर पंचायत के सीमा विस्तार की मांग 1989 से ही चल रही थी। उन्हें इस बात का संतोष है कि बडहलगंज की लगभग 40 साल पुरानी मांग और 14 साल पुरानी उरुवा को नया टाउन एरिया बनाने की चाहत मुख्यमंत्री ने आज अपने कैबिनेट के फैसले में पूरी कर दी। उन्होंने कहा कि बडहलगंज नगर पंचायत में कल्यानपुर, चिल्लूपार, कृतपूरा , संसारपार, मिश्रौली, सिधुआपार, द्वारिकापट्टी, देवभार, गडथौली, कुराव बसावनपुर बाछेपार बेईलिया, जाईपार, कोडारी, विशुनपुरा, सुरदहा, भैंसवली, महुलिया खुजहा जैसे गांव के जुडने से इनका चौतरफा विकास होगा वहीं उरुवा बाजार में बेलास, पुरटांडी, गुचियारी, नकौझा, भरवलिया मरवटिया, बिरई खुर्द, बनकर, राईपुर, पचौहा, चचाईराम, गोलीपार जैसे गांव का चौतरफा विकास है सकेगा ।

चिल्लूपार को मिले इन दोनो सौगातो पर विधायक राजेश त्रिपाठी, जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, नीरज दूबे, शत्रुधन कशौधन, महेश उमर, प्रशान्त शाही, अखण्ड शाही, सुनील सिंह, देवेश निषाद, संतोष तिवारी, अमित चंद पाण्डेय, राजकपूर सिंह, नित्यानंद मिश्र, अनिल भट्ट, विनय तिवारी, राजीव पाण्डेय, सागर शाही, कमलेश पटेल, रवि अग्रवाल, चंदन पाण्डेय सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी।

## 94.2 प्रतिशत अंक पाकर ऋषभ ने विद्यालय किया टॉप

**गोला, गोरखपुर।** उपनगर गोला के भड़सड़ा वार्ड नंबर 14 निवासी ऋषभ गौतम पुत्र संतोष गौतम ने आईसीएसई बोर्ड से हाईस्कूल में 94.2% नंबर ला कर कौड़ीराम आरपीएम पब्लिक स्कूल टॉप किया है ।ऋषभ गौतम की इस उपलब्धि की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा परिजनों को फोन से दिया गया। परिजन इस उपलब्धि पर बहुत ही प्रसन्न हैं। ऋषभ ने इस उपलब्धि का श्रेय गुरूजनों व माता पिता के द्वारा दिए गये उचित मार्गदर्शन को बताया। भविष्य में आईआईटी व प्रशासनिक सेवा मे प्रवेश को अपना लक्ष्य बताया।

# बाग में आम तोड़ने गये व्यक्ति की पेड़ से गिरने से मौत

**धर्मसिहंवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौरब्यास का मामला**



धर्मसिंहवा/संतकबीरनगर। जिले के मेहदावल तहसील क्षेत्र के धर्मसिंहवा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बौरब्यास में पेड़ से गिरने पर एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई घटना की सुचना मिलते हैं गांव में कोहराम मच गया। मृतक बौरब्यास निवासी जानकी पुत्र जोखन उम्र लगभग 62वर्ष जो बहुत ही सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव का व्यक्ति था जानकी मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल भेजा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक जानकी लगभग 11 बजे गांव के पूरब बाग में आम तोड़ने गए जैसे ही जानकी कुछ आम तोड़े ही थे की अचानक पैर डाल से फिसल गया और नीचे गिर गए,जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक जानकी के तीन पुत्र व तीन पुत्रियां हैं तोनो पुत्रीयों की शादी हो गाई गई जो अपने ससुराल में हैं बडे पुत्र शिवसागर 32 बर्ष की भी शादी हो गया है

# दिव्य शिल्प मेले का आयोजन फीता काटकर दीप प्रज्वलित किया गया- दिनेश सिंह

पहल टुडे



प्रयागराज में गंगा सेवा समिति के तत्वाधान में 18 जुलाई 2022 से 07 अगस्त 2022 तक एक दिव्य शिल्प मेले का आयोजन संध्या गेस्ट हाउस (निकट संगम पेट्रोल पंप), टैगोर टाउन प्रयागराज में किया जा रहा है जिसका उद्घाटन महामंडलेश्वर कौशल्या नंदगिरी सदस्य( उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड ) उत्तर प्रदेश सरकार व प्रयागराज सरार्फा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष तथा संस्था संरक्षक श्री दिनेश सिंह जी द्वारा आज दिनांक 18 जुलाई को फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर गंगा सेवा समिति के सचिव पंकज मिश्रा जी ने बताया कि शिल्प मेले का आयोजन आत्मनिर्भर भारत के तहत सभी पुरुषों व महिलाओं के जीविकोपार्जन के हितार्थ किया गया है। मंच का संचालन संस्था संयोजक अभिषेक मणि द्विवेदी जी ने किया। इस अवसर पर अभिषेक जी ने बताया कि शिल्प मेले में मेरठ के खादी के कुर्ते वा कुर्ती , भागलपुरी सिल्क की कुर्ती व साड़ी , मौर्या जी की सीनरी, हाथरस की ज्वेलरी ,हैंड मेड पर्स , लखीमपुर के जूते, राजस्थानी अचार, बच्चों के खिलौने, हैंड मेड गिफ्ट, बनारसी साड़ी, पलक मसाला महिलाओं के वस्त्र व आभूषण आदि की हस्तशिल्प की कला का प्रदर्शन करने के लिए लोग आए हुए है। इस अवसर अपने उद्बोधन में कौशल्या मां ने गंगा सेवा समिति परिवार को शिल्प मेले के आयोजन हेतु आशीर्वाद दिया तथा विगत मेले की तरह ही इस आयोजन पर भी प्रसन्नता व्यक्त की ।वहीं पर संस्था संरक्षक श्री दिनेश सिंह जी ने संस्था को लगातार सफलतापूर्वक शिल्प मेला लगाए जाने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। इस अवसर पर पर संस्था द्वारा संस्था के सभी सदस्यों एवं दूर-दूर से आए शिल्प कला की प्रदर्शन करने आए लोगों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर प्रबंधक संदीप सिंह,उपाध्यक्ष आचार्य पंडित नीरज मिश्र, कोषाध्यक्ष पवन सिंह ,महिला जिला अध्यक्ष मधु श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष माधव चंद्र ब्रह्मा, मनोज कुमार, हिमांशु केसरवानी , दीपक सिंह संदीप मिश्रा, आसिफ, विद्यासागर द्विवेदी ,सुनीता श्रीवास्तव ,डॉक्टर जीसी मिश्रा , मीना राय वर्तिका द्विवेदी, निवेदिता चंद्रा, सरिता साहू, माधवी चटर्जी, नमिता दास, गीता त्रिपाठी, नीलम त्रिपाठी, सुनीता मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

फास्ट ट्रैक

# दशाश्वमेध घाट पर कांवरियों के जत्थे पर अल्पसंख्यक समुदाय ने पुष्पवर्षा व तिलक से भव्य श्रृंगार किया-सरदार पतविंदर सिंह



**सर्वप्रथम अल्पसंख्यक साथियों ने दशाश्वमेध घाट पर प्रणाम कर माथे पर तिलक लगवाया**

प्रयागराज/भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने अल्पसंख्यक सहयोगीयों के साथ दारागंज में दशाश्वमेध घाट पर सर्वप्रथम प्रणाम कर माथे पर तिलक लगवाया तत्पश्चात गंगा जल भर काशी के लिए निकले कांवरियों के जत्थे पर पुष्पवर्षा व माथे पर तिलक लगाकर भव्य श्रृंगार कर आशीर्वाद प्राप्त कियावरिष्ठक्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कांवरियों के उमड़े जत्थे को संबोधित करते हुए कहा कि आप भक्तों को बोल बम के साथ एक स्लोगन का उच्चारण और करते जाना है हर व्यक्ति को एक वृक्ष (पेड़-पौधे )लगाना जरूरी है का संदेश भी देते रहिएगा जिससे आने वाली पीढ़ी भी स्वास्थ्य वायुमंडल में सांस लेकर सावन माह में भोलेनाथ काजलाभिषेक कर सके क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कांवरियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सब बहुत भाग्यशाली है जो भक्ति के रंग में लगे हुए हैं सत्संग, नाम जपना यह सब अच्छे कर्मों से ही प्राप्त होता है उन्होंने आगे कहा कि भक्तों यात्रा बहुत ही शांतिप्रिय ढंग से उत्तर प्रदेश सरकार की गाइड लाइन के तरीके से पूर्ण करनी हैं जिससे अन्य धर्मा के बीच समाज में अच्छा संदेश जाएह्न कांवरियों की सेवा में एजाजुद्दीन प्रदेश कार्य समिति सदस्य, भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा, रेहाना खातून मुस्लिम राष्ट्रीय मंच जिला संयोजिका, ऋषिकेश प्रजापति ( सोशल मीडिया प्रभारी )मो इसरार, अकरम सिद्दीकी, कमर बानो, अरविंद मसीही, कुसुम लता जैन, इश्तियाक अहमद, हरमंजीत सिंह, दलजीत कौर सहित तमाम राष्ट्रभक्त कांवरियों के जत्थे के कार्य सेवा में तत्परता से लगे हुए हैं

# हापुड़ की टीम ने आईडीसी का किया एक्सपोजर विजिट


**डीपीआरओ ने विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना**

दैनिक पहल टुडे /पीतम सिंह

**हापुड़** पंचायती राज विभाग की टीम ने आज इंडियन डेवलप सेंटर का एक्सपोजर विजिट किया। टीम की अगुवाई जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने किया। टीम सभी खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, 45 ग्रामों के ग्राम प्रधान व सचिव के अलावा खंड प्रेरक व डीसी मौजूद रहे। जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एसबीएम फेज दो में 45 ग्राम पंचायतों को ओ डी एफ प्लस के लिए चुना गया है। एक्स पोजर विजिट से इस कार्य में काफी मदद मिलेगी। कैसे कार्य करना है इस पर विस्तार से चर्चा हुई। सेंटर में गोबर गैस, वर्मी कमपोस्ट, सोख पिट, लीज पिट, नाडेप तकनीकी से कामपोस्ट पिट की जानकारी मौके पर देख कर लिया। जिला पंचायत राज अधिकारी बीच बीच में सभी को ठीक से प्रशिक्षण लेने पर जोर देते रहे। उनकी कोशिश है कि हापुड़ में ओडीएफ प्लस की ठीक से शुरूआत हो। इस दौरान खुले में शौच मुक्त को बनाए रखना है।

# न्याय के लिए दर-दर भटक रहा दलित परिवार





**पीड़ित ने बैनामा सुधा जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा व जान से मारने का लगाया आरोप**

पहल टुडे

धनघटा/संतकबीरनगर। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव का दलित परिवार गांव के ही दबंग लोगों पर बैनामा सुधा जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। दलित मजदूर का आरोप है कि धनघटा पुलिस मामले की लीपापोती में जुट गई है जिसके चलते पीड़ित को न्याय नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सौंपी गई तहरीर में धनघटा थाना क्षेत्र के मदरा गांव निवासी श्रीराम पुत्र राम दरस ने लिखा है कि वह अपने घर के सामने अपनी पत्नी सरिता देवी के नाम से एक दिशा का बैनामा सुधा कृषि भूखंड बैनामा कराया था जिस नंबर से सटा नगेंद्र यादव का भी भूखंड है 9 जुलाई को 9:00 बजे जब प्रार्थी मजदूरी के काम पर चला गया तो नगेंद्र यादव अपने लड़के संजय पंकज और पवन के साथ आए और जबरिया तथा बलपूर्वक मेरे पत्नी के नाम से बैनामा जमीन पर जुताई करके कब्जा कर लिये। जानकारी होने पर मेरी पत्नी ने मौके पर जाकर मना किया तो दबंग विपक्ष जनों ने जातिसूचक गाली देते हुए ट्रैक्टर चालक पवन ने ट्रैक्टर से मेरी पत्नी के कुचलने का भी प्रयास किया तथा उक्त लोगों ने अपने निजी वाहनों से देर सवेर एक्सीडेंट कर हत्या करने व मेरे बच्चे को उठा ले जाने की खुलेआम धमकी दे रहे है जिससे दलित परिवार दहशत में है। पीड़ित ने बताया कि मामला जब मै लेकर चैकी पर गया तो चैकी प्रभारी ने सुलह के लिए दबाव बनाने लगे वही थाने पर भी मुकदमा कायम करने में हीला हवाली की जा रही है। इस बारे में बात करने पर इस्पेक्टर धनघटा के.डी. सिंह ने बताया कि आरोप सरासर गलत है मामला जांच किया जा रहा है जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी।

## जमीन विवाद में खूनी संघर्ष,सात गंभीर

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम जूरी में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों मे जमकर खूनी संघर्ष हो गया,जिसमें सात लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम जूरी मे दो पक्षो मे एक ही जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा था,जबकि एक पक्ष को एस.डी.एम. खलीलाबाद ने उनके कागजात को देखने के बाद निर्माण कार्य का निर्देश दिया था। उक्त व्यक्ति अपना निर्माण कार्य करा रहा था

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दानोकुइयां का किया गया औचक निरीक्षण



दुधारा/संतकबीरनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा श्वेतांक सिंह ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दानोकुइयां का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने स्टोर, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष का बारीकी से जांच की। उन्होंने डिलीवरी प्वाइंट शुरू को लेकर अब तक की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए वह प्रयासरत हैं। कमियों को दूर किया जाएगा। इस दौरान ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कुमार पाण्डेय, डा. अनुष्का शर्मा, डा. कौसर नाजिम, मुकेश मीना आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# अटेवा ने चलाया सदस्यता अभियान



पहल टुडे

मगहर/संतकबीरनगर। संतकबीर आचार्य रामविलास इण्टर कालेज मगहर संतकबीरनगर में सोमवार को अटेवा के मण्डली संगठन मंत्री बस्ती मण्डल मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे प्रधानाचार्य डॉक्टर राकेश सिंह सहित समस्त शिक्षकध्शिक्षणेत्तर कर्मचारियोंने इस अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।सभी लोगों ने संकल्प लिया कि पुरानी पेंशन बहाल होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर रामकुमार बर्मा, रामकुंवर मौर्य,दिनेश कुमार,दिनेश कुमार श्रीवास्तव,महेंद्र यादव,विनोद चैधरी, सत्येंद्र कुमार,गौरव कुमार,संतोष कुमार,अजय गौतम,अष्टभुजा चैधरी,डाक्टर माहेश्वर सिंह,परमिला पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार, हरिश्चंद्र आजाद,राजेश बर्मा,आशुतोष सिंह,शिवानंदन पाण्डेय,शैलेश कुमार शुक्ल,मोहम्मद दीन,निसार अहमद खां,विरेंद्र यादव,अमित राय,संपूर्णानंद त्रिपाठी,बृजलाल,वागीश पांडेय,वेदप्रकाश, परमानंद,सिद्ध राज,उमेश,वागीश पाण्डेय, हेमलता,जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यहां जुगाड़ से चल रहा तैनाती का खेल

**जनवरी में मेंहदावल से हुए स्थानांतरित जुलाई माह में पुनः कर ली वापसी**

**मेंहदावल विकास खंड को नही छोड़ना चाहते ग्राम पंचायत अधिकारी**

पहल टुडे

मेंहदावल/संतकबीरनगर। एक तरफ योगी सरकार वर्षो से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों व कर्मचारियों के हटाने का फरमान जारी कर रखा हैं। दूसरी तरफ जिले के अफसरान योगी सरकार के धज्जियां उडाते दिख रहे हैं। ताजा उदाहरण मेंहदावल विकास खंड में देखने को मिल रहा हैं। लंबे समय से एक ही विकास खंड पर तैनात दो ग्राम पंचायत अधिकारियों का स्थानांतरण जनवरी माह में जिलाधिकारी के आदेश पर दो ग्राम पंचायत अधिकारी यहां से स्थानंतरित किये गयें।

तो वही जुलाई माह में पुनः इन स्थानांतरित ग्राम पंचायत अधिकारियों ने विभागीय जुगाड लगाकर खुद की तैनाती मेंहदावल करा ली। खास बात यह हैं कि एक महिला ग्राम पंचायत अधिकारी का खुद का यह गृह ब्लाक हैं। यह मामला विकास खंड से लेकर प्रधानों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ हैं। मेंहदावल विकास खंड में लंबे समय से ग्राम पंचायत सचिव के पद अब्दुल लतीफ व कुमारी नेहा सिंह कार्यरत हैं। जिसमें कुमारी नेहा सिंह इसी विकास खंड के ग्राम पंचायत जब्बार की निवासनी बतायी जा रही हैं। जबकि मोहम्मद लतीफ इसी विकास खंड से सटे विकास खंड सांथा क्षेत्र के मूल निवासी हैं। वर्षो से मेंहदावल विकास खंड में तैनात भी रहें। इनका कार्यकाल हमेशा विवादो के घेरे में रहा। जनवरी माह में जिलाधिकारी के आदेश पर मोहम्मत लतीफ ग्राम पंचायत अधिकारी का स्थानांतरण का विकास खंड हैसर के लिए हुआ। जबकि कुमारी नेहा सिंह का स्थानांतरण गृह विकास खंड से अलग बघौली विकास खंड के लिए किया गया। ताज्जुब यह हैं कि पांच माह बाद ही दो ग्राम पंचायत अधिकारियों की तैनाती पुनः शासन के आदेशों को ताक पर रखकर मेंहदावल विकास खंड के लिए कर दिया गया। जो विकास खंड के कर्मचारियों व प्रधानों मे चर्चा का विषय बना हुआ हैं। वही खंड विकास अधिकारी अम्बरेश सिंह चैहान का कहना हैं कि गृह विकास खंड में ग्राम पंचायत अधिकारी का गृह विकास खंड में किया जाना नियम विरुद्ध हैं। पांच माह पूर्व स्थानांतरित ग्राम पंचायत अधिकारियों का पुनः यहां तैनाती का जबाब उच्च अधिकारी ही दे पायेगें।

## आगामी 21 जुलाई को रोजगार मेले का होगा आयोजन

संतकबीरनगर। जिला सेवायोजन अधिकारी शैलेन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 21 जुलाई 2022 को सुबह दस बजे से शाम तीन बजे तक राजकीय आई.टी.आई.,चकदही परिसर, खलीलाबाद में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में होलीहर्ब्स काम, ब्राइट फ्यूचर आर्गैनिक हर्बल्स, एवं पशुपतिनाथ वायोटेक्नोलॉजी प्रा0लि0 इत्यादि कम्पनियां लगभग 210 रिक्तियों के साथ प्रतिभाग कर रही हैं।

# दो अदद मोटर साइकिल के साथ शाति गिरफ्तार

पहल टुडे



संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी मेहदावल अम्बरीश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत चोरी जैसी घटनाओं के सफल अनावरण के लिए थानाध्यक्ष बखिरा अनिल कुमार सिंह के गठित टीम नेमुखबिर खास की सूचना पर चोरी की दो अदद मोटर साइकिल के साथ एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया। उक्त अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने बताया कि दो साइकिल जिसका नम्बर नंबर यू.पी. 58 जे0 7732 हीरो स्पलेण्डर मेरा है तथा दूसरी मोटर साइकिल नंबर यू.पी. 58 बी.एल. 2147 हीरो स्पलेण्डर प्रो गोरखपुर शहर से चोरी करके लाया हूं। जिसका नंबर प्लेट पकड़े जान के डर से हटा दिया हूं। चुराई हुई मोटर साइकिल का इंजन मै अपने मोटर साइकिल में लगा दिया हूँ और अपनी गाड़ी का इंजन चोरी करने वाली मोटर साइकिल में लगा दिया हूँ चुंकी चोरी वाले गाड़ी का इंजन अभी नया था और सोचा था कि पकड़ में भी नही आएगा लेकिन पकड़ा गया। थानाध्यक्ष बखिरा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अजय सिंह पुत्र विश्वम्भर सिंह निवासी सिहटीकर थाना बखिरा का निवासी है। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय/जेल भेज दिया गया।

# हैसर नगर पंचायत की घोषणा होने पर हिंदू जागरण मंच ने बांटी मिठाई

**विकास की नई सौगात लेकर आएगा नगर पंचायत हैसर- राकेश पाठक**

पहल टुडे



धनघटा/संतकबीरनगर। नगर पंचायत हैसर की घोषणा होने के बाद पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल कायम हो गया है। विगत कई वर्षों से चल रहे रस्साकशी आखिरकार खत्म हो गई। मंगलवार को जैसे ही नगर पंचायत हैसर की घोषणा हुई तमाम लोगों में हर्ष का माहौल कायम हो गया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष राकेश पाठक की अगुवाई में धनघटा और हैंसर चैराहे पर पटाखे जलाए गए और मिष्ठान का वितरण किया गया। मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए राकेश पाठक ने कहा कि हैसर नगर पंचायत का सपना यहां के लोग 40 साल से देख रहे थे,जिसे भारतीय जनता पार्टी ने पूरा किया, वर्तमान समय में हैसर का नगर पंचायत होना इस क्षेत्र का सौभाग्य है। उन्होंने बताया कि 26 गांव वाले नगर पंचायत से यहां के लोगों का भाग्योदय होगा और विकास को बल मिलेगा। इस दौरान लोग एक दूसरे को मिठाई खिलाते व बधाई देते नजर आये।

## कुपोषित बच्चों का किया जाता है इलाज, होता है नियमित फॉलोअप

# पोषण पुनर्वास केन्द्र में 1380 बच्चों को मिला नया जीवन

**विशेष आहार और दवाओं के जरिए बच्चों को किया जाता है सुपोषित**

पहल टुडे



संतकबीरनगर। जिला अस्पताल में बने एनआरसी ( पोषण पुनर्वास केन्द्र ) में कुपोषण के चलते बीमारियों की चपेट में आए अल्प विकसित बच्चों को नया जीवन मिल रहा है। यहां पर बच्चों की बीमारी के आधार पर विटामिन व खनिज तत्वों से युक्त भोजन देकर बच्चों में मौजूद कमियों को दूर किया जाता है। केन्द्र में अब तक 1380 बच्चों को नया जीवन मिल चुका है तथा उनका नियमित फॉलोअप किया जाता है। केन्द्र की चिकित्सक डॉ नम्रता चैधरी बताती हैं कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिरुद्ध सिंह व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ओ पी चतुर्वेदी के निर्देशन में एनआरसी में 5 वर्ष तक की आयु के कुपोषित बच्चों को भर्ती किया जाता है तथा 14 दिन तक एनआरसी में रखकर उनका इलाज किया जाता है और उन्हें विशेष आहार दिये जाते हैं, आहार में बच्चे के लिए उचित मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन और खनिज तत्व होते हैं। केंद्र की डायटिशियन जहीरा खातून के निर्देशन में कुक कम केयरटेकर गुडिया आहार तैयार करती हैं तथा बच्चों को शुरूआती दौर में दोह्व दो घण्टे के अन्तराल पर देती हैं। यहां की स्टाफ नर्स तृप्ति श्रीवास्तव बच्चों की नियमित देखभाल करती हैं। सेण्टर में अभी 8 कुपोषित बच्चों का इलाज चल रहा है। 2015 में एनआरसी की स्थापना के बाद से ही निरन्तर बच्चे सुपोषित किये जा रहे हैं।

### एनआरसी में निशुल्क हैं सभी सुविधाएं

डॉ नम्रता बताती हैं कि एनआरसी में सारी सुविधाएं निःशुल्क हैं। बच्चे को भर्ती करने के बाद बच्चे को निःशुल्क पोषक आहार तो दिया ही जाता है, बच्चे के साथ रहने वाले किसी एक अभिभावक के लिए भी निःशुल्क भोजन की व्यवस्था है। इस दौरान बच्चा जितने दिन एनआरसी में भर्ती रहता है उसके हिसाब से अभिभावक को प्रतिदिन के 50 रुपए तथा फालोअप पर आने के लिए अभिभावक को 150 रुपए दिए जाते हैं।

### आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को भी प्रोत्साहन राशि

एनआरसी के प्रभारी डॉ. डी. पी. सिंह बताते हैं कि यदि कोई आशा कार्यकर्ता या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किसी बच्चे को लेकर एनआरसी में भर्ती कराती है तो उसे भी 100 रुपए दिए जाते हैं तथा चार फालोअप पर प्रति फालोअप के हिसाब से 400 रुपए प्रदान किए जाते हैं। उन्होंने अपील की कि आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता कुपोषित बच्चों की पहचान के बाद उन्हें एनआरसी में भर्ती कराएं।

# लहरपुर के कुलताजपुर चौराहे पर स्थित सरकारी नल से निकल रहा गंदा और बदबूदार पानी

पहल टूडे/ मनीष पाठक



सीतापुर जनपद के विकासखंड लहरपुर के ग्राम सभा कुलताजपुर चौराहे पर स्थित सरकारी नल गंदा और बदबूदार पानी निकल रहा है ग्रामीणों और दुकानदारों द्वारा प्रधान से बार-बार शिकायत करने पर भी नल को सही नहीं करवाया जा रहा ज्ञात हो कि चौराहे पर लगे नल से बदबूदार और गंदा पानी निकल रहा है जिससे लोगों में संक्रमण रोग फैलने की संभावनाएं बढ़ गई है नल के आसपास बड़ी बड़ी झाड़ियां लगी हुई है और साफ सफाई ना होने के कारण राहगीरों को पीने योग्य पानी लेने के लिए 1 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है प्रधान से जब इसके बारे में शिकायत की गई तो उन्होंने कहा अभी उनके पास बजट नहीं है जब बजट आएगा तभी यह नल सही हो पाएगा अब देखना होगा स्थानीय प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा।

# प्रशासक नियुक्त न होने से न0पा0परिषद का वित्तीय लेन देन ठप

**पालिका अध्यक्ष मो. जासमीर अंसारी निर्वाचित हो चुके हैं सपा के एम एल सी**

**ईओ ने कहा शासन की अनुमति मिलते ही नियुक्त होगा प्रशासक**

पहल टूडे /मनीष पाठक

लहरपुर सीतापुर नगर पालिका अध्यक्ष मो. जासमीर अंसारी के सपा एम एल सी बनने के बाद यहाँ प्रशासक न नियुक्त हो पाने के कारण पालिका के वित्तीय कार्य लम्बित है इस बाबत शासन के निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति यदि दूसरे पद को स्वीकार करता है तो उसे 14 दिन के भीतर एक पद छोड़कर इसकी इत्तला शासन को देनी होती है इसके बाद शासन आगे की कार्रवाई करता है बीती 12 जुलाई को पालिका अध्यक्ष श्री अंसारी ने एमएलसी पद पर चुने जाने की सूचना डीएम समेत नगर विकास विभाग के निदेशक सचिव व प्रमुख सचिव को दी थी इस पर डीएम ने शासन को नगर पालिका परिषद लहरपुर के प्रशासक नियुक्त करने के लिए भी लिखा है अब तक इस आशय की अनुमति न मिलने के कारण अब तक प्रशासक की नियुक्त नहीं हो सकी है हालातों के चलते कस्बे के तमाम विकास योजनाओं के भुगतान में दिक्कत हो रही है जबकि शेष योजनाएं जहां की तहाँ ठप पड़ी है एमएलसी निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मोहम्मद जासमीर अंसारी ने कहा की प्रशासक की नियुक्ति के सिलसिले में मैंने तय समयावधि से पहले ही शासन को पत्र लिखकर अवगत करा दिया है अब आगे निर्णय लेना शासन का काम है नगर पालिका परिषद के ईओ ने कहा कि प्रशासक नियुक्त करने को डीएम ने शासन को पत्र लिखा है जब तक प्रशासक नियुक्त नहीं होता भूगतान के मामलों में समस्या रहेगी एसडीएम अनुपम मिश्र ने कहा कि प्रशासक नियुक्त करने की अनुमति मिलते ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी बता दें कि विकास योजना के भुगतान व नगर पालिका परिषद पालिका अध्यक्ष व ईओ के संयुक्त हस्ताक्षर से होता है।

# पुलिस की लापरवाही के चलते लगातार हो रही क्षेत्र में चोरियां



संवाददाता अनुराग मिश्रा उर्फ पवन

मिश्रित सीतापुर / कोतवाली क्षेत्र के बीट नम्बर एक में तैनात दरोगा की निष्क्रियता और रात्रि कालीन गस्त न होने के कारण अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद चल रहे है ।

आए दिन अज्ञात चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस को कड़ी चुनौती दे रहे है ।बीती रात महसोनिया गांव निवासी शिवम पुत्र दिनेश के घर शादी थी । वह शादी में व्यस्त थे । बीती रात अज्ञात चोरों ने उनके खेत में बने समरसेबुल को निशाना बनाया और मोटर निकालकर चम्पत हो गए ।पीड़ित ने घटना का सिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर अज्ञात चोरों के बिरुध्द कार्यवाही करने की मांग की है ।

फास्ट ट्रैक

# आदर्श कैलाश नाथ इंटर कालेज के मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

पहल टूडे/ मनीष पाठक

लहरपुर सीतापुर आज मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित आपको बताते चलें कि आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज वर्ष 2022 के मेधावी छात्र-छात्राओं के अलंकरण सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जगबीर सिंह निदेशक सीतापुर शिक्षा संस्थान ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस कार्यक्रम आयोजक डॉ संदीप कुमार शुक्ला आईईटी डॉ विजय कुमार पांडे प्रोफेसर जेपी सिंह नेजेपी सिंह निदेशक प्रवेश प्रकोष्ठ मुख्य रूप से सलमान समारोह में मौजूद रहे सम्मान समारोह में मौजूद रहे वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी जी के द्वारा बताया गया युवाओं के कंधों पर हमारा भविष्य टिका हुआ है और कड़ी मेहनत करने वाले कभी निराश नहीं होते युवाओं का शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास कि हमारे आने वाले कल का सुखद भविष्य हो युवाओं और कड़ी मेहनत करने वाले कभी निराश नहीं होते युवाओं का शारीरिक मानसिक और सामाजिक विकास की हमारे आने वाले कल का सुखद भविष्य होगा इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यापक विजय निगम ,रमेश मिश्रा, विनोद शुक्ला, विनीत जयसवाल , भारी संख्या में छात्र छात्रा विद्यालय के समस्त अध्यापक वा अभिभावक और आदर्श पत्रकार एकता एशोशियन के अध्यक्ष अरुण सिंह आचार्य , अजीत जायसवाल, अंकित अवस्थी, गार्गी मिश्रा आदि पत्रकार बंधु भी मौजूद रहे।



# मछरेहटा में पड़ी बदहाल सड़के जिम्मेदार नहीं दे रहे हैं ध्यान

पहल टूडे/ ब्यूरो रिपोर्ट अनूप पांडेय



उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार बनाने से पहले एक चुनावी घोषणा में कहा था कि उत्तर प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त सड़क होंगी परन्तु यह दावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जमीनी हकीकत से कोसों दूर घोषणा रह गई .

सीतापुर के मछरेहटा क्षेत्र की सड़कों की व्यवस्था देखने पर पता चलता है कि सरकार की हकीकत क्या है क्षेत्र के प्रतिनिधि विधायक सांसद उन्हीं रोडो से होकर निकलते हैं लेकिन सड़क की तरफ बिल्कुल ध्यान नहीं देते क्षेत्र की सड़क देखकर यही नहीं मालूम पड़ता है की गड्ढे में सड़क है की सडक मे गड्ढे है क्षेत्र की सड़कों का यह हाल है बारिश के दौरान सड़क पर बने गड्ढे मैं पानी भर जाता है और वह दुर्घटना को दावत देने लगती हैं , मछरेहटा से जलाल पुर रोड , आदिल पुर ? नहर से परसदा , बीहट से सटेलिया होते हुए सूरजपुर मैन रोड परसदा से भदेवर होते हुए मछरेहटा मेन रोड आज ये हालत है कि कोई भी क्षेत्र की कोई सड़क ऐसी नहीं है जिसमें बड़े बड़े गड्ढे न हों रोज हर सड़क पर एक्सीडेंट होते हैं मछरेहटा से जलाल पुर रोड टैक्सी चल रही है सडके निर्माण विभाग से बनायी जाती हैं उनकी गुणवत्ता इतनी खराब होने की वजह से गड्ढा मुक्त सड़क योजना को सरकार को उनके अधिकारी पलीता लगाने की कोशिश में कामयाब रहे हैं की क्षेत्र की रोड इतनी खराब है कि2,व 4 पहिए का वाहन निकलने में इतनी समस्याएं हो रही है सरकार को चाहिए तत्कालीन सड़क के मरम्मत करवानी चाहिए वही हैं ।

# शिक्षा के मंदिर को कलंकित कर रहे शिक्षक



संवाददाता- मनीष पाठक

सीतापुर जनपद के विकासखंड बेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कड़बड़ा के अंतर्गत मजरा लाल बहादुर पुरवा मे प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाचार्य अनिल कुमार की मनमानी आई सामने कड़ बड़ा प्राथमिक विद्यालय मे अध्यापकों की मनमानी के चलते अंधेरे में धकेला जा रहा नवनिहालो का भविष्य शिक्षा के मंदिर में बैठे शिक्षकों के समय से विद्यालय आने का कोई समय निर्धारित नहीं है प्रधानाध्यापक व शिक्षकों की दिनचर्या आने की 8:30 से 10:00 होती है जबकि प्राथमिक विद्यालय में बच्चे सुबह 7:00 बजे उपस्थित हो जाते हैं और बच्चों को गाइडिंग करने वाला वहां पर कोई उपस्थित नहीं होता बच्चों के पहुचने के बाद भी विध्यालय मे ताला लगा रहता है सूबे की सरकार प्राथमिक विद्यालय और शिक्षक पर विशेष योजनाएं और रखरखाव की व्यवस्था पर जोर दे रही है उधर शिक्षा के मंदिर में बैठे अध्यापक सरकार को पलीता लगाने में लगे हुए हैं

# खाद्यान्न वस्तुएं को जीएसटी में शामिल होने का विरोध कर ज्ञापन सौंपा



दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ0प्र0 के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष दीपू गर्ग के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन वित्तमंत्री को सौंपा। व्यापारियों ने केन्द्र सरकार द्वारा दैनिक आवश्यक अनब्रांडेड वस्तुओं जिसमें खाद्यान्न वस्तुएं को जीएसटी में शामिल होने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी में वस्तुओं को शामिल होने से देश की 130 करोड़ जनता को भारी मंहगाई का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के कमरे व चिकित्सा उपकरणों पर लगाये गये कर से चिकित्सा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं पर कर लगाने से शिक्षा व्यवस्था आम आदमी से दूर हो जाएगी। खेती में काम आने वाली मशीन, सब्जी में काम आने वाली मशीनरी व खेती में अन्य इस्तेमाल होने वाली वस्तु पर कर लगाये जाने से खेती का सामान मंहगा हो जायेगा। व्यापारियों ने बढ़ती हुई मंगगाई को रोकने के लिए जीएसटी की बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस लेने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। प्रतिनिधि मंडल में दीपू गर्ग, गोपाल बंसल, विकास ग्रोवर, गौरव गुप्ता, प्रदीप शर्मा, चन्द्रभूषण मिततल, राजेश कुमार, अर्पण बंसल, विशाल जालान आदि उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान पर तैनात चौकीदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता अनुराग मिश्रा उर्फ पवन

मिश्रित सीतापुर / कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत जसरथपुर से अकबरपुर जाने वाले संपर्क मार्ग के किनारे स्थित अंग्रेजी शराब के ठेके पर तैनात रात्रि कालीन चौकीदार की सीढी से गिर जाने के कारण संदिग्ध रूप से मृत्व हो गई है ।जानकारी के मुताबिक ग्राम जसरथपुर से अकबरपुर जाने वाले सम्पर्क मार्ग पर सगुनीचंद ईट भट्ठा के पास स्थित अंग्रेजी शराब ठेका पर गांव जसरथपुर निवासी भरोसे पुत्र पुनई उम्र 55 वर्ष रात्रिकालीन चौकीदारी का कार्य करते थे ।वह बीती रात सायं 8 बजे घर से निकल कर ठेके पर चौकीदारी करने गए हुए थे । बताया जाता है कि वह ठेके के अंदर लगी सीढ़ी पर चढ़ते समय पैर फिसल जाने के कारण नीचे फर्श पर गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गए । परन्तु उनके अलावा ठेके पर अन्य ब्यक्ति न होने के कारण वह रात भर ठेके अंदर ही पड़े रहे जिससे उनकी मौके पर ही मृत्व हो गई ।सुबह जब काफी देर तक वह घर नहीं पहुंचे तो परिवारी जन ठेके पर जानकारी लेने पहुचे ।परन्तु ठेके का ताला अंदर से बंद था ।सुबह जब ठेके पर तैनात सेल मैन आए और ताला खोल कर देखा तो वह संदिग्ध रूप से मृत अवस्था में पड़े मिले ।परिजनों ने घटाना की पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भराकर पोस्ट मार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है ।प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह का कहना है ।कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु के कारणों का सही पता चल सकेगा ।

# बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक देश को बर्बाद कर देगा - मुनीर अकबर

दैनिक पहल टुडे



बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर ने प्रेस कांफ्रेंस कर सरकारी बैंकों के निजीकरण के लिए मॉनसून सत्र में लाए जाने वाले बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सरकारी बैंकों को अपने उद्योगपति मित्रों को दान में देने के लिए बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक लाने जा रही है।जिसके पास हो जाने के बाद इन बैंकों में सरकार का शेयर 51 प्रतिशत से घट कर 26 प्रतिशत हो जाएगा।जिससे इन बैंकों में जमा आम आदमी का पैसा एक तरह से निजी उद्योगपतियों का हो जाएगा। इन सरकारी बैंकों को मोदी जी के वे मित्र खरीदेंगे जो खुद सरकारी बैंकों के कर्जदार हैं और अपना बकाया कर्ज मोदी सरकार से माफ करा लेते हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने 1969 में 19 जुलाई को बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर निजी बैंकों के लाभ को राष्ट्र के विकास में लगाने और उनको जनता के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए उनमें सरकार की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत रखी थी। जिससे बैंक जनता के नियंत्रण में रहें।लेकिन अब मोदी जी इन बैंकों में सरकार की हिस्सेदारी 26 प्रतिशत करने और अगले कुछ सालों में पूरी तरह खत्म कर देने के लिए कानून ला रहे हैं। जिससे इन बैंकों का अब जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के प्रति कोई जाबदेही नहीं रह जाएगी।उल्टे वे अब मनमाने व्याजदर पर सरकार को ही कर्ज देने लगेंगे। अल्पसंख्यक कांग्रेस इस कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर हाफिज हसीम अहमद,कबीर खान,राम प्रसाद,मन्सूर अहमद,बशीर सैफी, फकरेआलम आदि मौजूद रहे।

# विनीत कुमार होंगे बिलग्राम के नए तहसीलदार

बिलग्राम हरदोई बताते चलें कि अभी चार दिन पूर्व भी संडीला में तहसीलदार के पद पर तैनात रहे अंबिका प्रसाद चौधरी ने बिलग्राम तहसील का चाट लिया ही था कि उन पर संडीला में सीलिंग जमीन के विवाद में उन्हें जिला मुख्यालय संबंध कर दिया गया है वहीं संडीला में तहसीलदार न्यायिक के पद पर रहे विनीत कुमार को बिलग्राम का नया तहसीलदार बनाया गया है चार्ज लेते ही उन्होंने कहा वादों को निपटाने में उनकी प्रथम वरीयता होगी साथ ही साथ जनता के कामों में कोई लापरवाही नहीं की जाएगी उनकी समस्या का निस्तारण त्वरित रूप से कराया जाएगा

# प्रबन्ध समिति ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

**मासिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को किया सम्मानित**

दैनिक पहल टुडे



बुलन्दशहर। छतारी के समसपुर गांव में मंगलवार को स्कूल में आयोजित मासिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को स्कूल बैगों का वितरण किया गया।स्कूल बैग मिलने के बाद छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे हैं। छतारी के समसपुर मार्ग गांव चैढेंरा स्थित नीरा कॉन्वेंट स्कूल में बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रबंधक रंजीत कुमार ने संयुक्त रूप से छात्र-छात्राओं को बैग बांटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक रंजीत कुमार ने कहा कि छात्र-छात्रा मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। स्कूल में आयोजित मासिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार के रूप में बैगों वितरण किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा मंजिरी वार्ष्णेय, आरिन, अन्य, अनिका, कुनाल शर्मा, प्रेमपाल सिंह, वीरपाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठा0 धर्मेन्द्र सिंह ने सुनी किसानों की समस्याएं

**भाकियू महाशक्ति ने संगठन का विस्तार कर सौंपे मनोयन पत्र**

दैनिक पहल टुडे



बुलंदशहर। भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं को लेकर एक पंचायत का आयोजन किया। जिसमें कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए ठा0 धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि किसी भी किसान की समस्या को अनदेखा नहीं किया जायेगा। गांव रमानी बुर्ज में हुई पंचायत में किसानों अपनी समस्याओं को भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखा। किसानों की समस्याओं को सुनते हुए ठा0 धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों के हर दुःख दर्द में वे उनके साथ है। साथ ही किसी को कभी भी कोई समस्या होती है उसका समाधान मिलकर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता या किसान की कोई समस्या है तो वह मेरी समस्या होगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकत्र होकर किसानों को ज्यादा से ज्यादा संगठन से जोड़े और संगठन को मजबूत करें। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा0 धर्मेन्द्र सिंह ने मनोय पत्र भी दिये। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार मंत्री ठाकुर सज्जन सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र भाटी, जिला उपाध्यक्ष भूरा शर्मा, राष्ट्रीय प्रतिनिधि आशुतोष शर्मा, अफसर तहसील सचिव, शैलेश उर्फ किल्लन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी व पुलिस अधिकारी

# व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयेजित




दैनिक पहल टुडे

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, नगर सुरेन्द्रनाथ तिवारी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक नगर शशांक सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में व्यापारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों, सरार्फा व्यापारी एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन, पेट्रोल पम्प एसोसिएशन, किराना एसोसिएशन व व्यापार मंडल एवं औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित की गयी। अपर पुलिस अधीक्षक नगर व सहायक पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही उनसे सुझाव मांगे गए एवं उन्हें कुछ सलाह भी दी गई है तथा व्यापारियों को गार्ड रखने, अपने-अपने प्रतिष्ठानों के अन्दर व बाहर अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने एवं कैमरों को 24 घंटे सुचारू रूप से चालू रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया जिससे अपराध नियत्रंण में मदद मिल सकें तथा व्यापारियों को साइबर अपराधों से बचने हेतु भी जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त व्यापारियों से कहा गया कि वह शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान में भी सहयोग दें। उक्त मीटिंग में जनपद के विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कांवड़ियों के लिए लगाए जाने वाले शिविरों के स्थानों का लिया जायजा

बुलन्दशहर। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए अधिकारियों ने रात भर निरीक्षण किया। सोमवार देर रात 11:45 बजे स्याना पहुंचे। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले कांवड़ियों के मार्गों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही अधिकारियों ने कांवड़ियों के लिए लगाए जाने वाले शिविरों के स्थानों का भी जायजा लिया। नहर पुलिस चैकी के निकट पटरी पर लगने वाले शिविर के स्थान का भ्रमण किया। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रियों को आवाजाही में कोई दिक्कत ना हो, इसके लिए रास्तों में प्रकाश व्यवस्था, सफाई और कांवड़ शिविरों में उचित प्रबंध रहेंगे। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त के साथ मुख्य चैराहों पर पिकैट की व्यवस्था की गई है। मार्गों पर पुलिस कर्मचारी पेट्रोलिंग करेंगे। सीओ वंदना शर्मा, कोतवाल धर्मेंद्र सिंह, नहर चैकी प्रभारी जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# प्रसपा ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन

– सीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

पहल टुडे



बांदा। मंगलवार को ज्वलंत जनसमस्याओं को लेकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के युवा नेता एजाज खान के नेतृत्व में पार्टीजनों नें मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष मानसिंह यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष अंकित अम्बेडकर, यूथ ब्रिगेड जिलाउपाध्यक्ष सौरभ राजपूत, युवजन सभा जिलाउपाध्यक्ष राहुल शर्मा, युवजन सभा नगर अध्यक्ष सरफराज खान, नगर अध्यक्ष धनेश सोनी, बाँदा विधानसभा अध्यक्ष रामलखन यादव, लोहिया वाहिनी जिलाउपाध्यक्ष नीरज निषाद, अल्पसंख्यक सभा जिलाउपाध्यक्ष आरिफ खान, अल्पसंख्यक सभा महासचिव मौलाना उस्मान, जिलामहासचिव धर्मेंद्र सोनकर, अनुसूचित सभा जिलाध्यक्ष देवराज वर्मा,लोहिया वाहिनी नगर अध्यक्ष अमर सिंह खंगार, लोहिया वाहिनी जिलामहासचिव राजकुमार यादव,युवराज यादव,मो० आबिद मोहम्मद चाँद, अमर सिंह, सलीम सलमानी,ग्राम पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति,राजू खेंगर,जीतेन्द्र कुशवाहा,आबिद, चंद्रशेखर, रामप्रसाद, संकर वर्मा, सूरज भारती, समर भारती, होरीलाल साहू, रामचरन यादव, लल्लू सेन, अखिलेश यादव, अमित यादव, इरशाद खान, सद्दाम मंसूरी, दीपक राजपूत, नीतू राजपूत, लोटन प्रजापति, विनोद यादव, छोटे नवाब,हनीफ अली, अजय यादव,बड़ोखर ब्लाक अध्यक्ष दिगम्बर राजपूत, राजकरण यादव, सुरेन्द्र शर्मा, अनिल वर्मा सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 8.42 लाख बच्चे आज खाएंगे एल्बेंडाजोल

2257 स्कूलों व 1518 आंगनबाड़ी केंद्रों पर खिलाएंगे दवा

25 से 27 जुलाई तक चलेगा मॉपअप राउंड

पहल टुडे




बांदा। जनपद में बुधवार (20 जुलाई) को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इस अभियान में जनपद के 2086 सरकारी व निजी स्कूल, 171 कालेज व 1518 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 8.42 लाख (एक से 19 साल के) बालक-बालिकाओं को कृमि से मुक्ति (पेट के कीड़े निकालने) के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एके श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में 20 जुलाई को स्कूल-कॉलेज और आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। इसके बाद 25 से 27 जुलाई तक मॉपअप चरण आयोजित होंगे। 8.42 लाख बालक-बालिकाओं को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एनडीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. आरएन प्रसाद ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2086 सरकार/निजी स्कूल, 171 इंटर कालेज और 1518 आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाई जाएगी। बताया कि ऐसे बच्चे जो बीमार हैं या फिर कोई अन्य दवा ले रहे हैं, उन्हें कृमि नियंत्रण की दवा नहीं खिलाई जाएगी। इसके लिए आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निर्देश दिए गए हैं।

## ऐसे खिलाई जाएगी दवा

बांदा। डीईआईसी मैनेजर वीरेंद्र प्रताप ने बताया कि बच्चों को निर्धारित डोज के अनुसार दवा दी जाएगी। इसमें एक से दो वर्ष को बच्चों के अल्बेंडाजोल 400 एमजी टैबलेट को आधा कर उसका चूरा पानी के साथ खिलाना है। दो से तीन वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी का एक टैबलेट चूर्ण कर पानी के साथ खिलाना है। इसके साथ ही तीन से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को एक पूरा टैबलेट चबाकर खिलाना है। इसके बाद ही पानी का सेवन करना है।

## कृमि संक्रमण के लक्षण

गंभीर कृमि संक्रमण से कई लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं जैसे दस्त, पेट में दर्द, कमजोरी, उल्टी और भूख न लगना।

बच्चे के पेट में कीड़े की मात्रा जितनी अधिक होगी, संक्रमित व्यक्ति के लक्षण उतने ही अधिक होंगे।

हल्के संक्रमण वाले बच्चों में आमतौर पर कोई लक्षण नहीं दिखते हैं।

कृमि मुक्ति के फायदे
स्वास्थ्य और पोषण में सुधार
रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि
एनीमिया नियंत्रण
सीखने की क्षमता और कक्षा में उपस्थिति में सुधार

फास्ट ट्रैक

# मुस्लिम युवकों ने किया नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किया मुकदमा दर्ज

**सिंभावली** थाना सिंभावली क्षेत्र के गांव भौपुर में मुस्लिम युवक ने नाबालिक हिंदू लड़की के साथ बहला-फुसलाकर बलात्कार किया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार को सूचना मिलते ही युवक के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज और आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के लिए टीम का क्या गठन ग्रामीणों में आक्रोश में आकर आरोपी युवक के घर में की तोड़फोड़ ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया आरोपी युवक नाबालिग लड़की के पीछे काफी समय से छेड़छाड़ कर रहा था मौका मिलते ही आरोपी मुस्लिम युवक ने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार कर दिया जिसकी तैयारी थाना सिंभावली में दी गई थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नाबालिग के साथ हुए बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मेडिकल जांच कराकर आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा वही ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा की गई कार्रवाई गांव में शांति का माहौल बना थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को समझाकर मुकदमा दर्ज किया जिससे ग्रामीण शांत हुए ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के द्वारा कार्रवाई करने पर ग्रामीण पुलिस पर भरोसा करने लगे

# आगरा में CSP खाता धारकों के साथ लाखो रुपए की धोखाधड़ी




थाना जगदीशपुरा के अवधपुरी चौकी के अंतर्गत अंजली पुरम अलबतिया शांति वाटिका के नजदीक रइक बैंक की उरढ शाखा के अरुण कुमार ने उरढ शाखा के अकाउंट से खाता धारकों के साथ की लाखों रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया। शांति वाटिका अलबतिया स्थित उरढ शाखा पर भारी संख्या में खाताधारकों ने पहुंच जब देखा। तब पता चला कि अरुण कुमार वहां से उरढ शाखा को बंद कर फरार हो गया है। जिसकी शिकायत खाताधारकों ने बोदला स्थित रइक बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक से की है। जिसकी सूचना थाना प्रभारी को दी गयी। मौके पर मय फोर्स के साथ पहुंचे थाना जगदीशपुरा। थाना प्रभारी ने खाताधारकों को एसबीआई बैंक के प्रबंधक को एप्लीकेशन देने को कहा। खाताधारकों के मुताबिक अरुण कुमार व उसकी पत्नी ने उरढ शाखा के खाताधारकों के साथ की लाखों रुपए की धोखाधड़ी की है। पीड़ित खाताधारकों के मुताबिक 10 साल से सीएसपी शाखा को चला रहा था अरुण व उसकी पत्नी। एसपी प्रोटोकॉल शिवराम यादव ने मामले को संज्ञान में लेने के बाद जांच के दिए आदेश दिए।

# आईजीआरएस की शिकायतों का समय से करें निस्तारण: डीएम

जिलाधिकारी ने जिम्मेदार अधिकारियों को दी हिदायत

पहल टुडे



बांदा। जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा जन सुनवाई के दौरान प्राप्त एवं आईजीआरएस पोर्टल व सीएम हेल्पलाइन आदि के माध्यम से प्राप्त होने वाली जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण हेतु जनपद के विभिन्न अधिकारियों जिसमें अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय/प्रभारी अधिकारी, शिकायत कलेक्ट्रेट, समस्त उपजिलाधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को कड़े निर्देश निर्गत करते हुये भविष्य के लिये चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाली समस्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जनपद में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल एवं सी0एम0 हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के आरोपों में ई-ड्रिस्ट्रिक्ट मैंनेजर (संविदा) श्री राज कुमार सोनी को भविष्य के लिये सचेत करते हुये कठोर चेतावनी निर्गत की गई तथा यह भी सचेत किया गया कि यदि भविष्य में अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरती जाती है तो संविदा समाप्त करने पर विचार किया जायेगा।

जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा जनपद के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकताओं द्वारा जन सुनवाई के दौरान जो भी शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये जाते है उनका गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण करते हुये शिकायतकर्ता को भी सूचित किया जाये ताकि वहीं शिकायतकर्ता पुनः अपनी शिकायत लेकर उपस्थित न हो। समस्त अधिकारियों को सचेत किया गया कि यदि शिकायतकर्ता उसी शिकायत के सम्बन्ध में दोबारा उपस्थित होता है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुये कठोर कार्यवाही की जायेगी। निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारीगण अपने-अपने कार्यालय में प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बैठकर जनता की शिकायतों के सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें तथा अपने अधीनस्थों द्वारा शिकायत के सम्बन्ध में प्रस्तुत आख्या की रैंडम चेकिंग कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें और सम्बन्धित शिकायतकताओं को लिखित रूप से उनकी शिकायत के निस्तारण के सम्बन्ध में अवगत करायें। जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा हदबन्दी, सीमांकन एवं पथरगडी के कार्यों में लापरवाही बरतने के आरोपों में तहसील नरैनी के राजस्व निरीक्षक श्री त्रिवेदीदीन तथा तहसील बबेरू के राजस्व निरीक्षक अकबर खां एवं लेखपाल भैरव प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गई है।

# बंदर के आतंक से ग्रामीण परेशान

तिंदवारी/बांदा। पिपरगवां गांव में भटक कर आये बंदर ने प्रतिदिन चार से छह लोगों को घायल कर रहा है। उसे यदि भगाने की कोशिश की जाती है तो वह और भी आक्रामक हो जाता है, लोग घरों में कैद रहने पर मजबूर हैं, पिपरगवां के ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। मंगलवार को कौशल (4), राजू (9), दीपू (12) सियापति (45), देवरती (38), शिवकुमार (50), बद्री प्रसाद (63) आदि ग्रामीणों को घायल कर दिया। स्कूल जा रहे कौशल को रास्ते में ही बंदर ने हमला कर दिया, कौशल के हाँथ और सिर में चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने कई बार वन विभाग के रेंजर श्यामलाल को इसकी जानकारी भी दी गई लेकिन उन्होंने अपना ट्रांसफर होने की बात बता कर फोन काट देते हैं। जिला वन अधिकारी संजय अग्रवाल का कहना है कि पिपरगवां गांव में ऐसे समय बंदर आया है जिसमें रेंजर का ट्रांसफर हुआ है और नए रेंजर ने पद भार ग्रहण नहीं किया, पदभार छोड़ने और ग्रहण करने में 20 से 25 दिन का समय लग जाता है, नये रेंजर के पदभार संभालने तक इंतजार करें, और एक प्रार्थना पत्र उनके बाँदा कार्यालय में दें, जैसे ही नया रेंजर आता है, वह दिखवाते हैं।

# जिला पंचायत उपचुनाव के लिए उषा ने भरा पहला नामांकन



पहल टुडे

बांदा। जिले में जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत सदस्यों के उप चुनाव को लेकर नामांकन पत्र मिले सुरु हो गए हैं जिनमे जिला पंचायत सदस्य वार्ड 12 से सबसे पहले उषा सिंह ने अपना पर्चा दाखिल किया है जिस पर प्रत्यासियों के समर्थको द्वारा खुशी जाहिर करते हुए बताया गया की अब हम लोग अपने क्षेत्र में जन संपर्क करना सुरु कर देंगे हालाकी प्रत्यासी उषा के पति आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भी हैं जिसके चलते उन्होंने अपना पर्चा आप से दाखिल किया है वहीं आर ओ सौरभ यादव ने बताया की अभी तक कुल 37 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई है और पहला नामांकन उषा सिंह का हुआ है इस दौरान पुष्पेंद्र सिंह चुनाले, कुँवर पाल सिंह गौरी खुर्द, अरविंद सिंह गौतम चंदवारा, विन्देश्वरी कानाखेड़ा, जयकरन यादव तनगामऊ, सभाजीत सिंह यादव, नीरज सिंह कछवाह, अखिलेश सिंह, अनुभव, दिनेश सिंह गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# जनशिक्षण संस्थान में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत हुआ आयोजन

पहल टुडे



बांदा। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान बॉदा ने आज स्वच्छता पखवाडा के अर्न्तगत स्वच्छता शपथ तथा पर्सनल हाइजीन एवं साफ सफाई पर जागरूकता तथा सेनेटरी पैड पर जागरूकता एवं सर्वेक्षण कार्यक्रम का आयोजन जूनियर हाईस्कूल ग्राम - मवई बॉदा में किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला अस्पताल से परामर्शदाता श्रीमती वंदना तिवारी जी तथा प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन साहू व श्रीमती प्रतिभा साहू रहे।

कार्यक्रम के शुभारम्भ में संस्थान के निदेशक मो0 सलीम अख्तर द्वारा उपस्थित माननीय अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया गया। प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन साहू ने बताया कि साफ सफाई घर मोहल्ला की होनी चाहिये विशेष रूप से इस समय गर्मियों में बच्चो की साफ सफाई बहुत जरूरी है महिलाओं को आज सेनेटरी पैड पर जागरूक करते हुए कहा कि साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि यदि आप ने ध्यान नही दिया तो कई प्रकार की छुआछूत की बीमारिया भी फैल सकती है। श्रीमती प्रतिभा साहू ने कहा कि हमें अपने पडोस की घरो की सफाई करनी चाहिये क्योकि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने हम लोगो को साफ सफाई का एक रास्ता दिखाया है। श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव जी ने कहा कि गन्दगी से बिमारियां बढती है हमे अपने हाथ, नाखून साफ रखना चाहिये जिससे खाना खाने के बाद पेट की बिमारियों से बचा जा सके। महिला अस्पताल की डी0 डब्लू एच0 श्रीमती वन्दना तिवारी ने उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सेनेटरी पैड यदि महिलायें प्रयोग करें तो उनको कोई बीमारी नही हो सकती है। यदि बच्चों को सामान दिया जाता है तो उसका दुर्पयोग करती है। मां बाप अपने बच्चों की गलतियों पर शर्म न करें उन्हें बतायें कि अगर कोई प्रताड़ित करता है तो आप सरकारी मशीनरी का प्रयोग कर सकती है। संस्थान के निदेशक मो0 सलीम अख्तर जी द्वारा कार्यक्रम के दौरान कहा गया स्वच्छता की शुरूआत सबसे पहले अपने घर से प्रारम्भ करके दूसरो को प्रेरित किया जा सकता है यह स्वच्छता का सकारात्मक रूप होगा। संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय कुमार पाण्डेय द्वारा कहा गया कि पीरियड यानी माहवारी को लेकर हमारे समाज मे अभी भी भ्रम है ये एक ऐसा मुदद्दा है जिसके बारे में आज भी हम खुलकर बात नही करते जिसकी वजह से अक्सर ही महिलाओं को अनेक भयानक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पडता है। कार्यक्रम अधिकारी श्री सौम्य खरे द्वारा कार्यक्रम के दौरान कहा गया कि माहवारी के बारे मे जागरूकता न होने से समाज का पिछडापन और मानसिक दिवालियापन उजागर होता है माहवारी की समस्या से बचने के कई उपायों में से एक है सैनेटरी नैपकिन। अनेक सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा कई जागरूकता अभियान चलाये जाने के बाद सैनिटरी नैपकिन के प्रयोग में वृद्धि तो हुई है, लेकिन सैनिटरी नैपकिन के सही तरीके से इस्तेमाल करने को लेकर भी कई भ्रम है। कार्यक्रम के समापन के बाद लगभग 60 सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाये मोहर्रम का त्यौहार: शीबू न्याजी

शहर के ताज गार्डन मैरिज हाल में सम्पन्न हुई मोहर्रम कमेटी की बैठक

पहल टुडे



बांदा। मोहर्रम कमेटी की बैठक कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डा.शोएब उर्फ शीबू न्याजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन कमेटी के कोषाध्यक्ष चांद मियां द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी इमाम बारगाह के लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं के कमेटी के अध्यक्ष शीबू न्याजी को अवगत कराया। इमामा बारगाह के मुतवल्लियां और खलिफाओं को संबोधित करते हुए शीबू न्याजी ने कहा कि बांदा में मुहर्रम का पर्व हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जायेगा। कहा कि यही एक ऐसा पर्व में जिसमें दोनों की धर्मों इमाम हुसैन को चाहने वाले लोग आपस-मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम के पर्व को शांतिपूर्वक आपसी सौहार्द के साथ मनायें। हमें हर लात में यादे हुसैनी को पूर्व की भांति इस साल भी मनाना है। कहा कि किसी भी इमाम बारगाह की यदि कोई समस्या हो तो उनको अवगत करायें। वह प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान समय रहते करा देंगे। इस मौके पर कमेटी के सेकेटरी आसिफ अली, मंत्री आरिफ खां, प्रचार मंत्री मुन्ना हाफिज जी, कल्लू उस्ताद, जावेद खान, नियाजुल हक, आमिर अली, अकरम अली, निजाम, सग्गन बाबा, दानिश न्याजी, मोहसिन, मलिक, हारून, शमीम, मो.शकील, तौफीक अंसारी, खलील,

# बीआरसी बिसंडा में एबीएसए के संरक्षण में हो रही खुली लूट: कमलेश साहू

पहल टुडे



बांदा। बीआरसी बिसंडा में आधार कार्ड बनाए जाने के नाम पर सो सो रुपए लोगों से लेकर आधार कार्ड बनाए जाने का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है जिसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्य कमलेश साहू को हुई जो आज दिनांक 19 जुलाई 2022 को समय लगभग 10रू45 बजे खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय जा पहुंचे देखा कि सैकड़ों की तादाद में लोग बैठे थे और रामगोपाल आधार कार्ड बनाने के नाम पर 100रुपये प्रत्येक नया आधार कार्ड और संशोधन आधार कार्ड पर लोगों से मांग रहा था कमलेश साहू ने अवैध वसूली हेतु आधार कार्ड बनाने वाले रामगोपाल को मना किया आधार कार्ड बनाने वाले रामगोपाल ने कहा कि मैं सौ सौ रुपया ले रहा हूं रोजी रोटी का मामला है ज्यादा नहीं ले रहा आपको बताते चलें कि आधार कार्ड बनाने का कार्य खंड शिक्षा अधिकारी बिसंडा के कार्यालय पर हो रहा है उक्त अवैध वसूली में खंड शिक्षा अधिकारी भी पूरी तरह से संलिप्त उक्त मामले की शिकायत कमलेश साहू ने उप जिला अधिकारी सहित जिलाधिकारी बांदा को पत्र भेजकर कठोर कार्यवाही की मांग की है वही कमलेश साहू ने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर ही तहसीलदार अतर्रा श्री विजय प्रताप सिंह को मौके पर बुलाकर वहां पर उपस्थित लोगों से पूछताछ की गई तो और तहसीलदार अतर्रा अवैध वसूली करने वाले रामगोपाल को डांट फटकार लगाकर पुनः आधार कार्ड बनाने अवैध वसूली न करने की हिदायत देते हुए कार्य सुचारू रूप से संपादित करने को कहा है।

## कर्मचारियों ने पालिका प्रषासन के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

# दर्जनभर मांगों को लेकर सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

पहल टुडे



अतर्रा/बांदा। सफाई कर्मियों ने उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले 12 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर पालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की व अधिशासी अधिकारी पर सफाई कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया। सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का भी निर्णय लिया है जिसके तहत मंगलवार को पूरे नगर में सावन के महीने में झाड़ू ना लगने से गंदगी का अंबार लगा रहा।

मंगलवार को उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के आवाहन पर सफाई कर्मियों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर नगर अध्यक्ष श्यामलाल के नेतृत्व में सैकड़ों सफाई कर्मियों ने सड़क पर उतर कर जुलूस निकालकर पालिका प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सीधा नगरपालिका कार्यालय पहुंचे और वहां प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए अधिशासी अधिकारी रामसिंह को 12 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। अधिशासी अधिकारी श्री सिंह ने सफाई कर्मियों को 8 मांगों को पूरा किए जाने की सूचना देते हुए जल्द ही 4 मांगों को भी पूरा किए जाने का आश्वासन देकर धरने को खत्म कर आया सफाई कर्मियों ने ज्ञापन में कहा है कि संविदा सफाई कर्मचारियों की वेतन से नवंबर 2018 से ईपीएफ के नाम पर कटौती 18 ?100 प्रति माह की गई लेकिन उनमें अंशदान अभी तक ईपीएफ कंपनी में जमा नहीं किया गया इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों ने इपीएफ को स्थाई सफाई कर्मचारियों जिन की अवधि पूरी हो चुकी है एरियर भुगतान किए जाने पर दिमाग वेतन लगा कर दिए जाने स्थाई कर्मियों का जीपीएफ का खाता संख्या दिए जाने के साथ ही सफाई कर्मियों का भविष्य निधि बढ़ाने ठेका आउटसोर्सिंग सफाई कर्मियों का इपीएफ की कटौती के 1 वर्ष से की जाने के बाद भी जमाना किए जाने शासनादेश अनुसार सफाई कर्मियों से हस्ताक्षर रजिस्टर में कराए जाने वह 15 संविदा सफाई कर्मचारियों का वेतन जो मार्च 2022 में रोका गया था वेतन दिलाने वह किसी भी सफाई कर्मियों का वेतन ना काटने सहित विभिन्न मांगे की हैं उसके साथ ही सफाई कर्मियों को लोन सुविधा वह महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग उठाई है प्रदर्शन के दौरान नगर महामंत्री ओमप्रकाश जिला अध्यक्ष अंकित अंबेडकर नगर कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद समुद्रे नगर मंत्री बाबूलाल मंडल अध्यक्ष कालका प्रसाद सहित राजू प्रसाद राजकुमार छेदी लाल बाबू लाल अशोक कुमार संतोष कुमार लालमन रामप्रसाद श्यामलाल रमेश कुमार मुन्नालाल मनीष कुमार वीरेंद्र कुमार सहित सैकड़ों सफाई कर्मी मौजूद रहे सभासद चतुर्वेदी ने भी सफाई कर्मियों का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को जायज ठहराया।

खास समाचार

## आर्य समाज एवं स्त्री आर्य समाज के पदाधिकारी निर्वाचित

हाथरस। आर्य समाज एवं स्त्री आर्य समाज सासनी द्वार का वार्षिक निर्वाचन प्रधान सूरजभान आर्य की अध्यक्षता और पर्यवेक्षक बुद्धसैन आर्य की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें सुरेशचन्द्र गुप्ता को 17 वीं बार निर्विरोध मंत्री चुना गया। जो आर्य समाज के इतिहास में एक कीर्तिमान है। सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत कर फूलमालाओं से अभिनन्दन किया। निर्वाचन निम्न प्रकार हुआ। गेंदालाल आर्य संरक्षक, सूरजभान आर्य प्रधान, रूपराम शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता व दिनेश गर्ग उपप्रधान, सुरेशचन्द्र गुप्ता मंत्री, मुन्नालाल आर्य व कैलाश जैसवाल उपमंत्री, अरविन्द बंसल कोषाध्यक्ष, दिनेशचन्द्र गुप्ता निरीक्षक, अनूप कुमार समाधिया पुस्तकालयाध्यक्ष, भगवानदास पाल, अमर सिंह आर्य, सुभाषचन्द्र आर्य कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये। इसके अलावा स्त्री आर्य समाज का निर्वाचन प्रधान श्रीमती प्रभा गुप्ता की अध्यक्षता एवं पर्यवेक्षक बुद्धसैन आर्य की देखरेख में निम्न प्रकार हुआ। श्रीमती कांती देवी संरक्षक, श्रीमती प्रभा गुप्ता प्रधान, श्रीमती नीलम गुप्ता व श्रीमती साधना वार्ष्णेय उपप्रधान, श्रीमती राधा देवी मंत्री, श्रीमती सरिता रानी गुप्ता व श्रीमती सरस्वती आर्य उपमंत्री, श्रीमती सुरेखा बंसल कोषाध्यक्ष, श्रीमती रानी समाधिया, श्रीमती शालू वार्ष्णेय व श्रीमती निकुंज गुप्ता कार्यकारिणी की सदस्य चुनी गईं।

## गायन और नृत्य प्रतियोगिता में दून स्कूल ने फिर लहराया परचम

हाथरस। यदि आप कुछ बनना चाहते हैं, या आपके पास कोई क्षमता है तो आपको दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी और खुद को साबित भी करना होगा। इसी प्रक्रिया को प्रतियोगिता का नाम दिया गया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से ही आप यह दिखा सकते हैं कि कैसे आप दूसरों से बेहतर हैं। इसी बात को स्पष्ट करते हुए दून पब्लिक स्कूल के क्षमतावान छात्र छात्राओं ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अपनी स्थापना दिवस के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में गोल्डन जुबली समारोह मना रहा विद्यालय सेंट फ्रांसिस स्कूल में हो रही इंटर स्कूल प्रतियोगिता के अंतर्गत दून पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी योग्यता शक्ति का प्रदर्शन करते हुए समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल पर कब्जा किया और सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर ब्रांच मेडल पर कब्जा किया। यह दून पब्लिक स्कूल के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि स्कूल के बच्चे लगातार जीत को अर्जित कर मेडल पर मेडल ला रहे हैं। यह सब देखकर स्कूल के सभी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा है। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य जे. के. अग्रवाल ने अपने होनहार छात्र व छात्राओं को उनकी विजय के लिए बधाइयां दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं हमें हमारे ज्ञान कौशल को सबके सामने लाने में मदद करती हैं। इसके जरिए हम अपनी शक्तियों का प्रदर्शन कर पाते हैं। हम अपनी जीत से अपने से जुड़े हर व्यक्ति को कहीं ना कहीं प्रसन्नता प्रदान करते हैं।

## जायंटस सहेली ने कराई पर्यावरण व पॉलिथिन बहिष्कार प्रतियोगिता

हाथरस। जायंट्स ग्रुप ऑफ हाथरस सहेली द्वारा शहर के एक स्कूल सनबीम पब्लिक स्कूल नवीपुर में बच्चों द्वारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें पर्यावरण संरक्षण और पॉलीथिन बहिष्कार और जल संरक्षण आदि पर बच्चों ने ड्राइंग करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा आकर्षक पेंटिंग बनाई गई और इसी के साथ बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने सुंदर सुंदर विचार दिए। बच्चों को भी बताया गया कि कैसे पर्यावरण को हम दूषित होने से रोक पाएंगे। बच्चों को उनके इस प्रयास के लिए ग्रुप की अध्यक्ष राधा सिंघल द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किए गए और सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल नीता अग्रवाल एवं फेडरेशन प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सीमा वार्ष्णेय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रुप की सचिव भावना शर्मा, सदस्या गुंजन गर्ग, नेहा अग्रवाल, सोनिया शर्मा, पूजा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, नम्रता गुप्ता, मधु अग्रवाल, रीमा बंसल, पूजा त्यागी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अज्ञात वाहन ने विक्षिप्त को रौंदा:मौत

हाथरस। थाना चन्दपा क्षेत्र के आगरा रोड स्थित गांव नगला भुस के पास बीती रात्रि को एक अज्ञात वाहन द्वारा एक विक्षिप्त व्यक्ति को रौंद दिया गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई तथा पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया है। मृतक सालों से गुमनामी की जिंदगी जी रहा था। थाना चन्दपा क्षेत्र के आगरा रोड स्थित नगला भुस के पास एक व्यक्ति को बीती रात अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये तो लोगों ने बताया की मृतक सालों से इधर उधर घूमता रहता था। शायद वह विक्षिप्त था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह में रखवा दिया है, ताकि उसकी शिनाख्त हो सके।

## किसान दिवस का आयोजन अब 21 जुलाई को

कासगंज। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में अब गुरुवार 21 जुलाई, 2022 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी सचिन ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि किसानों को कृषि एवं कृषि से सम्बंधित समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं देय सुविधाओं की जानकारी देने तथा किसान वैज्ञानिक संवाद एवं लाभार्थियों के चयन सम्बंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिये किसान दिवस का आयोजन पूर्व में निर्धारित 20 जुलाई को होना था। अब अपरिहार्य कारणोंवश किसान दिवस का आयोजन गुरुवार 21 जुलाई 2022 को कराया जायेगा।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य आज सोरों में करेंगी महिला जनसुनवाई

कासगंज। राज्य महिला आयोग उ0प्र0 की सदस्या श्रीमती निर्मला दीक्षित आज 20 जुलाई 2022 को पूर्वान्ह 11:30 बजे, सोरों स्थित लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी। श्रीमती दीक्षित अपरान्ह 02 बजे प्राथ0 स्वास्थ्य केन्द्र कासगंज तथा 03 बजे कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण, 3:30 बजे प्राथ0 विद्यालय बहादुर नगर सोरों में जनजागरूकता चैपाल में प्रतिभाग कर अपरान्ह 05 बजे जिला कारागार का निरीक्षण करेंगी। उक्त जानकारी देते हुये अपर जिलाधिकारी ए0के0श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद की ऐसी महिलायें जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, उत्पीड़न अथवा घरेलू हिंसा से पीड़ित हों, तो त्वरित न्याय एवं महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु उक्त महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता चैपाल में उपस्थित हों।

## जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है-सीडीओ

कासगंज। मुख्य विकास अधिकारी श्री सचिन ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या एवं औद्योगीकरण के कारण भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्धि होने से निरंतर गिरते भूजल स्तर तथा उस आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुये जन सामान्य में इसके संरक्षण, प्रबंधन, विवेकपूर्ण उपयोग एवं विकास तथा विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता लाने हेतु सभी का सहयोग जरूरी है। जिसके लिये भूजल सप्ताह 16 जुलाई से 22 जुलाई 2022 तक मनाया जा रहा है। उ0प्र0 शासन द्वारा इस वर्ष का मुख्य विचार बिन्दु-जन-जन तक जल पहुंचाना है, जल संरक्षण अपनाना है, निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ, कृषि, उद्यान सहित सम्बंधित अधिकारियों, एसडीएम, ईओ एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद, तहसील, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर के साथ ही विशेष रूप से स्थानीय स्कूलों, कालेजों, शैक्षिक संस्थानों की व्यापक सहभागिता के साथ निरंतर भूजल के गिरते स्तर के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये भूगर्भ जल संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये।

# डीडी साहब कर्मचारियों पर भी कर दे विकास की नजर

**बदहाल वन चौकी में रहने पर मजबूर कर्मचारी**

**20 से 25 हजार है तनखा गाड़ी में तेल डलवा कर करें जंगल में गश्त, या घर की जरूरतें करें पूरी**

पहल टुडे / बिलाल मियाँ



पीलीभीत। टाइगर रिजर्व पीलीभीत एक तरफ बुलंदियों पर पहुंच रहा है वही इस में काम करने वाले कुछ ग्रीन सोल्जर कहीं ना कहीं आर्थिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं।

लगातार जंगल में गश्त करने का टारगेट देने वाले वन अधिकारी यह बात भूल जाते हैं कि गश्त करने वाले कर्मचारियों को मोटरसाइकिल में तेल भी पड़वाना पड़ता है। 20 से 25 हजार वेतन पाने वाले फॉरेस्ट गार्ड आखिर कैसे चलाएं घर का खर्च और कैसे करें जंगल में गश्त एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो गया है।

रेंज स्तर पर गाड़ियों के तेल के नाम पर लगभग ?15 हजार रुपए महा रेंज कार्यालय के बिल पास किए जाते हैं लेकिन सरकारी तेल से कुछ रेंज अधिकारी हर महा अपने अपने घर के चक्कर लगा लेते हैं जहां कुछ रेंज अधिकारी सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफ फॉरेस्ट गार्ड सहित फील्ड स्टाफ इस महंगाई में अपनी वेतन में से ही गाड़ियों में तेल भरवा कर जंगल में गश्त कर अपनी नौकरी बचा रहे हैं।

इसके अलावा अब कर्मचारियों के सामने एक बड़ी दिक्कत आने लगी जंगल के अंदर बनी वन चौकी काफी जर्जर हालत में है समय पर चौकियों की देखभाल ना करना अब कर्मचारियों के जान पर बन आई है कई वन चौकियों में सांप कीड़े टहलते रहते हैं वहीं दूसरी तरफ एक दर्जन से ज्यादा वन चौकी की छत से कमरों में पानी टपक रहा है इसके अलावा कई चौकी पर ना तो बिजली है और ना ही पीने का साफ पानी भारत की कई संस्थाएं पीलीभीत टाइगर रिजर्व को अवार्ड तो दे रही है पर भरपूर बजट देने को ना तो सरकार राजी है और ना कोई सरकार से जुड़ी संस्था पूरे भारत में ऑक्सीजन के लिए पौधरोपण तो कराया जा रहा है लेकिन सरकार का यह पौधरोपण आने वाले समय में सिर्फ इंसानों के काम आएगा क्योंकि वन्य जीवन कि सुरक्षा व्यवस्था में लगे ग्रीन सोल्जर को जब सही सुविधा हासिल नहीं होगी तो एक कहावत है कि तेल तीली में से ही निकलेगा! इस से क्या नुकसान होगा आने वाले कल से हम भलीभांति भगवत हैं। फिलहाल प्रभागीय वन अधिकारी पीलीभीत टाइगर रिजर्व को वन जीवन की सुरक्षा के साथ-साथ कर्मचारियों की दिक्कत को भी शासन तक पहुंचाना चाहिए।

# रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य पदों के उपनिर्वाचन हेतु नामांकन आज, मतदान 04 अगस्त को


पहल टुडे

कासगंज। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सदस्यों के रिक्त पदों के उपनिर्वाचन के लिये आज 20 जुलाई 2022 को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 21 जुलाई को होगी। 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक उम्मीदवारी वापसी तथा अपरान्ह 03 बजे से प्रतीक आवंटन होगा। 04 अगस्त को प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक मतदान तथा 05 अगस्त को प्रातः 8 बजे से मतगणना की जायेगी। उक्त सभी कार्य एवं परिणाम की घोषणा सम्बंधित विकास खण्ड मुख्यालय पर ही होगी। त्रिस्तरीय पंचायत के अंतर्गत 20 रिक्त ग्राम पंचायत सदस्य पदों के विवरण के अनुसार विकासखण्ड कासगंज की ग्राम पंचायत मजराजात कासगंज के वार्ड नं0 11, तैयबपुर कमालपुर के वार्ड नं0 1, मनौटा के वार्ड नं0 4, ग्राम पंचायत बकसुल्ला खां के वार्ड नं0 5, करसरी हयातगढ़ी के वार्ड नं0 1, छावनी के वार्ड नं0 10, भिटौना के वार्ड नं0 15, फतेहपुर माफी के वार्ड नं0 2, विकास खण्ड सोरों की ग्राम पंचायत नगला लाले के वार्ड नं0 10 व 07, तकुआवर के वार्ड नं0 10, होडलपुर के वार्ड नं011, चन्द्रपुरा गऊपुरा के वार्ड नं0 9, हरसैना के वार्ड नं0 15, विकास खण्ड सहावर की ग्राम पंचायत पिथनपुर के वार्ड नं0 3, अलादीनपुर के वार्ड नं0 7, विकास खण्ड अमांपुर की ग्राम पंचायत रसलुआसुलहपुर के वार्ड नं0 9, विकास खण्ड गंजडुण्डवारा की ग्राम पंचायत बंगश नगर के वार्ड नं0 1, विकासखण्ड पटियाली की ग्राम पंचायत कुतुबपुर सराय वार्ड नं0 14 तथा विकास खण्ड सिढ़पुरा की ग्राम पंचायत खिरिया पट्टी के वार्ड नं0 10 में उपनिर्वाचन होना है।

# यूपी के इन जिलो मे बारिश के आसार

पहल टुडे

अमरोहा(मुबारिजपुर)। मॉनसूनी बारिश के लिए तरस रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मौसम विभाग के मुताबिक मॉनसून ने उत्तर की तरफ रुख कर लिया है। इससे मंगलवार को मौसम विभाग के अनुसार यूपी के इन जिलों मे बारिश के आसार बताए गए है लखीमपुर, बरेली, शाहजहांपुर आदि तराई के इलाकों में बारिश के आसार बन रहे हैं। लखनऊ में फुहार की संभावना बन रही है। मगर बारिश के आसार कम हैं। बादलों की आवाजाही रहेगी। बुधवार से लखनऊ और मुरादावाद मंडल के आसपास के जिलों में बारिश हो सकती है।



लखनऊ में जुलाई में अब तक 129.9 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए थी। पर सिर्फ 31.1 मिलीमीटर यानी सामान्य से 76 फीसदी कम हुई। लखनऊ मण्डल में सबसे अधिक सूखा उन्नाव है। यहां जुलाई की औसत बारिश 124.3 मिमी होनी चाहिए, जबकि अभी मात्र 2.7 मिमी हुई है। लखनऊ में सोमवार को लोग गर्मी और उमस से परेशान रहे।

### यहां हल्की बारिश का अलर्ट

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, अयोध्या सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद अमरोहा, रामपुर, संभल, बरेली, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, गोंडा, बस्ती, सिद्धार्थनगर, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया और कुशीनगर में हल्की बारिश का अलर्ट है। वहीं मौसम विभाग के अगले छह दिनों के पूवार्नुमान के मुताबिक बुधवार से चार दिन तक बारिश हो सकती है। दिन के तापमान में भी कमी आएगी।

## गन्ना किसानों के लिये कृषक हेल्प डेस्क संचालित

कासगंज। जिला गन्ना अधिकारी ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि जिला गन्ना कार्यालय कासगंज, गन्ना विकास परिषद न्यौली व जिला सहकारी गन्ना विकास समिति लि., न्यौली एवं चीनी मिल न्यौली में गन्ना कृषकों को उनके गन्ना आपूर्ति हेतु संचालित बॉण्ड के सम्बन्ध में ग्राम स्तरीय सर्वे प्रदर्शन में ऑन लाइन घोषणा पत्र भरने एवं अन्य गन्ना आपूर्ति सम्बन्धी कृषकों के आंकड़ों में नियमानुसार संशोधन हेतु कृषक हेल्प डेस्क की स्थापना की गयी है। जिससे कि गन्ना समिति न्यौली परिक्षेत्र के समस्त गन्ना कृषक अपनी गन्ना आपूर्ति सम्बन्धी बॉण्ड की समस्त जानकारी से पूर्ण से संतुष्ट हो सकें। गन्ना कृषकों का गन्ना कलैण्डर सम्बन्धी डाटा ऑनलाइन वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्मदुनपतलण्बंदमनचण्पद पर भी उपलब्ध है, सभी किसान भाईयों से अपील है कि 20 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ होने वाला ग्राम स्तरीय सर्वे/प्रदर्शन के समय यदि कृषकों के आंकड़ों में कोई भिन्नता है तो वह उक्त सर्वे में पूर्ण रूप से सही करा लें। जिससे कि पेराई सत्र के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। उच्च स्तर से दिये गये निदेर्शानुसार पेराई सत्र के दौरान संशोधन सम्भव नही हो पायेंगे।

# आज होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

**एक से 19 वर्ष के 7,16,817 बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल गोली**

पहल टुडे



कासगंज। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पूरे जनपद के स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर बुधवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवध किशोर प्रसाद ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिससे 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को शडी वार्मिंगश की गोली खिलाई जाएगी। इसमें जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालय, प्राइवेट विद्यालय, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर एल्बेंडाजोल दवा खिलाई जाएगी। नोडल अधिकारी डॉ. अंजुश सिंह ने बताया कि 1 से 19 वर्ष तक के वर्ष के बच्चों को दवा खिलाने का कुल लक्ष्य 7,16,817 रखा गया है। साथ ही बच्चे किसी कारणवश गोली खाने से वंचित रह जाते हैं, उन बच्चों को 25, 26 व 27 जुलाई को माप अप राउंड चलाकर एल्बेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्कूलों अध्यापक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को गोली खिलाई जाने हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। नोडल अधिकारी का कहना है, कि एल्बेंडाजोल के खाने से पेट के कीड़ों से बचाव होता है। दवा से कोई भी नुकसान नहीं होता है, एल्बेंडाजोल पूरी तरह सुरक्षित है। उन्होंने बताया दवा खाली पेट दवा नहीं खानी है द्य बच्चों के पेट में कीड़े होने पर शरीर में बच्चों के शरीर में खून की कमी हो जाती है, बच्चों में रोगों से लड़ने के लिए प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है, थकान महसूस होने लगती है। जिससे बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास नहीं हो पाता और बच्चा कुपोषित हो जाता है। उन्होंने कहा कि साफ सफाई का ध्यान रखने से कृमि मुक्ति के संक्रमण से बचा जा सकता है। घरों के आस पास साफ-सफाई का ध्यान विशेष ध्यान रखें। हाथों व नाखूनों को छोटा और साफ रखें द्य स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें। डीसीपीएम के पी सिंह ने बताया कि 2,278 स्कूल व 2,111 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जिसकी मॉनिटरिंग जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत राज विभाग द्वारा की जाएगी। जिलाधिकारी/अध्यक्ष/जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा डी वार्मिंग दिवस का शुभारंभ किया जाएगा।

# अमांपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर होती सभी मनोकामनाएं पूर्ण

**अमांपुर में आस्था का प्रतीक है प्राचीन शिव मंदिर, जुड़ी है हजारों भक्तों की आस्था**

**भोले बाबा करते है सभी का कल्याण**

**सावन के महीने में की गई पूजा नही होती निष्फल**

पहल टुडे



कासगंज/अमांपुर। नगर के एटा रोड पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर से कस्बा समेत क्षेत्रीय लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। लगभग 251 वर्ष पुराना है। शिव मंदिर का निर्माण जमीदार नौबतराय जौहरी व होरीलाल जौहरी निवासी अल्लीपुर ने कराया था। मंदिर की देखभाल दिनेश चन्द्र जौहरी द्वारा की जाती है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां पूजा-अर्चना करने को आते हैं। महाशिवरात्रि व सावन माह के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहता है। वही कावडियों की भारी भीड़ जुटती है। शिव शंकर के चमत्कार से कस्बा में अमन-चैन और खुशियां कायम है। भोले बाबा के दरबार में पहुंचने वाले हर भक्त के दुखडे शिव शंकर दूर करते है। मंदिर परिसर में दुर्गा मां, लड्डू गोपाल, बजरंगबली की प्रतिमाएं भी विराजमान है। मंदिर पुजारी आचार्य लोकेन्द्र शास्त्री ने बताया कि यह मंदिर आस्था का केंद्र है।

# ब्लॉक सोरों पर राज्य महिला आयोग आज करेंगी जनसुनवाई

**त्वरित न्याय के लिए जनसुनवाई में उपस्थित हों महिलाएं – उपजिलाधिकारी/प्रोबेशन अधिकारी**

पहल टुडे

कासगंज। जिले में मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत बुधवार को 11रू30 बजे लोक निर्माण विभाग सोरों पर राज्य महिला आयोग निर्मला दीक्षित महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनायें, विषयक जागरूकता चैपाल, निरीक्षण तथा महिला जनसुनवाई करेंगी। उपजिलाधिकारी/ प्रोबेशन अधिकारी नितिन कुमार ने बताया कि बुधवार को 11:30 बजे राज महिला आयोग सदस्या जनपदीय अधिकारीयों के साथ महिला उत्पीड़न के संबंध में जनसुनवाई करेंगी। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया जिले की ऐसी महिलाएं जो किसी भी प्रकार की प्रताड़ना उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा से पीड़ित हैं, ऐसी महिलाएं त्वरित न्याय हेतु लोक निर्माण विभाग सोरों में उपस्थित हों द्य उन्होंने बताया कि महिलाओ से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया बादलपुर में 1रू30 बजे मिशन शक्ति 4.30 के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजना के विषय में जागरूक करने के लिए चैपाल आयोजित की जाएगी, उसके पश्चात प्राथमिक सामुदायिक/स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जिला जेल का निरीक्षण किया करेंगी।

## वृद्धावस्था पेंशन पाने हेतु अनिवार्य रूप से करायें आधार प्रमाणीकरण

कासगंज। निदेशक समाज कल्याण द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत जनपद में चयनित लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण एवं आधार सीडिंग 30 जुलाई 2022 तक कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। पूर्व से पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को अपनी पेंशन से आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य रूप से कराना होगा, यदि लाभार्थी द्वारा पेंशन से आधार प्रमाणीकरण नहीं कराया जाता है तो शासन स्तर से वृद्धावस्था पेंशन की धनराशि लाभार्थी के खाते में नहीं भेजी जायेगी। प्रभारी जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि समस्त लाभार्थी जन सुविधा केंद्रों, साइबर कैफे, निजी इंटरनेट केन्द्र अथवा स्वयं के कम्प्यूटर या मोबाइल से विभागीय वेबसाइट पर अपनी वृद्धावस्था पेंशन से आधार प्रमाणीकरण 30 जुलाई 2022 से पूर्व अनिवार्यरूप से करा लें।

**परेशान किसान 27 से तहसील पर करेगा आमरण व क्रमिक अनशन**

# प्रधान ने दबंगई के बल पर निकाला चक मार्ग

पहल टुडे

हाथरस। तहसील क्षेत्र के थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मान महौ में एक दबंग ग्राम प्रधान द्वारा एक छोटे किसान के खेत में से जबरन चक मार्ग निकाल दिए जाने से किसान की खेती का रकबा जहां कम हो गया है। वहीं किसान द्वारा अधिकारियों के लगातार चक्कर काटने के बावजूद उसे न्याय नहीं मिलने पर अब किसान द्वारा 27 जुलाई से तहसील प्रांगण में क्रमिक अनशन व आमरण अनशन किए जाने की चेतावनी दी गई है।

तहसील सदर क्षेत्र के थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मान महौ निवासी एक लघु किसान राजकुमार पुत्र प्यारेलाल ने कहा है कि प्रार्थी के मौजा ग्राम दतोरा में गाटा संख्या 22 व 24 का मालिक है और इसके मध्य चक मार्ग गाटा संख्या 23 है। लेकिन चिंतापुर बदन के ग्राम प्रधान द्वारा अपनी दबंगई व पैसे के बल पर अपने खेत के लिए उनकी जमीन में से चक मार्ग निकाल दिया गया है और उस पर मिट्टी भी डाल दी गई है तथा ग्राम प्रधान ने अभिलेखों के विपरीत अपनी दबंगई से अपने गाटा संख्या 25 के लिए उनके चक्र में होकर जबरन मिट्टी डालकर चक मार्ग बना लिया है।

किसान राजकुमार का कहना है कि उन्होंने उक्त मामले को लेकर शिकायत जिलाधिकारी, तहसील समाधान दिवस, पुलिस कप्तान, थाना हाथरस जंक्शन प्रभारी, थाना दिवस एवं एसडीएम सदर आदि के समक्ष रखकर अपनी पीड़ा व्यक्त की और न्याय की मांग की। लेकिन अधिकारियों के आदेशों के बावजूद राजस्व कर्मचारियों व पुलिस द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है और सभी प्रार्थना पत्रों का ऑफिस में बैठकर ही निस्तारण कर दिया गया है। जबकि अधिकारियों व कर्मचारियों के पास हाथ जोड़कर चक्कर लगाकर वह परेशान हो गया है तथा उसे फटकार कर भगा दिया जाता है। पीड़ित किसान का कहना है कि उनका रकवा चक मार्ग में देने के कारण काफी कम हो गया है और अब मजबूरन उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण हेतु लघु किसान होने के कारण तहसील परिसर में आमरण अनशन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और अगर उन्हें 25 जुलाई तक अभिलेखों के अनुसार मौके पर अधिकारियों द्वारा दबंगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को नहीं हटाया गया तो वह 27 जुलाई से तहसील प्रांगण में बैठकर क्रमिक अनशन तदोपरांत आमरण अनशन करेंगे।

## अज्ञात शव का कराया दाह संस्कार

हाथरस-व्यक्ति के मानव अधिकारों के संरक्षण और संवर्धन का कार्य कर रही एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स संस्था अज्ञात शवों के धार्मिक रीति-रिवाज से दाह संस्कार के लिए भी कार्य कर रही है। गत 15 जुलाई को सासनी कोतवाली के अंतर्गत खंडेलवाल पुलिस चैकी के नजदीक रेलवे लाइन पर एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष मृत अवस्था में पुलिस को मिला। मृतक काले रंग का लोअर एवं नीले रंग की टी शर्ट पहने हुआ था। मृतक के हाथ पर संतोष संग मनीषा लिखा हुआ था। जेब में जो टिकट मिली वह फिरोजाबाद से दिल्ली तक की थी जिसका समय 11.31 रात्रि था। पुलिस द्वारा शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे रखा गया। शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को थाना पुलिस द्वारा लावारिस घोषित कर पोस्टमार्टम कराया गया। सासनी पुलिस द्वारा समाजसेवी सुनीत आर्य व प्रवीन वार्ष्णेय से शव के अंतिम संस्कार के लिए अनुरोध किया गया। समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त शव का धार्मिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार पत्थर वाली स्थित श्मशान भूमि पर किया गया। अंतिम संस्कार में सुनील अग्रवाल अध्यक्ष निस्वार्थ सेवा संस्थान, प्रवीन वार्ष्णेय राष्ट्रीय महासचिव एडीएचआर, समाजसेवी सुनीत आर्य, नितिन अग्रवाल, टिंकू राना, नीरज गोयल, ध्रुव कोठीवाल, योगेश पौरूष, आयोग दीपक, सुरजीत कुमार काली, बंटी भाई कपड़े वाले एवं कांस्टेबल विपिन चैधरी, एचजी गंगा शरण मौजूद थे।

# भारतीय संस्कृति का संवाहक है भारत विकास परिषद- अशोक

पहल टुडे

हाथरस। भारतीस संस्कृति और सभ्यता का संवाहक है भारत विकास परिषद, अपनी संस्कृति की पुर्नस्थापना का जन आन्दोलन है भारत विकास परिषद, इतना ही नहीं समाज के वंचित और अभाव ग्रस्तों का सहारा है भारत विकास परिषद।

उक्त विचार माईफन रैस्टोरेन्ट में भारत विकास परिषद की प्रथम जिला समन्वयक वैठक को सम्बोधित करते हुये भारत विकास परिषद के ब्रज उत्तर प्रान्त के प्रान्तीय अध्यक्ष अशोक वार्ष्णेय लहरा वालों ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि परिषद के कार्यों के विस्तार देने के लिये हम अपनी पूरी क्षमता से जुट जायें, यही आज के समय की आवश्यकता है।

परिषद की प्रान्तीय महासचिव श्रीमती रश्मि सिंह ने संगठन को विस्तार देने और इसके स्थाई प्रकल्पों को प्रभावी ढंग से सम्पादित कराने पर बल दते हुये कहा कि इस समय हमें ग्रामीण अंचल में विस्तार देने की आवश्यकता है, जिसके लिये हमें सामूहिक प्रयास करना है और ग्रामीण अंचल के विद्यालयों को परिषद की प्रतियोगताओं में भाग लेने के लिये प्रेरित करना है।

परिषद के प्रान्तीय वित्त सचिव प्रभात रजनीश ने कहा कि सेवा और समर्पण के कार्य में सहयोग की बहुत आवश्यकता है। समाज के अन्तिम व्यक्ति तक सहयोग के हाथ पहुँचाना ही हमारा लक्ष्य है। भारत जानो प्रतियोगिता के प्रान्तीय संयोजक देवेन्द्र मोहता ने सभी प्रतिभागियों को भारत जानो समूहगान तथा गुरू वन्दना छात्र अभिनन्दन कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उत्तर मध्य क्षेत्र के संरक्षक पिकस रत्न जेपी गुप्ता ने अपने आशीष वचन में सभी से शाखा व सदस्यता अभियान में जुट जाने की अपील की।

जिला समन्वयक डॉ. वीपी सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी का कृतज्ञता पूर्ण आभार व्यक्त किया। वैठक का सफल एवं सराहनीय